437. डॉ. अशोक कुमार त्रिवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसजी) मुख्यालय अस्पताल-।।, टिगड़ी कैम्प, नई दिल्ली, सीमा सुरक्षा बल ।
438. श्री दिनेश चंद सिंह, उप कमांडेंट, 151 बटालियन, श्रीनगर, सीमा सुरक्षा बल।
439. श्री धर्मबीर सिंह, उप कमांडेंट, 150 बटालियन, भौंडसी गुडगांव, सीमा सुरक्षा बल।
440. श्री सुरेश कुमार सिंह, उप कमांडेंट, सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, येल्हंका, बैंगलुरू ,सीमा सुरक्षा बल।
441. श्री आर के हीरामनी सिंह, उप कमांडेंट, 63वीं बटालियन, मिजोरम, सीमा सुरक्षा बल ।
442. श्री लखी राम यादव, उप कमांडेंट, 97वीं बटालियन, राजस्थान, सीमा सुरक्षा बल।
443. श्री हरबंत सिंह सोढ़ी, उप कमांडेंट, 92वीं बटालियन श्रीनगर, सीमा सुरक्षा बल।
444. श्री हरनारायण सिंह, सहायक कमांडेंट, 109 बटालियन, बिहार, सीमा सुरक्षा बल ।
445. श्री कपूर सिंह, सहायक कमांडेंट, 14 बटालियन, बिहार, सीमा सुरक्षा बल।
446. श्री राघवन राजन पिल्लै, सहायक कमांडेंट (पीएस) कदमतला, सीमा सुरक्षा बल ।
447. श्री जोस कुट्टी वी. टी., सहायक कमांडेंट (अनुसचिवीय) कार्मिक निदेशालय, नई दिल्ली, सीमा सुरक्षा बल।
448. श्री कोप्पारा राघवन अशोक कुमार, सहायक कमांडेंट (अनुसचिवीय), सीमान्त मुख्यालय, येल्हंका, बंगलौर, सीमा सुरक्षा बल ।
449. श्री मुस्ताक खाँ, इंस्पेक्टर (जीडी), 8वीं बटालियन, राजस्थान, सीमा सुरक्षा बल।
450. श्री हंस राज, इंस्पेक्टर (जीडी), सहायक प्रशिक्षण केन्द्र, येल्हंका, बंगलौर, सीमा सुरक्षा बल।
451. श्री प्रेम सिंह, इंस्पेक्टर (जीडी), 1022 आर्टिलरी रेजीमेंट, फरीदकोट, पंजाब, सीमा सुरक्षा बल।
452. श्री मेजर राम सैनी, इंस्पेक्टर (जीडी), 37 बटालियन, बारमेड़, राजस्थान, सीमा सुरक्षा बल।
453. श्री कलन्दर खान, इंस्पेक्टर (जीडी), क्षेत्रीय मुख्यालय, बारामूला, जम्मू एवं कश्मीर, सीमा सुरक्षा बल।
454. श्री बुद्धि सिंह, इंस्पेक्टर (जीडी), 107 बटालियन बाड़मेर, राजस्थान, सीमा सुरक्षा बल ।
455. श्री राजेन्द्र सिंह, इंस्पेक्टर (जीडी), 142 बटालियन धौलचेरा, असम, सीमा सुरक्षा बल ।
456. श्री मूल चन्द यादव, इंस्पेक्टर (जीडी), 22 बटालियन रानीनगर, पश्चिम बंगाल, सीमा सुरक्षा बल।
457. श्री जगदीश, इंस्पेक्टर (जीडी), 8 बटालियन, राजस्थान, सीमा सुरक्षा बल।
458. श्री केशर सिंह, इंस्पेक्टर (जीडी), 22 बटालियन रानीनगर, पश्चिम बंगाल, सीमा सुरक्षा बल ।
459. श्री सोहन सिंह नेगी, इंस्पेक्टर (अनुसचिवीय), सीमान्त मुख्यालय, नई दिल्ली, सीमा सुरक्षा बल।
460. श्री मानस चेटर्जी, इंस्पेक्टर (अनुसचिवीय), मुख्यालय महानिदेशालय, कोलकाता, सीमा सुरक्षा बल।
461. श्री राजेन्द्र प्रकाश छिकारा, निरीक्षक (साइफर), सीमान्त मुख्यालय, गांधीनगर, गुजरात, सीमा सुरक्षा बल।
462. श्रीमती इंदिरा पवित्रन, सूबेदार मेजर/सिस्टर इंचार्ज, कम्पोजिट अस्पताल, कदमतला, सीमा सुरक्षा बल।
463. श्री काशी नाथ सिंह, उप निरीक्षक (जीडी) 158वीं बटालियन, फटीकचेरा, त्रिपुरा, सीमा सुरक्षा बल।
464. श्री जय भगवान, उप निरीक्षक (जीडी), 116 वीं बटालियन, जैसलमेर, राजस्थान, सीमा सुरक्षा बल।
465. श्री विजय पाल सिंह, उप निरीक्षक (अनुसचिवीय), मुख्यालय, आर्टिलरी, फरीदकोट, पंजाब, सीमा सुरक्षा बल ।
466. श्री दर्शन कुमार मुंजाल, आशुलिपिक ग्रेड-।।, जी प्रशिक्षण विद्यालय, नई दिल्ली, सीमा सुरक्षा बल।
467. श्री अंगदा चन्द्र बिस्वाल, सहायक उप निरीक्षक (जीडी), कोरापुट, ओडिशा, सीमा सुरक्षा बल ।
468. श्री अबीद हुसैन, कांस्टेबल (वाशरमैन), 70वीं बटालियन, नलकाटा, त्रिपुरा, सीमा सुरक्षा बल।
469. श्री राजेन्द्र प्रसाद, कांस्टेबल (स्वीपर), 58 बटालियन, जलपाईगुड़ी, पश्चिम बंगाल, सीमा सुरक्षा बल।
470. श्री रत्न संजय, पुलिस उप पुलिस उप महानिरीक्षक, एसीबी गाजियाबाद, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।
471. श्री रवि कांत, पुलिस उप पुलिस उप महानिरीक्षक, ईओ-।, नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।
472. श्री रमणीश गीर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एससीबी मुम्बई, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।
473. श्री अनुज आर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसीबी, नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।
474. श्रीमती सीमा पाहुजा, उप पुलिस अधीक्षक, एससी-।, नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।
475. श्री नेत राम मीणा, उप पुलिस अधीक्षक, एससी-।।, नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।
476. श्री सुरेन्द्र कुमार मलिक, उप पुलिस अधीक्षक, एसीयू-V, नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।
477. श्री रमेश चन्द शर्मा, पुलिस निरीक्षक, एसीबी, नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।

478. श्री चन्द्र किरन शर्मा, पुलिस निरीक्षक, सीबीआई मुख्यालय, नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।
479. श्री मनोज कुमार दास, पुलिस निरीक्षक, एसीबी भुवनेश्वर, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।
480. श्री जले सिंह, पुलिस निरीक्षक, एसीयू-।।।, नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।
481. श्री गौतम कुमार सागर, पुलिस निरीक्षक, नीति प्रभाग, नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।
482. श्री अनिल वसन्त म्हात्रे, पुलिस उप निरीक्षक, एसीबी मुम्बई, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।
483. श्री विजय कुमार थापा, पुलिस सहायक उप निरीक्षक, ईओ-। नई दिल्ली, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।
484. श्री राज किशोर राय, हेड कांस्टेबल, एसीबी पटना, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।
485. श्री महबूब हसन ,हेड कांस्टेबल, एडीसीबीआई नई दिल्ली ,केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।
486. श्री बसंत सिंह बिष्ट ,हेड कांस्टेबल ,डीसीबीआई सचिवालय ,नई दिल्ली ,केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।
487. श्री बिजेन्दर सिंह ,कांस्टेबल ,एसीबी नई दिल्ली ,केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।
488. श्री श्यामबीर सिंह ,कांस्टेबल ,नीति प्रभाग ,नई दिल्ली ,केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ।
489. श्री शंकर दास गिरधर ,अपराध सहायक ,सीबीआई मुख्यालय ,नई दिल्ली ,केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो।
490. श्री शिखर सहाय ,उप महानिरीक्षक ,सीआईएसएफ यूनिट सीसीएल करगली ,बोकारो ,केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।
491. श्री रविन्द्र कुमार ,उप महानिरीक्षक ,एएसजी मुम्बई ,केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ।
492. श्रीमती नीता सिंह ,वरिष्ठ कमांडेंट ,सीआईएसएफ नॉर्थ जोन मुख्यालय ,साकेत ,नई दिल्ली ,केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ।
493. सुश्री दिनावही श्यामला ,वरिष्ठ कमांडेंट ,सीआईएसएफ मुख्यालय ,नई दिल्ली ,केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।
494. श्री बाम देव शर्मा ,कमांडेंट ,सीआईएसएफ ,आर टी सी बरवाहा ,केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।
495. श्री सुदर्शन मलहोत्रा ,उप कमांडेंट ,सीआईएसएफ यूनिट गोवा ,केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।
496. श्री एन.एस .मुरलीधरन ,सहायक कमांडेंट ,सीआईएसएफ यूनिट नई दिल्ली ,केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।
497. श्री एम .पुरुषोत्तमन ,सहायक कमांडेंट/जेएओ ,सीआईएसएफ मुख्यालय ,नई दिल्ली ,केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।
498. श्री सजन सिंह मरावी ,उप निरीक्षक ,सीआईएसएफ यूनिट तृतीय रिजर्व बटालियन भिलाई ,केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।
499. श्री उपेन डेका ,उप निरीक्षक ,सीआईएसएफ यूनिट बडौदा ,केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ।
500. श्री पी .राजसेकरन ,उप निरीक्षक (मिनिस्ट्रियल),सीआईएसएफ पश्चिम जोन ,एयरपोर्ट मुख्यालय ,मुम्बई ,केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।
501. श्री बलविन्दर सिंह ,सहायक उप निरीक्षक ,सीआईएसएफ यूनिट झांसी ,केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।
502. श्री वी .रेघु कुमार ,हेड कांस्टेबल(जीडी) ,सीआईएसएफ यूनिट दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ,दिल्ली ,केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।
503. श्री केशव प्रसाद यादव ,हेड कांस्टेबल(जीडी) ,अराक्कोनम ,केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।
504. श्री वी .राजन ,हेड कांस्टेबल(जीडी) ,सीआईएसएफ यूनिट कालीकट ,केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।
505. श्री पी शेनमुगा वेलु ,हेड कांस्टेबल(जीडी) ,सीआईएसएफ यूनिट नेवेली ,केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।
506. श्री लीला धर शर्मा , हेड कांस्टेबल ,सीआईएसएफ यूनिट मुम्बई ,केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।
507. श्री युनस अहमद ,हेड कांस्टेबल(जीडी) ,सीआईएसएफ यूनिट मुम्बई ,केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।
508. श्री के.सी .गोपाकुमारन नायर ,हेड कांस्टेबल(जीडी) ,सीआईएसएफ यूनिट हैदराबाद ,केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।
509. श्री प्रणबंधु महाकुड ,हेड कांस्टेबल(जीडी) ,सीआईएसएफ यूनिट दुर्गापुर ,केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।
510. श्री कुलदीप सिंह ,हेड कांस्टेबल(जीडी) ,सीआईएसएफ यूनिट मुम्बई ,केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।
511. श्री महानन्द तिवारी ,हेड कांस्टेबल(जीडी) ,सीआईएसएफ यूनिट धनबाद ,केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल।
512. श्री राम सिंह ,कांस्टेबल/स्वीपर ,सीआईएसएफ मुख्यालय ,नई दिल्ली ,केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ।
513. श्री अमर सिंह नेगी ,उप महानिरीक्षक ,चंडीगढ़ रेंज ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
514. श्री रती रंजन दत्ता ,उप महानिरीक्षक ,महानिदेशालय ,सीआरपीएफ ,नई दिल्ली ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
515. श्री अशोक प्रसाद ,उप महानिरीक्षक ,ग्रुप सेंटर दुर्गापुर ,पश्चिम बंगाल ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
516. श्री दिनेश उनियाल ,उप महानिरीक्षक ,सीटीसी ग्वालियर ,मध्य प्रदेश ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
517. श्रीमती नीतू देबब्रत भट्टाचार्य ,उप महानिरीक्षक, महानिदेशालय (कल्याण) नई दिल्ली ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
518. श्री राजीव राय ,उप महानिरीक्षक ,सीआरपीएफ रेंज मुख्यालय ,रांची ,झारखंड ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
519. श्री प्रशांत रामचन्द्र जम्भोलकर ,उप महानिरीक्षक, आईएसए सीआरपीएफ ,माउंट आबू राजस्थान ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
520. श्री दिनेश प्रताप उपाध्याय ,उप महानिरीक्षक ,दांतेवाडा ,छत्तीसगढ़ केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
521. श्री कृष्ण कान्त सिन्हा ,उप महानिरीक्षक ,जगदलपुर ,बस्तर ,छत्तीसगढ़ ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
522. श्री शैलेन्द्र ,उप महानिरीक्षक ,महानिदेशालय नई दिल्ली ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

523. श्री अनिल ढौंडियाल ,उप महानिरीक्षक ,धुर्वा ,रांची ,झारखंड ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
524. श्री त्रिलोकी नाथ मिश्रा , उप महानिरीक्षक (चिकित्सा), कम्पोजिट हॉस्पिटल ,सीआरपीएफ अजमेर ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
525. डॉ श्रीकांत कुमार श्रीवास्तव ,उप महानिरीक्षक(चिकित्सा), कम्पोजिट हॉस्पिटल ,जीसी सीआरपीएफ ,इलाहाबाद ,उत्तर प्रदेश ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
526. श्री कुँवर गोविन्द सिंह राठौर ,कमांडेंट, 93 बटालियन ,लखनऊ ,उत्तर प्रदेश ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
527. श्री राजगोपाल सिंह ,सेकेन्ड-इन-कमांड ,रेंज भोपाल ,मध्य प्रदेश ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
528. श्री ए जयचन्द्रन ,सेकेन्ड-इन-कमांड ,229 बटालियन जी सी सीआरपीएफ ,अवाड़ी ,चेन्नई ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
529. श्री अच्युता नन्द बस्तिया ,सेकेन्ड-इन-कमांड 178 बटालियन ,बड़गांव ,जम्मू एवं कश्मीर ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
530. श्री बी.एल.के .पिल्लई ,सेकेन्ड-इन-कमांड ,77 बटालियन ,पूनामल्ली ,चेन्नई ,तमिलनाडु ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
531. श्री के .सेलवम ,उप कमांडेंट 77 बटालियन ,पूनामल्ली ,चेन्नई ,तमिलनाडु ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
532. श्री राम दास यादव ,उप कमांडेंट 33 बटालियन ,प्रीत नगर, जम्मू ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
533. श्री राम सिंह खम्पा ,उप कमांडेंट 108 बटालियन, आरएएफ ,मेरठ ,उत्तर प्रदेश ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
534. श्री दिवाकर सिंह ,सहायक कमांडेंट ,प्रथम सिग्नल बटालियन ,झरौंदा कलां ,नई दिल्ली ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
535. श्री राम सिंगार राम ,सहायक कमांडेंट ग्रुप सेंटर ,इम्फाल ,मणिपुर ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
536. श्री परशु राम कुन्डा ,सहायक कमांडेंट ,जीसी-।। अजमेर ,राजस्थान ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
537. श्री धर्मपाल सिंह, निरीक्षक/जीडी ,ग्रुप सेंटर ,नई दिल्ली ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
538. श्री शिलम जानकी रामुलु ,निरीक्षक/जीडी 39 बटालियन ,नारायणपुर ,छत्तीसगढ़ ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
539. श्री महेन्द्र सिंह ,निरीक्षक/जीडी ,ग्रुप सेंटर ग्रेटर नोएडा ,उत्तर प्रदेश ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
540. श्री राजेन्द्र सिंह शेखावत ,सुबेदार मेजर/जीडी ,ग्रुप सेंटर ,श्रीनगर ,जम्मू एवं कश्मीर ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
541. श्री परमहंस राय ,निरीक्षक/जीडी 93 बटालियन ,लखनऊ ,उत्तर प्रदेश ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
542. श्री नेत्रपाल सिंह ,उप निरीक्षक/जीडी ,सीआरपीएफ रेंज अजमेर ,राजस्थान ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
543. श्री जयलाल सिंह ,उप निरीक्षक/जीडी ,आईएसए माउंट आबू ,राजस्थान ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
544. श्री बसवन्तप्पा कडप्पा पाटिल ,उप निरीक्षक 130 बटालियन अवंतीपुरा ,अनंतनाग ,जम्मू एवं कश्मीर ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
545. मो .गालिब खान ,उप निरीक्षक/जीडी 69 बटालियन इम्फाल ,मणिपुर ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।
546. श्री गजेन्द्र सिंह रावत ,निरीक्षक/जीडी 126 बटालियन बिड्डा ,रेयासी जम्मू एवं कश्मीर ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
547. श्री अर्जुन सुंदराय ,उप निरीक्षक/जीडी ,ग्रुप सेंटर ,भुवनेश्वर ,ओडिशा ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
548. सुश्री भवानी चक्रवर्ती ,उप निरीक्षक/जीडी135 एम बटालियन गांधीनगर ,गुजरात ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।
549. श्री पी .वेणुगोपालन ,उप निरीक्षक/जीडी ,सेंट्रल जोन कोलकाता ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
550. श्री गोपाल रंजन मिश्रा ,सहायक उप निरीक्षक/जीडी ,ग्रुप सेंटर ,गोवाहाटी ,असम ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
551. श्री सेल्वाराज के .सहायक उप निरीक्षक 34 बटालियन नगांव असम ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
552. श्री पाचन गोपाल कृष्णा पिल्ले ,सहायक उप निरीक्षक 181 बटालियन ,बडगांव जम्मू एवं कश्मीर ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
553. श्री पूरन सिंह ,हेड कांस्टेबल/जीडी ,ग्रुप सेंटर काठगोदाम उत्तराखंड ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।
554. श्री परेश चन्द्र डे ,हेड कांस्टेबल/जीडी 184 बटालियन झाड़ग्राम ,पश्चिम बंगाल ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
555. श्री लकेश्वर बर्मन ,हेड कांस्टेबल/जीडी 171 बटालियन डिब्रूगढ ,असम ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।
556. मोहम्मद कमाल मल्ला ,कांस्टेबल/जीडी ,ग्रुप सेंटर ,श्रीनगर ,जम्मू एवं कश्मीर ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
557. श्रीमती शिबानी लाल ,कांस्टेबल/जीडी 88एम बटालियन द्वारका सेक्टर 8 नई दिल्ली ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ।
558. श्री सविन्दर सिंह ,निरीक्षक/आरर्मर ,एडब्ल्यूएस-V ,ग्रुप सेंटर ,खटखटी असम ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
559. श्री योगेन्द्र सिंह ,निरीक्षक/तकनीकी ,सीटीसी (टीएंडआईटी)धुर्वा राँची ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
560. श्री प्रेम सिंह ,निरीक्षक/डीएम ,महानिदेशालय ,सीजीओ काम्पलैक्स ,नई दिल्ली ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
561. श्री राम कुमार शर्मा ,हेड कांस्टेबल/ कारपेंटर, ग्रुप सेंटर ,मुजफ्फपुर ,बिहार ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
562. श्री टी .राजेश्वर रेड्डी ,हेड कांस्टेबल आरर्मर सीडब्ल्यूएस-।। पुणे महाराष्ट्र ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
563. श्री बिपत हसन ,कांस्टेबल/ वाशरमैन 99 बटालियन आरएएफ हकीमपेट ,सिकन्द्राबाद ,आंध्र प्रदेश ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
564. श्री रामेश्वर लाल ,कांस्टेबल/एसके 33 बटालियन प्रीत नगर ,जम्मू एवं कश्मीर ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
565. श्री गजेन्द्र पात्रा ,कांस्टेबल/ कुक 81 बटालियन जसपुर ,छत्तीसगढ़ ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
566. सुश्री टी.एच .लैला देवी ,सिस्टर-आई/सी ,कंपोजिट अस्पताल ,इम्फाल ,मणिपुर ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।

567. श्री ओमप्रकाश ,संयुक्त सहायक निदेशक ,महानिदेशालय ,नई दिल्ली ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
568. श्री राकेश कुमार शर्मा ,सहायक कमांडेंट/मिनिस्ट्रियल , महानिदेशालय ,नई दिल्ली ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
569. श्री महेन्द्र सिंह ,सहायक कमांडेंट/ पीएस ,महानिदेशालय ,चिकित्सा शाखा ,नई दिल्ली ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
570. श्री रोहतास कुमार ,सहायक उप निरीक्षक 223 बटालियन ,दंतेवाड़ा ,छत्तीसगढ ,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल।
571. श्रीमती रंजना उमेश कौल ,संयुक्त उप निदेशक /तकनीकी ,आई बी मुख्यालय ,नई दिल्ली ,गृह मंत्रालय।
572. श्री कामेश्वर ,सहायक निदेशक ,आई बी मुख्यालय ,नई दिल्ली ,गृह मंत्रालय।
573. श्री डालचन्द सिंह ओलक ,सहायक निदेशक ,आई बी मुख्यालय ,नई दिल्ली ,गृह मंत्रालय।
574. श्री हितेन्द्र वासुदेव निखारे ,सहायक निदेशक ,एस आई बी अगरतला ,गृह मंत्रालय।
575. श्री मुहम्मद ताहिर खान ,सहायक निदेशक ,आई बी मुख्यालय ,नई दिल्ली, गृह मंत्रालय।
576. श्री गोपाल दत्त गौड़ ,सहायक निदेशक ,आई बी मुख्यालय ,नई दिल्ली ,गृह मंत्रालय।
577. श्री ज्योति रंजन आचार्य ,सहायक निदेशक ,एस आई बी भुबनेश्वर ,गृह मंत्रालय।
578. सुश्री फरीदा जमाल ,उप केन्द्रीय आसूचना अधिकारी ,आई बी मुख्यालय ,नई दिल्ली ,गृह मंत्रालय।
579. श्री सुजीत सिंह ,उप केन्द्रीय आसूचना अधिकारी ,एस आई बी पटना ,गृह मंत्रालय।
580. श्री राकेश कुमार सिन्हा ,उप केन्द्रीय आसूचना अधिकारी ,आई बी मुख्यालय ,नई दिल्ली ,गृह मंत्रालय।
581. सुश्री बी.जी .मेकला देवी ,उप केन्द्रीय आसूचना अधिकारी ,एसआईबी बंगलौर ,गृह मंत्रालय।
582. श्री विनय कुमार नाग ,उप केन्द्रीय आसूचना अधिकारी ,एसआईबी जम्मू ,गृह मंत्रालय।
583. श्री ओनील नारायण कांबले ,उप केन्द्रीय आसूचना अधिकारी ,एसआईबी शिलांग ,गृह मंत्रालय।
584. श्री प्रभास प्रियदर्शी ,उप केन्द्रीय आसूचना अधिकारी ,एसआईबी चंडीगढ़ ,गृह मंत्रालय।
585. श्री उज्जवल कुमार शुक्ला ,उप केन्द्रीय आसूचना अधिकारी ,आई बी मुख्यालय ,नई दिल्ली ,गृह मंत्रालय।
586. श्री राजन चेन्गुणी ,उप केन्द्रीय आसूचना अधिकारी ,एसआईबी त्रिवेन्द्रम ,गृह मंत्रालय।
587. श्री मणि गणेशन ,उप केन्द्रीय आसूचना अधिकारी ,एसआईबी चेन्नई ,गृह मंत्रालय।
588. श्री लाल मोहन सामंतरे ,उप केन्द्रीय आसूचना अधिकारी ,एस आई बी दिल्ली ,गृह मंत्रालय ।
589. श्री मधु सूधन रामिनेनी राव ,अनुभाग अधिकारी ,एसआईबी हैदराबाद ,गृह मंत्रालय ।
590. श्री वायलमकुजी दामोदरन ,निजी सचिव ,एसआईबी मुम्बई ,गृह मंत्रालय।
591. श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा ,सहायक केन्द्रीय आसूचना अधिकारी-।।/जी ,एसआईबी श्रीनगर ,गृह मंत्रालय।
592. श्री सोरेनसंबम इबोमचा सिंह ,सहायक केन्द्रीय आसूचना अधिकारी-।।/जी ,एसआईबी इम्फाल ,गृह मंत्रालय।
593. श्री बिनय कुमार बोरा ,सहायक केन्द्रीय आसूचना अधिकारी-।।/जी ,एसआईबी तेजपुर ,गृह मंत्रालय।
594. श्री भागीरथ विश्वकर्मा ,सहायक केन्द्रीय आसूचना अधिकारी-।।/जी ,एसआईबी रायपुर ,गृह मंत्रालय।
595. सुश्री फूल माया तामांग ,कनिष्ठ आसूचना अधिकारी-।/जी एसजीएमआई ,एसआईबी गंगटोक ,गृह मंत्रालय।
596. श्री सुशील कुमार गुप्ता ,पुलिस उप महानिरीक्षक/ अभियंता ,पूर्वी फ्रंटियर ,लखनऊ ,उत्तर प्रदेश ,भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।
597. श्री संजय कुमार चौधरी ,पुलिस उप महानिरीक्षक ,सेक्टर हेडक्वार्टर शिमला ,हिमाचल प्रदेश ,भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।
598. श्री सुनील चन्द्र ममगाई ,पुलिस उप महानिरीक्षक ,सेक्टर हेडक्वार्टर दिल्ली, तिगड़ी कैंप ,नई दिल्ली ,भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।
599. डॉ .विजय कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक /चिकित्सा ,रेफरल अस्पताल सीएपीएफ ,तिगड़ी कैंप ,नई दिल्ली ,भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।
600. श्री करण सिंह रावत ,उप कमांडेंट/कार्यालय ,नॉर्थ वेस्ट फ्रंटियर ,चंडीगढ़ ,भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।
601. श्रीमती राज्यश्री रावत ,सहायक कमांडेंट/ ईएसी ,आई टी बी पी अकादमी मसूरी ,उत्तराखंड ,भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।
602. श्री बलदेव दास निरीक्षक/जी डी ,बीटीसी भानू ,पंचकुला ,हरियाणा ,भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।
603. श्री करतार सिंह ,निरीक्षक/जी डी ,13 बटालियन ,लिंगडम ,सिक्कम ,भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।
604. श्री हरगोविंद सिंह ,निरीक्षक/ एम टी ,महानिदेशालय ,नई दिल्ली ,भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।
605. श्री के .पी .राजशेखरन नायर ,निरीक्षक/ दूरभाष 27 ,बटालियन ,जिला अलापुझा ,केरल ,भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।
606. श्री विजय सिंह ,कांस्टेबल/कुक ,प्रथम बटालियन जोशीमठ ,चमोली ,उत्तराखंड ,भारत-तिब्बत सीमा पुलिस।
607. श्री पारस राम ,कांस्टेबल (एस के)28 बटालियन ,रेवाड़ी ,हरियाणा ,भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ।
608. श्री सुधीर हुड्डा ,ग्रुप कमांडर ,मानेसर ,राष्ट्रीय सुरक्षा गारद।
609. श्री कुलदीप सिंह ग्रुप कमांडर (सीआरओ)नई दिल्ली ,राष्ट्रीय सुरक्षा गारद।
610. श्री एस .रविचन्द्रन ,टीम कमांडर (एसओ) ,मुख्यालय ,नई दिल्ली ,राष्ट्रीय सुरक्षा गारद।

611. श्री सुरेन्द्र विक्रम ,उप कमांडेंट, 62बटालियन ,देवेन्द्र नगर, जिला सोनितपुर, असम, सशस्त्र सीमा बल।
612. श्री हेमन्त कुमार झा ,कमांडेंट/ जीडी, बल मुख्यालय ,नई दिल्ली ,सशस्त्र सीमा बल ।
613. श्री जय बहादुर सिंह गुनिजयाल ,सहायक कमांडेंट/ जीडी ,11 बटालियन दीदीहाट, जिला पिथौरागढ़ ,उत्तराखंड ,सशस्त्र सीमा बल।
614. श्री पुष्कर सिंह ,सहायक कमांडेंट ,सीटीसी सलोनीबारी ,असम ,सशस्त्र सीमा बल।
615. श्री होमेशबर रॉय ,सहायक कमांडेंट 31वीं बटालियन ,गोसाईगांव जिला कोकराझार ,असम ,शस्त्र सीमा बल।
616. श्रीमती लीना गुप्ता ,एरिया आर्गेनाइजर ,किशनगंज ,बिहार ,सशस्त्र सीमा बल।
617. श्री जगदीश प्रसाद आर्य ,सब एरिया आर्गेनाइजर ,बनबासा क्षेत्र ,चम्पावत ,उत्तराखंड ,सशस्त्र सीमा बल।
618. श्री भुबन चिरिंग ,निरीक्षक आर्मरर , 16 बटालियन ,कोकराझार ,असम ,सशस्त्र सीमा बल ।
619. श्री अशीम कान्ती दास ,फील्ड ऑफिसर टेलीकॉम ,सेक्टर हेडक्वार्टर ,बोगाईगांव ,असम ,सशस्त्र सीमा बल।
620. श्री महेन्द्र सिंह गंगोला ,एएफओ (वीईटीवाई) बल मुख्यालय ,नई दिल्ली ,सशस्त्र सीमा बल।
621. श्री अभय सिंह भाटी ,एसएसओ ,मुख्यालय ,नई दिल्ली ,स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप।
622. श्री किरन राय ,एसएसओ ,मुख्यालय ,नई दिल्ली ,स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप।
623. श्री गोपाल सिंह ,एसओ-। ,मुख्यालय ,नई दिल्ली ,स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप।
624. श्री सी.सी .कृष्ण कुमार ,एसओ-।(एम टी) ,मुख्यालय ,नई दिल्ली ,स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप।
625. श्री संजय शर्मा ,प्रिंसिपल साइंटिफिक अधिकारी (शस्त्र),नई दिल्ली ,पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो।
626. श्री सुधाकर देशमुख ,सहायक ,नई दिल्ली ,पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो।
627. श्री नरसिम्हन सुशील कन्नन ,संयुक्त सहायक निदेशक ,नई दिल्ली ,राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो।
628. श्री सुहास मित्रा ,उप पुलिस अधीक्षक (फिंगर प्रिंट) नई दिल्ली ,राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो।
629. श्री पवन कुमार मिश्रा , निरीक्षक(फिंगर प्रिंट) नई दिल्ली ,राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ।
630. श्री बाबू लाल सरकार ,सहायक उप निरीक्षक(फिंगर प्रिंट) नई दिल्ली, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो।
631. श्री पुरुषोत्तम शर्मा ,वरिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (रसायन) ,लोक नायक जय प्रकाश नारायण राष्ट्रीय अपराध एवं फारेंसिक विज्ञान संस्थान।
632. श्री समे सिंह ,स्टाफ कार चालक ,लोक नायक जय प्रकाश नारायण राष्ट्रीय अपराध एवं फारेंसिक विज्ञान संस्थान।
633. श्री सिमान्चल दाश ,कांस्टेबल ,नई दिल्ली ,राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग।
634. श्री सुदेश कुमार राणा ,उप पुलिस अधीक्षक ,मुख्यालय ,नई दिल्ली ,राष्ट्रीय जांच एजेंसी ।
635. श्री अनिल कुमार ,पुलिस अधीक्षक ,मुख्यालय ,नई दिल्ली ,राष्ट्रीय जांच एजेंसी ।
636. श्री राजेश भभोर ,कांस्टेबल ,मुख्यालय ,नई दिल्ली ,राष्ट्रीय जांच एजेंसी ।
637. श्री बिरा कुमार दास ,सहायक कमांडेंट (एक्जीक्यूटिव) 3री बटालियन ,मुडली, ओडिशा ,राष्ट्रीय आपदा कार्रवाई बल।
638. श्री बिजय कुमार ओझा ,निरीक्षक(मिनिस्ट्रियल) 3री बटालियन ,मुडली, ओडिशा ,राष्ट्रीय आपदा कार्रवाई बल।
639. श्री रामसेवक सिंह ,सहायक उप निरीक्षक (जीडी), 9वीं बटालियन, पटना ,बिहार ,राष्ट्रीय आपदा कार्रवाई बल।
640. श्री गोपेश अग्रवाल, उप निदेशक ,हैदराबाद ,सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी।
641. श्री पी.पी .प्रमोद ,सहयक कमांडेंट ,हैदराबाद ,सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी।
642. श्री के शंकर ,निरीक्षक(मिनिस्ट्रियल) ,हैदराबाद ,सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी।
643. श्री अशोक कुमार सिंह ,हेड कांस्टेबल ,हैदराबाद ,सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी।
644. श्री चंद्रकांता ,हेड कांस्टेबल ,हैदराबाद ,सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी।
645. श्री एम .रामि रेड्डी ,हेड कांस्टेबल ,हैदराबाद ,सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी।
646. श्री पी.एम .मुरलीधरन ,पीपीएस ,नॉर्थ ब्लॉक नई दिल्ली ,गृह मंत्रालय।
647. श्री मुनव्वर खुर्शीद ,उप महानिरीक्षक, आरपीए ,एसईसीआर जोनल मुख्यालय ,बिलासपुर ,रेल मंत्रालय।
648. श्रीमती कंचन चरण, उप महानिरीक्षक, आरपीएफ ,ईसीओआर मुख्यालय ,चंद्रशेखरपुर, भुवनेश्वर ,रेल मंत्रालय।
649. श्री जी.एम .ईश्वर राव ,उप महानिरीक्षक-सह-प्रधानाचार्य ,आर पी एफ ट्रेनिंग सेंटर एससी रेलवे ,मौलाअली ,रेल मंत्रालय।
650. श्री संजीब कुमार रे ,सहायक सुरक्षा आयुक्त ,मुख्यालय ,पूर्वी रेलवे लिलुआ ,पश्चिम बंगाल ,रेल मंत्रालय।
651. श्री रामकीरत यादव ,सहायक उप निरीक्षक ,उत्तर पूर्वी रेलवे ,अपराध प्रकोष्ठ ,वाराणसी ,रेल मंत्रालय ।
652. श्री सी.गिरि उप निरीक्षक,विशेष आसूचना शाखा ,आरपीएफ ,पलक्कड ,केरल ,रेल मंत्रालय।
653. श्री एन .सलेम राजू ,एएसआई ,एससीआर ,डिविजनल आर्मरी ,विजयवाड़ा ,रेल मंत्रालय।
654. श्री युगल किशोर जाट ,कांस्टेबल ,आरपीएफ कार्यालय आगरा ,रेल मंत्रालय।
655. श्री राजेश लाल ,निरीक्षक ,पटना ,रेल मंत्रालय।

656. **श्री गंगाधर झा ,कांस्टेबल ,हाजीपुर ,रेल मंत्रालय।**

657. **श्री जयचंद्रन पी एस ,उप निरीक्षक, 5वीं बटालियन ,आरपीएसएफ ,त्रिची ,रेल मंत्रालय।**

658. **श्री वल्लभनेनी जे.डी .कृष्णा ,सहायक उप निरीक्षक, 5वीं बटालियन आरपीएसएफ ,त्रिची ,रेल मंत्रालय।**

659. **श्री नरूल शेख ,डब्ल्यू.सी. ,चौथी बटालियन, आरपीएसएफ ,न्यू जलपाईगुडी ,रेल मंत्रालय।**

2. **ये पुरस्कार सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक प्रदान करने वाली नियमावली के नियम** 4(ii)**के तहत दिए जाते हैं।**

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 155–प्रेज/2014––राष्ट्रपति संस्कृत, अरबी, फारसी तथा पाली/प्राकृत भाषाओं के निम्नलिखित विद्वानों को सहर्ष सम्मान–प्रमाणपत्र प्रदान करते हैं :––

संस्कृत

1. श्री मङनोहर विद्यालङकार
2. श्री एस. सम्बन्दशिवाचार्य
3. जगद्गुरू निम्बार्काचार्य श्रीराधासर्वेश्वरशरणदेवाचार्य श्री ''श्रीजी'' महाराज
4. डॉ. रमाशंकर त्रिपाठी
5. श्री वी. कृष्णमूर्ति घनपाठिगल्
6. श्री अरैयर श्रीराम शर्मा
7. डॉ. रा. कृष्णमूर्ति शास्त्री
8. श्री फ्रान्स्वा ग्रिमाल्
9. श्री विद्वान महामहोपाध्याय श्री राजा गिरि आचार्य (श्री सुज्ञानेन्द्राचार्य)
10. प्रोफेसर राधावल्लभ त्रिपाठी
11. श्री चेल्लं श्रीनिवास सोमयाजी
12. प्रोफेसर वेम्पटि कुटुम्ब शास्त्री
13. प्रोफेसर ओम् प्रकाश उपाध्याय
14. प्रोफेसर (श्रीमती) शशिप्रभा कुमार

संस्कृत (अंतर्राष्ट्रीय)

1. श्री प्येर्सिल्वें फिल्योज

अरबी

1. डॉ. अहमद इब्राहिम रहमतुल्लाह
2. डॉ. निसार अहमद अन्सारी आज़मी

फारसी

1. प्रोफेसर (श्रीमती) शमीम अख़्तर

पाली/प्राकृत

1. श्री महापाध्याय विनयसागर

इसके अतिरिक्त, राष्ट्रपति संस्कृत, अरबी, फारसी तथा पाली/प्राकृत भाषाओं के निम्नलिखित विद्वानों को महर्षि बादरायन व्यास सम्मान भी प्रदान करते हैं :––

संस्कृत

1. डॉ. के. एस. महेश्वरन्

2. डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा

3. डॉ माधव जनार्दन रटाटे

4. डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

अरबी

1. डॉ. औरंगज़ेब जाज़मी

फासी

1. डॉ. अतीकुर्रहमान

पाली/प्राकृत

1. डॉ. समणी संगीत प्रज्ञा

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

दिनांक 26 नवम्बर 2014

सं. 88-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, आंध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री वाई. अप्पाला नायडू
जूनियर कमांडो

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 11.11.2002 को इस आशय की विश्वसनीय सूचना मिलने पर कि, के के डब्ल्यू डिवीजन (करीमनगर, खम्माम और वारंगल डिवीजन) के 20-25 सदस्य माओवादी अनैतिक अपराधों को अन्जाम देने के लिए घातक हथियार लेकर घूम रहे हैं, छापा मारने की एक योजना बनाई गई। यह गांव आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा पर है और जनजातियों के भारी समर्थन से आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ के माओवादी दलों के लिए अजेय अड्डा बना हुआ है। पुलिस पार्टी ने बहादुरी से असुविधाजनक मार्ग पर चलकर रात में डुडेडा गांव पहुंचने के लिए 20 कि.मी. का मार्ग तय किया। जब पुलिस पार्टी उस क्षेत्र की छानबीन कर रही थी, तब उन्हें कुछ लोगों के बातचीत करने की आवाज सुनाई दी। तभी, एक माओवादी संतरी की पुलिस पार्टी पर नज़र पड़ी और उसने भारी गोलीबारी शुरू कर दी। भारी गोलीबारी के कारण पुलिस पार्टी का कोई भी सदस्य आगे नहीं बढ़ा। तथापि, वाई. अप्पाला नायडू, जे सी भारी गोलीबारी की दिशा में आगे बढ़े और बहादुरी से जबाबी गोलियां चलाने लगे। वाई. अप्पाला नायडू, जे सी दायीं बाजू पर गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। यद्यपि चोट गंभीर थी और काफी दर्द था, तथापि, जे सी ने हथियार बाएं हाथ में लेकर गोली चलाना जारी रखा। बाद में, बाकी माओवादी उक्त स्थल से भाग गए। वाई. अप्पाला नायडू पुलिस पार्टी सहित आगे बढ़े और वहां माओवादी संतरी का शव पाया और 1-एस एल आर, 1-303 राइफल, 27-एसएलआर कारतूस, 11 किट बैग बरामद किए।

इस प्रकार, वाई. अप्पाला नायडू जे सी ने भारी गोलीबारी में बहादुरी से अपनी जान जोखिम मे डालकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और एक खतरनाक माओवादी को मार गिराया।

इस मुठभेड़ में श्री वाई. अप्पाला नायडू, जूनियर कमांडो ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12.11.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 89-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, आंध्र प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री डी. रमेश,
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री डी. रमेश 2009 बैच के अधिकारी हैं और उत्साहपूर्वक आतंक-रोधी क्षेत्र में कार्य करते रहे हैं और उन्होंने (5) ईओएफ में भाग लिया जिनमें 13 उग्रवादी मारे गए थे और बहुत से हथियार और गोलाबारूद बरामद किए गए थे।

खम्माम जिले के चेरला पुलिस स्टेशन के उप निरीक्षक ने एक आसूचना नेटवर्क बनाया और विकसित किया। उन्हें चेन्नापुरम गांव और आस-पास के वन क्षेत्र में सीपीआई माओवादियों की आवाजाही और अपने चुने हुए लक्ष्यों (टारगेट) को मारने जैसे सनसनीखेज अपराधों को अन्जाम देने के बारे में सूचना मिली। दिनांक 24.09.2011 को चेरला पुलिस स्टेशन की सीमा में वेंकटपुरम एरिया कमेटी के लगभग 20 माओवादी सदस्यों की गतिविधियों के बारे में विश्वसनीय सूचना मिलने पर, श्री डी. रमेश, उप निरीक्षक के नेतृत्व में ग्रेहाउण्डस के श्री ए. प्रभु, जे सी और एन. अनिल कुमार, जे सी सहित स्थानीय पुलिस का एक दल तत्काल कार्रवाई के लिए रवाना हुआ।

पुलिस दल को देखकर, संतरी ने श्री डी. रमेश पर तेजी से गोलियां चलानी शुरू कर दी और और अन्य लोगों को सतर्क कर दिया। सुविधाजनक स्थान पर खड़े उग्रवादियों ने सभी दिशाओं से अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं। श्री डी. रमेश, उप निरीक्षक ने अपनी जान को गम्भीर खतरे की परवाह न करते हुए उग्रवादियों की गोलीबारी के बीच, उग्रवादियों की ओर आगे बढ़े और जवाबी गोलीबारी करते हुए बहादुरी से उनका पीछा किया। अपनी वीरतापूर्वक कार्रवाई और उच्च नेतृत्व से उन्होंने अपनी असुरक्षित स्थिति को सुरक्षित स्थिति में बदल दिया और आतंकवादियों से जीतने की स्थिति में आ गए। दोनों ओर से 10 मिनट तक गोलीबारी जारी रही। बाद में, पुलिस दल ने उक्त स्थल की छानबीन की और दो पुरुष कैडरों के शव बरामद किए, जिनकी पहचान (1) मुसाकी चुक्कल, निवासी रेंगम (वी) उसूर ब्लॉक, बीजापुर जिला, एरिया मिलिटा कमांडर-इन-चीफ और (2) मदकम सोमल, निवासी चेन्नापुरम, चेरला (एम), मिलिटिला प्लाटून सेक्शन कमांडर के रूप में हुई और चेरला पुलिस स्टेशन के अपराध संख्या 71/2011 के तहत घटनास्थल से एक एसएलआर राइफल, जिसमें 16 जिन्दा कारतूसों से लोड की हुई मैगजीन लगी थी, एक 8एमएम राइफल, 8 एमएम राइफल के 16 जिन्दा कारतूसों वाला पाउच, आईएनएसएएस (इन्सास) हथियार के तीन खाली खोखे और ए के 47 का एक खाली खोखा बरामद किया गया। मृतक माओवादी हत्याओं आदि सहित अनेक घृणित अपराधों को अन्जाम देने के जिम्मेदार थे। इस मुठभेड़ के बाद, माओवादी ग्रुप का हौसला निम्नतम स्तर तक गिर गया।

इस मुठभेड़ में श्री डी. रमेश, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 25.09.2011 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 90-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. अखिलेश कुमार सिंह, (वीरता के लिए पुलिस पदक)
   पुलिस अधीक्षक
2. लामहाओ डौंगेल, (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
   अपर पुलिस अधीक्षक
3. प्रकाश सोनोवाल, (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
   सब-डिवीजनल पुलिस अधिकारी

4. ललित हजारिका, कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)
5. मनुज हांडिक, कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)
6. मो. अब्दुल हेकीम, कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 29 मई, 2012 को श्री अखिलेश कुमार सिंह, आई पी एस, पुलिस अधीक्षक, शिवसागर को सूचना मिली कि एस एस सेकंड लेफ्टीनेंट रूपांतर काकोटी के नेतृत्व में उल्फा उग्रवादियों के एक बड़े दल ने परिष्कृत हथियारों के साथ असम नागालैंड सीमा के लेंगिबोर क्षेत्र में शरण ले रखी है। उन्होंने तुरंत योजना बनाई और अपर पुलिस अधीक्षक श्री लामहाओ डौंगेल और एसडीपीओ श्री प्रकाश सोनोवाल तथा असम कमाण्डो और आसाम पुलिस रेंजर के कर्मियों और सहायक कमांडेंट गुरुचरण कालिंदिया के नेतृत्व में 210 कोबरा बटालियन की प्लाटून की सहायता से रात में ही अभियान शुरू कर दिया। लेंगिबोर गांव में रात में पुलिस दल पर गोलियां चलाई गईं, किन्तु उन्होंने अपनी कार्रवाई जारी रखी और अनजान और कठिन मार्ग पर देर तक चलने के बाद पुलिस दल 30 मई, 2012 को लगभग 0430 बजे नागालैंड सीमा की ओर लालमती बस्ती में पहुंचा जहां छुपने का स्थान अवस्थित था। यह बस्ती पटकाई रेंज की ऊंची पहाड़ियों में बड़े दुर्गम भू-भाग में स्थित है, जहां एनएससीएन के सशस्त्र कैडरों, जिनके आपसी हित इस क्षेत्र में उल्फा आतंकवादियों से जुड़े हैं, का निरंतर आना-जाना रहता है। श्री ए. के. सिंह की कमान में अभियान दल ने निडरता से पहाड़ी भू-भाग में दूर-दूर स्थित विभिन्न घरों की तलाशी लेने के लिए अपने को युक्तिपूर्वक छोटे-छोटे दलों में बांटा। जब श्री सिंह की कमान में छोटा दल पहाड़ी से गुजर रहा था, तभी ऊंची पहाड़ी पर कुशलता से पोजीशन लिए हुए उल्फा दल ने अचानक पुलिस दल पर यू एम जी और ए के 56 जैसे स्वचालित हथियारों से गोलियां चलानी शुरू कर दीं। बदले में, श्री अखिलेश सिंह और ए बी सी अब्दुल हकीम ने दक्षिणी दिशा से पहाड़ी पर धावा बोल दिया और उल्फा दल की भारी गोलीबारी के बीच युक्तिपूर्वक पहाड़ी पर चढ़ गए। वे उग्रवादी दल के निकट पहुंचे और अपनी जान को गम्भीर खतरे में डालते हुए उन पर धावा बोल दिया जबकि उग्रवादियों ने उन पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी थी। उसी समय श्री लामहाओ डौंगेल और ए बी सी मनुज हांडिक दोनों ने एक साथ श्री सिंह के समानान्तर पहाड़ी से गोलियां चालानी शुरू कर दीं और उल्फा दल को निकट से घेर लिया। परिणामत: दो उल्फा कैडरों को गोलियों से कई चोटें आईं और वे ढलान से कूदकर घनी झाड़ियों में गायब हो गए। एक घायल उग्रवादी ने एक ग्रेनेड फेंका, जो फटा नहीं। श्री सिंह के छोटे रक्षक दल ने गोलियां चलाकर आक्रमणरत अधिकारियों और पहाड़ी के नीचे से कार्रवाई कर रहे दो जवानों को सुरक्षा कवर प्रदान किया। स्थिति देखकर श्री प्रकाश सोनोवाल और सहायक कमांडेंट जी. कालिंदिया ने अपनी कोबरा टीम सहित पहाड़ी के पूर्वी दिशा से धावा बोला और उग्रवादियों को घेर लिया। इस धावे में श्री प्रकाश सोनोवाल, ए बी सी ललित हजारिका और दो कोबरा कर्मियों ने साहस का परिचय दिया और उनके छोटे दल ने गोलियां चलाकर सहायता की। पुलिस के इस वीरतापूर्ण आक्रमण से उल्फा उग्रवादी मैदान छोड़कर भागे और पहाड़ी की ढलान से नीचे कूद गए। दो उग्रवादियों को गोलियों से लगी चोटें दिखाई दे रही थीं, किन्तु वे भागकर घनी झाड़ियों और आस-पास के जंगलों में छिपने में सफल हो गए। भागते हुए उन्होंने आगे बढ़ रही पुलिस टीम को रोकने के लिए उन पर एक और ग्रेनेड फेंका, जो फटा नहीं। अभियान दल दोनों दिशाओं में खून के निशानों के पीछे-पीछे चला, किन्तु शीघ्र ही भारी वर्षा के कारण ये निशान मिट गए। पुलिस दल ने 40 राउंड जिन्दा गोलाबारूद सहित एक ए के 47 राइफल, फैक्टरी में बनी रिमोट से चलने वाली चीन निर्मित दिशा सूचक माइन, दो जिन्दा हैंड ग्रेनेड और एक स्मिथ एण्ड वेशन पिस्तौल की मैगजीन, अन्य कैम्प सामग्री सहित 9 एमएम गोलाबारूद के दो राउन्डस और घायल उग्रवादी के खून से सना एक रक-सैक बरामद किया।

जारी छानबीन के दौरान, बाद में निकटवर्ती क्षेत्र से उल्फा का एक कट्टर सूचीबद्ध कैडर हिरेन गोगोई उर्फ रोबिन मोरन पकड़ा गया, जिसे गोलियां लगने से गई चोटें आई थीं। उसने दिनांक 29 मार्च, 2012 को नाथुरापुरा पुलिस स्टेशन के कैम्पस में ग्रेनेड फैंका था। बाद में इस बात की भी पुष्टि हुई कि इस मुठभेड़ में एसएस सीपीएल एद्यमान बरूआ को भी बाईं जांघ में गोली लगी थी, जो घने जंगल का लाभ उठाकर बचकर भागने में सफल रहा। इस ग्रुप का कमांडर एस एस सेकंड लैफ्टिनेट रुपान्तर काकोटी और अन्य कैडर चोट लगे बिना बचकर भाग गए। शिवसागर पुलिस के कार्मिक श्री ए. के. सिंह के नेतृत्व में किए गए हमले में सबसे आगे थे। दुर्गम मार्ग और शत्रु की सीधी गोलीबारी में अपनी जान की परवाह किए बिना शुद्ध साहस और नि:स्वार्थ कर्तव्यपरायणता का उनका प्रदर्शन उच्च कोटि की दुर्लभ वीरतापूर्ण कार्रवाई का उदाहरण है।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक, लामहाओ डौंगेल, अपर पुलिस अधीक्षक, प्रकाश सोनोवाल, सब-डिवीजनल पुलिस अधिकारी, ललित हजारिका, कांस्टेबल, मनुज हांडिक,कांस्टेबल, और मो. अब्दुल हकीम, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30.05.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 91-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. जुग कांत बोराह,
   निरीक्षक

2. सीमांता बोराह,
   उप निरीक्षक

3. दीपक बोराह,
   कांस्टेबल

4. बुधेश्वर चक्रधर,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 04.01.2013 को तिनसुकिया, मकूम और बोरदूबी पुलिस स्टेशनों के सामान्य क्षेत्रों में उल्फा उग्रवादियों की गतिविधियों के संबंध में विशिष्ट सूचना के आधार पर, दूसरी असम रेजीमेंट (आर्मी), 68 बटालियन सीआरपीएफ और कोबरा के साथ मिलकर तिनसुकिया पुलिस द्वारा छोटे-छोटे दल में बंटकर अलग-अलग स्थानों पर संयुक्त अभियान चलाया गया और इन सभी छोटे-छोटे दलों द्वारा तिनसुकिया, मकूम और बोरदूबी के सामान्य क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर अभियान चलाए गए।

निरीक्षक जुग कान्त बोराह, प्रभारी अधिकारी, तिनसुकिया पुलिस स्टेशन के नेतृत्व में एक अभियान दल ने उप-निरीक्षक सीमान्ता बोराह, प्रभारी अधिकारी, मकूम पुलिस स्टेशन और अन्य स्टॉफ के साथ बोरदूवी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत हबेदा गांव में घात लगायी। लगभग 2140 बजे अचानक पुलिस दल ने 4/5 अनजान लोगों को पैदल अपनी ओर आते देखा। जब पुलिस अभियान दल ने उन्हें रुकने की चेतावनी दी तो उन्होंने पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं। पुलिस अभियान दल भारी गोलीबारी में घिर गया। अंधेरे का लाभ उठाकर भारी शस्त्रों से लैस उग्रवादियों ने पुलिस अभियान दल के सदस्यों को मारने के इरादे से गोलियां चलायीं। इस प्रक्रिया में निरीक्षक जुग कान्त बोराह और उप-निरीक्षक सीमान्ता बोराह सामने से आगे बढ़े और सीधे गोलियों से घिर गए जिससे अन्य सदस्य भी प्रेरित हो गए। तदनुसार, अभियान दल ने अपनी जान को गंभीर जोखिम में डालते हुए अपनी रक्षा में जबाबी गोलियां चलानी शुरू कर दीं। थोड़े समय चली परस्पर गोलीबारी के दौरान एक उग्रवादी गोलियों से जख्मी हो गया और एक उग्रवादी पुलिस दल द्वारा पकड़ा गया। अन्य उग्रवादी अंधेरे और धुंध का लाभ उठाते हुए भागने में सफल हो गए। गोलीबारी रूकने के तुरंत बाद पुलिस दल ने घायल उल्फा उग्रवादी को वहां से हटाकर चिकित्सा उपचार के लिए सिविल हॉस्पिटल तिनसुकिया भेज दिया। घायल उल्फा उग्रवादी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 1 मैगजीन और गोलाबारूद के 3 जिन्दा कारतूसों सहित एक एम-20 पिस्तौल, 4 चीनी ग्रेनेड, 2 आरसीआईईडी, 2 डेटोनेटर और कुछ अभिशंसी दस्तावेज बरामदगी सूची के अनुसार बरामद किए गए। जिस घायल उल्फा उग्रवादी को चिकित्सा उपचार के लिए तिनसुकिया सिविल हॉस्पिटल भेजा गया था, उसे देखरेख करने वाले डाक्टरों द्वारा मृत लाया गया घोषित कर दिया गया।

बाद में, मृतक उल्फा उग्रवादी की पहचान उसके भाई द्वारा कट्टर उल्फा उग्रवादी देवजीत दुवराह उर्फ बांगली असोम उर्फ दोऊ पुत्र प्रेप दुवराह, निवासी ना-मोटापंग, बारेकुरी पुलिस स्टेशन जिला तिनसुकिया के रूप में की गई। पकड़े गए उग्रवादी की पहचान निरन्ता मोरन पुत्र प्रदीप मोरन, निवासी 2 हबेदा गांव, पुलिस स्टेशन बोरदूबी, जिला तिनसुकिया के रूप में की गई।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री जुग कांत बोराह, निरीक्षक, सीमंता बोराह, उप निरीक्षक, दीपक बोराह, कांस्टेबल और बुधेश्वर चक्रधर, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 04.01.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 92-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, असम पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री कमल चन्द्र सिल,
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 21.12.2012 को लखीपुर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत सौरकोना गांव के सामान्य क्षेत्र में गारो नेशनल लिबरेशन आर्मी के उग्रवादियों की मौजूदगी के बारे में मिली खुफिया जानकारी के आधार पर, उप-निरीक्षक श्री कमल चन्द्र सिल, कमान अधिकारी लखीपुर पुलिस स्टेशन के नेतृत्व में 13वीं सिख रेजीमेंट और लखीपुर पुलिस स्टेशन के पुलिस स्टाफ द्वारा लगभग 1800 बजे एक संयुक्त अभियान चलाया गया। तलाशी अभियान के दौरान लगभग 1950 बजे सौरकोना गांव के बाहर आस-पास की घनी झाड़ियों में 2-3 लोगों की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दी। आर्मी टीम के कैप्टन पी. के. जायसवाल और उप-निरीक्षक कमल चन्द्र सिल, कमान अधिकारी, लखीपुर पुलिस स्टेशन ने अनुकरणीय नेतृत्व और युक्तिपूर्ण कुशाग्रता का परिचय देते हुए बच निकलने के सभी रास्ते बंद कर दिए। जब उन्हें सामने आने की चुनौती दी गई, तो उग्रवादियों ने अभियान दल पर झाड़ियों से ही अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी। उप-निरीक्षक कमल चन्द्र सिल ने प्रभावी रूप से कमान संभालते हुए और साहस दिखाते हुए अपने व्यक्तिगत हथियार से गोलियां चलाईं और उग्रवादियों को घेर लिया। एम-16 स्वचालित असॉल्ट राइफल से अंधाधुंध बरस रही गोलियों से घिरे होने के वाबजूद अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना उप-निरीक्षक कमल चन्द्र सिल ने तत्काल बदले में उग्रवादियों पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं और अपनी सामान्य ड्यूटी से हटकर अदम्य साहस दर्शाते हुए एक उग्रवादी को मार गिराने में सफल हुए। उनके इस वीरतापूर्ण कृतय से अभियान दल के साथ-साथ नागरिकों को होने वाली क्षति को रोकने में सहायता मिली। मारे गए उग्रवादी की पहचान जी एन एल ए के एस एस कमांडर-इन-चीफ के निकटतम प्रशिक्षित कट्टर जी एन एल ए उग्रवादी एस लांस कारपोरल बिलपाक बी. माराक के रूप में हुई, जो कई उग्रवाद संबंधी मामलों में वांछित था। मृतक उग्रवादी के कब्जे से गोलाबारूद के 12 (बारह) जिन्दा कारतूसों सहित एक 5.56 एम एम ऑटोमेटिक एम-16 असॉल्ट राइफल और जी एन एल ए से संबंधित कुछ अभिशंसी दस्तावेज बरामद और जब्त किए गए।

इस संबंध में लखीपुर पुलिस स्टेशन में आयुध अधिनियम की धारा 25 (1-ख) (क)/27 और विधिविरुद्ध क्रियाकलाप अधिनियम की धारा 10/13 के साथ पठित भारतीय दंड संहिता की धारा 121/121 (क)/122/353/307 के तहत मामला सं. 679/12 दर्ज किया गया था।

इस मुठभेड़ में श्री कमल चन्द्र सिल, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 21.12.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 93-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री विष्णु राम लेडिया, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री विष्णु कुमार लेडिया कांकेर जिले के दुर्गकोंडल पुलिस स्टेशन में कांस्टेबल के रूप में कार्यरत थे। बी एस एफ की बटालियन संख्या 200 को दिनांक 20 अक्तूबर, 2009 से छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नक्सल रोधी अभियान के लिए तैनात किया गया था। यूनिट ने उस क्षेत्र को सड़क सुरक्षा अभियानों, मोबाइल चेक पोस्ट और एरिया डोमिनेशन पैट्रोल के माध्यम से उस क्षेत्र पर प्रभुत्व जमाने और सफाई करने की योजना बनाई। दिनांक 29 अगस्त, 2010 को लगभग 0400 बजे रणनीतिक आवश्यकताओं के अनुसार विधिवत तैयारी करने के बाद 02 निरीक्षकों, अन्य रैंकों के 57 सदस्यों, रणनीतिक मुख्यालय के सदस्यों, विष्णु राम लेड़िया सहित 04 पुलिस कर्मियों और छत्तीसगढ़ पुलिस के 05 एसपीओ, का एक दल भानुप्रतापपुर-पाखनजूर की धुरी पर स्थित दुर्गकोंडल और भुस्की गांव के बीच के क्षेत्र की सफाई करने के लिए रणनीतिक मुख्यालय, दुर्गकोंडल से गया। यह पूरा क्षेत्र नालों और घने जंगलों से घिरा है। घने-पेड-पौधों और घुमावदार सड़कों के कारण 25-30 मीटर की दूरी तक ही दिखाई पड़ता था। ऊबड़-खाबड़ रास्ते और प्रतिकूल मौसम के कारण आवाजाही भी बाधित होती थी।

निरीक्षक अर्जुन सिंह के नेतृत्व वाले दल को एरिया डोमिनेशन पैट्रोल और सड़क सुरक्षा अभियान के लिए तैनात किया गया था, का जबकि निरीक्षक मनीष कुमार के दल को मोबाइल चेक पोस्ट का कार्य सौंपा गया था। दल सभी एहतियाती उपाय करके रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ा। विष्णु राम लेडिया को उक्त क्षेत्र की स्थलाकृति की अच्छी जानकारी थी और वे पुलिस दल के लिए मार्गदर्शक थे। वे डीएसएमडी की सहायता से आईईडी को हटाने वाले बी एस एफ के कार्मिकों को सड़क के दायीं ओर से सुरक्षा प्रदान कर रहे थे।

लगभग 0650 बजे, जब आगे बढ़ रहे स्काउट्स दुर्गकोंडल से लगभग 8.5 कि.मी. की दूरी पर स्थित माइल स्टोन सं. 33 और 34 के बीच सड़क के मोड़ पर पहुंचे, तब वे उत्तर-पश्चिम दिशा से होने वाली भारी गोलीबारी से घिर गए। एक भी पल खोए बिना आगे बढ़ रहे सिपाही सड़क के बाईं ओर कूद गए और वहां पर आश्रय ले लिया, किन्तु तब तक नक्सलियों ने दक्षिण-पश्चिम दिशा से भी गोलियां चलानी शुरू कर दी। पैट्रोलिंग दल के सिपाही, शुरू में, अच्छी पोजीशन लिए हुए और पूरी तरह सुरक्षित और भलीभांति घात लगाए नक्सलियों, की भारी गोलीबारी से घिर गए।

पैट्रोलिंग दल पर सभी दिशाओं से लक्ष्य साधकर की गई गोलीबारी के प्रभाव को देखते हुए विष्णु राम लेडिया ने, स्वयं कठिन स्थिति में होने के बावजूद कार्रवाई में लगे पुलिस दल का मार्गदर्शन किया। उनकी स्थलाकृति की जानकारी और निडर मनोवृति के परिणामस्वरूप सिपाही प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई करने में सक्षम हुए और पूरी तरह सुरक्षित नक्सली अपनी पोजीशन बदलने के लिए बाध्य हो गए। इससे पैट्रोलिंग दल के सदस्यों को पुन: संगठित होने और घात तोड़ने का अवसर भी मिला।

श्री विष्णु राम लेडिया ने पुलिस पार्टी को अन्य सदस्यों को घात से बचाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करके उच्चतम स्तर की व्यावसायिकता और साहस का परिचय दिया और उन्होंने अपने जीवन की कुर्बानी दे दी।

की गई बरामदगियां:- एक लोहे का पाइप बम, तार सहित एक डेटोनेटर, 3 पेट्रोल बम, 2 डेटोनेटर बम, 01 एसएलआर मैगजीन, एसएलआर के 13 जिन्दा कारतूस, एसएलआर के 18 चले हुए कारतूस, .303 के 10 चले हुए कारतूस, इन्सास के 15 चले हुए कारतूस, ए के 47 के 4 चले हुए कारतूस और .12 बोर के पांच चले हुए कारतूस।

इस मुठभेड़ में (स्वर्गीय) श्री विष्णु राम लेडिया, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29.08.2010 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 94-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. संतोष कुमार पाण्डेय,
   सहायक प्लाटून कमांडर

2. रमेश शोरी,
   हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

नलनार क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति के बारे में विशेष खुफिया जानकारी प्राप्त हुई। दिनांक 11.06.2013 को, विशेष कार्य बल (एसटीएफ) सहित 235 कार्मिकों का एक खोजी दल नलनार उलिसपारा की ओर गया। एस टी एफ दल ने नलनार गांव में अलिसपारा नदी के दूसरी ओर घात लगा दी दिनांक 12.06.2013 को जिला पुलिस बल ने उलिसपारा नदी की ओर घूमते हुए एक सशस्त्र नक्सली को देखा। पुलिस दल पांच टीमों में बंट गया और पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। सभी ओर से पुलिस दल को अपनी ओर आते देखकर नक्सलियों ने गोलियां चलानी शुरू कर दीं। सन्तोष कुमार पाण्डेय (एसटीएफ के एपीसी) और हेड कांस्टेबल रमेश कुमार शोरी ने अपने पुलिस संघटन सहित नक्सलियों का पीछा किया और उनकी ओर से आने वाली गोलियों का बहादुरी से सामना किया। नक्सलियों ने अपने घायल साथियों को साथ में लेकर पहाड़ी की ओर बचकर भागना शुरू कर दिया। दुर्गम मार्ग होने के बावजूद पुलिस दल पहाड़ी पर चढ़ गया और उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। पुलिस दल नलनार दलम की महिला नक्सली सरिता को मारने के साथ-साथ नक्सलियों को भी हताहत करने में सफल रहा। इस प्रकार पुलिस दल ने नक्सलियों पर विजय पाई और नक्सली बचकर जंगल में भाग गए और एक 0.303 राइफल, एक लोकल पिस्तौल, दो भरमार बन्दूकें, 0.303 राइफल के 16 राउन्ड, तीन टिफिन बम, राउन्ड एयर गन, आठ क्रैकर बम, चार बण्डल इलेक्ट्रिक वायर, 38 डेटोनेटर, पांच फ्लैश बैटरी, एक जीपीएस, तीन वोल्टामीटर और अन्य विनाशक सामग्री, काली वर्दी, नक्सली साहित्य, मेडिकल किट आदि छोड़कर भाग निकले। पुलिस पार्टी ने खून के धब्बे और मुठभेड़ स्थल के विभिन्न स्थानों पर खींचने के निशान भी पाए, जिससे यह पता चलता है कि नक्सली घने जंगल और कठिन रास्ते का फायदा उठाकर कुछ और घायल नक्सलियों और शवों को उठाकर भागने में सफल रहे।

जिला पुलिस के सर्वश्री संतोष कुमार पाण्डेय और रमेश कुमार शोरी ने अपनी पार्टियों का सामने से नेतृत्व किया और सुविधाजनक पोजीशन वाले नक्सलियों की गोलियों का वीरतापूर्वक सामना किया और न केवल नकसलियों का पीछा करके उन्हें भगाने में, बलिक उन्हें हताहत करने में भी सफल रहे।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री संतोष कुमार पाण्डेय, सहायक प्लाटून कमांडर और रमेश शोरी, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12.06.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 95-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री देवराम भास्कर,
सहायक उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

बीजापुर जिले के कुरचोली क्षेत्र में माओवादी मिलिट्री कम्पनी संख्या 2 की गतिविधियों के बारे में सूचना मिलने पर एक संयुक्त अभियान की योजना बनाई गई। विधिवत योजना बनाने और जानकारी देने के पश्चात, जिला पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की टुकड़ियों को दो दलों में बांटा गया। दिनांक 23.02.2013 को पहला दल पामालवाया मार्ग से और दूसरा दल चेरपाल से कुरचोली के लिए रवाना हुआ।

कुरचोली पहुंचने से पूर्व, दल संख्या 1 दो समूहों में बंट गया और प्रत्येक समूह में सीआरपीएफ और डीईएफ दोनों के कार्मिक शामिल थे। जिला पुलिस के संघटक के एक समूह का नेतृत्व एस आई समीर और ए एस आई भास्कर और सी आर पी एफ के संघटक का नेतृत्व सी आर पी एफ के डी आई जी एस. इलांगो कर रहे थे, जबकि जिला पुलिस संघटक के दूसरे समूह का नेतृत्व एस आई राजू और सी आर पी एफ के संघटक का नेतृत्व ए. सी. मधु कर रहे थे। कुरचोली के आस-पास के सम्पूर्ण क्षेत्र की छानबीन करने के बाद जब तभी दिनांक 24.02.2013 को लगभग 1500 बजे पहले समूह की टुकड़ी भोजन कर रही थी, तभी माओवादियों ने सुरक्षा बलों को डराने के लिए शुरू में पटाखे फोड़े और फिर अपनी एलएमजी से गोलियों की बौछार की। हमले की तीव्रता बढ़ गई और भीषण गोलीबारी शुरू हो गई क्योंकि परिष्कृत हथियारों से लैस माओवादी सुरक्षा बलों की ओर आगे बढ़ते रहे थे। तब एएसआई भास्कर को 10 कार्मिकों के साथ बाईं ओर से आगे बढ़ने को कहा गया। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना ए एस आई भास्कर अपने कार्मिकों का नेतृत्व करते हुए आगे बढ़े और नक्सलियों की गोलीबारी का भरपूर जवाब दिया। दूसरी ओर से नक्सलियों की भारी गोलीबारी से विलित हुए बिना वे विश्वासपूर्वक आगे बढ़े और जवाबी गोलियां चलाईं। गोलीबारी में कुछ नक्सली घायल हो गए थे, जिन्हें उनके साथियों द्वारा ले जाते हुए देखा गया। अंधेरा होने वाला था। सुरक्षा बलों की भयानक जवाबी कार्रवाई के कारण नक्सली पीछे हट गए। सुरक्षा बल नक्सलियों को हताहत करने में भी सफल रहे। बाद में दो वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद किए गए, जिनकी पहचान पूनम मितकू उर्फ पुस्नार की किस्मत और रत्ना साम्बी रेड्डी उर्फ सलीम के रूप में की गई और ये दोनों दूसरी मिलिट्री कम्पनी के सदस्य थे।

अन्य बरामदगियां:-

1.	12 बोर गन	01
2.	हैंड ग्रेनेड	02
3.	एसएलआर मैगजीन	01
4.	बुलेट (12 बोर गन)	22
5.	प्रेशर बम के मेकैनिज्म	19
6.	डेटोनेटर	03
7.	बुलेट (.303 गन)	06
8.	खाली खोखे (303 गन)	02
9.	खाली खोखे (एसएलआरगन)	08
10	आर डी एक्स	03 कि.ग्रा.
11.	कोरडेक्स वायर	02 फुट
12.	नकसली साहित्य	01

इस मुठभेड़ में श्री देवराम भास्कर, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24.02.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 96-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री यशपाल राठी, (मरणोपरांत)
हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री यशपाल राठी, हेड कांस्टेबल (कार्यकारी) पक्की सत्यनिष्ठा, कुशाग्र बुद्धिमता एवं निर्विवाद ईमानदारी वाले और परिश्रमी अधिकारी थे जिनके मन में उन्हें सौंपे गए श्रमसाध्य और थकाने वाले कार्यों के प्रति कोई दुर्भाव नहीं था और वे अपने कार्य को अत्यंत उत्साह और जिम्मेदारी की भावना से करते थे। उन्हें पुलिस के व्यावहारिक कार्यों की अच्छी जानकारी थी और उनके निष्ठापूर्ण कठिन परिश्रम के कारण उन्हें दिल्ली पुलिस की विभिन्न यूनिटों/जिलों में तैनात किया गया था और अंतिम बार उन्हें दक्षिणी जिले में तैनात किया गया था। उन्होंने असामान्य प्रयत्नों के आधार पर अनुकरणीय वीरता का कार्य किया, जिसके परिणामस्वरूप अंततः भयंकर मेवाती गैंग को तहस नहस करने में सफलता प्राप्त हुई।

एक कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल के रूप में उन्होंने असाधारण कार्य किया जो अपराधियों विशेष रूप से मेवाती गैंग के संबंध में उनकी विशिष्ट जानकारी से सुस्पष्ट है। मेवाती गैंग अधिकांशतः पशु लेकर भाग जाते थे और प्रायः सेंधमारी के लिए छोटे बाजारों की दुकानों के शटर तोड़ते थे। इस समय मेवात क्षेत्र में लगभग 20 चिन्हित बड़े-छोटे अपराधी समूह हैं। ये छोटी-छोटी चोरियों के लिए नृशंस हत्याओं, सशस्त्र लूटपाट और सामूहिक बलात्कारों आदि जैसे अन्य जघन्य अपराधों में शामिल होते हैं। मेवाती अपराधी वास्तव में पुलिस के लिए चिन्ता का विषय हो गए हैं और वे 2/4/6 पहिये वाले वाहनों की चोरी करते हैं और पशुओं की चोरी/सेंधमारी, लूटपाट आदि करने के लिए टाटा-407 और अन्य वाहनों का उपयोग करते हैं। इस समय वे महिन्द्रा पिक-अप का प्रयोग कर रहे हैं।

समय के साथ-साथ हेड कांस्टेबल यशपाल राठी ने प्रछन्न खतरों और अपनी जान को गम्भीर जोखिम से अवगत होने के वाबजूद दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में मेवाती अपराधियों की गतिविधियों के बारे में असाधारण जानकारी प्राप्त कर ली थी। हेड कांस्टेबल यशपाल राठी ने दिल्ली और एनसीआर के विभिन्न क्षेत्रों विशेषरूप से दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम जिलों सहित बाहरी क्षेत्रों में अपराधियों को पकड़ने के लिए अपने स्रोत विकसित कर लिए थे।

हेड कांस्टेबल यशपाल राठी को मेहरौली पुलिस स्टेशन में तैनाती के समय दिनांक 23.08.2012 को रात्रि लगभग 10.15 बजे भारतीय दण्ड संहिता की धारा 498क/406/34 के अंतर्गत मेहरौली पुलिस स्टेशन की एफआईआर संख्या 594/04 के मामले में जमानत बाण्ड के सत्यापन के लिए कहा गया था। वे प्रस्थान डीडी संख्या 82-बी के तहत सरकारी वाहन बजाज पल्सर मोटर साइकिल सं. डीएल 1 एसएन 9586 पर गए क्योंकि यह रिपोर्ट 24.08.2012 को नियत प्रयोजन के लिए न्यायालय में पेश की जानी थी। जमानत बाण्ड में दिया गया पता दक्षिण-पश्चिम जिला-नई दिल्ली के नजफगढ़ के अधिकार क्षेत्र में पड़ता था। इसी बीच मध्यरात्रि में उन्हें नजफगढ़ क्षेत्र में भयंकर मेवाती गैंग की गतिविधियों के बारे में सूचना प्राप्त हुई और हेड कांस्टेबल यशपाल बिना समय गवाए और खतरे की गंभीरता की परवाह किए बिना तत्काल मेवाती अपराधियों की गतिविधियों के स्थान की ओर गए। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना वे बहादुरी से आगे बढ़े और बचकर भागने का प्रयत्न कर रहे अपराधियों को रोकने के लिए त्वरित कार्रवाई की। हैड कांस्टेबल यशपाल राठी ने अपनी सरकारी मोटर साइकिल से उनके वाहन को रोका और भलीभांति यह जानते हुए कि मेवाती अपराधी घातक हथियारों से लैस हो सकते हैं, निडरता से उन्हें रूकने की चुनौती दी। हेड कांस्टेबल यशपाल राठी का साहसिक कृत्य देखकर मेवाती अपराधियों ने जो संख्या में 10 थे और जैसे कि वे भयंकर हैं ही, तत्काल हेड कांस्टेबल पर सीधा निशाना बनाकर गोलियां चलानी शुरू कर दीं और उनके सिर पर वार करके गंभीर चोट पहुंचाई। गंभीर रूप से घायल होने के वाबजूद श्री राठी ने अनुकरणीय साहस प्रदर्शित करते हुए उन्हें रोकने और पकड़ने का भरसक प्रयास किया। जब तक वे गिर नहीं गए, तब तक अपराधियों से भिड़ते रहे और स्थिति का लाभ उठाकर अपराधी घटना स्थल से भाग निकले। उसके बाद हेड कांस्टेबल यशपाल राठी को राव तुलाराम अस्पताल, जाफरपुर कलां ले जाया गया जहां उन्हें मृतक लाया गया घोषित कर दिया गया। इस संबंध में, आईपीसी की धारा 302 के अंतर्गत दिनांक 24.08.2012 को बाबा हरिदास नगर पुलिस स्टेशन में एफ आई आर संख्या 192/12 के तहत एक मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

हेड कांस्टेबल यशपाल राठी का यह साहसपूर्ण बहादुरी का कृत्य असाधारण और उनके सामान्य ड्यूटी की अपेक्षाओं से बढ़कर था। उन्होंने भयंकर अपराधियों को पकड़ने में उच्चतम साहस, कर्तव्यपरायणता, सामंजस्य, व्यावसायिकता, सूझबूझ और बहादुरी का परिचय

दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बगैर अपराधियों के विरुद्ध लड़ते हुए अपना जीवन न्योछावर कर दिया और अपनी सरकारी ड्यूटियों की सामान्य परिधि से आगे बढ़कर अनेक बड़े अपराधों को रोका। उनके शानदार कार्य निष्पादन से विभाग का गौरव बढ़ा, जिसकी सामान्य जनता और मीडिया द्वारा बहुत प्रशंसा की गई।

इस एक्शन में स्वर्गीय श्री यशपाल राठी, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24.08.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 97-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री राम किशन, (मरणोपरान्त)
हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 25.11.2012 को हेड कांस्टेबल राम किशन और कांस्टेबल जी. के. सिद्धैया को रात 8 बजे तक दिल्ली के बाहरी जिले के कंझावला पुलिस स्टेशन के अंतर्गत दिल्ली-हरियाणा सीमा पर स्थित जौंटी टॉल टैक्स पिकेट पर रात की पिकेट ड्यूटी पर तैनात किया गया था।

दिनांक 26.11.2012 को लगभग प्रात: 2.10 बजे जौंटी गांव की ओर से एक सफेद कार आई। चूंकि वह वाहन संदेहास्पद स्थिति में जा रहा था, अत: उसे जांच के लिए हेड कांस्टेबल राम किशन द्वारा रोका गया। कार में चार लोग सवार थे। पिछली सीट पर बैठे दो लोगों को कार से उतार कर हेड कांस्टेबल राम किशन ने उनकी भौतिक जांच की। उसके बाद हेड कांस्टेबल ने कार की अगली सीट पर बैठे व्यक्ति को बाहर आने के लिए कहा। किन्तु जब कार का दरवाजा खोलने के बाबजूद अगली सीट पर बैठा व्यक्ति बाहर नहीं निकला, तो हेड कांस्टेबल ने उसे बाहर निकालने के लिए थोड़ा बल प्रयोग किया। इसी समय ड्राइवर ने विपरीत दिशा में कार चलानी शुरू कर दी। इसी बीच, अगली सीट पर बैठे व्यक्ति ने पिस्तौल निकाल कर हेड कांस्टेबल पर निशाना साधा। हेड कांस्टेबल ने बहुत साहस और सूझबूझ दर्शाते हुए और अपनी जान की परवाह किए बिना तेजी से हमलावर से पिस्तौल छीन ली।

हमलावरों को भागने से रोकने के लिए हेड कांस्टेबल राम किशन ने अपनी जान जोखिम में डालते हुए उन्हें पकड़े रखा। तेजी से चलती हुई कार रूकी नहीं और हेड कांस्टेबल राम किशन, जिन्होंने वाहन के अगले बाएं दरबाजे से हमलावर को पकड़ रखा था, कुछ दूरी तक घसीटते हुए चले गए। कार में बैठे हमलावर डर गए और उन्होंने हेड कांस्टेबल पर दो गोलियां चलाईं जो उनके मर्मस्थल पर लगी। हमलावरों द्वारा चलाई गई गोलियों की चोट के कारण हेड कांस्टेबल राम किशन हमलावरों की तेजी से भाग रही कार से गिर गए और अपराधी घटना स्थल से भाग गए।

उप निरीक्षक खजान सिंह ने पुलिस नियंत्रण कक्ष को इस घटना की सूचना दी और घायल हेड कांस्टेबल को निकटवर्ती अस्पताल (ब्रह्मशक्ति अस्पताल) पहुंचाया गया, जहां उन्हें मृतक लाया गया घोषित किया गया। अपराधी से छीनी गई पिस्तौल की जांच की गई जिसमें 9 एमएम कैलिवर के पांच जिन्दा कारतूस लगे पाए गए। आई पी सी की धारा 186/353/302/34 के अधीन एफआईआर संख्या 258/12 और आयुध अधिनियम 25/27 के तहत, दिनांक 26.11.2012 को पुलिस स्टेशन कंझावला में एक मामला दर्ज किया गया है जो जांचाधीन है।

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा द्वारा यह मामला सुलझा दिया गया है। इस हत्या में दिल्ली और हरियाणा का वांछित भयानक अपराधी नीतू दवोदा का हाथ था। वह मार्च, 2012 में कोर्ट ले जाते हुए पुलिस हिरासत से बच कर भाग गया था। उस पर एक लाख रुपए का इनाम रखा गया था।

हेड कांस्टेबल राम किशन ने भयंकर सशस्त्र अपराधियों को पकड़ने में अनुकरणीय साहस और उच्च कोटि की बहादुरी का प्रदर्शन किया और इस प्रकार विश्वासघातियों को पकड़ने के प्रयास में अपना जीवन न्योछावर कर दिया। हेड कांस्टेबल राम किशन द्वारा दर्शायी गई बहादुरी की न केवल पुलिस के उच्चतम अधिकारियों और मीडिया द्वारा, बल्कि जन-साधारण द्वारा भी बहुत प्रशंसा की गई। उन्होंने बहादुरी और कर्तव्यपरायणता का असाधारण उदाहरण प्रस्तुत किया।

इस एक्शन में (स्व.) राम किशन, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26.11.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 98-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, दिल्ली पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री उमेश कुमार,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिल्ली पुलिस के दक्षिण जिले के अधिकारियों ने असाधारण प्रयत्न करके अनुकरणीय बहादुरी का कार्य किया जिसमें 19.01.2009 को ग्रीन पार्क क्षेत्र में गोलीबारी की घटना के पश्चात एक सफल अभियान में सत्ते-बिट्टू नामक एक भयानक गैंग के सात सदस्य गिरफ्तार किए गए थे। उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में कारतूसों सहित 4 स्वचालित पिस्तौलें, 9 सेलुलर फोन, 2 चाकू, लूटी हुई एक एस एक्स-4 कार, 1 मारूति जेन, 1 होण्डा एकोर्ड, 1 सैंट्रो कार और 1 मोटर साइकिल अपराध के लिए उपयोग में लाई गई बरामद की गई। गैंग लीडर सत्य प्रकाश ऊर्फ सत्ते, भयानक गैंगस्टर नदीम उर्फ नसीम और शकील तथा उनके सहयोगी कुलदीप ऊर्फ सोनू सहित चार अपराधी दिन के उजाले में चलाई गई गोलियों से बुरी तरह जख्मी हो गए।

अभियान

वर्ष 2008 के दौरान लगभग पूरे वर्ष और 2009 के शुरू में सत्ते-बिट्टु नामक एक भयानक गैंग दिल्ली, एन सी आर, उत्तर प्रदेश और राजस्थान क्षेत्र में बैंक लूटपाट और बड़ी मात्रा में धनराशि लिए हुए व्यापारियों को लक्ष्य बनाने की सनसनीखेज घटनाओं को अन्जाम दे रहा था। इन सभी सनसनीखेज घटनाओं में, अपराधियों द्वारा बड़ी मात्रा में आग्नेयास्त्र प्रयोग किए जाते थे और अधिकांश मामलों में पीड़ित कई-कई गोलियों से घायल हो जाते थे। अन्ततः, दिल्ली पुलिस के विभिन्न दलों द्वारा इस दुर्दांत गैंग के सदस्यों को गिरफ्तार करने के लिए उपलब्ध सुरागों के अनुसार कार्रवाई की गई। पुलिस मुख्यालय द्वारा 25000/- रु. का इनाम भी घोषित किया गया और नन्द नगरी, नई दिल्ली पुलिस स्टेशन में सत्य प्रकाश सत्ते के विरूद्ध मकोका के अंतर्गत एक मामला भी शुरू किया गया था। दिल्ली पुलिस के विभिन्न दलों द्वारा अत्याधिक प्रयास करने के बावजूद यह गैंग पकड़ में नहीं आया और दिल्ली, एन सी आर, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में लगातार सनसनीखेज अपराधों को अन्जाम देता रहा।

इस गैंग को निष्क्रिय करने के उद्देश्य से पुलिस स्टेशन लोदी कॉलोनी और ए ए टी एस (एन्टी ऑटो थ्रेफ्ट स्क्वाड), दक्षिण जिला का एक संयुक्त दल बनाया गया जिसमें श्री विक्रमजीत सिंह, एसीपी/डिफेंस कालोनी की निगरानी में और श्री एच जी एस धालीवाल, डीसीपी/दक्षिण जिला के नेतृत्व में इंस्पेक्टर राजेन्द्र सिंह, एसएचओ/लोदी कालोनी, इन्सपेक्टर जरनैल सिंह, आई/सी एएटीएस, एस आई पवन तोमर, प्रमोद जोशी, बलिहार सिंह और अन्य शामिल थे। दल के प्रयास शीघ्र ही सफल हुए और दक्षिण दिल्ली के ग्रीन पार्क क्षेत्र में सत्ते गैंग के सदस्यों द्वारा बैंक में लूटपाट करने की योजना बनाने से संबंधित गतिविधियों के बारे में लोदी कालोनी पुलिस स्टेशन में एक विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। यह सूचना मिलते ही एसएचओ, लोदी कालोनी ने तत्काल श्री एचजीएस धालीवाल, डीसीपी/दक्षिण को इसकी सूचना दी, जिन्होंने इंस्पेक्टर राजेन्द्र सिंह की देखरेख में पुलिस स्टेशन लोदी कॉलोनी के स्टाफ और इंस्पेक्टर जरनैल सिंह की देख-रेख में ए ए टी एस, दक्षिण जिला का एक संयुक्त दल बनाया।

श्री एच जी एस धालीवाल के निर्देश और समन्वय के अंतर्गत दोनों दलों ने इस नाजुक स्थिति में मिलकर कार्य किया और दुर्दांत अपराधियों द्वारा प्रयोग किए जा रहे वाहनों की सफलतापूर्वक पहचान कर ली और तेजी से काम शुरू कर दिया। जब पुलिस दल एनडीएसई-I पहुंचा तब तक अपराधी अपनी मोटर साइकिल एन डी एस ई-I में छोड़कर उपर्युक्त वाहनों से ग्रीन पार्क एक्सटेंशन के लिए निकल चुके थे। पुलिस दल ने अपराधियों के पहचाने हुए वाहन का पीछा करना शुरू कर दिया और त्वरित गति से पीछा करते हुए काली होण्डा एकोर्ड कार को ग्रीन पार्क एक्सटेंशन के गेट नं 2 पर रोका। जब पुलिस दल ने अपराधियों के वाहन के नजदीक जाने की कोशिश की, तब काली होण्डा एकोर्ड कार में बैठे अपराधियों ने पुलिस दल पर अंधाधुध गोलियां चलानी शुरू कर दीं। अपराधी लगभग 12-15 मिनट तक गोलियां चलाते रहे और दोनों ओर से लगभग 54 राउंड्स गोलिया चलीं। होण्डा एकोर्ड में बैठे सभी हमलावरों को गोलियों से कई चोटें आईं और तीन पुलिस कर्मियों अर्थात् कांस्टेबल उमेश, सुरेश और कौशलेन्द्र को भी गोलियों से चोटें आईं। अन्य वाहन अर्थात् सफेद सैंट्रो कार में बैठे इन दुर्दांत अपराधियों के अन्य साथी घटनास्थल से भागने में सफल हो गए।

सभी घायलों को एम्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। आईपीसी की धारा 307/186/332/353/341 और 25/27 आयुध अधिनियम के अंतर्गत दिनांक 19.01.2009 की एफ आई आर संख्या 24 के तहत पुलिस स्टेशन हौज खास में एक मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू कर दी गई। चारों घायल अपराधियों को एम्स ट्रॉमा सेंटर में नाजुक हालत में भर्ती कराया गया था। दो और अभियुक्तों यथा नदीर और हरपाल उर्फ हनी को बाद में गिरफ्तार किया गया था। एम्स के अर्जुन नामक एक कर्मचारी को शराफत शेख के साथ पुलिस स्टेशन डिफेंस कॉलोनी में एफआईआर संख्या 25/09 के तहत दर्ज धोखाधड़ी और जालसाजी के एक मामले में 29.01.2009 को गिरफ्तार किया गया था जिसने सत्ते-बिट्टु गैंग के सदस्यों और मकोका में पहले से तिहाड़ जेल में बंद शराफत शेख की मां, जो मादक पदार्थों की कुख्यात व्यापारी हैं, को जाली चिकित्सा दस्तावेज उपलब्ध कराने में सहायता की थी। भगाई गई सैन्ट्रो कार भी लाजपत नगर क्षेत्र से बरामद कर ली गई थी। अपराधियों द्वारा एनडीएसई-I में छोड़ी गई मोटर साइकिल भी दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों हनी और नदीर की निशानदेही पर बरामद कर ली गई थी। गीतांजली से लूटी गई एस एक्स-4 कार हरपाल उर्फ हनी की निशानदेही पर सरोजनी नगर क्षेत्र से जबकि सत्ते और उसके गैंग के सदस्यों द्वारा विभिन्न अपराधों में प्रयोग की गई एक मारूति जेन कार भी कमेसुम रेस्टोरेंट के पार्किंग स्थल, एच एन डिवीजन से बरामद की गई थी। अनुवर्ती कार्रवाई के दौरान अन्य भगोड़े अपराधी भी गिरफ्तार कर लिए गए थे।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त सत्ते और उसके अन्य सहयोगियों ने उन सनसनीखेज अपराधों का खुलासा किया, जिन्हें उन्होंने अपने मौजूदा आपराधिक जीवन के सुनहरे काल के दौरान दिल्ली, राजस्थान और एनसीआर क्षेत्र में अन्जाम दिया था।

उमेश कुमार, कांस्टेबल की व्यक्तिगत भूमिका

बहादुर कांस्टेबल उमेश कुमार, जो एक प्रशिक्षित कमाण्डो हैं, की घटना स्थल पर भूमिका अत्यंत असाधारण थी। उन्होंने अपनी ए. के. 47 से आठ राउंडस गोलियां दागी और उन्होंने अपने अन्य सहकर्मी के ए.के. 47 हथियारों का भी उपयोग किया। उन्होंने लांग रेंज हथियारों से ऊपरी पोजीशन से नीचे की ओर ऐसे सुस्पष्ट एंगल से निशाना साधा कि गली में उपस्थित किसी भी नागरिक को गोली नहीं लगी। उनके द्वारा प्रयुक्त गोली चलाने के प्रशिक्षण की कुशलता से न केवल क्षेत्र के आस-पास एकत्र बहुत से लागों की जानें बचाई जा सकीं, बल्कि अपराधियों को स्वतंत्रता से अपने हथियारों का उपयोग करने से भी रोका जा सका।

अपराधियों के साथ इस भीषण मुठभेड़ के दौरान कांस्टेबल उमेश को भी पेट के ऊपर गोली लगी, किन्तु वे बच गए क्योंकि वे बुलेट प्रूफ जैकेट पहने हुए थे।

बरामदगियां

i) 4 स्वचालित पिस्तौलें (3 यूएसए में और 1 इटली में निर्मित)।

ii) 8 जिन्दा कारतूसों सहित 3 अतिरिक्त मैगजीन।

iii) 19 चलाए गए कारतूस।

iv) लूटी गई 1 एस एक्स-4 कार।

v) चोरी की 1 मारूति जेन कार।

vi) अपराध के लिए उपयोग की गई 1 होण्डा एकोर्ड कार।

vii) भागने के लिए अपराधियों द्वारा उपयोग की गई एक सैन्ट्रो कार।

viii) अपराध को अंजाम देने में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल।

ix) 10 सेलुलर फोन और विभिन्न सेवा प्रदाताओं के 17 सिम कार्ड।

x) 2 चाकू।

xi) कुछ जाली दस्तावेज।

xii) लूटी हुई धनराशि रखने के लिए 2 ट्रैकेलिंग बैग।

इस मुठभेड़ में श्री उमेश कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19.01.2009 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 99-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. चौधरी इफ्तखार अहमद,
   उप पुलिस अधीक्षक

2 तबरेज अहमद खान,
   उप निरीक्षक

3. फयाज अहमद,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिन के लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 13.12.2012 को सोपोर पुलिस को जिला सोपोर पुलिस स्टेशन के अधीन मुंडजी गांव के पास सेबों के उद्यान में कुछ आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में सूचना प्राप्त हुई और तदनुसार सूचना के आधार पर एक संयुक्त अभियान की योजना बनाई गई और उसी दिन लगभग 1430 बजे सोपोर पुलिस, 179 बटालियन सीआरपीएफ और आर्मी 22 आरआर द्वारा अभियान शुरू किया गया। उप पुलिस अधीक्षक चौधरी इफ्तखार अहमद के नेतृत्व में पुलिस दलों ने घने झाड़-झंखाड़ सहित लगभग 500 वर्ग मीटर के सेब के उद्यान वाले क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। बलों द्वारा भागकर बचने के सभी रास्ते बन्द कर दिए गए। सबसे पहले पुलिस दलों ने घेराबन्दी वाले क्षेत्र के अन्दर स्थित उद्यान में काम कर रहे नागरिकों का बचाव शुरू किया क्योंकि सेब के उद्यानों में काम करने वाले बहुत से नागरिकों को आते-जाते देखा गया था। तदनुसार, उप पुलिस अधीक्षक चौधरी इफ्तखार अहमद के नेतृत्व वाली पुलिस पार्टी ने नागरिकों को पुकारना शुरू कर दिया, जिसके दौरान फेरन (ओवर कोट गाउन जैसा कपड़ा) पहने हुए आतंकवादियों ने पुलिस पार्टी पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं जिसमें श्री चौधरी इफ्तखार अहमद, उप पुलिस अधीक्षक बाल-बाल बचे। जब आतंकवादी श्री चौधरी इफ्तखार अहमद, उप पुलिस अधीक्षक द्वारा की जा रही जवाबी गोलीबारी में उलझे हुए थे तब, उप निरीक्षक तबरेज अहमद खान और कांस्टेबल फयाज अहमद नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर ले गए। बाहरी घेरे की चौकसी कर रही आर्मी और सीआरपीएफ की पार्टियों ने एक आतंकवादी को उद्यान के निकट स्थित नाले की ओर छिपकर जाते हुए देखा। घेरा संभाले आर्मी पार्टी ने आतंकवादी पर गोली चलाई और उसे वापस लौटने पर मजबूर कर दिया। अचानक आतंवादियों की ओर से गोलीबारी बंद हो गई, जो घेराबंदी वाले क्षेत्र में कहीं पर छिपे हुए थे, जो नालों और गहरी सकरी झाड़ियों वाला अत्यंत ऊबड़-खाबड़ और लहरदार क्षेत्र था। उद्यान में गिरे हुए पत्तों के ढेर और कांटे थे। जहां बाहरी मजबूत घेराबंदी आर्मी और सीआरपीएफ ने संभाली हुई थी, वहीं श्री चौधरी इफ्तखार अहमद, उप पुलिस अधीक्षक, उप निरीक्षक तबरेज अहमद और कांस्टेबल फयाज अहमद ने घेराबन्दी करके क्षेत्र की छानबीन शुरू कर दी। उद्यान के उत्तरी दिशा की छानबीन करते हुए उन्होंने सेब के पेड़ों की गिरी हुई सूखी डालों के ढ़ेर के नीचे कुछ हलचल देखी। आतंकवादियों की नजरों से बचते और संदिग्ध स्थान के निकट रेंगते हुए पहुंच कर तीन पुलिस वाले दृढ़तापूर्वक जमीन पर लेट गए।

नागरिकों को हटाते समय आतंकवादियों की गोलियों की बौछार का सामना करने के बावजूद श्री चौधरी इफ्तखार अहमद के नेतृत्व वाली पुलिस पार्टी के 3 सदस्यों ने आतंकवादयों को निष्क्रिय करने के लिए एक और जोखिम उठाने का निश्चय किया। पुलिस दल ने आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने बदले में पुलिस दल पर गोलियां चलाईं तथापि, पुलिस दल के पास अपनी सुरक्षा की पर्याप्त पर्याप्त व्यवस्था की थी। आर्मी की प्रभावशाली सहायता से पुलिस दल ने तत्काल जबाबी कार्रवाई की, किन्तु उसका कोई लाभ नहीं हुआ क्योंकि आतंकवादी ऊंचे स्थान पर आश्रय लेकर अच्छी स्थिति में थे। कुछ समय तक दोनों ओर से गोलीबारी

जारी रही। आतंकवादियों को निष्क्रिय करने के उद्देश्य से पुलिस दल ने उन्हें पिछली ओर से घेरने का निर्णय किया। जब उप निरीक्षक तबरेज अहमद खान और कांस्टेबल फयाज अहमद ने कवरिंग फायरिंग की, तब श्री चौधरी इफ्तखार अहमद, उप पुलिस अधीक्षक रेंगते हुए आतंकवादियों के पीछे की ओर पहुंचे जो उस समय पुलिस दल के अन्य सदस्यों के साथ परस्पर गोलीबारी में लगे हुए थे। 03 सदस्यों वाली आर्मी की टीम भी अगली ओर से नजदीक पहुंच गई और आतंकवादियों को उलझा दिया तथा पुलिस दल के दो अन्य सदस्यों ने भी पिछली ओर से श्री चौधरी इफ्तखार अहमद, उप पुलिस अधीक्षक का साथ दिया। जब पुलिस दल ने पीछे से आतंकवादियों को ललकारा, तो उन्होंने यूबीजीएल से भारी गोलीबारी की और पुलिस दल पर ग्रेनेड फेंके जो आश्चर्यजनक ढंग से बच गए। तथापि, इससे पुलिस दल अपने कर्तव्य से विमुख नहीं हुआ तथा आतंकवादियों पर लगातार गोलीबारी करता रहा और परस्पर गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया जो बाद में पाकिस्तानी नागरिक निकला। एक अन्य आतंकवादी ने बच निकलने का प्रयास किया, किन्तु पुलिस दल ने उसका पीछा किया और बाहरी घेराबन्दी कर रहे आर्मी दल से उनकी मुठभेड़ हुई और आर्मी और पुलिस दल के साथ परस्पर गोलीबारी में उद्यान क्षेत्र की बाहरी घेराबंदी में मारा गया। इन आतंकवादियों की पहचान बाद में उमर अहसान भट्ट ऊर्फ खिताब पुत्र मोहम्मद अहसान निवासी यामराच कुलगाम और अबु मूसा निवासी पाकिस्तान के रूप में हुई।

इस अभियान के दौरान ऐसे कई अवसर आए जब पुलिस दल की जान जोखिम की स्थिति में आ गई और उन्होंने अपना धैर्य और संतुलन खोए बिना अनुकरणीय साहस और धैर्य से आतंकवादियों की गोलीबारी का सामना किया। लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादी संगठन के 02 कट्टर आतंकवादियों का मारा जाना पुलिस और सुरक्षा बल के लिए वास्तव में एक बड़ी उपलब्धि थी और यह उपलब्धि श्री चौधरी इफ्तखार अहमद, उप पुलिस अधीक्षक की अनुकरणीय बहादुरी के साथ-साथ अकेले उत्कृष्ट अभियान कमान और नेतृत्व गुण और उप निरीक्षक तबरेज अहमद खान और कांस्टेबल फयाज अहमद के दुर्लभ साहस और सैनिक कौशल के कारण ही प्राप्त हो सकी।

बरामदगी:

1.	ए.के. राइफल	02
2.	ए.के. मैगजीन	04
3.	बारूद ए. के..	18 राउन्ड्स
4.	चीनी पिस्तौल	01
5.	पिस्तौल मैगजीन	01
6.	पिस्तौल राउंड्स	04
7.	जी पी एस डिवाइस	01
8.	पाउच	02
9.	कम्पास	01
10.	मैट्रिक्स शीट	01
11.	ग्रेनेड	03
12.	डेटोनेटर	07
13.	यूबीजीएल	01

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री चौधरी इफ्तखार अहमद, उप पुलिस अधीक्षक, तबरेज अहमद खान, उप निरीक्षक एवं फयाज अहमद, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13.12.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 100-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम वार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. रयाज इकबाल तान्त्रे, (वीरता के लिए पुलिस पदक)
उप पुलिस अधीक्षक

2.	मोहम्मद मंजूर गोजरी, निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम वार)
3.	काफिल अहमद मीर, सहायक उप निरीक्षक	(वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम वार, मरणोपरान्त)
4.	मोहम्मद सादिक कुरेशी, कांस्टेबल	(वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 20.10.2012 को सोपोर पुलिस को मुजामिल अमीन ऊर्फ हाशम नामक आतंकवादी और उसके सहयोगी पाकिस्तानी आतंकवादी अब्दुल्ला शाहीन की सोपोर शहर की शालपुरा बस्ती में मौजूदगी की सूचना मिली, जो सोपोर पुलिस स्टेशन पर आत्मघाती हमला करने की योजना बना रहे थे। इस सूचना के आधार पर पुलिस, आर्मी 22 आर आर और 179 सीआरपीएफ द्वारा एक संयुक्त अभियान चलाने की योजना बनाई गई। उप-पुलिस अधीक्षक रियाज इकबाल की कमान में पुलिस दलों ने लक्षित स्थान की ओर कूच किया और लगभग 20 घरों वाले उक्त गांव को शीघ्रता से घेर लिया। बचकर भागने के सभी रास्तों को बंद करने के लिए क्षेत्र को सील कर दिया। सर्वप्रथम, पुलिस दलों ने घेरे गए घरों से नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर हटाना शुरू किया ताकि नागरिकों को कोई क्षति न पहुंचे, लेकिन इसी दौरान आतंकवादियों ने अभियान दल पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी और 179 सीआरपीएफ के कांस्टेबल सुमित कुमार सोनी को घायल कर दिया। निरीक्षक मोहम्मद मंजूर अपनी जान की परवाह किए बिना घायल कांस्टेबल को, जिसका अत्यधिक खून बह रहा था, वहां से हटाने के लिए अत्यधिक सावधानीपूर्वक आगे बढ़े। उनके साथियों द्वारा उन्हें कवर फायरिंग देने पर वे रेंगकर सीआरपीएफ के अपने घायल साथी के निकट पहुंचे और उसे धीरे से खींचकर सुरक्षित स्थान पर ले गए। निरीक्षक मोहम्मद मंजूर ने अपने जीवन को सन्निकर खतरे का सामना करते हुए और परिणाम की चिंता किए बिना अपने सीआरपीएफ के सहकर्मी को बचाकर मित्रता की अद्भुत भावना का प्रदर्शन किया। उन्होंने घायल साथी को वाहन में रखा और वहां से हटाकर अस्पताल पहुंचाया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने के पश्चात पुन: अभियान दल में शामिल हो गए।

उप पुलिस अधीक्षक रयाज इकबाल के नेतृत्व में, निरीक्षक मो. मंजूर, सहायक उप निरीक्षक काफिल अहमद, कांस्टेबल मो. सादिक और अन्य लोगों के साथ पुलिस दल लक्षित घर के समीप पहुंचा और अन्दाज से गोलिया चलाकर आतंकवादियों को उलझाए रखा और इसी बीच अन्य लोगों ने नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। आतंकवादियों को इस प्रकार उलझाया गया कि वे प्रभावी गोलीबारी नहीं कर सके जिसके परिणामस्वरूप नागरिकों की जान जा सकती थी। अंधेरा हो जाने के कारण रातभर के लिए अभियान रोक दिया गया और अगले दिन सुबह की पहली किरण के साथ, डीएसपी रयाज इकबाल के नेतृत्व में निरीक्षक मो. मंजूर एनजीओ, एएसआई काफिल, कांस्टेबल मो. सादिक सहित एक रूम इंटरवेंशन पार्टी बनाई गई। आर्मी के दो दलों द्वारा लक्षित मकान के नजदीक से कारगर कवरिंग फायरिंग के साथ ही, दल ने भारी गोलीबारी का सामना करते हुए लक्षित मकान में वीरतापूर्वक घुसने का प्रयास किया। लक्षित भवन की अटारी पर रास्ता बनाने के बाद, पुलिस दल ने लक्षित मकान के समीप बाहर की ओर स्थित बाथरूम से चीखने की आवाजें सुनीं जिसमें कुछ नागरिक फंसे हुए थे। जिस समय निरीक्षक मो. मंजूर और कांस्टेबल सादिक ने आतंकवादियों को उलझाए रखा, उसी समय डीएसपी रयाज इकबाल और ए एस आई काफिल अहमद अटारी की खिड़की से बाथरूम की छत पर पहुंच गए। उन्हें बाथरूम की छत पर देखकर, एक आतंकवादी ने उन्हें निशाना बनाकर अचानक रयाज इकबाल डीएसपी और एस एस आई काफिल अहमद पर अपनी ए के राइफल से गोली चलाई, जिससे काफिल अहमद के हाथ में चोट लगी और उनकी अंगुलियां टूट गईं और श्री रयाज इकबाल डीएसपी के माथे पर बुलेट प्रूफ हेड गियर में गोली लगी और दोनों अधिकारी चमत्कारिक रूप से बच गए। मानव जीवन की सुरक्षा करने के अपने कर्तव्य के प्रति अत्यधिक जिम्मेदारी प्रदर्शित करते हुए वे दोनों एक मंजले बाथरूम की छत से नीचे कूद गए और बाथरूम की दीवार की आड़ में छिप गए। उन्होंने पीछे की ओर से बाथरूम की छोटी खिड़की को खोला और 11 वर्षीय बच्चे सहित 2 लोगों को बाथरूम से बाहर निकाला जबकि निरीक्षक मोहम्मद मंजूर और कांस्टेबल सादिक ने आतंकवादियों को उलझाए रखा और इन दोनों को कवरिंग फायरिंग उपलब्ध करायी। इसके बाद दोनों ने आतंकवादी को लक्षित मकान की खिड़की पर देखा, जिसे अन्य आतंकवादी सहित पुलिस के दो दलों ने जमीन और अटारी से लगातार उलझाकर रखा हुआ था और निकट से दोनों ओर से की गई गोलीबारी में दोनों आतंकवादी मारे गए जिनकी पहचान मुजामिल अमीन डार उर्फ हाशम उर्फ खिताब पुत्र मो. अमीनडार निवासी बादामबाग सोपोर और अब्दुल्ला निवासी पाकिस्तान के रूप में हुई।

की गई बरामदगी:

1. ए.के. सीरीज राइफल 01

2.	ए के मैगजीन	06
3.	चीनी पिस्तौल	02
4.	पिस्तौल मैगजीन	02
5.	ए के 47 के जिन्दा कारतूस	10
6.	पिस्तौल की गोलियां	02
7.	चीनी ग्रेनेड	02 (मुठभेड़ में नष्ट)

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री रयाज इकबाल तान्त्रे, उप पुलिस अधीक्षक, मोहम्मद मंजूर गोजरी, निरीक्षक, काफिल अहमद मीर, सहायक उप निरीक्षक और मोहम्मद सादिक कुरेशी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20.10.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 101-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, जम्मू एवं कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. सुजाद मीर,
   निरीक्षक

2. सुग्रीव कुमार,
   हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 23.04.2011 को आतंकवादियों की उपस्थिति के बारे में विशिष्ट सूचना प्राप्त होने पर, डीआईजी डीकेआर रेंज बटोट की निगरानी में पुलिस और 23 आर आर आर्मी द्वारा बनिहाल पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आने वाले धनाबी नाला, अखरान के सामान्य क्षेत्र में एक संयुक्त अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक रामबन की सहायता से डीआईजी डीकेआर रेंज की कमान में दिनांक 23.04.2011 की शाम को शुरू किया गया था। किन्तु इन आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए कि आतंकवादी अंधेरे का फायदा उठाकर बचकर निकल सकते हैं और इसके साथ-साथ अभियान दल/जनसाधारण को कोई नुकसान अथवा क्षति न हो, अभियान को सुबह तक रोक दिया गया। आतंकवादियों के छिपने के संभावित स्थान की उचित रूप से घेराबंदी सुनिश्चित करने और अंधेरे और घनी झाड़ियों को ध्यान में रखते हुए अभियान दल को दो दलों में बांटा गया। एक दल श्री एम. के. सिन्हा, डीआईजी डीकेआर रेंज बटोट के नेतृत्व में और दूसरा दल पुलिस अधीक्षक रामबन के नेतृत्व में था। घेराबंदी इस प्रकार की गई थी कि आतंकवादियों के बचकर निकलने के सभी संभावित मार्ग/क्षेत्र कवर हो जाएं। दनाबी नाला की ऊंचाई पर ठण्ड होने के बावजूद सभी लोग संदिग्ध क्षेत्र में दिनांक 24.04.2011 की सुबह तक अत्यंत सतर्क रहे।

सुबह-सुबह दोनों अभियान दलों ने छिपने के स्थान पर ध्यान केन्द्रित किया। डीआईजी डीकेआर के नेतृत्व वाले अभियान दल ने देखा कि एक आतंकवादी छिपने के स्थान से झांक रहा था और सुरक्षा बलों की उपस्थिति और गतिविधियों का जायजा लेने का प्रयास कर रहा था। आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया। तथापि, पुकार सुनने के बजाय छिपे हुए आतंकवादियों ने अभियान दल को मारने के इरादे से उन पर अंधाधुंध गोलिया चलानी शुरू कर दीं। अभियान दल भी हरकत में आया और बंदूक की लड़ाई शुरू हो गई। चूंकि आतंकवादी एक बड़े शिलाखंड के पीछे छिपने के स्थान पर थे, इसलिए वे अनुकूल स्थिति में थे और अभियान दल की अपेक्षा ऊंचाई पर थे। आंतकवादियों को ऊंचाई का लाभ होने के बावजूद, अभियान दल अपनी जान की परवाह किए बिना और कई प्रयासों के बाद

रेंगकर छिपने के स्थान तक पहुंचने में सफल हो गया। आतंकवादी हैरान रह गए और अपने आश्रय से बाहर निकलने पर मजबूर हो गए और कम दूरी से आतंकवादियों के साथ गोलीबारी जारी रही। गोलियों से लड़ते-लड़ते छिपे हुए आतंकवादियों ने एक ग्रेनेड फेंका और बचकर निकलने का प्रयास किया। तथापि, उनमें से एक को डीआईजी डीकेआर रेंज और निरीक्षक सुजाद मीर की गोली लगी, जबकि दूसरा आतंकवादी बचकर अभियान दल की विपरीत दिशा में पास के घने जंगल में भाग गया।

चूंकि श्री अनिल मंगोत्रा, पुलिस अधीक्षक रामबन और हेड कांस्टेबल सुग्रीव कुमार के नेतृत्व वाला दल निकट ही था इसलिए इस दल ने तत्काल जबावी कार्रवाई की और आतंकवादियों का पीछा किया, जिन्होंने एक पेड़ के पीछे आड़ ले ली थी और वहां से पुलिस अधीक्षक रामबन औ रहेड कांस्टेबल सुग्रीव कुमार पर गोली चलायी थी। वे उन्हें निष्क्रिय करने में सफल हो गये। कुल मिलाकर गोलीबारी लगभग 6 घंटे तक जारी रही जिसमें लश्कर-ए-तैयबा संगठन के दो दुर्दांत आतंकवादी मारे गए । बाद में मृतक आतंकवादियों की पहचान:

(1) मो. अयाज मलिक उर्फ मूसा पुत्र अब्दुल रहीम मलिक निवासी शगुन बनिहाल (श्रेणी-ए) और

(2) फारुक अहमद सी उर्फ जुलकारनैन पुत्र मो. रुस्तम सी निवासी उगाद, तहसील और जिला डोडा (श्रेणी-सी) के रूप में की गई।

अभियान के दौरान डीआईजी डीकेआर रेंज बटोट, निरीक्षक सुजाद मीर और हेड कांस्टेबल सबसे आगे रहे और अपनी जान की परवाह किए बिना बहादुरी से लड़े, जिसके परिणामस्वरूप अपने आप में लशकर-ए-तैयबा के डिवीजन कमाण्डर, जो इस क्षेत्र में पिछले 10 वर्ष से सक्रिय था, सहित लश्कर-ए-तैयबा संगठन के दो कट्टर आतंकवादी मारे गए। उनसे निम्नलिखित शस्त्र और गोलाबारूद बरामद किए गए:-

1.	ए.के.- 47	01
2.	ए. के. 74	01
3.	ए. के. मैगजीन	06
4.	ए. के. गोलाबारूद	160 राउन्ड
5.	थोराया सेट	01
6.	मोबाइल फोन	01
7.	कम्पास	01
8.	दूरबीन	01
9.	पाउच	02
10.	चीनी ग्रेनेड	01
11	कम्बल	01

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री सुजाद मीर, निरीक्षक और सुग्रीव कुमार, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23.04.2011 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 102-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, झारखंड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. संजीव कुमार मिश्र,
उप निरीक्षक

2. कौलेश्वर यादव,
   हवलदार
3. मुरारी मोहन प्रधान,
   कांस्टेबल
4. अमित कुमार हेम्ब्रम,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 29 मार्च, 2010 को अपराह्न लगभग 12.30 बजे बोराम पुलिस स्टेशन के कमान अधिकारी को अपने स्रोतों से यह सूचना मिली कि कई जघन्य नक्सली घटनाओं में वांछित कुख्यात नक्सल नेता प्रबोध सिंह उर्फ गंगाधर सिंह उर्फ गिड्डू सरदार पुत्र समर सिंह, निवासी गांव पोटकादीह, पुलिस स्टेशन बोराम, जिला पूर्वी सिंहभूम ने टोला बागूडीह के गांव पोखरिया में शरण ले रखी है। सूचना मिलने पर एस आई संजीव कुमार मिश्र, कमान अधिकारी, बोराम पुलिस स्टेशन ने तत्काल सशस्त्र बल के 1-6 सैनिकों सहित गांव पोखरिया टोला बागूडीह के लिए कूच किया। गांव पहुंचकर सशस्त्र बल के साथ कमान अधिकारी ने संभावित छिपने के स्थान की छानबीन और तलाशी शुरू कर दी। तलाशी अभियान के दौरान जब कमान अधिकारी एस आई संजीव कुमार मिश्र गारे और टाइल से बने किस्तोपदों सिंह के मकान के निकट पहुंचे, तो हवलदार कौलेश्वर यादव और कांस्टेबल मुरारी मोहन प्रधान ने कमान अधिकारी की कमान के तहत मकान में घुसने का प्रयास किया। अचानक मकान के भीतर मौजूद नक्सलवादियों ने पुलिस बल को मारने के इरादे से गोलियां चलानी शुरू कर दीं और इस प्रक्रिया में उन्होंने तत्काल एक के बाद एक तीन राउण्ड गोलियां चलाईं। पुलिस कार्मिकों ने मिट्टी के मकान को घेरते हुए बचाव की पाजीशन ली और कमान अधिकारी की कमाण्ड में कांस्टेबल मुरारी मोहन प्रधान ने अपनी इन्सास राइफल से एक राउण्ड गोली चलाई। कमान अधिकारी की कमाण्ड में पुलिस दल ने घटना स्थल पर अपनी पोजीशन ली और नक्सलियों को चिल्लाकर आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। नक्सली भीतर से पुलिस कार्मिकों पर गोलियां चलाते रहे। कमान अधिकारी ने स्थानीय ग्रामीणों की सहायता ली और वे नक्सलियों पर आत्मसमर्पण करने का दबाव डालने के लिए दृढ़ संकल्प थे। कुछ समय बाद सी आर पी एफ के अतिरिक्त बल ने भी वहां पहुंचकर कमान अधिकारी की कमांड में पोजीशन ले ली। इस प्रक्रिया में एक कर्मी ने टाइल से बनी छत से अन्दर झांकने का प्रयास किया किन्तु अचानक प्रबोध सिंह ने मकान के अन्दर से उस पर गोली चला दी।

कुछ समय बाद, नक्सलवादी प्रबोध सिंह ने बचकर भागने और पुलिस को भ्रम में डालने के लिए मकान के भीतर आग लगा दी। तलाशी अभियान के दौरान, क्षेत्र के कुख्यात नक्सली कमांडर दालमा स्क्वार्ड प्रबोध सिंह का शव बरामद हुआ।पुलिस दल ने शब के बगल से पिस्तौल, जिस पर इटली में निर्मित लिखा, 7.65 एम एम के चलाए गए 3 कारतूस बरामद किए गए, यह उत्कृष्ट अभियान एस आई संजीव कुमार मिश्र के नेतृत्व में सफलतापूर्वक पूरा किया गया जिसमें हवलदार कौशलेश्वर यादव, कांस्टेबल मुरारी मोहन प्रधान, कांस्टेबल अमित कुमार हेम्ब्रम और पुलिस दल के अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहयोग दिया। यह अनुकरणीय साहसपूर्ण और उत्कृष्ट बहादुरी का कृत्य पुलिस बल के सदस्यों के लिए निश्चिय रूप से प्रेरणास्रोत के रूप में कार्य करेगा।

इस अभियान से दालमा क्षेत्र में सक्रिय सशस्त्र माओवादी समूह का मनोबल गिर गया क्योंकि उनका आतंकवादी नेता प्रबोध सिंह मारा गया था, जो बोराम पुलिस स्टेशन के चौकीदार तेजपाल सिंह की हत्या सहित 28 जघन्य नक्सली घटनाओं में वांछित था और पुलिस स्टेशन पर हमला करने सहित अन्य घटनाओं के लिए भी जिम्मेदार था। यह अभियान इतना प्रभावशली रहा कि इस मुठभेड़ के बाद बोराम पुलिस स्टेशन के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत कोई नक्सली घटना नहीं हुई है।

इस संबंध में, आईपीसी की धारा 307, 353, 427, 436 और आयुध अधिनियम 25 (।-ख) क/26/27 और सीएलए अधिनियम की धारा 17 के अंतर्गत दिनांक 29.03.2010 को बोराम पुलिस स्टेशन में मामला संख्या 8/10 दर्ज किया गया था और जांच के पश्चात आई पी सी की धारा 307, 353, 427, 436 और आयुध अधिनियम 25 (।-ख) क/26/27 और सीएलए अधिनियम की धारा 17 के अंतर्गत दिनांक 30.09.2010 को अंतिम रूप से फार्म संख्या 11/10 प्रस्तुत किया गया था। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी इस मुठभेड़ की जांच की थी और पुलिस को क्लीन चिट प्रदान की थी।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री संजीव कुमार मिश्र, उप निरीक्षक, कौलेश्वर यादव, हवलदार, मुरारी मोहन प्रधान, कांस्टेबल एवं अमित कुमार हेम्ब्रम, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29.03.2010 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 103-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, झारखंड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री परमेश्वर प्रसाद,
उप निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

रनिया पुलिस स्टेशन क्षेत्र में पीएलएफआई आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया सूचना के आधार पर खूंटी के पुलिस अधीक्षक और कमान अधिकारी, 133 बटालियन सी आर पी एफ द्वारा दिनांक 4.7.2008 को एक अभियान चलाने की योजना बनाई गई और रनिया पुलिस स्टेशन के उप-निरीक्षक एवं प्रभारी अधिकारी, उप-निरीक्षक श्री परमेश्वर प्रसाद को जी/133 बटालियन, सीआरपीएफ की दो प्लाटूनों और जी/133 बटालियन, सीआरपीएफ के निरीक्षक संजय कुमार सहित राज्य पुलिस बल के घटक के साथ अभियानों की योजना बनाने और उसे संचालित करने का कार्य सौंपा गया।

छापामार दल ने 2 घंटे के भीतर लगभग 20 कि.मी. की दूरी तय की। जब यह दल कोयलागढ़ पहुंचा तो उन्होंने कोयलागढ़ गांव के ठीक पीछे पहाड़ी पर कुछ आवाजें सुनीं और वहां पर कुछ रोशनी भी दिखाई दी। उप-निरीक्षक परमेश्वर प्रसाद ने आतंकवादियों की मौजूदगी महसूस की और तत्काल सारे दल को सतर्क कर दिया। पुलिस दल ने तब पहाड़ी की घेराबंदी की और आंतंकवादियों के विरुद्ध अभियान शुरू कर दिया। तथापि, नक्सलियों ने पुलिस की गतिविधि देखकर और तत्काल पुलिस दल पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी इतनी तीव्र थी कि पुलिस दल को आश्रय के लिए भागना पड़ा और यद्यपि पुलिस दल ने जवाबी गोलीबारी की, किन्तु वे नक्सलियों को नियंत्रित नहीं कर पाए। इसी बीच सी आर पी एफ के निरीक्षक संजय कुमार सिंह की बायीं कोहनी में गोली लग गई।

पुलिस दल के लिए स्थिति बहुत प्रतिकूल हो गई थी क्योंकि नक्सली ऊंचाई पर थे और पर्याप्त रूप से सुरक्षित थे जबकि पुलिस दल नीचे जमीन पर था और शत्रुओं की गोलीबारी के सामने था। इसके अतिरिक्त, निरीक्षक को गोली लगने से बल का मनोबल गिर गया था। तथापि, उप निरीक्षक परमेश्वर प्रसाद ने पहल करते हुए और दृढ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए सामने से दल का नेतृत्व किया और अनुकरणीय साहस दर्शाया और अपने कर्तव्य का पालन करते हुए गोलीबारी जारी रखी। उप निरीक्षक परमेश्वर प्रसाद ने अनुभव किया कि यदि नक्सलियों को पहाड़ी से हटाया नहीं गया तो वे अपने घायल पुलिस अधिकारी को बचा नहीं पाएंगे। अत: अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर वे शत्रुओं की गोलियों के बीच पहाड़ी की ओर दौड़े और अकेले ही जवाबी गोलियां चलाने लगे। नक्सलवादी उनके इस साहस और दृढ़ संकल्प के आगे टिक नहीं पाए और अपने शस्त्र, गोलाबारूद और मृत साथियों को छोड़कर भाग खड़े हुए। इसी समय एस आई परमेश्वर प्रसाद ने अपने दल के घायल साथी को वहां से हटाने की योजना बनाई और उसे प्रेरित करते रहे। गोलीबारी रूकने के बाद सारे अभियान क्षेत्र की घेराबंदी और तलाशी की गई। क्षेत्र की पूरी तलाशी करने पर एक शव पाया गया जिसकी पहचान 25 वर्षीय सलमान हीरो निवासी चालंगी, पुलिस स्टेशन लापंग पीएलएफआई का नक्सलवादी के रूप में की गई। दो अन्य नक्सलवादियों नामत: दुर्गा सिंह, आयु 19 वर्ष, निवासी झरिया पुलिस स्टेशन लापंग और 15 वर्षीय नीलू टोपनो, निवासी पासम, पुलिस स्टेशन रनिया को गिरफ्तार कर लिया गया। 9एमएम की 02 पिस्तौले (इटली में निर्मित), 9 एमएम पिस्तौल की 4 मैगजीनें, 7.62 एम एम बोल्ट की 02 एक्शन राइफलें, 7.62 एम एम बोल्ट एक्शन राइफल की 01 मैगजीन, 7.62 एम एम के 52 जिन्दा कारतूस, 9 एम एम के 17 जिन्दा कारतूस, 315 बोर के 17 जिन्दा कारतूस, 9 एम एम का एक खोखा, 7.62एम एम के 02 खाली खोखे, बेल्ट सहित एक होल्स्र पिस्तौल, 02 बंडोलियर, 03 मोबाइल सेट (नोकिया), 9900/- रु. नकद, पीएलएफआई के 20 लेटर पैड, पीएलएफआई के 25 पेम्फलेट, 04 प्रस्तावना किताबें और बारूदी सुरंग के विस्फोट में प्रयुक्त एक बूस्टर भी बरामद किया गया।

इस पूरे अभियान में आरंभ से ही उप निरीक्षक परमेश्वर प्रसाद का दृढ़ संकल्प अनुकरणीय था क्योंकि एक सच्चे बहादुर नेता की भांति उन्होंने अपने दल का स्वयं आगे आकर नेतृत्व किया और उनके दृढ़ संकल्प की वजह से ही वे घायल अधिकारी की जान बचाई जा सकी। उनकी सतर्कता, त्वरित कार्रवाई, भविष्य के बारे में सोचने की योग्यता और किया गया बहादुरी का कृत्य उत्कृष्ट और प्रशंसनीय था। न केवल एक दुर्दांत नक्सलवादी मारा गया और उस क्षेत्र में पीएलएफआई का मनोबल डावांडोल हुआ बल्कि उनके घायल साथी को समय पर हटा लेने से निरीक्षक संजय कुमार सिंह की जान भी बचाई जा सकी। उप निरीक्षक परमेश्वर प्रसाद का हमले के समय धैर्य, अपने दल को सही-सलामत और युद्धरत बनाए रखने की योग्यता और लड़ने का दढ़ संकल्प अनुकरणीय था। इस कार्रवाई से उस क्षेत्र में न केवल पीएलएफआई की जड़ें हिल गईं बल्कि बलों का मनोबल भी बढ़ा और पुलिस कार्रवाई के प्रति लोगों का विश्वास सुदृढ़ हुआ।

इस मुठभेड़ में श्री परमेश्वर प्रसाद, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 05.07.2008 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 104-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, झारखंड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. संजय कुमार सिंह,
   उप-निरीक्षक

2. जय प्रकाश नारायण चौधरी,
   उप-निरीक्षक

3. बाबूलाल टुडु,
   हवलदार

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 02 अप्रैल, 2010 को पुलिस दल को 21.30 बजे सूचना मिली कि गांव बनतोरिया, टोला श्रीरामपुर में इकट्ठा हुआ नक्सलवादियों का एक सशस्त्र दल अप्रियघटनाओं को अंजाम देने की योजना बना रहा है। दल में 3-4 सशस्त्र नक्सलवादी शामिल थे। तदनुसार, पूर्वी सिंहभूम जिले के पदामदा पुलिस स्टेशन के उप निरीक्षक संजय कुमार सिंह और एमजीएम पुलिस स्टेशन के कमान अधिकारी एसआई जयप्रकाश नारायण चौधरी के संयुक्त नेतृत्व में एक छापामार दल बनाया गया। दोनों अधिकारियों ने, डीएपी और सीआरपीएफ सहित तत्काल मध्यरात्रि में ही गांव बनतोरिया, टोला श्रीरामपुर के लिए पैदल ही प्रस्थान किया और चारों ओर से गांव को घेर लिया। किन्तु नक्सलवादियों को गांव में पुलिस के आने का पता चल गया और उन्होंने पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। पुलिस ने नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा किन्तु असफल रहे। तब संपूर्ण पुलिस दल को घेराबंदी बनाए रखने और सुरक्षित पोजीशन लेने का आदेश दिया गया। इसी बीच कुछ नक्सलियों ने पुलिस दल पर लगातार गोलियां चलाते हुए दक्षिण दिशा से बचकर भागने का प्रयास किया। तो उसी समय, पुलिस ने आत्म रक्षा में नक्सलियों पर गोलियां चलाई।

भोर में दो स्वतंत्र साक्षियों की मौजूदगी में जब गांव में और उसके आस-पास के क्षेत्र की तलाशी ली गई, तो एक कट्टर नक्सलवादी को गांव की दक्षिणी दिशा में घायल पाया गया। नक्सली को पुलिस की गोली लगी थी। उसके नजदीक 7.65 एम एम गोला-बारूद के चार जिंदा कारतूस सहित एक पिस्तौल और आठ खाली खोखे मिले, जिनमें तीन खोखे 7.65 एमएम और पांच खोखे 8 एम एम गोलाबारूद के थे। साक्षियों द्वारा घायल नक्सलवादी की पहचान कट्टर सीपीआई माओवादी नक्सल लगभग 30 वर्षीय सुनील गोरे उर्फ अमर सिंह उर्फ अमर गोराई पुत्र डब्ल्यू गोराई, पुलिस स्टेशन कमलपुर, जिला पूर्वी सिंहभूम के रूप में की गई। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि उक्त माओवादी सीपीआई (माओवादी) के सशस्त्रा दस्ते का सक्रिय सदस्य और उस क्षेत्र का कमांडर था। वह उस क्षेत्र में अनेक जघन्य नक्सलवादी घटनाओं के लिए जिम्मेदार था और दस्ते का शूटर था। बाद में अस्पताल ले जाते हुए उस नक्सली की मृत्यु हो गई। तलाशी दल ने मुठभेड स्थल से लूटी हुई एक यामहा क्रक्स मोटर साइकिल, मोबाइल, 7 सिमकार्ड आदि भी बरामद किए। इस मुठभेड़ में उप निरीक्षक संजय कुमार सिंह और उप निरीक्षक जयप्रकाश नारायण चौधरी ने अपनी-अपनी ए.के 47 राइफलों से क्रमश: एक और दो राउन्ड गोलियां चलाई जबकि हवलदार बाबूलाल टुडु ने अपनी इंसास राइफल से दो राउन्ड गोलियां चलाई जिसमें उपर्युक्त एरिया कमांडर मारा गया।

इस संबंध में पटामदा पुलिस स्टेशन में आई पी सी की धारा 307/355/414, आयुध अधिनियम की धारा 25 (।-ख) 'क'/26/27 और सी.एल.ए. अधिनियम की धारा 17 के अंतर्गत दिनांक 03.04.2010 आईपीसी की धारा 307/353/414, आयुध अधिनियम की धारा 25 (।-ख) 'क'/26/27 और सीएलए अधिनियम की धारा 17 के अंतर्गत दर्ज किया गया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री संजय कुमार सिंह, उप-निरीक्षक, जय प्रकाश नारायण चौधरी, उप-निरीक्षक एवं बाबूलाल टुडु, हवलदार ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा मफलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 03.04.2010 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 105-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अभय सिंह,
पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 10.08.2011 को लगभग 23.30 बजे पुलिस स्टेशन तलैया की इतवारा चौकी के निकट आबिद नाम का एक मुस्लिम लड़का जब नमाज अदा करके घर लौट रहा था, हुकुम कंजर नामक एक हिन्दू लड़के की बाइक से पानी की बौछार से गीला हो गया। आपस में मामूली सी गाली गलौच/अपशब्दों के बाद दोनों वहां से चले गए। इस घटना से गुस्सा होकर 100-150 मुस्लिम लोग इकट्ठे हो गए और कंजर मोहल्ले पर धावा बोल दिया जहां हुकुम कंजर रहता था। उनके मकानों को लूटा गया और सामान को तोड़ा फोड़ा गया और मकानों में आग लगा दी गई तथा कंजरों को पीटा गया महिलाओं और बच्चों को मकानों से बाहर घसीटा गया।

भोपाल नियंत्रण कक्ष के माध्यम से घटना की सूचना मिलने पर भोपाल के पुलिस अधीक्षक श्री अभय सिंह ने घटना की विकरालता और गंभीरता का अनुभव करते हुए आस-पास के पुलिस स्टेशनों के एसएचओ को स्थिति से निपटने के लिए प्रभावित घटना स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया और स्वयं घटना स्थल के लिए निकल पड़े। पुलिस अधीक्षक भोपाल, अभय सिंह ने घटना स्थल पर जाकर पाया कि वहां चारों ओर अव्यवस्था और तबाही मची हुई है। पुलिस अधीक्षक अभय सिंह ने बहुमूल्य समय गंवाए बिना सारे पुलिस बल को इकट्ठा किया और उन्हें तनावपूर्ण स्थिति को नियंत्रित करने के बारे में बताया। ए एस पी जोन-3, सी एस पी कोतवाली, सी एस पी हनुमानगंज और सी एस पी शाहजहांबाद की कमाण्ड में क्रमश: चार दल बनाए गए और महत्वपूर्ण चौराहों पर तैनात कर दिए गए। इसके अतिरिक्त, तत्काल 8-10 नियत स्थानों पर भी पुलिस बल तैनात कर दिए गए।

रमजान का पवित्र महीना होने के कारण मुस्लिम शीघ्र ही दुबारा इकट्ठे हो गए। पत्थरों, तलवारों, चाकुओं, लाठियों और पेट्रोल बमों से लैस लगभग 1000-1500 मुस्लिम दूसरी बार कंजरों के मोहल्ले की ओर बढ़े ताकि वे कंजर समुदाय का जान-माल का नुकसान कर सकें। चारों ओर से मुस्लिम जनसंख्या से घिरे होने के कारण कंजर मोहल्ला पूरी तरह से अल्पसंख्यक है। खराब दृश्यता के कारण गुमनामी का लाभ उठाते हुए दंगाई पानी के सतत प्रवाह की तरह बड़ी संख्या में बढ़ रहे थे। भोपाल के पुलिस अधीक्षक श्री अभय सिंह ने उपलब्ध पुलिस बल को शीघ्रता से समझाया और बुद्धिमतापूर्वक उन्हें दंगाइयों को कंजर मोहल्ले की ओर बढ़ने से रोकने के लिए तैनात किया। पुलिस ने दंगाइयों को अनैतिक गतिविधियां रोकने की चेतावनी दी किन्तु वे जान-माल को अत्यधिक क्षति पहुंचाने पर अड़े हुए थे। भारी पथराव शुरू हो गया। पुलिस अधीक्षक, भोपाल, श्री अभय सिंह ने अपने पूरे दल को दंगाइयों से सख्ती से निपटने के लिए एकजुट किया और आंसू गैस छोड़कर दंगाइयों को कंजर मोहल्ले की ओर जाने से रोका। लेकिन वे पुन: इकट्ठे हो गए और पुलिस बल पर पत्थरों, पेट्रोल बमों और अन्य हथियारों से हमला कर दिया। पुलिस अधीक्षक, भोपाल, श्री अभय सिंह दंगाइयों को पीछे खदेड़ने के लिए। अपनी जान की परवाह किए बगैर अपनी टीम का नेतृत्व करते हुए बहादुरीपूर्वक आगे बढ़े। अपने कर्तव्य को निभाते हुए वे पथराव से बुरी तरह घायल हो गए। एक पत्थर श्री अभय सिंह की दायीं आंख में लगा और वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल होने के बावजूद वे अपनी टीम को दंगाइयों को खदेड़ने के लिए प्रेरित करते रहे। उनके निडर एवं प्रेरक नेतृत्व ने सम्पूर्ण पुलिस टीम को इस कठिन

परिस्थिति में भरसक प्रयत्न करने के लिए प्रेरित किया। काफी प्रयास करने के पश्चात पुलिस अधीक्षक भोपाल, श्री अभय सिंह के कुशल नेतृत्व में इस नाजुक स्थिति को नियंत्रित किया जा सका।

सांप्रदायिक दृष्टि से पुराना भोपाल अत्यंत संवेदनशील है। विगत में छोटे-छोटे मुद्दों पर साम्प्रदायिक घटनाएं होती रहती थीं जो साम्प्रदायिक दंगों में बदल जाते थे। उपर्युक्त पृष्ठभूमि में और अपनी दायीं आंख में गंभीर चोट के बावजूद पुलिस अधीक्षक भोपाल, श्री अभय सिंह ने इस नाजुक स्थिति को नियंत्रित करने में अनुकरणीय साहस और कर्तव्य परायणता का प्रदर्शन किया। यदि कुशलता और साहस के साथ कार्रवाई न की गई होती, तो साम्प्रदायिक विध्वंस हो गया होता।

बरामदगी:

06 देशी राउण्ड, रिवाल्वर-02, 04 राउण्ड गोलाबारूद, 01 चाकू और 08 तलवारें।

इस एक्शन में श्री अभय सिंह, पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10.08.2011 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 106-प्रेज/2014 - राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री राजा बाबू सिंह,
पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

यह मामला पुलिस स्टेशन देहात, भिण्ड की एफ आई आर संख्या 133/06 और प्रश्नगत घटना से संबंधित न्यायिक जांच रिपोर्ट के बारे में है, जिसमें जो चरणा सिकरवार नामक कुख्यात अंतर्राज्यीय डाकुओं के गैंग से जुड़ा दुर्दान्त डाकू रामू तोमर दिनांक 31.03.2006 को हुई भयंकर गोलीबारी में मारा गया था। भगौड़ा घोषित किए गए डाकू रामू तोमर की गिरफ्तारी पर 15000/- रु. का पुरस्कार रखा गया था।

दिनांक 31.03.2006 को देर रात में पुलिस अधीक्षक भिण्ड श्री राजा बाबू सिंह को एक युक्तिपूर्ण सूचना मिली कि डाकू चरणा सिकरवार, रामू तोमर और उनके सहयोगी पुलिस स्टेशन देहात, भिण्ड के अंतर्गत जवासा गांव के सरपंच के बेटे का अपहरण करने के लिए आ रहे हैं। श्री सिंह तत्काल सक्रिय हो गए और एक कार्रवाई योजना बनाई। तदनुसार, पुलिस बल को जवासा गांव की ओर जाना था। श्री सिंह ने पूर्व निर्धारित स्थल पर पहुंचकर पुलिस बल को शुरू किए जाने वाले अभियान के बारे में व्यावसायिक ढंग से संक्षेप में समझाया। उन्होंने तीन पुलिस दल बनाए। पुलिस दल संख्या-1 (हमला दल) का नेतृत्व श्री सिंह द्वारा, पुलिस दल-2 और 3 का नेतृत्व क्रमश: उप निरीक्षक विजय सिंह तोमर और ए पी सी मेवालाल द्वारा किया गया। पुलिस दल सं. 1, 2 और 3 क्रमश: पूर्वी, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण दिशा से पैदल ही मुखविर द्वारा बताए गए सही गंतव्य तक गया। दल सं.-1 ने देहरा जवासा के संभावित मार्ग, जो साधारण जंगल का रास्ता था, पर रणनीतिक घात लगा दी। लगभग 0130 बजे पुलिस अधीक्षक श्री सिंह की अगुवाई वाले दल सं.-1 को पैरों की ठोकरों और धीरे-धीरे फुसफुसाने की यह आवाज सुनाई दी कि "अपहरण के बाद हमें शीघ्र ही लौट जाना चाहिए क्योंकि आजकल भोर जल्दी हो जाती है।" श्री सिंह ने तत्काल पुलिस दल को सतर्क किया और वीरतापूर्वक डाकुओं को आत्मसमर्पण करने की चुनौती दी किन्तु उन्होंने मारने के इरादे से पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलिया दागनी शुरू कर दीं।

डाकू ऊंची समतल जमीन पर थे और वे प्रभावशाली स्थिति में थे, जिसके कारण उनकी गोलियां पुलिस दल की जान के लिए आसन्न खतरा बनी हुई थीं। श्री सिंह और सीएसपी श्री एम.एल. धोंडी डाकुओं की घातक गोलियों से बाल-बाल बचे। पुलिस दल के लोग अपेक्षाकृत नीची जमीन पर थे जिससे वे रणनीतिक दृष्टि से काफी असुरक्षित स्थिति में थे। इस जोखिम भरी स्थिति में जहां डाकू पुलिस पर लगातार गोलियां चला रहे थे, वहीं पुलिस के लिए उन्हें गिरफ्तार करना अथवा निरस्त्र करना बहुत ही कठिन काम था। लेकिन

श्री सिंह ने अदम्य साहस से अपने बल का मनोबल बढ़ाया और उन्हें आत्मरक्षा में गोलियां चलाने के लिए प्रेरित किया। अपनी जान को जोखिम में डालते हुए उन्होंने अपनी ए.के. 47 राइफल से टस से मस न होने वाले डाकुओं पर लगातार गोलीबारी की। डाकुओं द्वारा की गई गोलीबारी इतनी खतरनाक थी कि सीएसपी को एक गोली लगते-लगते बची और श्री सिंह ने स्वयं मुड़कर अपना बचाव किया और सीएसपी को झुकाकर उनकी सुरक्षा की। श्री सिंह ने असाधारण बहादुरी के इस कार्य में अपनी जान को अत्यधिक जोखिम में डाला और बिना पलक झपकाए आत्मरक्षा में लगातार खुंखार डाकुओं पर गोलियां चलाते रहे। इस अभियान में श्री सिंह की गोली एक डाकू को लगी और वह चीखते हुए जमीन पर गिर गया। तथापि, डाकू पुलिस पर गोलियों की भारी बौछार कर रहे थे। पुलिस ने हमले का जवाब दिया और साहसपूर्वक जवाबी गोलीबारी की। इससे डाकू निकटवर्ती जंगल में भागने के लिए मजबूर हो गए।

बाद में इस भयंकर मुठभेड स्थल की पूरी तरह तलाशी ली गई। इस तलाशी में, एक शव बरामद किया गया, जिसकी पहचान डाकू राम् तोमर के रूप में की गई, जिसे भगोड़ा डाकू घोषित किया गया था और उसकी गिरफ्तारी पर 15000/- रु. इनाम रखा गया था। घटना स्थल से एक बंडोलियर में 04 खाली खोखों सहित .315 बोर की राइफल और 06 जिन्दा कारतूस बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में श्री राजा बाबू सिंह, पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 01.04.2006 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 107-प्रेज/2014-राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक
सर्व/श्री

1. मुंशी चुक्कू पुंगाटी, (मरणोपरान्त)
   पुलिस कांस्टेबल
2. शामनदास जयराम उईके,
   पुलिस नायक
3. सरजू मनतू वेलादी,
   पुलिस नायक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस कांस्टेबल मुंशी पनघटी, पुलिस नायक शामनदास जयराम उईके और पुलिस नायक सरजू वेलादी-दिनांक 19.05.2011 को नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड के दौरान सी-60 दल और गढ़चिरौली पुलिस की सर्वोत्कृष्ट नक्सल-रोधी विंग के सदस्य थे। ये तीनों अनेक नक्सली मुठभेडों में बड़ी बहादुरी से लड़े थे। पुलिस कांस्टेबल पुंगाटी अक्तूबर, 2010 में मिरकल फाटा में, जहां एक एम पी वी वाहन में विस्फोट किया गया था, नक्सलियों के साथ हुई भयंकर मुठभेड़ में अपने नम्र स्वभाव के साथ बहादुरी से लड़े थे और अपने साथियों को बचाया था। उन्होंने दिनांक 21.12.2010 को पुलिस दल पर आईईडी के विस्फोट की घटना के दौरान भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

दिनांक 19.05.2011 को भामरागढ़ से अहेरी तक एक सड़क को खोलने की योजना बनाई गई थी। यह रास्ता नक्सली गतिविधियों की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। ताडगांव से बेजुर तक सड़क खोलने के कार्य की जिम्मेदारी मधुकर नेताम और रमेश दलाई की अगुवाई वाले पुलिस दलों को सौंपी गई थी। दिनांक 19.05.2011 को 0600 बजे पुलिस दल सड़क खोलने के लिए ताडगांव से बेजुर की ओर गए। आठ नए भर्ती हुए विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) भी पुलिस दलों के साथ थे। पुलिस नायक उईके ने मधुकर नेताम के दल के डिप्टी कमांडर के रूप में, सुरक्षा की दृष्टि से भूमि के उस हिस्से की भलीभांति तलाशी लेने के बाद 6-7 पुलिस कर्मी तैनात किए। इस प्रक्रिया के दौरान जब पुलिस दल को वहां एक बारूदी सुरंग का पता चला, तब पुलिस नायक उईके ने कांस्टेबल पनघटी, 2 एसपीओ और 6 अन्य पुलिस कर्मियों को तब तक उस क्षेत्र की सुरक्षा करने के लिए तैनात किया जब तक कि बीडीडीएस द्वारा

आईईडी का सुरक्षित रूप से निपटान न कर दिया जाए और वे अन्य पुलिस कार्मिकों के साथ आगे न बढ़ जाएं। दुर्भाग्य से ओलिव ग्रीन वर्दी में सड़क के किनारे घने जंगल में छिपे हुए और घात लगाकर बैठे हुए 200-300 सशस्त्र नक्सलवादियों ने बारूदी सुरंग वाले उक्त स्थान को घेर लिया। ज्यों ही पुलिस दलों का बड़ा समूह बारूदी सुरंग स्थल से गुजरा, घात लगाए नक्सलियों ने पुलिस दलों पर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी। कांस्टेबल पुंगाटी, ने तत्काल उपलब्ध कवर लेते हुए अपनी ए.के.-47 राइफल से जवाबी गोलियां चलाईं। चूंकि नक्सलवादी वहां तैनात दोनों एस पी ओ को निशाना बना रहे थे, इसलिए कांस्टेबल पुंगाटी, ने उन्हें कवर फायरिंग दी और भारी गोलीबारी का अनुमान लगाते हुए एसपीओ को उपयुक्त कवर लेने का आदेश दिया। चूंकि एसपीओ सुधाकर मात्तमी और सुरेन्द्र कोठारे क्योंकि गोलियां लगने से जख्मी हो गए थे, इसलिए कांस्टेबल पुंगाटी अपने सुरक्षित कवर से बाहर निकलने से अपने आप को नहीं रोक पाए और कवर फायर करते हुए घायल एसपीओ की ओर बढ़े ताकि उन्हें सहायता प्रदान कर सकें। इसी बीच पुलिस नायक उईके ओर नायक वेलादी अपने साथियों को नक्सलियों की घात तोड़ने के लिए प्रेरित करते हुए रणनीतिपूर्वक घटनास्थल की ओर बढ़े। कांस्टेबल पुंगाटी द्वारा यूबीजीएल का विवेकपूर्वक प्रयोग करके भारी गोलीबारी करते हुए आक्रामक रूप से आगे बढ़ने के परिणामस्वरूप 2-3 नक्सलवादियों को घतक चोटें लगीं। इस भयंकर गोलीबारी में पुलिस कांस्टेबल पुंगाटी की टांग में एक गोली लगी। पुलिस नायक उईके ओर वेलादी ने अपने सहकर्मियों की जान को खतरे का आभास करते हुए उनके पास जाने का साहसपूर्ण निर्णय लिया और अपने साथियों को प्रेरित करते हुए बहादुरी से नक्सलियों की ओर बढ़ना शुरू किया जो उन्हें घेरने का प्रयास कर रहे थे। बहादुरी से कवर फायरिंग करते हुए उन्हें आगे बढ़ते देख नक्सली घने जंगल में भागने के लिए मजबूर हो गए। इसी बीच पुलिस कांस्टेबल उईके द्वारा वायरलेस सेट के माध्यम से समय पर स्थिति की सूचना देने के फलस्वरूप भामरागढ़ और अहेरी से अतिरिक्त बल भी पहुंच गया था। कार्रवाई के दौरान दोनों एसपीओ और पुलिस नायक पुंगाटी ने घायल होने की वजह से क्षेत्र में ही दम तोड दिया। घटना स्थल की तलाशी लेने पर 4 भारमर राइफलों, खून के धब्बों और कई स्थानों पर शवों को घसीटने के निशानों के साथ-साथ 5 कि.ग्रा. बारूदी सुरंग का विस्फोटक बरामद हुआ जिससे नक्सलियों को काफी नुकसान हुआ प्रतीत होता है। पुलिस नायक उईके और पुलिस नायक वेलादी ने लगभग दो से ढाई घंटे तक हुई सम्पूर्ण गोलीबारी के दौरान पुलिस बलों को प्रेरित किया और साहस एवं युक्तिपूर्वक नेतृत्व किया, जिससे न केवल पुलिस बल के कई कार्मिकों की बहुमूल्य जानें बचाईं गईं, बल्कि नक्सलवादियों को एक ऐसे भू-भाग में, जहां वे योजनाबद्ध घात लगाकर बेहतर पोजीशन में थे, घातक रूप से घायल किया गया।

पुलिस कांस्टेबल मुंशी पुंगाटी, पुलिस नायक शामनदास उइक और पुलिस नायक सरजू वेलादी वीरतापूर्वक लड़े और नक्सलवादियों की लगातार भारी गोलीबारी में भी नहीं झुके। इन सबकी इस वीरतापूर्वक कार्रवाई ने उस दिन नक्सलवादियों के बुरे इरादों को विफल करने में बहुत योगदान दिया और मुंशी पुंगाटी ने अपना कर्तव्य निभाने में अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान देकर शहादत प्राप्त की।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री (स्व.) मुंशी चुक्कू पुंगाटी, पुलिस कांस्टेबल, शामनदास जयराम उईके, पुलिस नायक और सरजू मनतू वेलादी, पुलिस नायक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19.05.2011 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 108-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. व्यंकटेश हनुमंतु मुंगीवार,
   पुलिस हेड कांस्टेबल
2. वासुदेव राजम मडावी,
   पुलिस नायक

3. पवन मल्ला अर्का,
   पुलिस कांस्टेबल

4. विजय राजन्ना सल्लम,
   पुलिस नायक

5. रविकुमार पोचम गंधम,
   पुलिस नायक

6. सुर्यकान्त गंगाराम आत्रम,
   पुलिस नायक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस हेड कांस्टेबल व्यंकटेश हनुमंत मुंगीवार, पुलिस नायक वासुदेव राजम मडावी, पुलिस कांस्टेबल पवन मल्ला अर्का, पुलिस नायक विजय राजन्ना सल्लम, पुलिस नायक रविकुमार पोचम गंधम, पुलिस नायक सूर्यकान्त गंगाराम आत्रम गढ़चिरौली पुलिस के सर्वोत्कृष्ट नक्सल-रोधी विंग के विशेष अभियान दस्ते (स्थानीय रूप से सी-60 दल के रूप मे प्रसिद्ध) के सदस्य हैं। हेड कांस्टेबल व्यंकटेश मुंगीवार सी-60 दल के कमांडर हैं और पुलिस नायक वासुदेव मादवी उप-कमांडर हैं जबकि अन्य कार्मिक उनके दल के सदस्य हैं। उन्हें वर्ष 2013 में डीजीपी के प्रतीक चिह्न से सम्मानित किया गया है।

दिनांक 19.01.2013 को लगभग 19.15 बजे यह विश्वस्त सूचना मिलने पर कि नक्सलवादी गोविन्दगांव क्षेत्र में एक बैठक आयोजित करने के लिए ग्रामीणों को इकट्ठा करने का प्रयास कर रहे हैं, अहेरी के डीजीपी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के आदेशों और मार्गदर्शन के अनुसार, एक नक्सल-रोधी अभियान चलाने की योजना बनाई गई। तदनुसार, व्यंकटेश मुंगीवार का दल (25 कार्मिक), राजेश टोपो का दल (22 कार्मिक) और मात्तमी दल के 9 कार्मिकों सहित अर्थात विशेष अभियान दस्ते के कुल 56 कार्मिक लगभग 21.30 बजे प्राणहित से उक्त क्षेत्र में नक्सल-रोधी अभियान चलाने के लिए वाहनों से रवाना हुए।

पुलिस पार्टी की स्थिति का पता न चले और ऐसे अभियान के लिए सभी आवश्यक गोपनीयता बनाए रखने के लिए यह योजना बनाई कि मुंगीवार का दल गोविन्दगांव से लगभग 2 कि.मी. आगे जाकर 'टी' पाइंट पर उतरेगा और गोविन्द गांव की दक्षिणी दिशा की ओर पैदल ही बढ़ेगा और रणनीतिक स्थिति लेगा, जबकि राजेश टोपो का दल जिमालगट्टा 'टी' पाइंट से 2 कि.मी. पहले उतर जाएगा और गोविन्दगांव-येनकांबन्दा सड़क के साथ-साथ उत्तर पूर्वी दिशा में रास्ते बंद करेगा। श्री व्यंकटेश ने अपने दल को 'ए''बी''सी' और 'डी 4 ग्रुपों में बांटा और 'ए' और 'बी' ग्रुप को मुख्य फायर ग्रुप की जिम्मेदारी सौंपी और ग्रुप 'सी' और 'डी' को कट-ऑफ और हमला/वाहक ग्रुप की ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। श्री व्यंकटेश, वासुदेव मादवी, सन्तोष बोंकुलवार और निरंजन पीपरे को क्रमश: ग्रुप 'ए' 'बी' 'सी' और 'डी' के ग्रुप लीडर की जिम्मेदारी सौंपी गई। श्री विजय सल्लम, रविकुमार गंधम, सूर्यकांत आत्रमऔर पवन अरका भी मुख्य फायर ग्रुप के सदस्य थे। 'सी' और 'डी' ग्रुप ने जंगलों की ओर जाने वाली सड़क के आर-पार गांव के दक्षिण की ओर नाले के आगे कट-ऑफ के रूप में अपनी पोजीशन ली। जैसे ही दोनो फायर ग्रुप गांव के पास पहुंचने वाले थे, उन्होंने उसी ओर से नागरिकों को नक्सलियों की बैठक से लौटते हुए देखा। इस नाजुक स्थिति में, दोनों ग्रुपों ने रात के अंधेरे में नजदीकी कवर का अधिकतम लाभ उठाया और उस स्थिति में युक्तिपूर्वक आवश्यकतानुसार झुकते एवं लेटते हुए गांव की ओर बढ़ते रहे और साथ-साथ उस ओर से गुजरते ग्रामीणों पर पूरी नजर रखे हुए थे।

लगभग 3-4 कि.मी. की दूरी तय करने में अर्थात् वाहन से उतरने से लेकर गोविंदगांव के 'टी' पाइंट तक लगभग 50 मीटर पहुंचने में पूरे तीन घंटे लगे। दिनांक 20.01.2011 को लगभग 01.30 बजे जब व्यंकटेश और वासुदेव की अगुवाई में मुख्य फायर ग्रुप 'V' बनाते हुए जा रहे थे और 'टी' पाइंट से 5 से 8 मीटर की दूरी पर पोजीशन ले बढ़ रहे थे, तभी अचानक 5 से 6 व्यक्ति 'टी' पाइंट पर पहुंच गए। स्ट्रीट लाइट की रोशनी में यह लगा कि यह ग्रुप नक्सलियों का है। किन्तु जैसे ही मुख्य फायर ग्रुप के सदस्य 'टी' पाइंट से केवल 5 से 8 मीटर की दूरी पर पोजीशन लेने वाले थे, तभी नक्सलियों ने पुलिस पार्टी की पोजीशन का अन्दाजा लगाते हुए उन पर गोलियों की बौछार शुरू कर दी। पुलिस पार्टियों ने भी नक्सलियों पर जवाबी गोलियां दागीं। नक्सलवादी एक-दूसरे का नाम ले-लेकर पुकार रहे थे और पुलिस पार्टियों को घेरने का संदेश प्रसारित कर रहे थे जिससे यह पता चला कि वे उस क्षेत्र में बड़ी संख्या में मौजूद हैं। उसी समय, भारी जोखिम की स्थिति और गोलियों से घायल होने का खतरा, मानव जीवन को आसन्न खतरा होने के बावजूद, मुख्य फायर ग्रुप के बहादुर जवान नामत:, व्यंकटेश मुंगीवार, वासुदेव मादवी, विजय सल्लम, रविकुमार गंधम, सुर्यकांत आत्रमऔर पवन अरका ने शीघ्रता से कार्रवाई की और नक्सलियों पर गोलियां चलाते हुए आगे बढ़े। इसी बीच 'सी' और 'डी' ग्रुप और राजेश टोपो की टीम ने घटना स्थल की घेराबंदी शुरू कर दी। बढ़ती हुई गोलीबारी और पुलिस पार्टियों के दवाब को महसूस करते हुए कुछ नक्सलवादी घने अंधेरे का

लाभ उठाते हुए जंगल की ओर भाग गए। नक्सलियों की ओर से पूरी तरह गोलीबारी रूकने के बाद, घटना स्थल की एहतियाती तलाशी करने पर 6 घायल नक्सली शांत स्थिति में इधर-उधर गिरे हुए मिले। इनमें से 5 नक्सलियों से दो एसएलआर राइफलें एक .303 राइफल, एक 8 एम एम मॉडिफाइड राइफल जैसे आग्नेयास्त्र बरामद किए गए। इस मुठभेड़ में मारे गए 6 नक्सलियों में 1 ए सी एस-सट-डी सी एम, 1 दलम कमाण्डर, 2 डिप्टी कमाण्डर और 2 दलम सदस्य शामिल थे। मुठभेड़ के दौरान व्यंकटेश मुंगीवार, वासुदेव मादवी, विजय सल्लम, रवि कुमार गंधम, सूर्याकांत आत्रम और पवन अरका पुलिस पार्टियों में बल भरने के लिए बहादुरी से लड़े।

खुफिया सूचना मिलते ही तात्कालिक कार्रवाई करने, रात्रि के समय सतर्कतापूर्वक अभियान की योजना बनाने, कुशलतापूर्वक फील्ड गतिविधियों का सख्ती से पालन करने और घटनास्थल के गांव के निकट होने के बावजूद आसाधारण एहतियाती तथा नियंत्रित गोली चलाने के ऐसे सही आदेश देने के किसी नागरिक को हताहत न होने देने के लिए परिणामस्वरूप यह मुठभेड़ अत्यंत सफल रही।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री व्यंकटेश हनुमंतु मुंगीवार, पुलिस हेड कांस्टेबल, वासुदेव राजम मडावी, पुलिस नायक, पवन मल्ला अर्का, पुलिस कांस्टेबल, विजय राजन्ना सल्लम, पुलिस नायक, रविकुमार पोचम गंधम, पुलिस नायक और सूर्यकान्त गंगाराम आत्रम, पुलिस नायक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20.01.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 109-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. दिगम्बर अशोकराव पाटील, पुलिस उप-उपरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक)
2. बन्नू चम्मू हलामी, पुलिस नायक (वीरता के लिए पुलिस पदक)
3. नागेश जागेश्वर टेकाम, पुलिस नायक (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
4. येशु संतु तुलावी, पुलिस नायक (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 19.05.2013 को खुफिया आधारित सूचना मिलने पर परिवीक्षाधीन पुलिस उप-निरीक्षक दिगम्बर पाटील पार्टी कमांडर, बानू हलामी, पार्टी कमांडर नागेश टेकाम और पार्टी कमांडर येशु तुलावी ने अपने दलों के साथ गढ़चिरौली से नक्सलियों के स्थान की ओर कूच किया। लगभग 1800 बजे जब वे हेतलकासा गांव से लगभग 1.5 कि.मी. की दूरी पर जंगल क्षेत्र की तलाशी कर रहे थे, तब उन्होंने 40-50 सशस्त्र नक्सलवादियों को जंगल क्षेत्र में घात लगाए देखा। नक्सलियों ने एक के बाद एक 6 बारूदी सुरंगों में विस्फोट किए और पुलिस पार्टी को मारने के इरादे से अचानक उन पर गोलियां दागनी और उनके शस्त्र छीनने शुरू कर दिए। इस स्थिति में, पुलिस उप-निरीक्षक पाटील, पार्टी कमांडर नागेश टेकाम, बानू हलामी और येशू तलावी ने पुलिस दलों को साहस के साथ जमीन पर सुरक्षात्मक कवर लेने के लिए कहा। तदनुसार पुलिस दलों ने भी पहाड़ी के साथ-साथ नदी की दायीं ओर से आत्म रक्षा में जवाबी गोलियां चलायीं। इसी बीच नागेश टेकाम और पुलिस कांस्टेबल विजय ताल्ते को नक्सलियों द्वारा शुरू में चलाई गईं गोलियों से 3 स्पिलंटर चोटें आईं। नक्सलियों द्वारा क्षेत्र में पहले से ही लाभकारी पोजीशन प्राप्त करने की वजह से प्रारंभ में नियंत्रण स्थापित कर लेने के बावजूद और इस बात को ध्यान में रखते हुए कि और कुछ पुलिस कर्मी घायल हो गए हैं, पुलिस उप-निरीक्षक पाटील और सभी तीनों पार्टी

कमांडरों ने अपने बहादुरीपूर्ण प्रयासों और जवाबी हमले के साहसिक समन्वय के माध्यम से पुलिस दलों का मनोबल बढ़ाया। पुलिस दलों द्वारा अपना वर्चस्व बढ़ाए जाने के परिणामस्वरूप, नक्सलवादी पहाड़ियों और घने जंगल का फायदा उठाते हुए घटनास्थल से भाग गए। नक्सलियों की ओर से गोलाबारी बंद होने के बाद पुलिस उप-निरीक्षक पाटील और सभी पार्टी कमांडरों ने घटना स्थल की घेराबंदी की और क्षेत्र की उचित रूप से छानबीन करते हुए हमले के स्थल की ओर बढ़े। घटना स्थल की प्रारंभिक छानबीन में उन्होंने पुरुष नक्सलवादी के शव सहित काली स्लिंग वाली एक 12 बोर की राइफल, 12 बोर राइफल के 19 जिन्दा कारतूसों वाला गोलाबारूद का एक पाउच, 9 एम एम कैलिबर के 5 राउंड, काले रंग के तार के 2 बण्डल, काले रंग का एक पिट्ठू, 30 पेंसिल सैल और अन्य नक्सली सामग्री बरामद की।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री दिगम्बर अशोकराव पाटील, पुलिस उप-निरीक्षक, बन्नू चम्मू हलामी, पुलिस नायक, नागेश जागेश्वर टेकाम, पुलिस नायक और येशु संतु तुलावी, पुलिस नायक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19.05.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 110-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों का नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. गोविन्दा बाली फरकाड़े, पुलिस नायक (वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक) (मरणोपरान्त)
2. शगीर मुनिर शेख, पुलिस नायक (वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक)
3. पंकज दिलीप गोडसेलवार, पुलिस नायक (वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक)
4. सुधीर समाधान वाघ, पुलिस उप-निरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक)
5. नितीन मुकेश बड़गुजर, पुलिस उप-निरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक)
6. नागेश जागेश्वर टेकाम, पुलिस नायक (वीरता के लिए पुलिस पदक)
7. भैय्याजी वारलु कुलसंगे, पुलिस हेड कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 12.04.2013 को लगभग 0900 बजे मुखविर से परिवीक्षाधीन गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस उप-निरीक्षक नितिन बड़गूजर और परिवीक्षाधीन पुलिस उप-निरीक्षक सुधीर वाघ ने सिंदेसर जंगल के क्षेत्र में नक्सल-रोधी अभियान चलाने के लिए तत्काल अपनी टीमों को मुख्यालय पर बुलाया। मुख्यालय पर उनकी टीम को कार्मिकों को एकत्र हो जाने पर, उन्होंने उन्हीं अभियान के बारे में बताया। पुलिस उप-निरीक्षक बड़गूजर और सुधीर वाघ और पार्टी कमांडर भैयाजी कुलसंगे और नागेश टेक ने भू-भाग को ध्यान में रखते हुए और आकस्मिकता बनाए रखने के लिए सिंदेसर जंगल के क्षेत्र में पहुंचने के लिए मार्ग का चयन किया। एक घंटे के भीतर हर दृष्टि

से तैयारी करने के पश्चात लगभग 1000 बजे उन्होंने वाहनों द्वारा मुख्यालय से कूच किया और लगभग 1100 बजे लक्ष्य के निकट जंगल में उतर गए। उसके बाद उन्होंने कुशलतापूर्वक सिंदेसर जंगल की तलाशी करते हुए पैदल आगे बढ़ना शुरू किया। थोड़ी दूर चलने के बाद, अचानक पुलिस कर्मियों की ओर भारी गोलियां बरसने लगीं। पुलिस पार्टी ने तत्काल कवर लिया तथा अधिकारियों और पार्टी कमांडरों के आदेशों के अनुसार धैर्य और साहसपूर्वक स्थिति का जायजा लिया। जैसे ही उन्होंने कुछ नागरिकों की आड़ में हरे कपड़ों में कुछ नक्सलवादियों को देखा, परिवीक्षाधीन पुलिस उप-निरीक्षक बड़गूजर और वाघ ने अपनी पार्टी के सदस्यों को उस ओर गोलियां न चलाने का आदेश दिया ताकि नागरिकों को कोई नुकसान न पहुंचे। उन्होंने नक्सलियों को अपने हथियार डालने और आत्मसमर्पण करने की चेतावनी भी दी किन्तु चेतावनी से भयभीत हुए बिना वे पुलिस पार्टी पर लगातार गोलियां दागते रहे और साथ ही चिल्लाकर एक-दूसरे को ग्रामीणों को वहां से न जाने देने की हिदायत भी दे रहे थे क्योंकि जब तक ग्रामीण वहां होंगे, तब तक पुलिस गोली नहीं चलाएगी और वे नागरिकों की आड़ में पुलिस पार्टी को मार सकेंगे। यह देखकर कि यह स्थिति नागरिकों के साथ-साथ पुलिस पार्टियों के जीवन के लिए जोखिम भरी होगी, दिलेर पुलिस पार्टी अर्थात् गोविन्द फरकडे शागीर शेख और पंकज गोडसेलवार अपनी जान की परवाह किए बिना निडरता से आगे बढ़े और ऊंची आवाज में ग्रामीणों को वहां से हटने अथवा भागकर सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए कहने लगे। जब वे ग्रामीणों को आवाज लगा रहे थे, तब नक्सलियों ने पुलिस कर्मियों पर गोली चलाई तथा पुलिस नायक गोविन्द फरकडे की छाती में गोली लग गई और वे नीचे गिर गए। ऐसी नाजुक स्थिति का मुकाबला करते हुए पुलिस कांस्टेबल शागीर शेख और पुलिस कांस्टेबल दिलीप गोडसेलवार ने बिना संतुलन खोए, उचित रूप से आड़ ली और चिल्लाकर नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर आड़लेने के लिए कहा और साथ ही नक्सलवादियों पर गोलियां दागीं।

उनके प्रयास निष्फल नहीं हुए और ग्रामीणों ने सुरक्षित स्थानों की ओर बढ़ना शुरू कर दिया। यह पुष्टि कर लेने के बाद सभी नागरिक सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं, परिवीक्षाधीन पुलिस-निरीक्षक बड़गूजर और वाघ तथा पार्टी कमांडर कुलसंगे और टेकम ने अपने कमाण्डो को नक्सलियों पर गोली चलाने का संकेत दिया ताकि स्थिति का मुकाबला किया जा सके। पुलिस उप-निरीक्षक बड़गूजर ने अपनी पार्टी को बायीं ओर से और परिवीक्षाधीन पुलिस-निरीक्षक वाघ ने अपने साथियों को दायीं ओर से कवर करने के निर्देश दिए और परिवीक्षाधीन पुलिस-निरीक्षक बड़गूजर और कुलसंगे अपनी जान की परवाह किए बगैर बहादुरी से नक्सलियों पर भारी गोलीबारी करते हुए अपने जवानों के साथ आगे बढ़े। चुंकि परिवीक्षाधीन पुलिस-निरीक्षक वाघ और उनके जवान उनकी ओर बढ़ने का प्रयास कर रहे नक्सलियों पर लगातार गोलियां चला रहे थे, इसलिए नक्सलियों ने अपना विचार बदलकर जंगल की ओर भागना शुरू कर दिया और परिवीक्षाधीन पुलिस-निरीक्षक वाघ और उनके जवानों ने वीरतापूर्वक उनका पीछा किया और गोलियां चलाईं। पुलिस पार्टी का बढ़ता दवाब महसूस करते हुए नक्सलवादी घने जंगल का फायदा उठाकर जंगल में भाग गए। लगभग आधे घंटे तक दोनों ओर से भारी गोलीबारी होती रही थी। ज्यों ही नक्सलियों की ओर से गोलीबारी बन्द हुई, परिवीक्षाधीन पुलिस-निरीक्षक बड़गूजर और वाघ तथा पार्टी कमांडर कुलसंगे और टेकम ने अपने जवानों को उस स्थान की छानबीन करने की हिदायत दी। साथ ही साथ उन्होनें उस स्थान को भी घेर लिया जहां एक जवान नक्सलियों की गोली लगने के कारण गिर गया था। वह जवान बेहोश था। क्षेत्र की तलाशी लेने पर, वहां एक पुरुष और तीन महिला नक्सलवादी पुलिस की गोली लगने के बाद बेहोश पाए गए। नक्सलवादियों के पास में 01 एसएलआर राइफल, 01 एसएलआर मैगजीन, एक 12 बोर की राइफल, 12 बोर की राइफल के ग्यारह जिन्दा कारतूस, एक भारमर राइफल, चार क्लेमोर बारूदी सुरंगे और चार डेटोनेटर पाए गए।

घटना स्थल पर पाए गए बेहोश जवान फरकड़े, 02 अज्ञात नागरिकों, 01 अज्ञात पुरुष नक्सलवादी और 03 अज्ञात महिला नक्सलवादियों को तत्काल चिकित्सीय सहायता के लिए पी एच सी धनोरा ले जाया गया। चिकित्सा अधिकारी ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सिंदेसर की यह मुठभेड, जिसे पुलिस पार्टी द्वारा गुप्त सूचना मिलने पर अपनी जान को जोखिम में डालते हुए नागरिकों की सुरक्षा के लिए भारी खतरा उठाते हुए तत्काल अंजाम दिया गया था, अत्यंत सफल रही। सामान्यतया नक्सलवादी अपने मृतक साथियों को मुठभेड़ के बाद उठा ले जाते हैं, ताकि उनके अन्य नक्सली साथियों का मनोबल न गिरे। किन्तु इस बार, परिवीक्षाधीन पुलिस-निरीक्षक और वाघ, पार्टी कमांडर कुलसंगे, टेकम, पुलिस नायक फरकड़े, पुलिस नायक शेख और पुलिस कांस्टेबल गोडसेलवार नक्सलियों को उनके शस्त्रों और गोलाबारूद सहित दबोचने में सफल रहे थे। वे वीरता से लड़े और नक्सलवादियों की ओर से लगातार भारी गोलीबारी में भी झुके नहीं। इस बहादुरीपूर्ण कार्रवाई में उन सभी ने उस दिन नक्सलवादियों के बुरे मंसूबों को विफल करने में अत्यधिक योगदान दिया और इस प्रक्रिया से पुलिस नायक गोविन्द फरकडे ने अपना कर्तव्य निभाते हुए अपना जीवन बलिदान कर दिया और शहादत प्राप्त की।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री (स्व.) गोविन्दा बाली फरकाड़े, पुलिस नायक, शगीर मुनिर शेख, पुलिस नायक, पंकज दिलीप गोडसेलवार, पुलिस नायक, सुधीर समाधान वाघ, पुलिस उप-निरीक्षक, नितिन मुकेश बड़गुजर, पुलिस उप-निरीक्षक, नागेश जागेश्वर टेकाम, पुलिस नायक और भैय्याजी वारलु कुलसंगे, पुलिस हैड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12.04.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 111-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. सम्भाजी नारायण गुरव,
   पुलिस उप निरीक्षक
2. भजनराव मनु गावड़े,
   पुलिस नायक
3. कुमारशहा राजु उसेन्डी,
   पुलिस कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 22.05.2012 को नक्सलियों की उपस्थिति के बारे में खुफिया सूचना मिलने पर पुलिस उप निरीक्षक सम्भाजी गुरव ने पार्टी कमांडर भजन गावडे और उनकी पार्टी के 24 जवानों और 206 कोबरा बटालियन के 55 जवानों सहित नक्सल-रोधी तलाशी अभियान चलाने के लिए गढ़चिरौली मुख्यालय से पावरवेल जंगल की ओर प्रस्थान किया। सतत तलाशी अभियान के दौरान, वे अगले दिन लगभग 0830 बजे पावरवेल गांव पहुंचे। जब ये पुलिस दल जंगल क्षेत्र से पावरवेल गांव के पास जा रहे थे, तभी अचानक 40-50 सशस्त्र नक्सलियों ने, जो गांव के निकट जंगल में पहले ही से घात लगाए हुए थे, पुलिस दलों को मारने और उनके हथियार छीनने के इरादे से उन पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी।

इस स्थिति में, पुलिस उप निरीक्षक गुराव और पार्टी कमांडर भजनराव गावडे ने नेतृत्व संभाला और बहादुरी से इन पुलिस पार्टियों को आत्मरक्षा करने और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए जवाबी गोलियां चलाने का निर्देश दिया। नक्सलियों की ओर से गोलियों की बौछार शुरू होने के बाद, पुलिस उप निरीक्षक गुराव आगे आए और पुलिस कांस्टेबल कुमारशाहा उसेन्डी के साथ नक्सलियों पर भारी गोलीबारी करते हुए बहादुरी से आगे बढ़े। पुलिस उप निरीक्षक गुराव द्वारा प्रदर्शित इस बहादुरी की वजह से पार्टी के अन्य सदस्यों ने भी नक्सलियों पर भारी गोलीबारी की, जिसके परिणामवरूप नक्सलवादी बढ़ते दवाब को महसूस करके घने जंगल का फायदा उठाते हुए घटनास्थल से भाग खड़े हुए। नक्सलियों की ओर से गोलीबारी बन्द होने के बाद, पुलिस उप निरीक्षक गुराव और उनके दल ने उस क्षेत्र की छानबीन की जहां उन्हें एक पुरुष नक्सलवादी का शव मिला जिसकी पहचान बाद में राहुल ध्रुर्वा (नक्सल दलम का कट्टर सदस्य) के रूप में हुई।

कुछ समय बाद, इस पुलिस दल को सूचना मिली कि कुछ नक्सलवादी पावरवेल गांव में छिपे हुए हैं। अतः, पुलिस उप निरीक्षक गुराव और पाटी कमांडर गावडे ने अपनी जान को आसन्न संकट के बारे में बिना सोचे अपनी टीमों को गांव को घेरने का निर्देश दिया और स्वयं मकानों की तलाशी लेने में जुट गए। उन्होंने एक मकान में संदिग्ध गतिविधियां देखीं। इसलिए, पुलिस उप निरीक्षक गुराव ने सभी आवश्यक एहतियात बरतते हुए उस मकान के अन्दर प्रवेश किया। उन्होंने 2 महिला नक्सलवादियों को ओलिव ग्रीन वर्दी पहने देखा जो उन पर हमला करने का प्रयास कर रही थीं। तत्पश्चात पुलिस उप निरीक्षक गुराव ने साहस के साथ स्थिति का मुकाबला किया और उन दोनों महिला नक्सलियों को 02 हथियारों और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद सहित गिरफ्तार किया।

पुलिस उप निरीक्षक गुराव और कमांडर गावडे ने खुफिया सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए अभियान का नेतृत्व किया और साहसपूर्वक जवाबी गोलीबारी की जबकि पुलिस कांस्टेबल उसेंडी ने निडरता से अपने प्रभारी की सहायता की और गोलीबारी के दौरान अत्यंत धैर्य का प्रदर्शन किया। एक नक्सलवादी को सफलतापूर्वक मारने के बाद भी इन तीनों लोगों ने धैर्य बनाए रखा और कुशल समन्वय से उन्होंने संदिग्ध क्षेत्र की घेराबंदी की और अपनी जान की परवाह किए बगैर 2 कट्टर महिला नक्सलवादियों को बहादुरी से गिरफ्तार कर लिया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री सम्भाजी नारायण गुरव, पुलिस उप निरीक्षक, भजनराव मनु गावडे, पुलिस नायक और कुमारशहा राजु उसेन्डी, पुलिस कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23.05.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 112-प्रेज/2014- राष्ट्रपति, मेघालय पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम वार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. रिंगरंग टी.जी. मोमिन, अपर पुलिस अधीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
2. राबर्ट ए.एम.संगमा, उप निरीक्षक — (वीरता के लिए पुलिस पदक)
3. राजेन्द्र पी. काहित, बटालियन कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
4. प्रोबिंनस्टर खरबानी, बटालियन कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)
5. जितदेन संगमा, बटालियन कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)
6. रैपसालंग व्हालंग, बटालियन कांस्टेबल — (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 12 अप्रैल, 2013 को सोंगसाक पुलिस स्टेशन के अंतर्गत कोकसी नेंगसात गांव में आधुनिक हथियारों और गोलाबारूद से पूर्णत: लैस अपने 8-10 कैडरों के साथ गारो नेशनल लिबरेशन आर्मी (जीएनएलए) के कमांडर-इन-चीफ, सोहन डी. शीरा के संभावित कैम्प की स्थिति के बारे में विश्सनीय स्रोत से सूचना मिली थी। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर, कोबरा टीम को भी ऑपरेशन में शामिल होने के लिए कहा गया था और एक कार्य योजना तैयार की गई थी। योजना के अनुसार, श्री आर.टी.जी. मोमिन एमपीएस, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी गारो हिल्स जिला के नेतृत्व में एस डब्ल्यू ए टी के दल और श्री डी. एस. पाल, उप कमांडेंट के नेतृत्व में कोबरा दल वाले अभियान दलों ने पहचान छिपाने और संदिग्ध क्षेत्र में पहुंचने के लिए घने जंगल और जोखिम भरे क्षेत्र को पार करके 23:00 बजे अभियान शुरू किया। लगभग 04:30 बजे, कोबरा के साथ एसडब्ल्यूएटी दल ने बचकर निकलने के सभी संभावित मार्गों को रोकने के लिए रणनीतिक तरीके से अपनी पोजीशन ली, जिसे योजना स्तर पर पहले ही निर्धारित कर लिया गया था। श्री रिंगरंग टी. जी. मोमिन, एम.पी.एस, अपर पुलिस अधीक्षक ने भी देवेन्द्र एस. पाल, उप कमांडेंट के साथ कट-ऑफ पर पोजीशन ले ली। जैसे ही प्रत्येक कट-आफ ने अपनी पोजीशन संभाली, उप निरीक्षक राबर्ट ए. एम. संगमा (एस डब्ल्यू ए टी) और और उप-निरीक्षक/जी डी एम.एस. रावत, कोबरा नेतृत्व में हमला पार्टी को क्षेत्र में अपनी तलाशी शुरू करने के निर्देश दिए गए, जिसे सील कर दिया गया था।

लगभग 06:00 बजे जब हमला दल गांव के अंदर एक घर की ओर जा रहा था, तो जी एन एल ए उग्रवादियों की ओर से उन पर भारी गोलीबारी हुई। उप-निरीक्षक राबर्ट ए. एम. संगमा, उप-निरीक्षक/जीडी एम.एस. रावत और पूरे दल के पास उग्रवादियों का खातमा करने के लिए उन पर की जा रही भारी गोलीबारी से लड़ने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। अधिकारियों ने बीएनसी राजेन्द्र पी. काहित, बीएनसी प्रोबिंस्टर खरबानी, बीएनसी जिदतेन संगमा, बीएनसी रैपसालंग व्हालंग और हमला दल के अन्य कोबरा कर्मियों के साथ

वीरतापूर्वक कुछ दूरी तक उग्रवादियों का पीछा किया और उन पर अक्रामक रूप से जवाबी हमला किया। जिस आक्रमता के साथ हमला दल ने उग्रवादियों पर हमला किया उससे अंतत: वे भागने पर मजबूर हो गए और जमीन पर खून के धब्बों से यह स्पष्ट था कि इस गोलीबारी में कुछ उग्रवादी घायल हो गए होंगे।

उग्रवादियों ने हमला दल पर अपने कंधों से पीछे की ओर गोलीबारी करते हुए विभिन्न दिशाओं में बचने का प्रयास किया। उनमें से अनेक को उस कटऑफ की ओर जाते हुए देखा गया, जहां श्री देवेन्द्र एस. पाल, उप कमांडेंट और श्री रिंगरंग टी.जी. मोमिन, एमपीएस अपर पुलिस अधीक्षक ने अपने दल के साथ पोजीशन ली हुई थी। पर्याप्त कवर न होने के बाबजूद, अधिकारियों और कर्मियों ने उन पर गोलीबारी करने वाले उग्रवादियों पर गोलीबारी की। इस संघर्ष के दौरान यह स्पष्ट था कि उनमें से एक विद्रोही गंभीर रूप से घायल हो गया था और एक अन्य विद्रोही भी घायल हुआ था, जिससे अन्य उग्रवादी दिशा बदलने पर मजबूर हो गए।

बचने के प्रयास में, उग्रवादी कटऑफ-6 की दिशा में दौड़े जहां बी एन सी रैपसालंग व्हालंग कोबरा साथियों के साथ इंतजार कर रहे थे। उग्रवादी जो कि क्षेत्र से बचकर निकलने के लिए उग्रतातापूर्वक लक्ष्यहीन गोलीबारी कर रहे उग्रवादियों पर कटऑफ-6 की ओर से दलों ने गोलीबारी की जिसमें एक उग्रवादी गंभीर रूप से घायल हो गया और घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई, जबकि बाकी उग्रवादी बचकर भाग निकले।

कुछ देर बाद जब सभी दिशाओं से गोलीबारी बंद हो गई, तो पूरे क्षेत्र की पूरी तरह से तलाशी ली गई और मुठभेड़ स्थल से जीएनएलए कैडरों के दो शवों के साथ एक ए के-56 राइफल, एक 7.65 पिस्तौल, चार जिलेटिन स्टिकें, पचास विस्फोटक, तीन वायरलेस सेट और अन्य अपराध संकेती सामग्री बरामद की गई। विश्वसनीय स्रोतों से प्राप्त बाद की रिपोर्टों से यह भी पता चला कि उनमें से अनेक गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनमे से कुछ की कई दिन के बाद मौत हो थी, यद्यपि उनके शवों का पता नहीं लगाया जा सका था।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री रिंगरंग टी.जी. मोमिन, अपर पुलिस अधीक्षक, राबर्ट ए.एम. संगमा, उप निरीक्षक,राजेन्द्र पी. काहित, बटालियन कांस्टेबल, प्रोबिंनस्टर खरबानी, बटालियन कांस्टेबल, जितदेन संगमा, बटालियन कांस्टेबल और रैपसालंग व्हालंग, बटालियन कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13.04.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 113-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, ओडिशा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. अखिलेश्वर सिंह, पुलिस अधीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक)
2. संतोष कुमार मल्ल, अपर पुलिस अधीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक)
3. पबित्र मोहन नायक, कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)
4. शिव शंकर नायक, कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 22.08.2013 को श्री अखिलेश्वर सिंह, पुलिस अधीक्षक को कोरापुट जिले के मछकुंड पुलिस स्टेशन के अंतर्गत छिलिबा वन क्षेत्र में गोल्ला रामलु ऊर्फ माधव, डीसीएम रैंक के नेतृत्व में माओवादियों के सशस्त्र कैडर के छोटे दल की उपस्थिति के संबंध में

खुफिया जानकारी प्राप्त हुई थी। तदनुसार, दिनांक 23 अगस्त, 2013 को उस क्षेत्र में अभियान शुरू किया गया था। श्री अखिलेश्वर सिंह, पुलिस अधीक्षक, मल्कानगिरि ने अभियान दल का नेतृत्व किया, जिसमें मल्कानगिरि पुलिस के 15 पुलिस कर्मी और मुखबिर शामिल थे। जब दल अभियान क्षेत्र की ओर जा रहा था, तो अचानक उन्होंने 8 से 10 सशस्त्र लोगों की हलचल देखी और उनमें से कुछ नक्सली वर्दी अर्थात् ऑलिव ग्रीन में भी थे। उन्हें नक्सली समझते हुए पुलिस दल ने उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने भारी गोलीबारी आरंभ कर दी। पुलिस दल ने अपने बचाव में जबाव कार्रवाई की। उग्रवादी उपयुक्त स्थिति में थे और अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे। श्री अखिलेश्वर सिंह, पुलिस अधीक्षक, मल्कानगिरि ने स्थिति का जायजा लेने के बाद दायीं ओर से उग्रवादियों पर हमला करने का निर्णय लिया। उन्होंने मुख्य दल से नक्सलियों को गोलीबारी में उलझाए रखने के लिए कहा और स्वयं तीन अन्य इच्छुक कर्मियों नामत: श्री संतोष कुमार मल्ल, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), कोरापुट, कांस्टेबल पवित्र मोहन नायक और कांस्टेबल एस. एस. नायक के साथ युक्तिपूर्वक15-20 मीटर की दूरी तक दायीं बाजू की ओर रेंगकर गए। वहां रेंगते वक्त नक्सलियों को उनका पता चलने और उनकी गोली लगने की हर संभव सभांवना थी, लेकिन यह भय उन्हें उनको सौंपे गए कार्य को पूरा करने से नहीं रोक सका। ऐसा लगता है कि नक्सलियों को पुलिस दल का आभास हो गया था, क्योंकि उन्होंने उनकी ओर एक ग्रेनेड फेंका था। यद्यपि ग्रेनेड लक्ष्य पर नहीं लगा और पुलिस दल भी जमीन पर लेट गया था लेकिन फिर भी कांस्टेबल पवित्र मोहन नायक और कांस्टेबल शिवशंकर नायक को साधारण स्पिंल्टर चोट आई, लेकिन इससे उनके उत्साह को झटका नहीं लगा। श्री अखिलेश्वर सिंह, पुलिस अधीक्षक कांस्टेबल पवित्र मोहन नायक के साथ दायीं ओर 6-7 मीटर आगे बढ़े और इसके बाद इन दोनों ने सामने आकर उग्रवादियों पर गोलीबारी आरंभ कर दी। यद्यपि इससे उनकी जान को खतरा था लेकिन भाग्य ने उनका साथ दिया और इससे नक्सलियों को झटका लगा क्योंकि उन्हें अप्रत्याशित दिशा से गोलीबारी का सामना करना पड़ा। इससे पहले कि उग्रवादी उनकी ओर गोलीबारी कर पाते, श्री संतोष कुमार मल्ल, अपर पुलिस अधीक्षक और कांस्टेबल शिवशंकर नायक ने भी अपनी जान की परवाह किए बिना सामने आकर नक्सलियों पर गोलीबारी आरंभ कर दी। पुलिस का मुख्य दल पहले से ही नक्सलियों पर गोलीबारी कर रहा था। तीन ओर से की गई गोलीबारी से उग्रवादी हक्के बक्के रह गए और उन्होंने पीछे हटना शुरू कर दिया और पुलिस दलों पर गोलीबारी भी करते रहे। संभवत: इस समय नकसली हताहत हो गए होते लेकिन प्रतिकूल क्षेत्र ओर घने जंगल का सहारा लेकर वे घटना स्थल से बचकर निकल गए। दोनों ओर से 15-20 मिनट तक गोलीबारी हुई। कुछ समय तक इंतजार करने के बाद मुख्य दल हमला दल के साथ आ मिला और कुशलतापूर्वक छिलिया गांव की ओर चलना आरंभ कर दिया। जैसे ही पुलिस दल गांव में प्रवेश करने वाला था, उन्हें फिर कुछ दूरी से रूक-रूक कर हुई गोलीबारी का सामना करना पड़ा, जिसका पुलिस दल ने अच्छी तरह जबाव दिया। इसके बाद काफी लंबी खामोशी रही और कुछ समय के बाद पुलिस दल ने गांव में प्रवेश किया। तलाशी के दौरान पिस्तौल के साथ एक माओवादी कैडर का शव मिला। बाद में उसकी पहचान डीसीएम रैंक के खूंखार नक्सली गोल्ला रामुलू उर्फ माधव के रूप में हुई। 50 से अधिक पुलिस कर्मियों की हत्या में उसका हाथ था। उसने अपने दल के साथ जून, 2008 में मल्कानगिरि जिले (कट-ऑफ क्षेत्र) के इलमपाका रजर्वायर में आंध्र प्रदेश पुलिस के 38 ग्रेहाउन्डस कमांडो की हत्या की थी इसके अलावा, दिनांक 10.02.2012 को इसने 107 बटालियन, बी एस एफ के कमांडेंट और द्वितीय कमान अधिकारी सहित बी एस एफ के चार कर्मियों की भी हत्या की थी और अनेक ठेकेदारों तथा सिविलियनों की हत्या के अलावा वर्ष 2011 में कलेक्टर, मल्कानगिरि के अपहरण में शामिल था। आंध्र प्रदेश सरकार ने उसके सिर पर चार लाख रु. के इनाम की घोषणा की थी

पुलिस कर्मियों द्वारा निभाई गई व्यक्तिगत भूमिका

1. श्री अखिलेश्वर सिंह, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक

इन्होंने अभियान के दौरान न केवल पूर्ण कमांड और नियंत्रण का प्रदर्शन किया बल्कि आवश्यकता पड़ने पर व्यक्तिगत उदाहरण भी प्रस्तुत किया। दोनों ओर से गोलीबारी के दौरान, आरंभिक स्तर पर नक्सली बेहतर स्थिति में थे और उग्रवादियों द्वारा पुलिस पोजीशन को रौंदे जाने का खतरा था। उस समय कोई भी गलत कार्रवाई अथवा निष्क्रियता पुलिस दल के लिए घातक सिद्ध हो सकती थी। तथापि, श्री अखिलेश्वर सिंह, पुलिस अधीक्षक ने अपना संतुलन नहीं खोया और स्थिति का जायजा लेकर दायीं ओर से उग्रवादियों पर हमला करने के लिए पुलिस कार्मिकों का हमला दल बनाने का निर्णय लिया। उन्होंने मुख्य दल को जरूरी अनुदेश देने के बाद आगे बढ़कर हमला दल का स्वयं नेतृत्व किया। दायीं ओर रेंगकर जाते समय उग्रवादियों की भीषण गोलीबारी के कारण उनके मारे जाने की हर संभावना थी। स्थिति की मांग के अनुसार उन्होंने कांस्टेबल पवित्र मोहन नायक के साथ नक्सलियों पर धावा बोल दिया। उस कार्रवाई में उन्हें सामने आना पड़ा जिसने उन्हें अत्यधिक जोखिम में डाल दिया और उन्हें उग्रवादियों का आसान लक्ष्य बना दिया। तथापि, भाग्य ने उनका साथ दिया और सब कुछ ठीक हो गया। इस पूरे अभियान में वे हर स्तर पर शामिल थे। उन्होंने इस अभियान की सफलता में बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने अभियान के विभिन्न स्तर पर अपनी जान को जोखिम में डाला।

2. श्री संतोष कुमार मल्ल, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान)

उन्होंने काफी अच्छी तरह अभियान लीडर की सहायता की ओर स्वेच्छा से हमला दल का हिस्सा बने जबकि उन्हें पता था कि उनकी जान को जोखिम होगा। दायीं ओर रेंगकर जाते समय पूरी तरह सामने आने के कारण वे शहीद हो गए होते, लेकिन फिर भी

उन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरा किया। अभियान में कांस्टेबल शिवशंकर नायक के साथ सामने आकर उन्होंने नक्सलियों पर गोलीबारी की जिसके परिणामस्वरूप नक्सली पुलिस हमला दल के दूसरे भाग पर जवाबी गोलीबारी नहीं कर सके। अंतत: इस कार्रवाई से नक्सलियों के समक्ष पीछे हटने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा था। वास्तव में यह एक वीरतापूर्ण कार्रवाई थी, क्योंकि वे नक्सलियों द्वारा चलाई गई गोलियों का निशाना बन सकते थे। उन्होंने योजना के पूर्ण निष्पादन में टीम लीडर की सहायता की।

3. श्री पबित्र मोहन नायक

यद्यपि अभियान में इन्हें मामूली स्पिल्टंर चोट आई थी, लेकिन फिर भी वे हमला दल का हिस्सा बनने के लिए सामने आए। दायी ओर रेंगकर जाते समय उन्होंने अपनी जान को जोखिम में डाला, क्योंकि उन्हें गोली लग सकती थी। इसके बाद वे श्री अखिलेश्वर सिंह, पुलिस अधीक्षक, मल्कानगिरि के साथ सामने आए और नक्सलियों पर गोलियां बरसाकर उन्हें पहला झटका दिया। वास्तव में यह एक वीरतापूर्ण कार्य था क्योंकि नक्सली गोलीबारी के बीच सामने आकर उन्होंने अपनी जान को खतरे में डाला। तथापि, इस दांव का लाभ मिला और यह अभियान पुलिस की सफलता के साथ समाप्त हुआ।

4. कांस्टेबल शिव शंकर नायक

इन्हें भी आपरेशन में मामूली स्पिल्टंर चोट आई थी लेकिन वे स्वेच्छा से हमला दल का हिस्सा बने। अन्य सदस्यों के साथ दायीं ओर रेंगकर जाते समय स्पष्ट रूप से उनकी जान को खतरा था। उस समय कुछ भी हो सकता था, लेकिन उन्होंने विचलित हुए बिना घबराए अपने कार्य को पूरा किया। इसके बाद उन्होंने श्री संतोष कुमार मल्ल, अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान) के साथ सामने आकर नक्सलियों पर गोलीबारी की जिससे नक्सली हक्के-बक्के रह गए और इससे वे अंतत: पीछे हटने पर मजबूर हो गए। इस कार्य के दौरान उन्होंने वास्तव में अपनी जान को खतरे में डाला।

बरामदगी:-

1. ए के -47 के 11 जिन्दा कारतूस
2. 9 एम एम कारतूस के 14 खाली खोखे
3. .303 कारतूस के 9 खाली खोखे
4. .303 का 1 जिंदा कारतूस
5. एसएलआर (7.62) के पांच खाली खोखे

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अखिलेश्वर सिंह, पुलिस अधीक्षक, संतोष कुमार मल्ल, अपर पुलिस अधीक्षक, पबित्र मोहन नायक, कांस्टेबल और शिव शंकर नायक, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक/पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23.08.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 114-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, ओडिशा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक
सर्व/श्री

1. दिव्य लोचन राज,
   उप-निरीक्षक
2. चित्त रंजन जेना,
   कांस्टेबल
3. समोदर कुलिसिका,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 10-11.09.2013 की मध्यवर्ती रात्रि में स्वयं के स्रोतों से विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि के. सिंहपुर पुलिस स्टेशन की सीमाओं के अंतर्गत कदराका, बोन्डिली, तेपापदार ग्रामों के क्षेत्र में बंटी के नेतृत्व में महिला माओवादियों सहित 12-15 सशस्त्र सीपीआई (माओवादी) कैडरों की आवाजाही हो रही है, जिनकी योजनाएं अपनी उपस्थिति स्थापित करने के लिए क्षेत्र में आतंक फैलाने और सरकारी प्रतिष्ठानों में विस्फोट करके सरकार के विरुद्ध युद्ध छोड़ने तथा सरकारी अधिकारियों को अशक्त बनाने की थी।

सूचना के आधार पर, माओवादियों को पकड़ने और उनकी घृणित-योजनाओं को विफल करने के लिए जिला स्वैच्छिक बल (डीवीएफ) रायगढ़ को शामिल करके दिनांक 11.09.2013 की भोर में उस क्षेत्र में आसूचना आधारित नक्सल-रोधी कार्रवाई की योजना बनाई गई।

जब उप निरीक्षक दिव्य लोचन राज्य पुलिस अभियान दल अर्थात् डी वी एफ रायगढ़ के दल का नेतृत्व कर रहे थे और दिनांक 11.09.2013 की दोपहर में कदराका-बोंदिली जंगल क्षेत्र में अभियान चला रहे थे, तब दल को माओवादियों के समूह की उपस्थिति का आभास हुआ और अभियान दल ने डे-विजन डिवाइस की मदद से माओवादियों के समूह के एक कैम्प को देखा। पुलिस अभियान दल के प्रभारी उप निरीक्षक दिव्य लोचन राज ने तुरंत पुलिस दल को दो दलों में बांटा, जिसमें 8 सदस्यों का एक कार्रवाई दल था और बाकी सदस्य कट-ऑफ-टीम का हिस्सा थे। तीनों पुलिस कर्मी कार्रवाई दल में थे और आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे थे और उन्होंने रणनीतिक स्थानों पर पोजीशन ले ली थी। तब अभियान दल के कार्रवाई दल ने ऊंची आवाज में माओवादियों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी और अपने हथियार डालने के लिए कहा, लेकिन माओवादियों के समूह ने नहीं सुना तथा पुलिस अभियान दल पर अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ कर दी।

यह देखकर अभियान दल के उप निरीक्षक दिव्य लोचन राज, कांस्टेबल चित्त रंजन जेना और कांस्टेबल समोदर कुलिसिका ने अपनी पोजीशन ली और अपने बचाव में माओवादी समूह पर गोलीबारी की। दोनों ओर से लगभग आधा घंटे तक गोलीवारी हुई। पुलिस अभियान दल के इन तीनों सदस्यों ने अनुकरणीय वीरतापूर्ण कार्रवाई का प्रदर्शन किया और अपनी जान को गंभीर जोखिम में डालकर पूरी शक्ति से माओवादियों का सामना किया। पुलिस अभियान दल का नेतृत्व करने में इन तीनों सदस्यों द्वारा प्रदर्शत धैर्य, सूझ-बूझ, बुद्धिमता और रण-कौशल उत्कृष्ट साबित हुआ और माओवादी संघर्ष से निपटने में बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई।

पुलिस दल के हमले का सामना न कर सकने के कारण माओवादियों ने पीछे हटने का प्रयास किया और निकटवर्ती क्षेत्रों तथा घनी झाड़ियों की मदद से वहां से भाग गए। पुलिस अभियान दल ने कुछ दूरी तक माओवादियों का पीछा किया, लेकिन माओवादी घटना स्थल से भागने में सफल रहे। इसके बाद डीवीएफ अभियान दल ने पूरे क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया और एक महिला माओवादी का शव बरामद किया जो ओलिव ग्रीन यूनिफार्म में थी और उसके पास एक .303 की राइफल थी।

बाद में पुलिस अभियान दल ने माओवादियों के अस्थायी गोदाम को नष्ट कर दिया और क्षेत्र से .303 की 3 राइफलें, .303 के बॉल कारतूस, .303 की 3 मैगजीनें, 17 कारतूस से भरी 1 इन्सास मैगजीन, 1 बाकी-टॉकी, बड़ी संख्या में गोलियों/सेलाइन/इंजेक्शन/कॉटन आदि के किट, नक्सली ओलिव ग्रीन यूनिफार्म, किट बैग, बर्तन, बड़ी संख्या में कास्मैटिक सामान बरामद किए।

इस गोलीबारी में पुलिस अभियान डीवीएफ दल के सदस्यों ने अपनी जान को गंभीर जोखिम के बावजूद कर्तव्य के प्रति समर्पण, निर्भीकता और उच्च कोटि के निष्ठापूर्ण प्रयासों का प्रदर्शन किया है, जिसके परिणामस्वरूप एक महिला माओवादी को मारा जा सका और माओवादियों के अस्थायी कैंप को नष्ट किया जा सका। रायागढ़ जिला पुलिस की इस उपलब्धि से ओडिशा पुलिस को एक और गौरव प्राप्त हुआ है और रायागढ़ जिले में नक्सली खतरे का सामना करने में बल का मनोबल भी बढ़ा हुआ है। दूसरी ओर रायागढ़ पुलिस द्वारा महिला माओवादी का मार गिराना और बड़ी संख्या में माओवादी-संबंधी सामग्री की बरामदगी से सीपीआई (माओवादी) समूह को बड़ा झटका लगा है जिससे जिलों में उनकी पकड़ कमजोर हुई है।

अभियान के दौरान, श्री दिव्य लोचन राज, उप निरीक्षक ने अभियान दल के अन्य सदस्यों की जान के जोखिम की परवाह न करते हुए आगे बढ़कर पुलिस दल का नेतृत्व किया और सफलतापूर्वक माओवादी हमले को नियंत्रित किया और गोलीबारी में एक महिला माओवादी को मार गिराया। दृढ़ निश्चय के साथ और अपनी और दल के अन्य सदस्यों की जान को जोखिम के बावजूद उन्होंने अभियान का नेतृत्व किया। इन्होंने छोटे दल के साथ निर्भीक और नवीनतम योजना बनाने और इसका निष्पादन करने में अनुकरणीय वीरतापूर्ण युद्धकौशल का प्रदर्शन किया और नक्सलियों के क्षेत्र में ही सफलतापूर्वक शत्रुओं का खात्मा किया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री दिव्य लोचन राज, उप निरीक्षक, चित्त रंजन जेना, कांस्टेबल और समोदर कुलिसिका, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11.09.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 115-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, ओडिशा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. जयंत कुमार नायक,
   उप निरीक्षक
2. पबित्र कुमार पात्रा,
   हवलदार

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 29.08.2013 की शाम को पुलिस अधीक्षक, बोलांगीर को अपने विश्वसनीय स्रोत से सुस्पष्ट सूचना मिली कि बोलनगीर जिले के तुरेकेला पुलिस स्टेशन से लगभग 10 कि.मी. पर खुजेन गांव के निकट डंडेल पहाड़ी क्षेत्र में बोलनगीर-बारगढ़-महासमुन्द मंडल के प्रतिबंधित सीपीआई माओवादी कैडर डेरा डाले हुए हैं। उक्त क्षेत्र पश्चिम दिशा में बोलनगीर जिला मुख्यालय से 110 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। यह क्षेत्र अधिकांशत: घना मिश्रित जंगल है, जहां झरने और काफी ऊंची पहाड़ियां भी हैं। लगभग सभी सड़कों, गाड़ी पथों और पैदल पथों पर बारूदी सुरंगें होने का संदेह रहता है और सड़क यात्रा के साथ-साथ क्षेत्रपार की यात्रा के लिए खतरनाक है। क्षेत्र में प्रतिकूल स्थिति होने के बावजूद बोलनगीर जिले के एसओजी हमला दल सं.41 के अन्य पुलिस कर्मियों सहित नामित सदस्यों को तुरेकेला पुलिस स्टेशन सीमाओं के डंडेल वन क्षेत्र के निकट बड डाकला गांव में गहन छानबीन के लिए छोड़ा गया और उन्होंने दिनांक 29.08.2013 को लगभग 23:00 बजे छानबीन आरंभ की।

दिनांक 30.08.2013 को शाम के समय उप-निरीक्षक (सशस्त्र) जयंत कुमार नायक, एसओजी एटी सं. 41 के समग्र नेतृत्व में पबित्र कुमार पात्रा को उनके जगल युद्ध के व्यापक अनुभव और रात में चलने की अच्छी जानकारी के कारण उन्हें अभियान दल के स्काउट के रूप में तैनात किया गया और पुलिस दल ने तुरेकेला पुलिस स्टेशन के 10 कि.मी. दक्षिण में खुजेन गांव के निकट घने डंडेल पहाड़ी क्षेत्र में लगभग 17:00 बजे छानबीन का अभियान आरंभ किया। अपने दल के साथ पबित्र कुमार पात्रा ने देखा कि ओलिव ग्रीन यूनिफार्म और हथियारों के साथ बोलनगीर-बारगढ़-महासमुंद मण्डल के प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) समूह के 8-10 सदस्य, पुरुष और महिला दोनों, सामने कुछ दूरी पर हैं। सबसे पहले यह पबित्र कुमार पात्रा ने देखा और इसकी सूचना दल के कमांडर, उप-निरीक्षक (सशस्त्र) जयंत कुमार नायक को दी गई। जयंत कुमार नायक ने दल की दो फायरिंग दलों (एक दल दक्षिण दिशा में और पूर्व दिशा में अन्य पुलिस कर्मियों के साथ स्वयं एवं पबित्र कुमार पात्रा और दल के शेष सदस्यों को कट-ऑफ पार्टी में बांटकर तुरंत एक रणनीतिक अभियान की योजना बनाई। दल के कमाण्डर ने पुलिस के रूप में अपनी पहचान बताई और माओवादियों को आत्मसमर्पण करने की सलाह दी लेकिन उन्होंने इस सलाह पर कोई ध्यान नहीं दिया और अन्य पुलिस कर्मियों को मारने के लिए अपने हथियारों से अंधाधुध गोलाबारी आरंभ कर दी जो सामने की ओर थे और दल का नेतृत्व कर रहे थे। जयंत कुमार नायक ने फिर माओवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा लेकिन माओवादी कैडरों ने नहीं सुना बल्कि पुलिस कर्मियों की ओर गोलीबारी की। तब पुलिस दल के सदस्यों ने महसूस किया कि माओवादियों का समर्पण करने का इरादा नहीं है और वे उन्हें तथा अन्य पुलिस कर्मियों को मारना चाहते हैं। तब जयंत कुमार नायक एवं पबित्र कुमार पात्रा और 2 अन्य पुलिस कर्मी पूर्व दिशा में गए और दो अन्य पुलिस कर्मियों ने दूसरे छोर अर्थात् दक्षिण दिशा को कवर किया और उन्होंने अपने बचाव में गोलीबारी की तथा अपने आप को छिपाकर माओवादियों की ओर रेंगना आरंभ किया। दोनों अधिकारी सशस्त्र माओवादियों की भारी गोलीबारी से भयभीत हुए बिना रेंगकर माओवादियों के काफी नजदीक आ गए जो पुलिस दल पर भीषण रूप से गोलीबारी कर रहे थे। दोनों अधिकारी माओवादियों के काफी नजदीक आ गए और उन्हें मारने के लिए उन पर गोलीबारी की। इस प्रक्रिया में दल के अन्य सदस्यों की जान बचाने के लिए उन्होंने अपनी जान को बड़े जोखिम में डाल दिया। लगभग एक घंटे तक दोनो ओर से गोलीबारी हुई जिसमें दोनों अधिकारी और बोलन गीर जिले के अन्य पुलिस कर्मी अपनी जान की परवाह किए बिना

बहादुरी से लड़े। इस गोलीबारी के दौरान इन दोनों अधिकारियों और अन्य पुलिस कर्मियों ने एक महत्वपूर्ण सशस्त्र पुरुष माओवादी कैडर को मार गिराया जो अपने हथियार से गोलीबारी करके पुलिस दल को कड़ी टक्कर दे रहा था। अधिकारियों से हमले के खतरे को भांपकर बाकी उग्रवादी घने जंगल, शिलाखंडों और पहाड़ी क्षेत्र का फायदा उठाकर घटना-स्थल से भाग गए। श्री जयंत कंमार नायक एवं पबित्र कुमार पात्रा ने काफी दूर तक अपने हमला दल के साथ उग्रवादियों का पीछा किया, लेकिन वे बचकर भाग निकले।

अत: दोनों अधिकारियों व्यक्तियों ने अतुलनीय वीरतापूर्ण कार्य का प्रदेर्शन किया और वे प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के सशस्त्र विद्रोहियों को पकड़ने में सर्वोच्च बलिदान देने के लिए तैयार थे। उन्होंने दल भावना के अच्छे उदाहरण और अत्यधिक वीरतापूर्ण कार्रवाई का प्रदर्शन किया।

इस वीरतापूर्ण कार्य से दोनों अधिकारियों ने सीपीआई (माओवादी) को भारी क्षति पहुंचाई, जिसके परिणामस्वरूप एक अज्ञात सशस्त्र पुरुष माओवादी कैडर की मौत हुई।

बरामदगियां:

1. एक .303 राइफल
2. एक देशी बन्दूक
3. एक .303 जिन्दा कारतूस
4. 12 बोर के 20 जिन्दा कारतूस
5. खाली खोखे
6. एक आई ई डी (नॉन-इलेक्ट्रिकल) वाला एक प्लास्टिक बॉक्स
7. 6 किट बैग
8. बड़ी संख्या में माओवादी साहित्य
9. दैनिक उपयोग की वस्तुएं

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री जयंत कुमार नायक, उप-निरीक्षक एवं पबित्र कुमार पात्रा, हवलदार ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30.08.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 116-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, ओडिशा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. श्री सत्यजीत कंडनकेल,
   उप निरीक्षक
2. निरंजन सारंगी,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 04.09.2013 को पुलिस अधीक्षक, बारागढ़ को पुलिस स्टेशनों, ब्लॉक कार्यालयों, मोबाइल टावरों, सीआरपीएफ कैम्पों आदि को निशाना बनाने के इरादे से पाइकमल पुलिस स्टेशन की सीमाओं के अंतर्गत गंधामरधन की पहाड़ियों में माओवादियों के एक समूह की निरंतर आवाजाही और उपस्थिति के बारे में खुफिया जानकारी मिली । तदनुसार, उन्हें पकड़ने और उनकी घृणित योजनाओं को विफल करने के लिए एक अभियान की योजना बनाई गई। दिनांक 04.09.2013 को रात्रि 09.00 बजे सहायक कमांडेंट जे. के. उपाध्याय

के नेतृत्व में सीआरपीएफ और डीवीएस (जिला स्वैच्छिक बल) को शामिल करके एक संयुक्त अभियान दल बनाया गया था। दल ने सभी मानक कार्रवाई प्रक्रियाओं का पालन करते हुए गंधामरधन पहाड़ियों के जंगलों में तलाशी आरंभ की। दिनांक 06.09.2013 को प्रात: लगभग 11.00 बजे अभियान दल ने जंगल क्षेत्र में हथियारों के साथ ओलिव ग्रीन यूनिफॉर्म में लगभग 30 से 35 व्यक्तियों को देखा। अभियान बल जब उनके करीब आने लगा, तो उन्होंने अभियान बल पर गोलीबारी आरंभ कर दी। अभियान बल ने उनकी गोलीबारी से बचने के लिए रणनीतिक पोजीशन ली, अपनी पहचान बताई और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। इसके बदले, नक्सलियों ने पुलिस दल को घेरने के इरादे से उपयुक्त पोजीशन से स्वचालित हथियारों का उपयोग करके पुलिस दल पर भारी गोलीबारी आरंभ कर दी। दल के नेता, सहायक कमांडेंट जे. के. उपाध्याय ने अपना संतुलन खोए बिना अपने दल को दो समूहों में बांटने का रणनीतिक निर्णय लिया। एक छोटा हमला दल जिसमें वे स्वयं उप निरीक्षक सत्यजीत कंडनकेल, कांस्टेबल निरंजन सारंगी और कांस्टेबल चित्रसेन गोंड थे और उप निरीक्षक विवेकानंद मोहंता के नेतृत्व में मुख्य समूह था। तब उन्होंने मुख्य समूह से उनके नेतृत्व वाले हमला दल को कवर फायर उपलब्ध कराने के लिए कहा ताकि वे उनके नजदीक जा सके और नक्सलियों के क्षेत्र के लाभ को समाप्त कर सकें। वे उप निरीक्षक एस. कंडनकेल, कांस्टेबल निरंजन सारंगी ओर कांस्टेबल जी डी चित्रसेन गोंड के साथ नक्सलियों की ओर से निरंतर गोलीबारी में अपनी जान को जाखिम में डालकर लगभग 40 से 50 मीटर तक बायीं दिशा की ओर रेंगकर गए और रणनीतिक स्थान पर जगह बनाई तथा नक्सली समूह पर गोलीबारी आरंभ कर दी। उप निरीक्षक सत्यजीत ने नक्सलियों की ओर 05 राउन्ड यूबीजीएल चलाई जिससे नक्सलियों में आतंक फैल गया। उसके बाद सहायक कमांडेंट जे. के. उपाध्याय, उप निरीक्षक, कंडनकेल, कांस्टेबल निरंजन सारंगी और कांस्टेबल जी डी चित्रसेन गोंड ने रेंगकर और लगातार गोलीबारी करते हुए नक्सली समूह के और अधिक नजदीक आना आरंभ किया। उन तीनों के इस निडर कार्य से नक्सली अचम्भे में आ गए क्योंकि उन पर अप्रत्याशित रूप से अनेक स्थलों से गोलीबारी आरंभ हो गई। इससे नक्सलियों का मनोबल टूट गया और वे घायल होने लगे जिसने उन्हें घने जंगल और पहाड़ी क्षेत्र का सहारा लेकर पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। लगभग 20-25 मिनट तक दोनों ओर से गोलीबारी हुई। आधा घंटे की शांति के बाद टीम लीडर ने मुख्य समूह से उनके साथ शामिल होने और लंबी लाइन से तलाशी आरंभ करने के लिए कहा। तलाशी के दौरान उन्होंने 12 बोर की एक एसबीबीएल बन्दूक, 12 बोर के 07 जिन्दा कारतूस, 12 बोर के 02 खाली कारतूस, 13 सुपर डाइन विस्फोटक, 23 विशेष साधारण डेटोनेटर, तार के साथ डेटोनेटर, एक बंडल कोरडैक्स, एक टुकड़ा तार, लाल स्टार के साथ ओलिव ग्रीन कैप, बड़ी संख्या में माओवादी साहित्य और किट बैग के साथ-साथ ओलिव ग्रीन यूनिफार्म में एक पुरुष माओवादी कैडर का शव बरामद किया। ।

विश्वसनीय खुफिया जानकारी से पता चला कि इस गोलीबारी में घायल हुए दो और नक्सली कैडरों की बाद में मौत हो गई थी। इस कार्रवाई से न केवल नक्सली समूहों को जबरदस्त झटका लगा है बल्कि वे इस क्षेत्र में हिंसात्मक कार्रवाई करने की अपनी तत्काल योजनाओं में भी विफल हो गए।

1. श्री सत्यजीत कंडनकेल, पुलिस उप-निरीक्षक, डीवीएफ बारागढ़ का वीरतापूर्ण कार्य

उन्होंने इस अभियान में दल के नेता, सहायक कमांडेंट जे. के. उपाध्याय की सहायता की और इसमें अंतर्ग्रस्त जान के जोखिम को जानते हुए स्वेच्छा से हमला दल का हिस्सा बने। रणनीतिक स्थल से नक्सलियों पर हमला करने के लिए बायीं ओर से रेंगते समय वे नक्सलियों की लगातार गोलीबारी के सामने आ गए लेकिन यह उन्हें दल के नेता की सहायता करने से नहीं रोक सका। उन्होंने यूबीजीएस फायर किए जिसने नक्सली समूह के लिए एक झटके का काम किया और उनमें से अनेक को घायल किया।

2. श्री निरंजन सारंगी, कांस्टेबल, डी वी एफ बारागढ़ का वीरतापूर्ण कार्य

सम्पूर्ण अभियान के दौरान उन्होंने अभियान दल के लिए स्काउट के रूप में कार्य किया। उन्होंने सबसे पहले नक्सलियों को देखा और दल के लीडर को इसकी सूचना दी। उन्होंने इस अभियान में दल के लीडर सहायक कमांडेंट जे. के. उपाध्याय की मदद की और इसमें अंतर्ग्रस्त अपनी जान को जोखिम के बारे में जानते हुए भी स्वेच्छा से हमला दल का सदस्य बने। रणनीतिक स्थल से नक्सलियों पर हमला करने के लिए बायीं ओर से रेंगकर जाते समय वे नक्सलियों की लगातार गोलीबारी के सामने आ गए, लेकिन यह उन्हें अपने दल के सदस्यों की मदद करने से नहीं रोक सका। उन्होंने लगातार गोलीबारी की और नक्सली समूह के निकट रेंगकर गए और उन्हें क्षति पहुंचाई, जिससे अंतत: वे पीछे हटने पर मजबूर हो गए।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री सत्यजीत कंडनकेल, उप निरीक्षक और निरंजन सारंगी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 06.09.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 117-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, ओडिशा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों का नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. अखिलेश्वर सिंह
   पुलिस अधीक्षक
2. सत्य सुन्दर बेहरा
   हवलदार
3. शिव शंकर नायक
   कांस्टेबल
4. मनोज कुमार परिडा
   कांस्टेबल
5. पबित्र मोहन नायक
   कांस्टेबल
6. मोतिसिंह नायक
   कांस्टेबल
7. त्रिबिजय खारा
   कांस्टेबल
8. सनत कुमार पात्रा
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

सिलाकोटा वन क्षेत्र में पड़ाव डाले हुए नक्सलियों के संबंध में खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए मल्कानगिरि जिले के सिलाकोटा वन क्षेत्र में दिनांक 13.09.2013 को एक अभियान शुरू किया गया। श्री अखिलेश्वर सिंह, पुलिस अधीक्षक, मल्कानगिरि (एम के जी) ने 44 पुलिस कर्मियों वाले अभियान दल का नेतृत्व किया, जिसमें 16 एसओजी कमांडो और 27 डीवीएफ कमांडो भी शामिल थे। दिनांक 13.09.2013 को 2230 बजे भेजे जाने के बाद दल सामान्य रास्ते को छोड़कर लगातार कच्चे रास्ते से आगे बढ़ता रहा। अगले दिन सुबह 0515 बजे दल ने जंगल क्षेत्र में कुछ दूरी पर कुछ व्यक्तियों को देखा। दूरबीन और एनवीडी से ध्यानपूर्वक देखने से पता चला कि संभवत: यह नक्सली कैम्प है क्योंकि वहां सशस्त्र व्यक्ति थे और उनमें से कुछ को नक्सली यूनिफार्म में भी देखा गया। दो संतरी भी दिखाई पड़े जो कैंप की रक्षा कर रहे थे। इसके अलावा, गाडे हुए पोलीथीन के तीन टेंटों का भी पता चला। श्री अखिलेश्वर सिंह, पुलिस अधीक्षक, मल्कानगिरि स्थिति को भांपने के बाद घने पेड़-पौधों की आड़ लेकर चुपचाप दल को लेकर आगे बढ़े। दल कैंप से लगभग 75 मीटर पहले तक पहुंच गया। वहां पर 35-40 नक्सलियों के होने का अनुमान था। पुलिस अधीक्षक, मलकानगिरि के आदेश के अनुसार डीवीएफ और एसओजी के कुल सदस्यों को चार समूहों में बांटा गया, जिसमें एसओजी के क्रमश: 16 कमांडो (समूह-1), 9 (समूह-2), 9 (समूह-3) और 10 (9+1) (समूह-4) कमांडो शामिल थे। 16,9 और 9 कमांडो वाले समूहों को कट-ऑफ दल के रूप में कार्य करने के लिए तीन सामरिक स्थलों पर भेजा गया और पुलिस अधीक्षक, मल्कानगिरि के नेतृत्व में 9 कमांडो वाले समूह ने हमला दल के रूप में कार्य किया। उसके बाद संदिग्ध नक्सलियों को ऊंची आवाज में आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। उन्हें दोबारा समर्पण करने के लिए कहा गया लेकिन इस बार नक्सलियों ने पुलिस दल को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस दल सं. 3 कवर में था लेकिन नक्सलियों से बातचीत करने के लिए एक को ऊपर आना पड़ा। पुलिस अधीक्षक, मल्कानगिरि सामने आए और उन्होंने हवलदार सत्य सुंदर बेहरा, कांस्टेबल शिव शंकर नायक, कांस्टेबल मनोज कुमार परिडा, कांस्टेबल मोती सिंह नायक, कांस्टेबल पबित्र मोहन नायक, कांस्टेबल सनत कुमार पात्रा और कांस्टेबल त्रिबिजय खारा के साथ हमला दल बनाया और कवर पोजीशन लेने के लिए 15 मीटर रेंगकर गए, यद्यपि उस दौरान नक्सलियों द्वारा इनमें से किसी को भी देखे जाने पर वह शहीद हो सकता था। लेकिन कवर पोजीशन से उग्रवादियों पर गोलीबारी करने से कोई फायदा नहीं हुआ, इसलिए पुलिस अधीक्षक, मल्कानगिरि कांस्टेबल शिव शंकर नायक, कांस्टेबल पबित्र मोहन नायक, कांस्टेबल सनत कुमार पात्रा के साथ कुछ सेकंड के लिए बाहर आए और नक्सलियों पर हमला किया जिससे 2-3 नक्सलियों को घातक चोटें आईं। लेकिन अन्य उग्रवादी बल और नक्सली समूहों ने दो ग्रेनेड फेंकने के अलावा पुलिस

दल पर भारी गोलीबारी की। यद्यपि ग्रेनेड निशाने पर नहीं लगे फिर भी सात पुलिस कर्मियों को मामूली स्प्लिंटर चोटें आईं। उपयुक्त पोजीशन में होने के कारण नक्सलियों के सफल होने का हर संभव मौका था और इसके अतिरिक्त वे संख्या में हमला दल से अधिक थे। इस समय कोई भी निष्क्रियता पुलिस बल के लिए घातक साबित हो सकती थी। इसलिए पुलिस अधीक्षक, मल्कानगिरि ने हमला दल को दो भागों में बांटा। वे कांस्टेबल शिव शंकर नायक, कांस्टेबल पबित्र मोहन नायक और कांस्टेबल सनत कुमार पात्रा के साथ दायीं ओर 10 मीटर गए। इसके अलावा, श्री अखिलेश्वर सिंह, पुलिस अधीक्षक, मल्कानगिरि नक्सलियों पर हमला करने के लिए सामने आए लेकिन सामने दो नक्सलियों को देखा जिन्होंने उन पर गोलीबारी की। वे तुरंत एक पेड़ के पीछे सुरक्षित पोजीशन लेने के लिए अपने दायीं ओर कूदे जबकि अन्य तीन कमांडों पीछे आ गए। लगभग एक मिनट तक पुलिस अधीक्षक, मल्लकानगिरि और दो अन्य नक्सलियों के बीच गोलीबारी जारी रही। फिर वहां विराम था। मौके का फायदा उठाकर वे आधे उठकर सामने आए और इससे पहले कि नक्सली उन पर गोलीबारी करते, उन्होंने सेकंडों में ही दोनों नक्सलियों को मार गिराया। उसी समय उनके हमला उप-दल के अन्य तीन कार्मिक उनके पास आ गए और उसके बाद उन्होंने उग्रवादियों पर गोलीबारी आरंभ कर दी, यद्यपि ऐसा करते समय वे नक्सलियों के सामने आ गए थे। इस कार्रवाई से नक्सली फिर हताहत हुए। इसी दौरान हवलदार एस. एस. सुंदर बेहरा, कांस्टेबल मनोज कुमार परिडा, कांस्टेबल मोतीसिंह नायक, और कांस्टेबल त्रिबिजय खारा वाला अन्य हमला उप-समूह भी सामने आ गया और उग्रवादियों पर गोलियां बरसाईं जिससे उग्रवादियों को घातक गोलियां लगीं। यद्यपि नक्सलियों ने भी जवाबी हमला किया लेकिन सौभाग्यवश दोनों हमला उप-समूह कर्मी सुरक्षित रहे। इस कार्रवाई से उग्रवादी परेशान हो गए और उन्होंने दायीं ओर से बचकर निकलने का प्रयास किया लेकिन पुलिस दल संख्या दो के सामने आ गए। यद्यपि उग्रवादियों ने भारी गोलीबारी की लेकिन पुलिस दल सं. दो ने उचित जवाब दिया और परिणामस्वरूप नक्सली हक्के-बक्के रह गए। उनके पास पीछे हटने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। अब तक दोनों हमला उप-समूह इकट्ठे हो गए थे और उन्होंने नक्सलियों पर भारी गोलीबारी की। उग्रवादी परेशान थे और उन्होंने बचकर निकलने के लिए इधर-उधर भागना आरंभ कर दिया। पुलिस अधीक्षक, मल्कानगिरि के निर्देशन के तहत हमला समूह ने बचकर भाग रहे उग्रवादियों का पीछा करना आरंभ किया, यद्यपि उन्हें भी दूसरी ओर से गोलीबारी का सामना करना पड़ा। हताहत होने की सभी संभावनाएं थीं। तथापि बहादुर पुलिस दल कर्मियों ने न केवल नक्सलियों को मार गिराया बल्कि अपनी जान भी बचाई। इस प्रक्रिया में कुछ नक्सली घने पेड़-पौधों का सहारा लेकर बचकर निकलने में सफल रहे। दोनों ओर से 30 मिनट तक गोलीबारी हुई। कुछ देर इंतजार करने के पश्चात पुलिस दल ने क्षेत्र की तलाशी ली और उनके हथियारों के साथ नक्सलियों के 13 शव मिले जिसमें एक महिला नक्सली भी शामिल थी। अभियान के बाद जिला अस्पताल, मल्कानगिरि में सभी सात घायल कर्मियों की मेडीकल जांच की गई। डॉक्टर ने सभी की चोटों को सामान्य पाया और उन्हें प्रथम चिकित्सा उपचार देकर जाने दिया। इस मुठभेड़ के दोरान भारी मात्रा में हथियार एवं गोलाबारूद बरामद किया गया।

श्री अखिलेश्वर सिंह,, पुलिस अधीक्षक की व्यक्तिगत भूमिका

उन्होनें नक्सलियों की इस मुठभेड में मुख्य भूमिका निभाई है, उन्होंने सूचना विकसित की और युद्ध भूमि पर पुलिस दल का नेतृत्व भी किया। जब कभी आवश्यकता हुई उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना सामने आकर नेतृत्व किया जो दूसरों के लिए एक उदाहरण है। इस अभियान में भारी सफलता, उनके पूर्ण कमांड और नियंत्रण की वजह से प्राप्त हुई है। उन्होंने अभियान में महत्वपूर्ण तात्कालिक निर्णय लिए और जोखिम भरे कार्यों के लिए अपने आप को प्रस्तुत किया जिससे दूसरों को भी प्रेरणा मिली। अभियान में एक समय नक्सली पुलिस हमला समूह को रौंद सकते थे। उस समय, कोई भी गलत निर्णय पुलिस दल के लिए घातक साबित हो सकता था। तथापि, अखिलेश्वर सिंह, पुलिस अधीक्षक, मल्कानगिरि उस समय सामने आए और हमला दल को गोलीबारी आरंभ करने का आदेश दिया और अकेले ही 02 नक्सलियों को मार गिराया, यद्यपि इस प्रक्रिया में वे शहीद हो सकते थे। इसके बाद भी उन्होंने तीन कांस्टेबल के साथ सामने आकर अपनी जान को दांव पर लगाकर नक्सलियों पर धावा बोला। इस अभियान के दौरान उन्होंने कई बार अपनी जान को जोखिम में डाला। उन्होंने अपने दल के साथ बचकर भाग रहे नक्सलियों का पीछा किया और उन्हें मार गिराया जबकि उन्हें उग्रवादियों की गोली लग सकती थी। उनका प्रयास व्यर्थ नहीं गया और पुलिस 13 नक्सलियों का मार गिराने में सफल रही, जिसने ओडिशा पुलिस में एक इतिहास रच दिया। यह अभियान आने वाले वर्षों में मील का पत्थर साबित होगा और जिस प्रकार श्री अखिलेश्वर सिंह, पुलिस अधीक्षक, मल्कानगिरि ने अपनी जान को निरंतर जोखिम होने के बावजूद इस अभियान में सफलता प्राप्त की, वह अनुकरणीय है।

श्री अखिलेश्वर सिंह, पुलिस अधीक्षक, मल्कानगिरि का सुस्पष्ट विशिष्ट वीरतापूर्ण कार्य इस अभियान में भारी सफलता का एक मुख्य कारक है।

कांस्टेबल शिव शंकर नायक, पबित्र मोहन नायक और सनत कुमार पात्रा की व्यक्तिगत भूमिका

यद्यपि वे जोखिम से अवगत थे, फिर भी स्वेच्छा से हमला दल का हिस्सा बने। ये वे व्यक्ति थे, जिन्होंने पुलिस अधीक्षक, मल्कानगिरि के साथ सबसे पहले सामने जाकर नक्सलियों पर गोलियां बरसाईं लेकिन इस कार्रवाई ने उन्हें नक्सलियों की गोलीबारी के लिए असुरक्षित भी बना दिया था। यद्यपि उन्हें इस अभियान में सामान्य चोटें आईं तथापि इससे वे विचलित नहीं हुए। अभियान को

जारी रखते हुए उन्होंने सामने आकर पुलिस अधीक्षक, मल्कानगिरि के साथ उग्रवादियों पर फिर गोलीबारी की। यद्यपि इस कार्रवाई में नक्सली हताहत हुए लेकिन यह सब उनकी जान के जोखिम पर हुआ। इसके अलावा, उन्होंने अन्य साथियों के साथ न केवल नक्सलियों का पीछा किया बल्कि उग्रवादियों को भी मार गिराया। उग्रवादियों का पीछा करते समय दूसरी ओर से गोली लगने की हर संभावना थी लेकिन फिर भी उन्होंने सफलतापूर्वक कार्रवाई को अंजाम दिया।

हवलदार सत्य सुन्दर बेहरा की व्यक्तिगत भूमिका

उन्होंने काफी अच्छी तरह अभियान लीडर की सहायता की और स्वेच्छा से हमला समूह का हिस्सा बने, जबकि उन्हें पता था कि इसमें उनकी जान दांव पर होगी। गोलीबारी के दौरान हमला समूह के साथ रेंगते समय, सामने आने पर वे शहीद हो सकते थे। अभियान के दौरान यद्यपि उन्हें मामूली स्प्लिंटर चोटें आईं, लेकिन फिर भी उन्होंने आदेशों का पालन किया। जब पुलिस अधीक्षक, मल्कानगिरि ने अपने हमला उप-समूह के साथ नक्सलियों पर गोलीबारी की, तब वे भी सामने आए और दूसरी ओर से उग्रवादियों पर गोलीबारी करने के लिए अन्य हमला उप-समूह का नेतृत्व किया यद्यपि इस प्रक्रिया में उन्होंने अपनी जान को खतरे में डाल दिया था वे उस दल का भी हिस्सा थे जिसने गोलीबारी के बीच बचकर भाग रहे उग्रवादियों का पीछा किया था। यह वास्तव में एक वीरतापूर्ण कार्य था क्योंकि नक्सलियों द्वारा चलाई गई गोलियां उन्हें अपना निशाना बना सकती थीं, लेकिन उन्होंने बेहिसक आदेश का पालन किया और पुलिस दल नक्सलियों को हताहत करने में सफल रहा।

कांस्टेबल मनोज कुमार परिडा, कांस्टेबल मोतिसिंह नायक और कांस्टेबल त्रिबिजय खारा की व्यक्तिगत भूमिका

वे भी हमला समूह के सदस्य थे। हमले के साथ रेंगते समय यदि उग्रवादियों को उनका पता चल जाता तो वे शहीद हो सकते थे। यद्यपि उन्हें भी कार्रवाई के दौरान मामूली स्प्लिंटर चोटें आई लेकिन फिर भी उन्होंने आदेश का पालन किया। जब पुलिस अधीक्षक, मल्कानगिरि ने अपने हमला उप-समूह के साथ नक्सलियों पर गोलीबारी की तो हवलदार एस.एस. बेहरा की कमांड में उन्होंने भी दूसरी ओर से नक्सलियों पर हमला किया। ऐसा करते समय उन्हें सामने आना पड़ा जिससे वे अत्यधिक असुरक्षित हो गए, और वे सुभेद्य लक्ष्य बन गए। अन्य लोगों के साथ उन्होंने भी पीछे हट रही नक्सलियों का पीछा किया और उन्हें मार भी गिराया, यद्यपि ऐसा उन्होंने अपनी जान की कीमत पर किया। लेकिन दांव काम आया क्योंकि इस अभियान में भारी सफलता मिली।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अखिलेश्वर सिंह, पुलिस अधीक्षक, सत्य सुंदर बेहरा, हवलदार, शिव शंकर नायक, कांस्टेबल, मनोज कुमार परिडा, कांस्टेबल, पबित्र मोहन नायक कांस्टेबल, मोतिसिंह नायक, कांस्टेबल, त्रिबिजय खारा, कांस्टेबल और सनत कुमार पात्रा, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14.09.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 118-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, तमिलनाडु पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री एस. लक्ष्मणन
निरीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री एस. लक्ष्मणन और श्री पी. रवीन्द्रन, पुलिस निरीक्षक, ऑपरेशन, विशेष प्रभाग, एसबी सीआईडी, चेन्नई, तमिलनाडु को खुखांर मुस्लिम उग्रवादियों फकरुद्दीन उर्फ फकरुद्दीन अली अहमद, बिलाल मलिक, पन्ना इस्माइल (जिहादी विचारक) का पता लगाने और उन्हें पकड़ने का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया था, जो एल. के. आडवानी की रथ यात्रा के मार्ग में पाइप बम लगाने, एस. वेल्लाइप्पन, हिंदू मुन्नानी स्टेट सेक्रेटरी, आडिटर वी. रमेश, भाजपा राज्य महासचिव की हत्या और बेंगलुरू बम विस्फोट सहित अनेक मामलों में वांछित थे। कुशलता के साथ समय पर खुफिया जानकारी और अपनी जान को जोखिम मे डालकर उक्त दोनों पुलिस निरीक्षकों द्वारा की गई समन्वित कार्रवाई के परिणामस्वरूप दिनांक 04.10.2013 को चेन्नई, तमिलनाडु में फकरुद्दीन अली अहमद की गिरफ्तारी हुई।

फकरुद्दीन अली अहमद वार्षिक "तिरूपति मंदिर तिरुकुडाई" शोभायात्रा के दौरान चेन्नई में एक हिंदू संगठन के नेता की हत्या करने के लिए टोह (रेकी) लगा रहा था। उसकी गिरफ्तारी के दौरान, दोनों निरीक्षक फकरुद्दीन अली अहमद द्वारा प्रस्तुत सख्त शारीरिक विरोध को नियंत्रित करने में सफल रहे। फकरुद्दीन अली अहमद की समय पर गिरफ्तारी से राज्य में एक बड़ा साम्प्रदायिक आसदभाव होने से रोका जा सका। फकरुद्दीन अली अहमद से कठोर पूछताछ के कारण दल उसके सहयोगी बिलाल मलिक और पन्ना इस्माइल के ठिकानों के बारे में सूचना एकत्र कर सका।

श्री एस. लक्ष्मणन, पुलिस निरीक्षक सहित दल बिलाल मलिक और पन्ना इस्माइल को पकड़ने के लिए दिनांक 05.10.2013 को तड़के पुत्तूर, आंध्र प्रदेश राज्य में उनके छिपने के ठिकाने पर पहुंचा। उन्होंने उनके छिपने के ठिकाने की पहचान की और मुस्लिम स्ट्रीट, पुत्तूर में उनके मकान को घेर लिया। जब निरीक्षक श्री एस. लक्ष्मणन ने दूधवाला बताकर दरवाजा खटखटाया, तो बिलाल मलिक ने दरवाजा खोला। जब श्री एस. लक्ष्मणन ने उसे पकड़ने का प्रयास किया, तो बिलाल मलिक और पन्ना इस्माइल ने उन्हें अपने घर के अंदर खींच लिया, दरवाजा बंद कर दिया और उन्हें मारने के इरादे से चाकू और हंसिए से श्री एस. लक्ष्मणन पर हमला कर दिया। लक्ष्मणन ने उनके हमले का सामना किया। इसी बीच अन्य पुलिस कर्मियों ने श्री एस. लक्ष्मणन को बचाने और आरोपियों को पकड़ने का साहसिक प्रयास किया। कार्तिकेन, उप पुलिस अधीक्षक, एसआईडी, सीबीसीआईडी ने श्री एस. लक्ष्मणन को बचाने के लिए अपने सरकारी हथियार से पन्ना इस्माइल पर एक गोली चलाई, घायल पन्ना इस्माइल और बिलाल मलिक ने सायना बानू, बिलाल की पत्नी और उनके तीन बच्चों के साथ घर के दूसरे कमरे में शरण ली। श्री एस. लक्ष्मणन को पास के अस्पताल ले जाया गया और बाद में चेन्नई स्थानांतरित कर दिया गया, जहां 34 दिनों तक उनका उपचार हुआ। उन्हें सिर, चेहरे और पसलियों में अनेक चोटें आई थीं। श्री एस. लक्ष्मणन, पुलिस निरीक्षक का वीरतापूर्ण और अनुकरणीय साहसिक कार्य अत्यंत प्रशंसनीय है। बिलाल मलिक और पन्ना इस्माइल ने दिनांक 05.10.2013 को सांय 4.45 पर पुलिस के सामने आत्म समर्पण किया।

बरामदगी:

विस्फोटक सामग्री-7 कि.ग्रा., 125 ग्राम के 81 पैकेटों में घोल विस्फोटक, विस्फोटकों के साथ पाइप बम-4, रिवाल्वर-01, विस्फोटक के बिना पाइप बम-2, देशी बम-1, इलेक्ट्रिकल डेटोनेटर-106, 9 बोल्ट की बैटरियां-7।

इस मुठभेड़ में श्री एस. लक्ष्मणन, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 05.10.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 119-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, उत्तराखंड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री सुनीत नेगी, (मरणोपरान्त)
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 14.08.2013 को रात में लगभग 2200 बजे सौम्या गौतम नाम की एक महिला ने चेतक मोटर साइकिल मोबाइल-14 को सूचना दी कि संतोष नर्सिंग होम में डॉ. हीना खरे के आवास पर किसी उपद्रव की आशंका है। इस सूचना पर कांस्टेबल सुनीत नेगी और कांस्टेबल विशाल कन्नौजिया घटना स्थल पर गए। बदमाश, जो संख्या में 6 थे, सतर्क हो गए और नगद तथा जेबरात के साथ नर्सिंग होम के पिछले दरवाजे से भाग गए।

इसी बीच डॉ. हीना खरे ने दरवाजा खोला और पुलिस कर्मी को डकैती और बदमाशों के भागने की सूचना दी। कांस्टेबल सुनीत नेगी तुरंत बचकर भागते रहे बदमाशों की ओर दौड़े और उनके पीछे कांस्टेबल विशाल कन्नौजिया भी दौड़े। बदमाशों का पीछा करते हुए कांस्टेबल सुनीत नेगी ने पास के खेत से 6 बदमाशों में से एक बदमाश को पकड़ लिया। यह देखकर, बाकी बदमाशों ने पुलिस दल पर गोलीबारी की। खतरा होने के बाबजूद कांस्टेबल सुनीत नेगी ने विशिष्ट साहस दिखाते हुए एक बदमाश से पिस्तौल छीन ली। इसी बीच,

जब संघर्ष जारी था, जब अन्य बदमाशों ने कांस्टेबल सुनीत नेगी पर गोली चला दी जिससे वे घायल हो गए। बदले में कांस्टेबल सुनीत नेगी ने अपनी सर्विस पिस्तौल से गोली चलाई और दूसरे कांस्टेबल ने अन्य बदमाशों से कट्टा भी छीन लिया। लेकिन अन्य बदमाशों ने कांस्टेबल सुनीत नेगी से अपने आदमियों को बचाने के लिए नजदीक से उनकी छाती पर गोली चलाई। जैसे ही अन्य पुलिस कर्मी घटना स्थल पर पहुंचे, बदमाश अंधेरे का लाभ उठाकर भाग गए। कांस्टेबल सुनीत नेगी को अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत लाया गया घोषित कर दिया गया।

कांस्टेबल सुनीत नेगी ने स्पष्ट रूप से अपनी जान को जोखिम में डाला और संपूर्ण मुठभेड़ के दौरान अपने कर्तव्य के प्रति अनुकरणीय निष्ठा का प्रदर्शन किया। कांस्टेबल सुनित नेगी के वीरतापूर्ण कार्य की मीडिया और लागों ने काफी अधिक सराहना की। उन्होंने वीरता और कर्तव्य के प्रति निष्ठा का एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

की गई बरामदगी:

1. चार जिंदा कारतूस और 01 खोखे के साथ .32 बोर की एक देशी पिस्तौल।
2. देशी कट्टा-01
3. नगद -19,500/- रु.
4. लगभग 3,000/- रु. के सिक्के
5. जेवरात

इस मुठभेड़ में (स्वर्गीय) श्री सुनीत नेगी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14.08.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 120-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, उत्तराखंड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री विवेक कुमार,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 24.08.2013 को मकान सं. ए-657 जीडी, कॉलोनी मयूर विहार, दिल्ली में झगड़े के संबंध में एक सूचना प्राप्त हुई थी, जिस पर पुलिस घटना स्थल पर गई और पाया कि वहां एक महिला श्रीमती मोही की हत्या कर दी गई है। घर में लूटपाट और तोड़फोड़ की गई थी। नौकरानी से पूछताछ में पता चला कि दो लोगों ने श्रीमती मोही की हत्या की है और उनके बेटे इशु (3 वर्ष) का अपहरण कर लिया गया है तथा बच्चे को सुरक्षित छोड़ने के लिए 50 लाख रु. की मांग की है।

पुलिस ने निगरानी उपकरण की मदद से हरिद्वार में दोषियों का पता लगाया। दिल्ली पुलिस दल ने एसओजी हरिद्वार के साथ बड़ा तलाशी अभियान आरंभ किया। दिनांक 26.08.2013 को शाम के समय उप निरीक्षक, अरूण सिन्धु (दिल्ली पुलिस) और कांस्टेबल विवेक कुमार (एसओजी हरिद्वार) ने नदी के किनारे बच्चे के साथ तीन लोगों को देखा। अपहरणकर्ताओं ने पुलिस दल को देखकर पुलिस दल पर चाकुओं से हमला किया जिसमें उप निरीक्षक सिंधु घायल हो गए। इस समय कांस्टेबल विवेक कुमार ने 3 साल के बच्चे की जान बचाई और विशिष्ट साहस का प्रदर्शन करते हुए दोषियों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन एक अपहरणकर्ता ने उन्हें मारने के इरादे से कांस्टेबल विवेक कुमार के पेट पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद कांस्टेबल विवेक कुमार दूसरे आरोपी की ओर दौंड़े और अपनी जान को खतरे में डालकर गंगा नदी में कूद गए और बाद में इशु को अपहरणकर्ताओं से सुरक्षित बचा लिया गया। तीसरा ओरापी घटना स्थल से भाग गया। कांस्टेबल विवेक कुमार के वीरतापूर्ण कार्य ने निर्दोष बच्चे को बचाया।

कांस्टेबल विवेक कुमार ने स्पष्ट रूप से अपनी जान को जोखिम में डाला और सम्पूर्ण अभियान के दौरान अपने कर्तव्य के प्रति अनुकरणीय निष्ठा का प्रदर्शन किया। कांस्टेबल विवेक कुमार की वीरतापूर्ण कार्रवाई की विभिन्न राज्यों के पुलिस के उच्च अधिकारियों और मीडिया के साथ-साथ बड़ी संख्या में लोगों ने सराहना की। उन्होंने वीरता और अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा का एक उदाहरण स्थापित किया है।

बरामदगी:

1. 10 मोबाइल फोन
2. जेवरात
3. तेज धार वाले हथियार
4. इंजेक्शन सिरिंज, क्लोरोफार्म

इस एक्शन में श्री विवेक कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26.08.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 121-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. अशोक कुमार सिंह,
   निरीक्षक
2. सुनील कुमार त्यागी,
   निरीक्षक
3. महेन्द्र प्रताप सिंह,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पिछले कई दिनों से अलीगढ़ जिले में लगातार सनसनीखेज हत्या के कारण उप पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ के नेतृत्व में अलीगढ़ में पहले से ही एक एसटीएफ टीम कार्य कर रही थी। इसी बीच सिविल लाइन क्षेत्र से नामी ग्रामी डॉ. मन्नान वासनवाला का अपहरण हो गया। उनके अपहरण से अलीगढ़ में सनसनी फैल गयी। उच्च अधिकारियों के आदेश के अनुसार यह मामला एसटीएफ और अलीगढ़ पुलिस को सौंप दिया गया था। एसटीएफ स्टाफ के साथ उप पुलिस अधीक्षक और निरीक्षक श्री सुनील कुमार त्यागी के नेतृत्व में एक दल का गठन किया गया था और दूसरे दल का गठन स्थानीय पुलिस के साथ श्री अशोक कुमार सिंह, निरीक्षक, एसओजी के नेतृत्व में किया गया था।

दिनांक 1.07.2006 को मुखबिर से सूचना मिली कि अपहृत डॉ. मन्नान को बदमाशों ने कस्बा अतरोली के मोहल्ला ब्रहममपुरी में स्थित शमशाद के घर में रखा है और वे एक करोड़ रु. की फिरौती लेने का प्रयास कर रहे हैं। इस सूचना को सच मानकर निरीक्षक सुनील कुमार त्यागी और निरीक्षक अशोक कुमार सिंह सभी सदस्यों और मुखबिर के साथ कस्बा अतरोली पहुंचे। मुखबिर रात्रि लगभग 9.30 बजे शमशाद के चौक से आया और बताया कि यह वही घर है जहां डॉ. मन्नन को छिपाकर रखा गया है और यह कहकर मुखबिर वहां से चला गया। दोनों पुलिस दलों ने उसी वक्त शमशाद के घर पर धावा बोल दिया। घर की छत पर बैठे दो लोगों ने पुलिस दलों पर गोलियां चलाई और छत से कूद गए तथा पुलिस दल पर गोलीबारी करते हुए मोटरसाइकिल पर भाग गए। उसी समय निरीक्षक त्यागी ने

निरीक्षक राजेश द्विवेदी और अन्य पुलिस बल से डॉ. मन्नान का पता लगाने के लिए कहा। मोटरसाइकिल पर बैठा व्यक्ति लगातार पुलिस दल पर गोलीबारी कर रहा था, लेकिन सभी पुलिस कर्मी लगातार बदमाशों का पीछा कर रहे थे। दोनों बदमाशों ने मंदिर वाली गली के पास वाली गली, जो रामघाट रोड की ओर जाती है में अपनी मोटरसाइकिल गिरा दी और दोनों बदमाश गली के पास वाले गढ्ढों में छिप गए और पुलिस कर्मियों पर गोलियां चलाईं। पुलिस कर्मियों ने देखा कि वे सभी मारे जाएंगे, तो उन्होंने वाहन छोड़ दिया और गली तथा वाहन के निकट स्थित गढ्ढों में छिप गए। निरीक्षक त्यागी और निरीक्षक अशोक कुमार सिंह चिल्लाए और उन्हें अपनी पहचान बताई और उन्हें पुलिस बल के सामने आत्म समर्पण करने की चेतावनी दी, लेकिन दोनों बदमाशों ने उन्हें मारने के इरादे से दोबारा गोली चलाई। पुलिस दल ने जब महसूस किया कि पुलिस दल बदमाशों की गोली से मारा जा सकता है, तो निरीक्षक त्यागी और निरीक्षक अशोक ने कांस्टेबल महेन्द्र प्रताप सिंह और बल के साथ अपने बचाव में जवाबी गोलीबारी की। इस भयंकर और आमने-सामने की मुठभेड़ में एक बदमाश चिल्लाया कि मुझे गोली लग गई है और दूसरे बदमाश को घटना स्थल से भाग जाने को कहा। उप निरीक्षक विनोद कुमार और कमांडो शिव कुमार ने उनका पीछा किया। रात्रि के लगभग 10 बजे थे जब पुलिस कर्मियों को गोलीबारी की आवाज सुनाई नहीं दी, तब वे उस स्थान पर पहुंचे जहां से बदमाश गोलीबारी कर रहे थे। उन्होंने देखा कि एक बदमाश मृत पड़ा है और बदमाश के दायीं हाथ की ओर एक पिस्तौल भी पड़ी थी।

बरामदगी:-

मैगजीन के साथ एक पिस्तौल और .32 बोर का एक जिन्दा कारतूस।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अशोक कुमार सिंह, निरीक्षक, सुनील कुमार त्यागी, निरीक्षक और श्री महेन्द्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 01.07.2006 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 122-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

डॉ. जी.के. गोस्वामी,
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 23.10.2002 को डॉ. जी. के. गोस्वामी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, इटावा को सूचना मिली कि अपराधियों ने न्यायालय परिसर में एक विचाराधीन आरोपी की हत्या कर दी है और पुलिस कर्मियों सहित अनेक लोगों को घायल कर दिया है। डा. जी. के. गोस्वामी ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को नाकाबंदी करने और वाहनों की तलाशी आरंभ करने के अनुदेश दिए और इन खूंखार अपराधियों को पकड़ने के लिए स्वयं गए। काली वाहन मंदिर के निकट डॉ. जी. के. गोस्वामी के नेतृत्व में पुलिस दल ने संदिग्ध वाहन को रोकने का प्रयास किया लेकिन अपराधियों ने पुलिस दल पर गोलीबारी आरंभ कर दी और घने बीहड (चंबल की तंगघाटी) में भागने का प्रयास किया। चूंकि घटना स्थल पर लोग एकत्र हो गए थे, इसलिए पुलिस द्वारा गोलीबारी करने से निर्दोष लोग हताहत हो सकते थे। ऐसी प्रतिकूल स्थिति में, डॉ. जी. के. गोस्वामी ने उन्हें चुनौती दी और अनुकरणीय नेतृत्व एवं साहस का प्रदर्शन करते हुए तथा अपनी जान की परवाह किए बिना अपराधियों के पास पिस्तौल/रिवाल्वर के साथ पांच अपराधियों को पकड़ने में सफल रहे। पूछताछ में पता चला कि यह एक अनुबंधित हत्या (कान्ट्रैक्ट किलिंग) थी और वे अंतर्राष्ट्रीय रूप से वांछित और कुख्यात छोटा राजन गैंग के सक्रिय सदस्य थे। उनमें से कताब राजन वर्ष 1989 से मुम्बई पुलिस द्वारा वांछित था और वर्ष 1996 से भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। इस प्रकार डॉ. जी. के. गोस्वामी के नेतृत्व में पुलिस दल ने इस विशिष्ट सफलतापूर्ण अभियान में अनुकरणीय साहस और उत्कृष्ट नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

बरामदगी:

1. मैगजीन के साथ एक पिस्तौल, .455 बोर के 02 जिन्दा कारतूस।

2. मैगजीन के साथ एक पिस्तौल, .32 बोर के 08 जिन्दा कारतूस।

3. एक रिवाल्वर, 38 बोर के 06 जिन्दा कारतूस।

4. 32 बोर की फैक्ट्री निर्मित एक पिस्तौल।

5. 05 खाली खोखे।

इस मुठभेड़ में डॉ. जी. के. गोस्वामी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23.10.2002 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 123-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, पश्चिम बंगाल पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री आलोक रजौरिया,
अपर पुलिस अधीक्षक

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 24.11.2011 को जामबनी पुलिस स्टेशन के अंतर्गत खुशीबनी जंगल क्षेत्र के आस-पास सीपीआई (माओवादी) के शीर्ष पोलित ब्यूरो सदस्य और उसके गुरिल्ला दल की आवाजाही की सूचना मिलने पर श्री आलोक रजौरिया, आईपीएस, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ने श्री प्रवीण कुमार त्रिपाठी, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, मिदनापुर, झाड़ग्राम के साथ स्रोतों का कुशलतापूर्वक उपयोग करके और विभिन्न प्रकार सूचनाओं को सम्मिलित करके उनके छिपने के ठिकानों की टोह ली। टोह के दौरान, अपनी जान को अत्यधिक जोखिम में डालकर उन्होंने भारी बारुदी सुरंगों वाले जंगल क्षेत्र को पार किया जो पूरी तरह से सशस्त्र माओवादी समूहों के अधिकार में था।

क्षेत्र की टोह लेने के बाद, विनीत कुमार गोयल, डीआईजी, मिदनापुर रेंज के नेतृत्व में अभियान की योजना बनाने में उन्होंने अग्रणी भूमिका निभाई। योजना बनाने के बाद, विनीत कुमार गोयल, आईपीएस ने संयुक्त बलों को योजना की संक्षिप्त जानकारी दी।

दलों को उनके संबंधित स्थानों पर छोड़ने के बाद लगभग 16.30 बजे आलोक रजौरिया, के नेतृत्व में जब हमला दल लक्षित छिपने के ठिकाने के पास जा रहा था, तो 12-15 सशस्त्र कैडरों ने अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ कर दी और ग्रेनेड फेंके। इस पर आलोक रजोरिया, आईपीएस और उनके हमला दल के सदस्यों – डीएपी झाड़ग्राम के कांस्टेबल तपस घोष, 207 कोबरा बटालियन के सहायक कमांडेंट नागेन्द्र सिंह, सहायक कमांडेंट बिनोज पी. जोसफ, कांस्टेबल/जीडी एस. श्रीनु, कांस्टेबल/जीडी एस. मथुबेला, कांस्टेबल/जीडी बिरेन्द्र कुमार सिंह, कांस्टेबल/जीडी दीपक कुमार ने असाधारण साहस और वीरता का प्रदर्शन करते हुए अपनी जान को जोखिम में डालकर और गोली चलाने तथा आगे बढ़ने की रणनीत को अपनाते हुए आगे बढ़े और सशस्त्र कैडरों द्वारा बरसाई गई गोलियों और ग्रेनेड स्पिंलन्टरों के बीच गोलीबारी की। आलोक रजौरिया, ने असाधारण वीरता और नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए, गोलीबारी के अलावा, इस सच्चाई के बावजूद कि माओवादी भारी गोलीबारी कर रहे हैं, पुलिस की ओर से किसी के हताहत न होने के इरादे से आगे बढ़ने में अपने दल की गतिविधि को समन्वित करना जारी रखा। लगभग आधा घंटे तक गोलीबारी जारी रही। गोलीबारी और ग्रेनेडों के विस्फोटों के दौरान नागेन्द्र सिंह का दायां हाथ स्पिंलटर से घायल हो गया।

आगे बढ़ते सैन्य दलों को रोकने में नाकामयाब माओवादी घने पेड़-पौधों और अंधेरे का फायदा उठाकर क्षेत्र से भाग गए। आधा घंटे की गोलीबारी के बाद क्षेत्र की तलाशी के दौरान, हाथ में एके-47 के साथ एक शव जमीन पर पड़ा हुआ मिला (बाद में जिसकी पहचान किशन जी, सीपीआई (माओवदी) के शीर्ष पोलित ब्यूरो सदस्य के रुप में हुई)। आगे और तलाशी के दौरान, एक एकेएम राइफल, नगदी के साथ के बैग, माओवादी साहित्य, हार्ड डिस्क और अन्य सामग्री भी आस-पास से मिली।

सम्पूर्ण अभियान के दौरान खूंखार माओवादियों की भारी गोलीबारी और जान को संभावित खतरे के बावजूद आलोक रजौरिया ने अपने छोटे हमला दल के साथ उनको सौंपे गए कार्यों को करने में अनुकणीय साहस, निष्ठा, कौशल, अपनी कमांड वाले बल पर प्रभावी कमांड/नियंत्रण और सशस्त्र कैडरों तथा पुलिस दलों के बीच काफी कम दूरी के कारण जब मौत काफी करीब थी, तब ऐसी प्राणघातक परिस्थिति में पूर्ण धैर्य का प्रदर्शन किया। उन्होंने लगभग उत्कृष्टता के साथ अपने छोटे दल का नेतृत्व किया और इस प्रकार बहादुरी का उच्च मानदंड स्थापित किया। सूचना एकत्र करने, ठिकानों की टोह लेने, तथा योजना बनाने से लेकर इसके सफलतापूर्वक निष्पादन तक अभियान के हर स्तर पर उन्होंने आगे बढ़कर नेतृत्व किया और अनुकरणीय नेतृत्व, बहादुरी और सौंपे गए कार्य के प्रति प्रतिबद्धता, धैर्य, कुशलता, दल निर्माण और इन सबसे अधिक प्राणघातक परिस्थितियों में निर्भीकता का प्रदर्शन करते हुए अपने कर्तव्य को अपने जीवन से भी पहले रखा।

बरामदगी:

1. शस्त्रागार सं. केटी-435182 के साथ एके-47 राइफल-01
2. स्थिर बट सं. एसएपी/8-31 वाली एके-47 राइफल, शस्त्रागार सं. बीई-445317, स्लिंग लगी हुई, चैम्बर में 7.62 एमएम के एक जिंदा कारतूस और मैगजीन में 7.62 एमएम का एक जिन्दा कारतूस भरा हुआ-01
3. काले रंग की अनेक पाकेट वाला चैन लगा हुआ छोटा रैक्सिन बैग (जिसमें हार्ड डिस्क, पेन ड्राइव और माओवादी साहित्य था) -01
4. मोटोरोला वायरलेस हैंड सेट-01
5. क्षतिग्रस्त स्थिति में हार्ड डिस्क स्टोर जेट 500 जीबी-01
6. क्षतिग्रस्त स्थिति में हार्ड डिस्क सीगेट 320 जीबी-01
7. टूटी हुई सीडी-01
8. पेंसिल टॉर्च लाइट (काले रंग की)-01
9. सैमसंग मोबाइल फोन (काला रंग)-01
10. नोकिया मोबाइल फोन (काला रंग)-01
11. प्लास्टिक पाकेट में यूएसबी कोर्ड-01
12. डाटा कार्ड-04
13. मोबाइल चिप्स-14
14. रिलायंस मोबाइल सिमकार्ड-01
15. बीएसएनएल मोबाइल सिम कार्ड-01
16. 4 जीबी डाटा ट्रैवेलर पेन ड्राइव-01
17. कार्ड रीडर जेमबोनिक-01
18. एक प्लास्टिक पाकेट जिसमें पुलओ, तेल की शीशी, कॉटन पीस थे -01
19. विभिन्न मूल्य वर्ग की 84535रु. की नगद
20. 7.62 एमएम के खाली कारतूस-02
21. कोर्ड के साथ नोवाक्स की हियरिंग एड मशीन-01
22. खून के धब्बों के साथ एबी-553446 बीयू नम्बर वाली सैमसंग मोबाइल बैटरी और रोजाना उपयोग में आने वाले बर्तन/सामग्री

इस मुठभेड़ में श्री आलोक रजौरिया, अपर पुलिस अधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 24.11.2011 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 124-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक/वीरता के लिए पुलिस सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. गौरव गोडबोले, निरीक्षक (वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक)
2. सुनील कुमार टी.पी., हेड कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 26 अगस्त, 2013 को 03 अधीनस्थ अधिकारियों और 15 अन्य रैंक वाला एक दल हथियार, गोला-बारुद, विस्फोटक और अन्य विविध भंडार ले जा रहे तीन वाहनों (5 टन-02 और टाटा 709-01) में टीएचक्यू बालीमेला से बटालियन मुख्यालय, गांधीनगर (गुजरात) के लिए रवाना हुआ।

दिनांक 27 अगस्त, 2013 को, सेक्टर टैक्टिकल हेडक्वार्टर, कोरापुर में रात्रि में रुकने के बाद निरीक्षक गौरव गोडबोले की कमान में दल एनएच-26 पर विशाखापटनम की ओर आगे बढ़ा। लगभग 0915 बजे, जब वाहन पोट्टांगी से आगे लगभग 6 किमी. पर एक पुलिया से गुजर रहे थे, तो आखिरी वाहन (5 टन) पर भयंकर विस्फोट हुआ। माओवादियों ने एक शक्तिशाली स्थानीय रुप से निर्मित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) का विस्फोट किया था, जिसके बाद भारी गोलीबारी भी की। विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि वाहन 40 फीट तक हवा में उड़ गया। उसी समय 60-70 माओवादियों, जिन्होंने उपयुक्त योजना के साथ सुविचारित घात लगाकर हमला किया था, ने छोटी पहाड़ी से बीएसएफ दल पर भारी गोलीबारी की।

निरीक्षक गोडबोले, जो बीच के वाहन में सह-ड्राइवर सीट पर बैठे हुए थे, को एक गोली लगी, जो उनके शरीर के बाएं निचले भाग से निकल गई। गंभीर रुप से घायल होने के बावजूद, दृढ़ निश्चय और साहस का प्रदर्शन करते हुए निरीक्षक गौरव गोडबोले ने स्थिति संभाली और नक्सली गोलीबारी का जवाब दिया तथा साथ ही साथ वाहनों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने का निर्देश दिया। तदनुसार, पहले और दूसरे वाहन को स्थल से 200 मीटर आगे ले जाया गया। तथापि, दूसरे वाहन की पोजीशन ऐसी थी कि माओवादियों द्वारा बरसाई जा रही गोलियां बाएं और पीछे की ओर से वाहन पर लग रही थी। सैन्य दल वाहन से बाहर कूद गया और निरीक्षक गौरव गोडबोले को नजदीकी अस्पताल में ले जाने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने ऐसी संकट की घड़ी में दल को छोड़ने से इंकार कर दिया। उन्होंने प्रथम उपचार (फर्स्ट एड) लेने से भी मना कर दिया क्योंकि नक्सली बीएसएफ पार्टी पर हमला करने के लिए पहाड़ी पर दोबारा इकट्ठा हो रहे थे और इस समय बिना समय गवांए नक्सली हमले का जबाव देने के लिए दल का नेतृत्व करना था। अपनी चोट की परवाह न करते हुए और नक्सलियों के तीव्र हमले के सामने निरीक्षक गौरव गोडबोले ने आखिरी वाहन के घायल कार्मिकों को निकालने के लिए दूसरे वाहन के दल को कवर फायर देने के लिए नजदीकी पहाड़ी में ऊपर की ओर पोजीशन लेने के लिए एक टीम तैनात की।

भारी गोलीबारी के बीच और अपनी स्वयं की जान की परवाह किए बिना, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार टी.पी., जो कि बचाव दल में थे, अपनी व्यक्तिगत जान की परवाह किए बिना सड़क के एक ओर पड़े वाहन के मलबे की ओर गए। उन्होंने देखा कि वाहन में बैठे बीएसएफ कर्मी चारों तरफ पड़े हुए हैं। नक्सली वाहन पर अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे। हेड कांस्टेबल सुनील कुमार टी.पी. ने गोलीबारी करके नक्सलियों को उलझाया और वाहन के मलबे के निकट पहुंचे और देखा कि दो जवान गंभीर रुप से घायल हैं और वाहन के मलबे के नीचे फंसे हुए हैं। उन्होंने मलबे से बाहर निकलने में उनकी मदद की और नक्सलियों की भारी गोलीबारी के बावजूद उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले गए।

इसी बीच, भारी गोलीबारी करते हुए नक्सलियों के एक समूह ने हथियारों और गोला-बारुद को लूटने तथा घायल जवानों को मारने के इरादे से क्षतिग्रस्त वाहन की ओर बढ़ने का प्रयास किया। निरीक्षक गोडबोले अपनी टुकड़ी को लडाई जारी रखने और गोलीबारी

करके नक्सलियों पर दबाव बनाने के लिए प्रेरित करते रहे। उनके अनुकरणीय साहस और विशिष्ट गोलीबारी अनुशासन का परिणाम अच्छा रहा और अंतत: नक्सली अपनी जान बचाने के लिए वहां से भाग गए।

इस अभियान में बीएसएफ दल ने संख्या में अधिक खूंखार नक्सली कैडरों के सुविचारित रुप से घात लगाकर किए गए हमले को विफल करके अनुकरणीय व्यावसायिकता, धैर्य और बहादुरी का प्रदर्शन किया। निरीक्षक गौरव गोडबोले और हेड कांस्टेबल सुनील कुमार टी.पी. ने उक्त मुठभेड़ में निडर साहस, मित्रता की भावना और नि:स्वार्थ उत्साह का प्रदर्शन किया और इस प्रकार हथियारों और गोलाबारुद को लूटे जाने से बचाने के साथ-साथ घायल कर्मियों की जान भी बचाई।

बरामदगी:

कोरडेक्स (लाल रंग-लगभग 23 फीट, डेटोनेटर-01 और जिलेटिन स्टिक-01)।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री गौरव गोडबोले, निरीक्षक और सुनील कुमार टी.पी., हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 27.08.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 125-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. मोहम्मद साजिद खान,
   उप कमांडेंट
2. नेत्र प्रसाद,
   कांस्टेबल
3. हाजी मलंग,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

127 बटालियन, बीएसएफ पखांजुरे (छत्तीसगढ़) में तैनात है, जोकि देश का एक अति संवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। बटालियन की जिम्मेदारी का क्षेत्र घने जंगलों वाला पहाड़ी क्षेत्र है। सामान्य क्षेत्र में नाला और जल-निकाय हैं, जो इसे लहरदार क्षेत्र को जोखिम भरा और कठिन बना देता है। यह नक्सलियों का पुराना गढ़ है। जनजातियों की अधिकता होने के कारण, नक्सलियों को स्थानीय लोगों का समर्थन प्राप्त है।

दिनांक 19 जनवरी, 2013 को, विशिष्ट सूचना के आधार पर, 127 बटालियन, बीएसएफ के 20 कर्मियों और छत्तीसगढ़ पुलिस के 20 कर्मियों का एक दल गांव टेकामेटा और भुरभुसी के सामान्य क्षेत्र में अभियान चलाने के लिए लगभग 0900 बजे सीओबी बान्डे से रवाना हुआ। इस अभियान का नेतृत्व श्री मोहम्मद साजिद खान, उप कमांडेंट, कंपनी कमांडर, 127 बटालियन, बीएसएफ द्वारा किया गया। भुरभुसी गांव के निकट पंहुचने पर लगभग 1200 बजे श्री मोहम्मद साजिद खान, उप कमांडेंट ने गांव और आस-पास के क्षेत्र के नक्शे का मूल्यांकन करके क्षेत्र को घेरने के लिए दल को दो समूहों में बांटा। दोनों दल एक दूसरे की आपसी सहायता से चल रहे थे। कुछ दूरी पर जाने के बाद, बीएसएफ के स्काउट कांस्टेबल नेत्र प्रसाद और कांस्टेबल हाजी मलंग ने कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखीं। उन्होंने समझदारीपूर्वक कंपनी कमांडर को सूचित किया, जिन्होंने तुरंत दोनों दलों को सतर्क किया और दलों को पोजीशन लेने का आदेश दिया। जब श्री साजिद खान आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे थे, तो अचानक पास की टेकरी पर घने पेड़ पौधों में पोजीशन लिए हुए नक्सलियों की ओर से भारी गोलीबारी हुई। अभियान दल के सतर्क सदस्यों ने तेजी से अपनी पोजीशन ली और कारगर गोलीबारी से जवाबी कार्रवाई की।

इसी बीच दो नक्सलियों को पास के नाले से टेकरी की ओर दौड़ते हुए देखा गया, जिनमें से एक नक्सली 12 बोर की राइफल से गोलीबारी कर रहा था। अधिकारी ने स्थिति का जायजा लेने के बाद उप-निरीक्षक अर्जेश कुमार चौबे की कमांड में एक उप-समूह बनाया और कवरिंग फायर के तहत पास वाली छोटी टेकरी की ओर कुशलतापूर्वक जाने का निर्देश दिया ताकि वहां से नक्सलियों को उलझाया जा सके। श्री साजिद खान ने भारी गोलीबारी से घबराए बिना नक्सलियों की उपस्थिति की पुष्टि करने के लिए स्काउटों और छत्तीसगढ़ के हेड कांस्टेबल राजपूत के साथ नक्सली पोजीशन की ओर रेंगना आरंभ किया। उन्होंने नजदीक से नक्सलियों पर गोलीबारी की और सफलतापूर्वक एक नक्सली को मार गिराया, बाद में जिसकी पहचान सुमित्रा, प्रतापपुर एलजीएस की उप कमांडेंट के रुप में हुई। इसी बीच उप-निरीक्षक अर्जेश कुमार चौबे ने नक्सलियों की सही-सही पोजीशन का पता लगा लिया जो बीएसएफ पर लगातार गोलीबारी कर रहे थे। कंपनी कमांडर ने कांस्टेबल किशन कुमार को नक्सलियों के इरादे को चूर-चूर करने और उन्हें उनकी पोजीशन से हटाने के लिए नक्सलियों पर एक उच्च विस्फोटक (एचई) बम फायर करने का निर्देश दिया। छत्तीसगढ़ पुलिस का दल भी बीएसएफ दल के दायीं ओर से लगभग 400-500 मीटर की दूरी से नक्सलियों पर गोलीबारी कर रहा था।

कंपनी कमांडर ने कांस्टेबल हाजी मलंग और कांस्टेबल नेत्र प्रसाद को स्थिति का जायजा लेने के लिए टेकरी के निकट छोटी चट्टान की ओर जाने के लिए कहा। अपनी जान और व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना कांस्टेबल हाजी मलंग और कांस्टेबल नेत्र प्रसाद पूर्ण साहस और बहादुरी दिखाते हुए एलएमजी की कवर फायर के तहत उच्च स्तरीय कौशल का प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़े। मध्यम आकार की चट्टान के पीछे नक्सलियों को पोजीशन लिए हुए देखकर उन्होंने नजदीक से नक्सलियों पर गोली चलाई और एक नक्सली को मार गिराया, बाद में जिसकी पहचान सुनोती के रुप में हुई।

नक्सलियों ने गोलीबारी बंद कर दी और नक्सलियों की ओर से कोई प्रतिक्रिया न देखकर कंपनी कमांडर ने टेकरी की ओर एक छोटा दल भेजा। टेकरी पर पहुंच पर दल ने देखा कि नक्सली मक्का के खेतों और घने पेड़-पौधों का फायदा उठाकर पूर्व की ओर से घने जंगल में भागने में कामयाब हो गए थे। क्षेत्र की तलाशी लेने पर, दल ने हथियारों, गोला-बारुद और अन्य सामग्रियों के साथ दो महिला नक्सलियों के शव बरामद किए।

बरामदगी:

1.	.303 राइफल	-	01
2.	12 बोर की राइफल	-	01
3.	.303 राइफल के जिंदा कारतूस	-	16
4.	12 बोर के जिंदा कारतूस	-	06
5.	.315-12 बोर की गन के जिंदा कारतूस	-	18
6.	ईएफसी-एके-47 सीरिज	-	03
7.	ईएफसी 7.62 एमएम एसएलआर	-	01
8.	नक्सली यूनिफार्म	-	02
9.	मैगजीन पाउच	-	02
10.	पुल थ्रू	-	02

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री मोहम्मद साजिद खान, उप कमांडेंट, नेत्र प्रसाद, कांस्टेबल और हाजी मलंग, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19.01.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 126-प्रेज/2014- राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. सुनील दुबे,
   सहायक कमांडेंट

2. एम. राम कृष्णा,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 31 दिसम्बर, 2013 को लगभग 2025 बजे सपागंधा बस्ती की पश्चिमी दिशा में सशस्त्र माओवादियों की गतिविधि के बारे में विशिष्ट सूचना मिलने पर, 2 अधिकारियों, 2 अधीनस्थ अधिकारियों और 12 अन्य रैंक (ओडिशा पुलिस के एक एसपीओ सहित) वाला एक दल 8 मोटरसाइकिलों पर विशेष अभियान के लिए रवाना हुआ। लगभग 2120 बजे, विशेष अभियान दल गांव-सपागंधा पहुंचा और घेरा डाला तथा तलाशी अभियान चलाया लेकिन गांव में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। सपागंधा गांव में माओवादियों का पता न चलने पर दल ने कंपनी आपरेटिव बेस (सीओबी) रामगिरी वापस लौटने का निर्णय लिया।

अभियान दल को दो समूहों में बांटा गया। 3 मोटर साइकिलों वाला पहला समूह श्री सुनील दुबे, सहायक कमांडेंट/कंपनी कमांडर के नेतृत्व में था और 5 मोटर साइकिलों वाला दूसरा समूह पहले समूह के पीछे लगभग 150 मीटर की दूरी पर चल रहा था। पहले समूह में, कांस्टेबल पी.पी. बिस्वाल पहली मोटर साइकिल चला रहे थे और उप-निरीक्षक विनोद कुमार पीछे बैठे हुए थे। दूसरी मोटर साइकिल श्री सुनील दुबे, सहायक कमांडेंट चला रहे थे और कांस्टेबल एम. रामकृष्णा पीछे बैठे हुए थे और तीसरी मोटर साइकिल कांस्टेबल निलेश्वर कुमार चला रहे थे और एसपीओ विश्वनाथ मुदुली पीछे बैठे हुए थे।

लगभग 2210 बजे अग्रणी समूह बीरीगुडा गांव के निकट पहुंचा। जब पहली मोटरसाइकिल ने 2-3 घरों को पार किया और दूसरी मोटर साइकिल ने गांव में प्रवेश ही किया था, तभी अचानक एक नक्सली दूसरी मोटरसाइकिल के सामने आया और श्री सुनील दुबे, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल एम. रामकृष्णा पर अंधाधुंध गोलीबारी आरंभ कर दी। वे तेजी से चलती मोटरसाइकिल से कूदे, अपनी पोजीशन ली और नक्सली गोलीबारी का कारगर जवाब दिया। कांस्टेबल एम. रामकृष्णा की दायीं एड़ी पर गोली लगी और श्री सुनील दुबे, सहायक कमांडेंट के बाएं टखने के जोड़ और बाएं कंधे पर चोटें आईं। उसी समय, आस-पास के पांच स्थानों पर पोजीशन लिए हुए अनेक नक्सलियों (लगभग 50) ने विभिन्न हथियारों से उन पर भारी गोलीबारी की। वास्तविक स्थिति का जायजा लेकर, उन्होंने रेंगकर/लुढ़ककर तेजी से अपनी पोजीशन बदली और पास के खेत में लट्ठे के पीछे अपनी पोजीशन ली और कारगर गोलीबारी से जवाबी कार्रवाई की। वे स्थल से लगभग 100 मीटर दूर एक खाईं में पहुंचने तक गोलीबारी करते हुए और कुशलता से चलते हुए अपनी पोजीशन बदलते रहे, जहां पहली और तीसरी मोटरसाइकिल भी उनके साथ शामिल हो गई और नक्सलियों पर प्रभावी गोलीबारी की। भारी गोलीबारी के बीच और अपनी जान की परवाह न करते हुए श्री सुनील दुबे, सहायक कमांडेंट ने आगे बढ़कर अपने दलों का नेतृत्व किया। उन्होंने अपना धैर्य बनाए रखा और यह सुनिश्चित किया कि दल न केवल जवाबी हमला करे बल्कि इन नक्सलियों को हानि भी पहुंचाए। इसी बीच, फंसे दल की सहायता के लिए दूसरे दल के सदस्य कांस्टेबल मिलेश्वर सिंह ने यूबीजीएल की दो राउण्ड गोलियां चलाई, जिसके बाद लांस नायक आर.एक्स. लाकड़ा ने दो उच्च विस्फोटक (एच.ई.) बम फेंके। इससे सु-स्थापित नक्सलियों में हड़कम्प मच गया और उन्हें अपनी जान बचाने के लिए भागना पड़ा।

क्षेत्र की तलाशी के दौरान घटना स्थल के निकट काफी खून देखा गया और एक इंसास (आईएनएसएएस) भी बरामद हुई, जिससे पता चलता था कि नक्सली समूह का एक सदस्य गंभीर रूप से घायल हुआ था। विश्वसनीय सूचनाओं से पता चला कि उक्त अभियान के दौरान दो मिलिशिया कैडर घायल हो गए थे, जिनकी बाद में मौत हो गई।

श्री सुनील दुबे, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल एम. रामकृष्णा ने अपनी चोटों की परवाह किए बिना उक्त मुठभेड़ में निर्भीक साहस का प्रदर्शन किया, जिससे इनके अपने दल को जान की कोई हानि न होने के अलावा नक्सलियों को वापस हटने के लिए मजबूर होना पड़ा।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री सुनील दुबे, सहायक कमांडेंट और एम. राम कृष्णा, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 31.12.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 127-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. अशोक कुमार राय,
   निरीक्षक

2. जंग बहादुर यादव,
   उप निरीक्षक

3. उत्तम बासुमतारी,
   कांस्टेबल

4. कुलोधर दास,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 4/5.03.2012 की रात्रि में लगभग 2230 बजे लगभग 100 सशस्त्र नक्सलियों/सीपीआई (माओवादी) के एक समूह ने सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, पिपरवार की सीआईएसएफ अशोका चौकी पर हमला कर दिया। माओवादियों ने तीन ओर से चौकी को घेर लिया और उन्होंने सीआईएसएफ कार्मिकों को आत्मसमर्पण न करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। उन्होंने सीआईएसएफ कार्मिकों को गोली न चलाने और अपने हथियार सौंपने की चेतावनी दी। कैंप कमांडर के नेतृत्व में सीआईएसएफ कार्मिकों ने नक्सलियों को कैम्प/चौकी के निकट न आने की जवाबी चेतावनी दी।

अचानक नक्सलियों ने वस्तुत: सीआईएसएफ कैम्प की सभी दिशाओं से भारी गोलीबारी आरंभ कर दी। चौकी पर ड्यूटी और ऑफ ड्यूटी वाले सभी सीआईएसएफ कर्मियों ने अपनी संबंधित पोजीशन ली और नक्सलियों पर जवाबी गोलीबारी की। नक्सलियों और सीआईएसएफ कर्मियों के बीच भारी गोलीबारी सुबह 0430 बजे तक चार घंटे से अधिक समय तक जारी रही। रात भर सीआईएसएफ कर्मियों द्वारा प्रभावशाली जवाबी कार्रवाई के कारण नक्सली सीआईएसएफ कैम्प में प्रवेश नही कर सके। सीआईएसएफ कर्मियों ने साहसी मुकाबले से नक्सली प्रयास को पूर्णत: विफल कर दिया और नक्सली आधुनिक हथियारों को लूटने और बल कार्मिकों को व्यापक रूप से हताहत करने की अपनी घृणित योजना में सफल नहीं हो सके।

अशोका चौकी पर इस हमले की सूचना निरीक्षक/कार्यकारी ए. के. राय (सीआईएसएफ के नजदीक बचरा कैंप प्रभारी) की दी गई। बिना कोई समय गंवाए वे 15 कर्मियों और क्यू आर टी के अतिरिक्त सैन्य दल के साथ अशोका कैम्प की ओर गए। अपनी जान को गंभीर खतरे में डालकर, यह दल अशोका चौकी के काफी नजदीक पहुंचने में सफल रहा और फायरिंग पोजीशन ले ली। उन्होंने सीसीएल कर्मचारियों को पिट ऑफिस के क्षेत्र से निकाला और नक्सलियों को गोलीबारी में उलझाया, जिसके परिणामस्वरूप नक्सली सीसीएल के आवासीय और कार्यालय क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर सके। इसके अतिरिक्त सैन्य दल ने गोलीबारी करके नक्सलियों को भ्रमित कर दिया जिससे वे अंतत: पीछे हटने पर मजबूर हो गए।

संपूर्ण अभियान के दौरान, सीआईएसएफ की टुकड़ी ने विभिन्न कैलिबर की लगभग 521 राउंड गोलियां चलाईं। बाद में सीआईएसएफ और स्थायी पुलिस की संयुक्त तलाशी कार्रवाई के दौरान हथियारों/गोलाबारूद और हैंड ग्रेनेड के साथ दो नक्सलियों के शव बरामद हुए। सीआईएसएफ दल ने न केवल अपने आप को और अपने हथियारों को बचाया, बल्कि अनेक सिविलियनों एवं सीसीएल

कर्मचारियों की जान और उपक्रम की सम्पत्ति बचाने में भी सफल रहे। सीआईएसएफ के इस साहसिक और वीरतापूर्ण कार्य की सभी लोगों ने सराहना की।

इस घटना में, निम्नलिखित सीआईएसएफ कर्मी सक्रिय रूप से शामिल थे:

(क) अशोक कुमार राय, निरीक्षक :- सीआईएसएफ में इनकी नियुक्ति दिनांक 03.08.1991 को हुई थी और दिनांक 03.05.2011 को सीआईएसएफ यूनिट सीसीएल एनके और पिपरवार में तैनात किए गए थे। दिनांक 04.03.2012 को वे बचरा चौकी में क्यूआरटी प्रभारी थे। नक्सली हमले की सूचना मिलने पर वे तुरन्त सक्रिय हो गए और अशोका चौकी के कमांडर के साथ मिलकर काम किया। उन्होंने कैम्प कमांडर को सुरक्षा के बारे में बताया और खुद पिपरवार पार्किंग क्षेत्र (अशोका कैंप के काफी निकट) की ओर कुशलतापूर्वक क्यूआरटी का नेतृत्व किया। इसके अलावा, वे अपने अतिरिक्त दल के साथ पिट ऑफिस की ओर गए और अशोका कैंप के काफी नजदीक पोजीशन ले ली। उन्होंने पिट आफिस से सीसीएल कर्मचारियों को निकालने में दल का नेतृत्व किया। नक्सलियों ने फिर गोलीबारी की, जिसका उन्होंने और उनके नेतृत्व वाले अतिरिक्त दल ने भी जवाब दिया।

निरीक्षक ए. के. राय चौकी कमांडर के निरंतर संपर्क में थे। उन्होंने कांस्टेबल प्रवीण पी.वी को कवर फायर प्रदान किया, जिनके पैर में गोली लग गई थी। उन्होंने कांस्टेबल को वहां से निकाला और उन्हें सीसीएल, अस्पताल, बचरा भेजा। इसके साथ-साथ, चौकी कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के भी प्रयास किए। सीआईएसएफ की कारगर और रणनीतिक जवाबी कार्रवाई के कारण सीआईएसएफ की ओर से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली और अभियान में बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

(ख) जंग बहादुर यादव, उप निरीक्षक:- सीआईएसएफ में इनकी नियुक्ति दिनांक 08.01.1973 को हुई थी और दिनांक 16.01.2011 को सीआईएसएफ यूनिट सीसीएल एनके एवं पिपरवार में तैनात किए गए थे। दिनांक 04.03.2012 को उक्त चौकी पर चौकी कमांडर के रूप में तैनाती के दौरान, उन्होंने तुरंत कार्रवाई की और अपने अधीन सभी कर्मियों को उचित रूप से समझाया। उन्होंने नक्सलियों को चुनौती दी और तुरंत अपने साथियों के साथ रणनीतिक पोजीशन ली और उपयुक्त तरीके से जवाबी कार्रवाई की। उप निरीक्षक जे. बी. यादव ने स्थिति को अपने नियंत्रण में किया और दो सब-पोस्टों के बीच समन्वय सुनिश्चित किया। नक्सलियों ने तीन ओर से गोलीबारी की और सीआईएसएफ चौकी पर भारी गोलीबारी हुई, उप निरीक्षक जे.बी. यादव ने अपने साथियों को नियंत्रित गोलीबारी करके नक्सली हमले का जवाब देने के लिए विशिष्ट निर्देश दिए।

उप निरीक्षक जे. बी. यादव द्वारा लिया गया अन्य महत्वपूर्ण रणनीतिक निर्णय रोशनी के स्रोत पर गोलीबारी करना था, जो सीआईएसएफ कैम्प के बाहर था और सीआईएसएफ कैम्प को प्रकाशमान कर रहा था। उप निरीक्षक यादव ने स्थिति को पूरे नियंत्रण में रखा, जो लगभग साढ़े चार घंटे तक बनी रही और रणनीतिक कमांडर के रूप में असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया। वे एलएमजी पोस्ट पर कार्मियों को बदलते रहे जो कि छत पर थी और जिसे सबसे अधिक जोखिम था। उनके इस निर्णय के कारण एलएमजी पोस्ट ने नक्सलियों को सर्वाधिक क्षति पहुंचाई। उन्होंने अपने कर्मिकों का मनोबल बढ़ाने के सभी प्रयास किए। उनकी कमान में प्रभावी और रणनीतिक जवाबी कार्रवाई के कारण, नक्सली अपनी योजना में सफल नहीं हो सके और वे हताहत हुए।

(ग) कांस्टेबल उत्तम बासुमतारी और कांस्टेबल कुलोधर दास: सीआईएसएफ में उनकी नियुक्ति दिनांक 16.06.2007 को हुई थी और क्रमश: दिनांक 16.03.2012 और 09.03.2008 को सीआईएसएफ यूनिट एनके एवं पिपरवार में तैनात किए गए थे। दिनांक 04.03.2012 को उन्हें छत के ऊपर मोर्चे पर लगाया गया था। नक्सलियों को चौकी की ओर आता हुआ देखकर, उन्होंने तुरंत इस खतरे की सूचना दी और अन्य चौकियों पर तैनात सभी कर्मियों को सतर्क किया। उन्होंने नक्सलियों को चेतावनी दी और तुरंत सामरिक पोजीशन ली और जवाबी गोलीबारी की। उन्होंने पोस्ट कमांडर और अन्य कर्मियों के साथ उचित रूप से समन्वय स्थापित किया। नक्सलियों ने भी तीन ओर से भारी गोलीबारी की। उन्होंने उपयुक्त रूप से जवाबी गोलीबारी की जिससे नक्सलियों को अधिकतम क्षति पहुंची जिसका सबूत आस-पास के क्षेत्रों में शवों को घसीटने के निशान और खून के धब्बे थे। हमले के दौरान नक्सलियों को अधिकतम क्षति पहुंचाने में ये दोनों कांस्टेबल काफी सफल रहे।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री अशोक कुमार राय, निरीक्षक, जंग बहादुर यादव, उप निरीक्षक, उत्तम बासुमतारी, कांस्टेबल और कुलोधर दास, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 04.03.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 128-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री सन्नी सलाथिया, (मरणोपरांत)
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

208 कोबरा टीम के साथ कमांडेंट-168 बटालियन की कमान में एक विशेष अभियान की योजना बनाई गई थी, जिसमें छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पामेद पुलिस स्टेशन के अंतर्गत कोरागुट्टा गांव की घेराबंदी और तलाशी की जानी थी। बासागुडा के बेस कैम्प से दिनांक 19.04.2013 को 1700 बजे अभियान आरंभ किया जाना था। विभिन्न स्थलों से सैन्य दलों को बेस कैम्प में एकत्र होना था। तदनुसार, दिनांक 19.4.2013 को कमांडेंट 168 बटालियन, सीआरपीएफ अपने मार्गरक्षक के साथ बीजापुर में अपने बटालियन मुख्यालय से तीन वाहनों में चले। अपनाई गई रणनीति के अनुसार सैन्य दल सिविल प्रकार के वाहनों में चले और अपने बीच लगभग 10 मिनट का अंतर रखा। कांस्टेबल/जीडी सन्नी सलाथिया भी कमांडेंट के मार्गरक्षक दल के एक सदस्य थे और दूसरे वाहन में बैठे हुए थे। एक चतुर प्रेक्षक और अच्छा निशानची होने के कारण उन्हें सामने की सड़क और अपने बायीं ओर के जंगल पर नजर रखने का कार्य सौंपा गया था और तदनुसार वे सह-ड्राइवर की सीट पर बैठे हुए थे। लगभग 1230 बजे, जब दूसरा वाहन मुरडांडा में सीआरपीएफ कैम्प से लगभग 2 किमी. दूर था, कांस्टेबल जीडी सन्नी सलाथिया ने सड़क पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को देखा। उन्होंने तुरंत ड्राइवर को वाहन रोकने का आदेश दिया। जैसे ही वाहन रुका और कांस्टेबल/जीडी सन्नी सलाथिया उससे नीचे उतरे, दोनों व्यक्ति जंगल की ओर दौड़े लेकिन उनमें से एक व्यक्ति का हथियार कांस्टेबल/जीडी सन्नी सलाथिया की पैनी नज़र से नहीं बच सका। उन्होंने तुरंत अन्य सैनय दलों को इसकी सूचना दी और उन्हें पकड़ने के लिए भाग रहे नक्सलियों के पीछे दौड़े। अन्य सैन्य दल भी पीछे गए। जैसे ही वे उस स्थान के निकट पहुंचे जहां से नक्सली जंगल में घुसे थे, पेड़ों और झाड़ियों के पीछे छिपे नक्सलियों के एक समूह ने उन पर भारी गोलीबारी की। ऐसे अचानक और अप्रत्याशित हमले के लिए तैयार दल सक्रिय हो गए और नक्सलियों द्वारा ली गई पोजीशन की दिशा में जबाबी गोलीबारी की। यह जानकर कि उनकी संख्या सैन्य दल की संख्या से अधिक है और वे अनुकूल पोजीशन में हैं, नक्सलियों ने जंगल में भागने के बदले सैन्य दलों को घेरने और उनकी हत्या करने के बाद उनके हथियार लूटने का प्रयास किया।

इस मुठभेड़ के दौरान कांस्टेबल/जीडी सन्नी सलाथिया ने अपनी दायीं ओर कुछ नक्सलियों की गतिविधि को देखा। उन्हें यह समझने में समय नहीं लगा कि नक्सली उन्हें घेरने और अनेक दिशाओं से हमला करने का प्रयास कर रहे हैं। जवाबी हमला करने और नक्सलियों द्वारा तैयार की जा रही हमले की योजना को विफल करने के लिए वे नक्सलियों की भारी गोलीबारी के बीच अपने दायीं ओर रेंगकर गए और आमने-सामने आने के बाद उन पर गोलीबारी की। इस निडर साहसिक हमले से एक नक्सली घायल हो गया और उनका आगे बढ़ना रुक गया लेकिन इस प्रयास में उनके पेट और पैर में गोलियां लगने से वे गंभीर रुप से घायल हो गए। इस मर्मभदक दर्द और बहते खून से घबराए बिना वे कवर के लिए रेंगकर एक पेड़ के पीछे गए और नक्सलियों को उलझाए रखा। गंभीर रूप से घायल होने बाद भी उन्होंने नक्सलियों को आगे बढ़ने से रोका, उनमें से एक को घायल किया और नक्सलियों की घृणित योजना को विफल किया। कांस्टेबल/जीडी सन्नी सलाथिया के साहस और बहादुरी से धूल चाटने और अतिरिक्त सैन्य दल के पहुंच जाने के भय से नक्सलियों ने अपने घायल साथी के साथ वहां से भागना उचित समझा। मुठभेड़ की खबर सुनकर दो वाहन भी घटना स्थल पर पहुंच गए और कांस्टेबल/जीडी सन्नी सलाथिया को तुरंत बेस कैम्प बसागुडा ले जाया गया और इसके बाद हेलिकाप्टर से सरकारी मेडिकल कालेज, जगदलपुर ले जाया गया, लेकिन अच्छा उपचार होने के बावजूद वे दिनांक 20.04.2013 को शहीद हो गए। क्षेत्र की तलाशी लेने पर पाया गया कि जिस स्थान पर कांस्टेबल/जीडी सन्नी सलाथिया ने संदिग्ध गतिविधि देखी थी, वह स्थान ताजा खुदा हुआ था और ऐसी आशंका है कि नक्सली वहां आईईडी लगाने की योजना बना रहे थे।

इस अभियान में कांस्टेबल/जीडी सन्नी सलाथिया गंभीर चोटों के बावजूद न केवल वीरतापूर्वक लड़े बल्कि अनेक सैनिकों की जानें भी बचाई और उनके हथियारों को लूटे जाने से बचाया। उन्होंने सही समय पर संदिग्ध आईईडी लगाते हुए देखकर भी सैनिकों की जानें बचाई, वरना यदि नक्सली सफलतापूर्वक आईईडी लगा देते तो यह काफी खतरनाक हो सकता था। बहादुर सिपाही ने अन्य लोगों की जानें बचाने के लिए अपने जीवन का बलिदान कर दिया। उन्होंने नक्सलियों के साथ लड़कर अपने नि:स्वार्थ कार्य में सच्चे शौर्य, बहादुरी और सैनिक भावना का प्रदर्शन किया और अंतत: राष्ट्र की सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

इस मुठभेड़ में (स्वर्गीय) श्री सन्नी सलाथिया, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19.04.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 129-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री ग्रिश हालकी,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस स्टेशन गंगलूर, जिला बीजापुर, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत गांव मेटापाल में पीएलजीए की मिलिट्री प्लाटून की उपस्थिति के बारे में सूचना मिलने पर, डी आई जी (आपरेशन) बीजापुर द्वारा घेराबंदी और तलाशी अभियान की योजना बनाई गई । विशेष कार्रवाई दलों और सीआरपीएफ के कोबरा सैन्य दल चेरपाल में एफ/85 बटालियन के कंपनी बेस में एकत्र हुआ । क्षेत्र और नवीनतम खुफिया जानकारी का विश्लेषण कर अंतिम कार्य योजना बनाने और शामिल सैन्य दलों को उचित जानकारी देने के बाद उन्होंने अभियान शुरू किया। क्षेत्र से नक्सलियों को बच निकलने का कोई मौका न देने के लिए तीन दिशाओं से क्षेत्र को कवर करने के लिए सैन्य दल को तीनों समूहों में बांटा गया। क्षेत्र में नक्सलियों के मजबूत खुफिया नेटवर्क को ध्यान में रखते हुए, ये दल दिनांक 17.02.2013 को रात के सन्नाटे में अर्थात् 2300 बजे लक्ष्य के लिए चोरी-चोरी उस स्थान से निकले। रात्रि के दौरान जोखिम भरे क्षेत्र में लगभग 15 कि.मी. चलने और नक्सलियों की सतर्क समयपूर्व चेतावनी प्रणाली को सफलतापूर्वक धोखा देने के बाद दल अपने लक्ष्य के नजदीक पहुंच गया। योजना के अनुसार, नक्सलियों पर तीन दिशाओं से हमला करने के लिए सैन्य दल को तीन समूहों में बांटा गया। इनमें से एक समूह को गांव के सामने वाली पहाड़ियों पर चुपचाप जाने और कट-ऑफ के रूप में कार्य करने का आदेश दिया गया, जबकि दो अन्य समूह दो दिशाओं से गांव की तलाशी लेंगे। जैसे ही कट-ऑफ समूह वहां पहुंचा और तलाशी दल तलाशी आरंभ करने के लिए गांव की ओर बढ़े, गांव में उपस्थित नक्सलियों ने अपने स्वचालित हथियारों से आगे बढ़ रहे सैन्य दलों पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। सैन्य दलों ने तुरंत पोजीशन ली और अत्यधिक संयम के साथ जवाबी गोलीबारी की क्योंकि गांव में सिविलियनों के मौजूद होने की संभावना थी। लगातार गोलीबारी कर रहे नक्सलियों को निरस्त्र करने के लिए, सैन्य दल युद्ध कौशल और क्षेत्र कौशल का उपयोग करते हुए उनकी ओर बढ़े। सैन्य दलों को अपनी ओर आता देखकर नक्सलियों ने गांव में आने वाले मार्गों पर लगाए गए आई ई डी का विस्फोट करना आरंभ कर दिया। गोलीबारी और विस्फोट दलों को आगे बढ़ने से नहीं रोक सके और सैन्य दलों का कड़ा मुकाबला देखकर नक्सलियों ने एक के बाद एक पहाड़ियों की ओर भागना आरंभ कर दिया। दूसरी ओर, गांव से गोलीबारी और आई ई डी के विस्फोट की आवाज सुनकर नक्सलियों को पीछे से कवर करने के लिए कट-ऑफ समूह ने आगे बढ़ना आरंभ कर दिया। 199 बटालियन के कांस्टेबल/जीडी ग्रिश हालकी समूह के स्काउट थे और अन्य सैन्य दलों को गांव की ओर ले जा रहे थे। जैसे ही दल पहाड़ी से थोड़ा नीचे गया, अचानक उनका सामना वन में छिपे भारी हथियारबंद नक्सलियों से हुआ। सैन्य दलों को देखकर नक्सली समूह ने तुरंत अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी । नक्सलियों की गोलीबारी सैन्य दलों को रूकने के लिए मजबूर कर दिया। तब नक्सलियों ने भारी गोलीबारी कवर का उपयोग करके भागने का प्रयास किया। लेकिन कांस्टेबल/जीडी ग्रिश हालकी नक्सलियों को बचकर भागने का मौका नहीं देना चाहते थे। उन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की उपेक्षा करते हुए भाग रहे विद्रोहियों पर गोलीबारी की और भारी गोलीबारी का सामना करते हुए उनके पीछे दौड़े। कांस्टेबल/जीडी ग्रिश हालकी के कठोर साहस से उत्साहित होकर उनके दल के अन्य साथी उनके पीछे आए। वे इस बात की परवाह किए बिना कि उनके साथी उनसे दूर हैं और प्रत्यक्ष गोलीबारी में उनकी सहायता नहीं कर सकते, नक्सलियों का पीछा करते रहे। जवाबी गोलीबारी में उन्होंने कुछ नक्सलियों को घायल कर दिया और भाग रहे नक्सलियों की गति को धीमा कर दिया। लेकिन उस दिन भाग्य शायद नक्सलियों के साथ था क्योंकि नक्सलियों का वह समूह जो गांव से भाग गया था, वह भी संयोग उसी रास्ते पर पहुंच गया। इस समूह ने अपने साथियों को खतरे में देखकर तुरंत कांस्टेबल/जीडी ग्रिश हालकी पर गोलीबारी की और उन्हें घेरने का प्रयास किया। समर्थन पाकर अन्य नक्सलियों ने भी घिरे हुए कांस्टेबल पर गोलीबारी आरंभ कर दी। कांस्टेबल/जीडी ग्रिश हालकी ने शीघ्र ही अपने आप को नक्सलियों से घिरा हुआ पाया और उनके साथी अभी भी दूर थे, लेकिन यह बहादुर सिपाही घबराया नहीं । वे गोलियों की बौछार के बीच, जिनमें से कुछ जमीन पर लग

रही थीं, रेंगकर एक गड्ढे तक गए, वहां पर अपनी पोजीशन ली और घेरने वाले नक्सलियों पर अपनी यूबीजीएल से ग्रेनेड फायर करना आरंभ किया। कांस्टेबल/जीडी ग्रिश हालकी की यूबीजीएल से ग्रेनेडों की बरसात और नक्सलियों की ओर बढ़ रहे उनके साथियों की गोलीबारी से नक्सलियों का मनोबल गिर गया और उन्होंने घटना-स्थल से भागना आरंभ कर दिया। कांस्टेबल/जीडी ग्रिश हालकी की गोलीबारी से एक नक्सली गंभीर रूप से घायल हो गया था और दूसरे नक्सली उसे अपनी पीठ पर ले जाने का प्रयास कर रहे थे। यह देखकर कांस्टेबल/जीडी ग्रिश हालकी फिर से अपनी सुरक्षित पोजीशन से बाहर निकले और उन पर गोलीबारी की, जिससे वे इस घायल कैडर को छोड़कर भागने पर मजबूर हो गए। कांस्टेबल/जीडी ग्रिश हालकी गिरे हुए नक्सली की ओर दौड़े और उससे उसकी भारमर राइफल छीन ली। यद्यपि घायल नक्सली को तुरंत प्राथमिक चिकित्सा सहायता दी गई थी, लेकिन उसने दम तोड़ दिया। मारे गए नक्सली से एक भारमर बंदूक और तीर बम बरामद हुए। सैन्य दलों ने क्षेत्र की पूरी तरह तलाशी ली और 10 कि.ग्रा. का एक पाइप बम भी बरामद किया गया।

कांस्टेबल/जीडी ग्रिश हालकी ने सम्पूर्ण अभियान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आती मौत के सामने बहादुरी से लड़े। भीषण गोलीबारी के दौरान, अपनी जान की परवाह किए बिना उन्होंने हमला करने का साहस किया और एक नक्सली को मार गिराने में कामयाब हुए थे। एक सशस्त्र सैनिक के प्रशिक्षण के अनुसार वे संख्या में अधिक नक्सलियों से अधिक उग्रता और रोष के साथ लड़े।

इस मुठभेड़ में श्री ग्रिश हालकी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17.02.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 130-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. रोहित कुमार,
   सहायक कमांडेंट
2. हरजिन्दर सिंह,
   उप-निरीक्षक
3. विकाश कुमार सिंह,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

यह सूचना मिलने पर कि कुन्दन पहान, राज्य समिति सदस्य के नेतृत्व में नक्सलियों के एक बड़े समूह ने क्षेत्र में एक कैंप स्थापित किया है, कोबरा और राज्य पुलिस के दलों द्वारा पुलिस स्टेशन अर्की, जिला खूंटी, झारखंड के अंतर्गत गांव मरंगबुरु के आसपास के जंगल में दिनांक 04 से 06 फरवरी, 2011 तक एक अभियान आरंभ किया गया था। कैम्प की तलाशी लेने और हमला करने के लिए तीन हमला दल बनाए गए थे। प्रत्येक दल में कोबरा दलों और झारखंड राज्य पुलिस के झारखंड जगुआरों वाले दो हमला दलों को तलाशी और ध्वस्त करने का कार्य सौंपा गया था और सीआरपीएफ तथा राज्य पुलिस वाले एक हमला दल को नक्सलियों के भागने के मार्गों को बंद (कट-आफ) करने का कार्य सौंपा गया था। दिनांक 04 फरवरी को हमला दलों को रात्रि में अभियान क्षेत्र में प्रविष्ट करा दिया गया था और क्रमश: मरंगबुरु पहाड़ी, संदिरी वन और टम्परटोला बेस में जाने का आदेश दिया गया था। हमला दल घने जंगल से आडे-तिरछे चुपचाप और नक्सलियों के बाहरी सुरक्षा घेरे का तोड़कर सुबह 0600 बजे अपने-अपने लक्ष्य के नजदीक पहुंच गए। हमला दल-1 और हमला दल-2 ने नक्सली कैंप की तलाश में अपने संबंधित क्षेत्रों की छानबीन आरंभ की। हमला दल 1 ने मरंगबुरु पहाड़ी के नीचे पहुंचकर अपने आप को दो भागों में बांटा और दो तरफ से ऊपर की ओर बढ़े। निरीक्षक ऋषिकेष मीणा की कमान में 203 कोबरा की टीम सं. 12

दाएं से चल रही थी और श्री रोहित कुमार, सहायक कमांडेंट की कमान में टीम सं. 10 बाएं से चल रही थी। जब टीमें पहाड़ी की चोटी के निकट पहुंच रही थी, तब टीम सं. 12 नक्सलियों की भारी गोलीबारी में घिर गई। दल कर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की और नक्सलियों को उलझाया। गोलियों की आवाज सुनकर टीम सं. 10 बायीं ओर से नक्सलियों को घेरने के लिए आगे बढ़ी । जैसे ही वे घने जंगल से होते हुए थोड़ा आगे बढ़े, इसके सदस्यों को अचानक नक्सलियों का एक सुस्थापित कैंप मिला। श्री रोहित कुमार, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल/जीडी विकाश कुमार, जो दल का नेतृत्व कर रहे थे, नक्सलियों की सीधी गोलीबारी के सामने आ गए, जो सुरक्षित मोर्चों के पीछे थे और उन पर निशाना साध रहे थे। जान को जोखिम भरी यह स्थिति उनके होश उड़ा सकती थी, लेकिन अपने धैर्य पर नियंत्रण करते हुए वे नीचे झुक गए और नक्सलियों पर वापस गोलीबारी की। ये दोनों भाग्यशाली थे कि नक्सलियों द्वारा की गई गोलियों की बौछार उनके पास से निकल गई लेकिन उनके तीन साथी घायल हो गए। दल के सदस्य किसी तरह रेंगकर चले और गोलियों के बीच शिला-खंडो और पेड़ों के पीछे पहुंचे। उन पर चलाई जा रही गोलियों से कुछ गोलियां उनके शरीर के ऊपर से जा रही थीं और कुछ जमीन पर लग रही थीं। कांस्टेबल/जीडी विकास कुमार के साथ श्री रोहित कुमार, सहायक कमांडेंट, जो सबसे आगे थे, ने लगातार गोली बारी का सामना करते हुए अब अपने दल के साथियों की मदद से नक्सलियों की मोर्चाबंदी को तोड़ने का प्रयास किया और मोर्चा संभाले हुए नक्सलियों पर भारी गोलीबारी की। एक भीषण नजदीकी युद्ध चल रहा था जिसमें सैन्य दल अपनी बहादुरी, धैर्य और संकल्प से नक्सलियों की प्रबल और सुरक्षित पोजीशनों को नाकाम कर रहे थे। जब गोलीबारी हो रही थी तो श्री रोहित कुमार, सहायक कमांडेंट, ने सैन्य दल को घेरने के लिए कुछ नक्सलियों को बायीं ओर से आगे बढ़ते देखा और उन पर अचानक तथा अप्रत्याशित हमला किया। उन्होंने तुरंत कांस्टेबल/जीडी चंचल कुमार और अन्य कार्मिकों को कैम्प की ओर गोलीबारी जारी रखने का आदेश दिया जबकि वे और कांस्टेबल/जीडी विकाश कुमार अपनी जान की परवाह किए बिना अपने कवर से फिसलते हुए बाहर निकले और आगे बढ़ रहे नक्सलियों पर भारी गोलीबारी की। इस हमले में दो नक्सली गंभीर रूप से घायल हो गए और वे सभी अपनी अपनी सुरक्षित पोजीशनों में चले गए। हताश होकर नक्सलियों ने भारी गोलीबारी की, जिसमें एक गोली कांस्टेबल/जीडी चंचल कुमार के हथियार में लगी और उससे गोली चलनी बंद हो गई। स्थिति का लाभ उठाते हुए एक नक्सली उन पर गोली चलाने और उनका हथियार लूटने के लिए कांस्टेबल/जीडी चंचल कुमार की ओर बढ़ा लेकिन इसे कांस्टेबल/जीडी विकाश कुमार की सतर्क आंखों ने देख लिया और उन्होंने एक गोली चलाई तथा घटना-स्थल पर ही उस नक्सली को मार गिराया। इससे नक्सली हतोत्साहित हो गए और वे ग्रेनेड और देशी बम फेंकने लगे। लड़ाई को कठिन होता देखकर श्री रोहित कुमार, सहायक कमांडेंट ने उप निरीक्षक/जीडी हरजिन्दर सिंह को यूबीजीएल के साथ हमले की पहली पंक्ति तक जाने और इससे भारी गोलीबारी करने का आदेश दिया। उप निरीक्षक/जीडी हरजिन्दर सिंह नक्सलियों की भारी गोलीबारी के बीच उपलब्ध सीमित कवर का उपयोग करके रेंगते हुए आगे बढ़े और यथा संभव नक्सलियों के करीब पहुंच गए। उन्होंने नक्सली मोर्चों के करीब पहुंचकर यूबीजीएल फायर किया और इसके बाद उन पर ग्रेनेड फेंके। उप निरीक्षक/जीडी हरजिन्दर सिंह की इस कार्रवाई से नक्सलियों का मनोबल टूट गया। उनके हमले की अग्रिम पंक्ति ने कोबरा को आगे बढ़ने से रोकने के लिए गोलीबारी जारी रखी जबकि बाकी नक्सली अपने साथ शवों और घायल व्यक्तियों को लेकर घटना-स्थल से भाग गए। जब उनकी अग्रिम पंक्ति भी सैन्य बलों को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकी, तो वे भी एक-एक करके घने जंगल में विलीन हो गए। नक्सलियों के साथ कठिन संघर्ष के बाद सैन्य दल कैंप की मोर्चेबंदी को तोड़ने और उसे उजाड़ने में सफल रहे। अत्यधिक ऊंचाई से घात लगाकर किए गए हमले का सामना करने में कोबरा कर्मी काफी कुशलता, अनुकरणीय साहस और दृढ़ निश्चय के साथ लड़े। यद्यपि सैन्य दलों को कोई शव नहीं िमला, लेकिन उनके दस्तावेज से इस बात की पुष्टि हुई है कि इस मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए थे। आगे और विश्लेषण से पता चला कि सैन्य दलों की गतिविधि की सूचना मिलने पर नक्सलियों ने कैंप खाली कर दिया था और बल कर्मियों को बड़े पैमाने पर हताहत करने के लिए अनेक घातें लगाईं थीं। यह अभियान जंगल युद्ध कला की एक उत्कृष्ट नजदीकी लड़ाई थी, जिसमें शत्रु को प्रभावशाली ऊंचाई और मजबूत कवर का लाभ मिला हुआ था। फिर भी दल अत्यधिक व्यावसायिक कुशलता, बहादुरी और अनुकरणीय साहस के साथ लड़ा और नक्सलियों को उचित जवाब दिया।

बरामदगी:

1.	भारमर राइफल	-	01
2.	नॉन-इलेक्ट्रिक डैटोनेटर	-	10
3.	उच्च विस्फोटक बम के खोखे	-	08
4.	उच्च विस्फोटक फायरिंग पिन	-	02
5.	विभिन्न गोलाबारूदों के खाली खोखे	-	75
6.	बैटरी	-	05
7.	पोलीथीन शीट		

8. खाद्य सामग्री और नक्सली साहित्य

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री रोहित कुमार, सहायक कमांडेंट, हरजिन्दर सिंह, उप-निरीक्षक और विकाश कुमार सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 05.02.2011 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 131-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. विश्व रंजन,
   सहायक कमांडेंट
2. राम बिलास,
   हेड कांस्टेबल/ड्राइवर
3. सदानंद यादव,
   हेड कांस्टेबल/ड्राइवर
4. इलंगबाम यामा सिंह,
   हेड कांस्टेबल
5. विष्णु पाधा जमातिया,
   हेड कांस्टेबल
6. शशीन्द्र कुमार शर्मा, (मरणोपरांत)
   कांस्टेबल
7. शैलेन्द्र नाथ बेरा,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

चक्रबंधा वन अपनी रणनीतिक स्थिति अर्थात जिला मुख्यालय से दूरी, झारखंड और उत्तर प्रदेश में बच निकलने के मार्ग, अगम्य क्षेत्र, पहाड़ी और घने जंगल और टूटी सड़कों के साथ खराब संचार सुविधा के कारण नक्सलियों के लिए सुरक्षित ठिकाना माना जाता था। नक्सलियों द्वारा बेस एरिया स्थापित करने के लिए इस क्षेत्र का चयन इरादतन किया जाता था। इस क्षेत्र को एक गढ़ के रुप में भी विकसित किया गया था, जहां बड़ी मात्रा में कार्मिक-रोधी और वाहन-रोधी बारुद सुरंगें बिछा दी जाती थीं, सुरक्षा बलों को फंसाने के लिए घात लगाकर हमला करने के संभावित स्थानों की पहचान कर ली जाती थी और प्रवेश मार्गों पर संतरियों की तैनाती कर दी जाती थी। इस क्षेत्र पर एक मिलिट्री कंपनी और अरविन्दजी, सीपीआई(माओवादी) के केन्द्रीय समिति सदस्य की कमान में एक प्लाटून के कब्जे में था, जिसे स्थानीय गुरिल्ला दस्तों का विधिवत समर्थन प्राप्त था। क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उनका समर्थन करने और तोड़-फोड़ तथा विनाशकारी गतिविधियों में भाग लेने के लिए मजबूर किया जाता था। इस पृष्ठभूमि में और अपने समक्ष आने वाली सभी बाधाओं को जानते हुए 47,159,205, 215 सीआरपीएफ, एसटीएफ और सिविल पुलिस के सैन्य दलों ने उनके बेस पर कार्रवाई करने और धावा बोलने की योजना बनाई। अपेक्षित योजना और तैयारी के पश्चात ऐसे सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए सैन्य दलों ने दिनांक 10.06.2012 को चक्रबंधा वन में प्रवेश किया। उन्होंने वन क्षेत्र की छानबीन और सफाई करना तथा बारुदी सुंरग वाले मार्गों को सुरक्षित बनाना आरंभ किया। लगभग 0600 बजे जब 159 बटालियन का हमला दल सं.-। जंगल और पहाड़ियों के बीच में मार्ग को सुरक्षित कर

रहा था (गांव-बलथारवा से लगभग 2 किमी. पहले), तभी फ्रंट पार्टी 1-1½ किमी. के क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा लगाई गई घात टुकड़ी की भारी गोलीबारी में आ गई। उन्होंने सड़क पर श्रृंखलाबद्ध लगाए गए 85 से अधिक आईईडी का विस्फोट किया और अपने आधुनिक हथियारों से सैन्य दलों पर भारी गोलीबारी की। कुछ सेकंड में ही शांत जंगल आईईडी विस्फोटों की ऊंची आवाजों और गोलियों के रूप में चारों और बरसती मौतों से युद्ध क्षेत्र में बदल गया। गोलियों की बौछार और आईईडी के विस्फोटों का सामना करते हुए बहादुर सैन्य दलों ने तुरंत रणनीतिक पोजीशन ली और नक्सलियों को चुनौती देते हुए प्रभावी रूप से जवाबी कार्रवाई की। हेड कांस्टेबल/जीडी ई. यामा सिंह, हेड कांस्टेबल/जीडी बी.पी. जमातिया, कांस्टेबल/जीडी शशीन्द्र कुमार शर्मा और अन्य लोगों को ले जा रहा बुलेट प्रूफ बंकर अनेक बारुदी सुरंगों के विस्फोट के कारण घात में फंस गए। उपर्युक्त तीनों कार्मिक आतंकित नहीं हुए, बल्कि अपनी रणनीतिक प्रतिकूल पोजीशन को अपने पक्ष में करने का प्रयास किया। पहले उन्होंने बंकर को नक्सलियों और घायल सैनिकों के बीच खड़ा किया, जिसने एक अवरोध के रुप में कार्य किया और फिर बंकर द्वारा प्राप्त ऊंचाई का लाभ उठाया और प्रभावी रुप से नक्सलियों पर गोलीबारी की। इससे सुरक्षा बलों को बड़े पैमाने पर हताहत करने का नक्सलियों का उद्देश्य विफल हो गया। बंकर से भारी गोलीबारी ने नक्सलियों को क्रोधित कर दिया और बंकर उनका मुख्य लक्ष्य बन गया। हताश होकर उन्होंने अपने स्वचालित हथियारों से बंकर पर भारी गोलीबारी आरंभ कर दी। गोलीबारी की मात्रा इतनी अधिक थी कि गोलियों ने बी.पी. बंकर के फायरिंग स्लाट में प्रवेश करना आरंभ कर दिया। लेकिन इससे बंकर के अंदर बैठा साहसी सैन्य दल विचलित नहीं हुआ और वे नक्सली पोजीशनों पर गोलीबारी करते रहे। एक नक्सली की गोली कांस्टेबल/जीडी शशीन्द्र कुमार शर्मा को लगी। गंभीर चोट के बावजूद इस बहादुर सिपाही ने गोलीबारी जारी रखी और नक्सलियों को भारी नुकसान पहुंचाया। उन्होंने युद्धक्षेत्र में नक्सलियों से लड़ते हुए वीरगति प्राप्त की।

श्री विश्व रंजन, सहायक कमांडेंट, जो इस हमला दल के कमांडर थे, घात क्षेत्र से बाहर थे। अपने सैनिकों और बंकर को घात में फंसा हुआ और नक्सलियों की लगातार गोलीबारी का सामना करते हुए देखकर, वे कांस्टेबल/जीडी राम बिलास, कांस्टेबल/जीडी एस.एन. बेरा और 03 अन्य कार्मिकों के साथ दूसरे बंकर पर चढ़े और अपने सैनिकों की सहायता करने के लिए इसे तेजी से घात क्षेत्र में ले गए। कमांडर का यह कार्य सामान्य स्थिति में बुनियादी सिद्धांतों के विरुद्ध हो सकता था, लेकिन उनकी बहादुरी, साहस और व्यावसायिकता के इस कार्य और अपनी सैन्य टुकड़ी तथा कर्तव्य के प्रति समर्पण से नक्सली आश्चर्यचकित रह गए। यूबीजीएल का उपयोग करके कमांडर और उनके छोटे दल की फायर सहायता ने फंसी सैन्य टुकड़ियों में नई जान फूंक दी और मिलकर उन्होंने नक्सलियों को पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया।

अपने कमांडर का साहस देखकर हेड कांस्टेबल/ड्राइवर सदानंद यादव, जो एमपीवी चला रहे थे, ने भी भारी गोलीबारी के बीच में अपना वाहन घुसा दिया और नक्सलियों की सीधी गोलीबारी से घायल और फंसे हुए कर्मियों को कवर करना आरंभ किया। अपनी जान की परवाह किए बिना उन्होंने घात क्षेत्र से 02 घायल कर्मियों और अन्य फंसे कर्मियों को एक-एक करके बाहर निकाला और उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले आए। वे घायल कर्मियों को उपचार उपलब्ध कराने के लिए इमामगंज की ओर आगे बढ़े। यह वाहन घात हमला क्षेत्र से लगभग 7-8 किमी. की दूरी पर सेबरा और कर्मस्थान के बीच फिर से भारी आईईडी विस्फोट में आ गया जिससे एमपीवी वाहन लगभग 10 फीट ऊपर हवा में उड़ा गया। लेकिन हेड कांस्टेबल/ड्राइवर सदानंद यादव ने वाहन पर नियंत्रण बनाए रखा और वाहन को सड़क के किनारे सुरक्षित ले आए। कुल मिलाकर हेड कांस्टेबल/ड्राइवर सदानंद यादव ने इस अभियान के दौरान 12 जवानों की बहुमूल्य जानें बचाई।

बाद में, घटना स्थल पर व्यापक तलाशी के दौरान भारी मात्रा में खाली कारतूस, कॉरडेक्स वायर और नक्सलियों द्वारा आईईडी विस्फोट में उपयोग किए गए इलेक्ट्रिक वायर के साथ नक्सलियों के दो शव बरामद हुए। बाद में उनकी पहचान फूल चंद भुइयां और सुकुन उर्फ केलू भुइयां के रुप में हुई। समजीत भुइयां नामक एक नक्सली भी सैन्य टुकड़ियों द्वारा पकड़ा गया था।

इस वीरतापूर्ण कार्य को करने में, उपर्युक्त कर्मियों ने प्रतिकूल परिस्थितियों में बड़ी संख्या में नक्सलियों के विरुद्व अत्यधिक व्यक्तिगत जोखिम उठाते हुए उत्कृष्ट वीरता, विशिष्ट बहादुरी और अपूर्ण साहस का प्रदर्शन किया है। उनकी वीरतापूर्ण कार्रवाई से ही इस अभियान में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त हुई।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री विश्व रंजन, सहायक कमांडेंट, राम बिलास, हेड कांस्टेबल/ड्राइवर, सदानंद यादव, हेड कांस्टेबल/ड्राइवर, इलंगबाम यामा सिंह, हेड कांस्टेबल, विष्णु पाधा जमातिया, हेड कांस्टेबल, (स्वर्गीय) शशीन्द्र कुमार शर्मा, कांस्टेबल और शैलेन्द्र नाथ बेरा, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10.06.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 132-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. देवेन्द्र सिंह पाल,
   उप कमांडेंट
2. महिपाल सिंह रावत,
   उप निरीक्षक
3. अनिल कुमार यादव,
   उप निरीक्षक
4. चंदन कुमार,
   कांस्टेबल
5. बिजु कुमार रामचारी,
   कांस्टेबल
6. सुनील पासवान,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 12.04.2013 को नेंगसात के जंगल में काफी भीतर एक हटमेंट में आधुनिक हथियारों से लैस दस कैडरों के साथ जीएनएलए के सोहन-डी-शीरा (कमांडर-इन-चीफ) की उपस्थिति के बारे में विश्वसनीय सूचना मिलने पर, मेघालय पुलिस के एसडब्लूएटी दल के साथ कोबरा के सैन्य दलों ने 210 कोबरा के देवेन्द्र सिंह पाल, उप कमांडेंट की कमान में एक अभियान शुरु किया गया। 2300 बजे ब्रीफिंग के बाद, दल अभियान के लिए निकले और 0015 बजे जंगल की सीमा पर पहुंचे। रात्रि के दौरान पहाड़ी के ऊपर स्थित दुश्मन वाले जोखिम-भरे क्षेत्र में ऊपर की ओर चढ़ाई करना एक अत्यंत कठिन और जोखिम भरा कार्य था, लेकिन फिर भी दल 0430 बजे तक धीरे-धीरे हटमेंट के निकट पहुंचने में सफल रहे। कोबरा की कट-ऑफ टीमों ने अपने आप को कुशलतापूर्वक लक्ष्य क्षेत्र के आस-पास पोजीशन किया और हमला दल अंतिम तलाशी और हमले के लिए तैयार हो गया। पिछली मुठभेड़ों को ध्यान में रखते हुए, जिनमें विद्रोही किसी तरह घेरे से चुपके से बचकर निकल गए थे, अभियान कमांडर श्री देवेन्द्र सिंह पाल, उप कमांडेंट ने एक मजबूत कट ऑफ दल की योजना बनाई और व्यक्तिगत रुप से इसकी कमान संभालने का निर्णय लिया। भागने से रोकने के लिए 8 कट-ऑफ लगाए गए थे और उन्हें छिपाकर और सामरिक रुप से लगाने के बाद श्री देवेन्द्र सिंह पाल, उप कमांडेंट ने अपने आप को कट-ऑफ सं. 2 के साथ रखा और उप-निरीक्षक/जीडी एम.एस. रावत की कमान में हमला दल को आगे बढ़ने और हटमेंट की तलाशी लेने का आदेश दिया। हमला दल कुशलतापूर्वक छिपने के संभावित स्थान पर पहुंचा और विद्रोहियों के अचानक आक्रमण का सामना करने के लिए तैयार हो गया। तलाशी ली गई लेकिन विद्रोहियों का पता नहीं चला। दिनांक 13.4.2013 को लगभग 0600 बजे कुछ सशस्त्र विद्रोहियों को पास वाली पहाड़ी से हटमेंट की ओर नीचे आते हुए देखा गया। वे कट-ऑफ 3 और 4 के बीच आए, लेकिन कट-ऑफ रणनीतिक रुप से शांत रहे, धैर्यपूर्वक इंतजार किया और विद्रोहियों को घेरे में आने दिया। जैसे ही विद्रोहियों ने हेड कांस्टेबल/जीडी डी.एल. मीणा की कमान वाले कट-ऑफ 3 के घातक क्षेत्र में प्रवेश किया, उन्हें चेतावनी दी गई और उन्हें अपने हथियार डालने का निर्देश दिया गया लेकिन विद्रोहियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की और इधर-उधर भाग गए। कट-ऑफ 3 ने भी जवाबी कार्रवाई की लेकिन सीमित गोलीबारी की क्योंकि हमला दल भी उसी दिशा में था। उनमें से लगभग 6 विद्रोही हमला दल की ओर दौड़े और हमला दल को देखकर उन्होंने उन पर निकट से अंधाधुंध गोलीबारी की। हमला करने वाले विद्रोहियों के रुप में मौत से अचानक मुठभेड़ और उनकी आग उगलती बंदूकें किसी भी साहसी सिपाही को भयभीत कर सकती थी, लेकिन अपनी स्वयं की सुरक्षा की परवाह किए बिना और अपने काफी नजदीक से जाती गोलियों से बेखबर उप-निरीक्षक/जीडी एम.एस. रावत, कांस्टेबल/जीडी चंदन कुमार और कांस्टेबल/जीडी बिजु रामचारी गोलियों के बदले गोलियां चलाकर विद्रोहियों पर जवाबी हमला किया। तीव्र गोलीबारी तीन बहादुर सिपाहियों को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकी और उन्होंने गोलीबारी की और रणनीतिक तरीके से विद्रोहियों की ओर आगे बढ़े। तीव्र संघर्ष लगभग 5 मिनट तक चला जिसके बाद विद्रोही तेजी से जंगल की ओर चले गए। संघर्ष के दौरान दो विद्रोहियों को गोली लगी लेकिन वे जंगल में बच निकलने में सफल रहे।

कुछ विद्रोही अपनी जान बचाने के लिए सीधे कट-ऑफ सं. 2 की ओर भागे जहां से श्री देवेन्द्र सिंह पाल, उप कमांडेंट मुठभेड़ को समन्वित कर रहे थे। जब विद्रोहियों ने अपने आप को घिरा हुआ पाया, तो वे घायल शेर बन गए और सैन्य दलों पर अंधाधुंध गोलीबारी की। गोलीबारी इतनी तेज थी कि सैन्य दल आगे नहीं बढ़ सके और विद्रोहियों पर जवाबी गोलीबारी नहीं कर सके। श्री देवेन्द्र सिंह पाल, उप कमांडेंट, अपने साथियों की जान को खतरे को भांपकर कवर से बाहर निकले और अपनी जान की परवाह किए बिना विद्रोहियों पर धावा बोल दिया। उनकी लक्षित और सही गोलीबारी के कारण एक विद्रोही मारा गया और अन्य दो घायल हो गए जिनकी बाद में मौत होने की सूचना मिली। इससे विद्रोही दूसरी दिशा की ओर भागे। बच कर भागने के लिए कुछ विद्रोही सीधे उप-निरीक्षक/जीडी अनिल कुमार यादव के नेतृत्व वाली कट-ऑफ सं. 6 की ओर भागे। सैन्य-टुकड़ियों से पुन: चेतावनी मिलने पर, बच कर भाग निकलने के अपने अंतिम प्रयास में विद्रोहियों ने घेरा तोड़ने की हर संभव कोशिश की। सामान्य हथियारों के साथ-साथ देशी हथियारों से भारी गोलीबारी हुई जिससे पूरी घाटी हिल गई। उप-निरीक्षक/जीडी अनिल कुमार यादव और उनके दल ने हमले का सामना करते हुए विद्रोहियों पर जवाबी गोलीबारी की लेकिन विद्रोहियों द्वारा की गई भारी गोलीबारी के कारण वे लक्षित गोलीबारी नहीं कर सके। ऐसा महसूस होने पर उप-निरीक्षक/जीडी अनिल कुमार यादव ने अपने साथी कांस्टेबल/जीडी सुनील पासवान को अपने साथ आने के लिए कहा और वे दोनों चुपके से विद्रोहियों की गोलीबारी से बाहर निकल गए। गोलीबारी और देशी हथियारों के विस्फोटों के बीच वे लगभग 50 गज तक रेंगकर उस स्थान तक गए जहां से जवाबी हमला किया जा सके। इसके अलावा, पेड़-पौधों का फायदा उठाकर वे विद्रोहियों के और नजदीक पहुंच गए और उनमें से 3 पर प्रहार किया। एक विद्रोही की घटना-स्थल पर ही मौत हो गई और अन्य विद्रोही अपनी जान बचाने के लिए भागे और घने जंगल में भागने में सफल रहे।

गोलीबारी बंद होने के बाद, क्षेत्र की अच्छी तरह से तलाशी ली गई और एक एके-56 राइफल, एक 7.65 एमएम पिस्तौल, चार जिलेटिन स्टिक, पचास डेटोनेटर, तीन वायरलेस सेटों और कई अन्य अभिशंसी सामानों के साथ जीएनएलए कैडर के दो शव बरामद किए गए। चार अन्य जीएनएलए कैडरों की मौत की भी सूचना मिली थी, लेकिन उनके शव बरामद नहीं किए जा सके।

यह अभियान अत्यधिक सामरिक कुशलता और साहस के साथ चलाया गया था, जिसके परिणामस्वरुप भारी हथियारबंद और खूंखार विद्रोही को निष्क्रिय किया गया और इसे विद्रोह के इतिहास में याद किया जाएगा।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री देवेन्द्र सिंह पाल, उप कमांडेंट, महिपाल सिंह रावत, उप निरीक्षक, अनिल कुमार यादव, उप निरीक्षक, चंदन कुमार, कांस्टेबल, बिजु कुमार रामचारी, कांस्टेबल एवं सुनील पासवान, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13.04.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 133-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. महेन्द्र कुमार,
   द्वितीय-कमान
2. सिंकु शरण सिंह,
   सहायक कमांडेंट
3. मोहन सिंह बिष्ट,
   उप निरीक्षक
4. दलीप सिंह,
   कांस्टेबल

5. अमित कुमार,
   कांस्टेबल

6. अजीत कुमार सिंह,
   कांस्टेबल

7. नवनीश कुमार,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

बिहार के गया एवं औरंगाबाद जिले में चक्रबंधा के बारुदी सुरंग से पटे, जंगलों तथा पहाड़ी वाले क्षेत्र में पड़ोसी राज्यों के वरिष्ठ नक्सली कैडरों की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट सूचना के आधार पर, 205 कोबरा, 159, 47 एवं 153 बटालियनों के कमांडेंटों के समन्वय से श्री उमेश कुमार, आई.पी.एस., डी.आई.जी., सी.आर.पी.एफ., पटना ने वहां एक अभियान चलाने की योजना बनाई। दिनांक 06.09.2012 के इस अभियान योजना सं. 205060912215 के अनुसार दिनांक 07.09.2012 को 0200 बजे से 04 दिनों के लिए बिहार के गया और औरंगाबाद जिले में पड़ने वाले चक्रबंधा जंगल के क्षेत्र में तलाशी एवं मुकाबला संबंधी अभियान के संचालन के लिए स्थानीय पुलिस के साथ 205 कोबरा की 08 टीमों, 203 कोबरा की 04 टीमों, 159 बटालियन, सी.आर.पी.एफ. की 04 कंपनियों, 47 बटालियन की 02 कंपनियों तथा 153 बटालियन और 215 बटालियन की प्रत्येक की 01 कंपनी और एसटीएफ की 04 टीमों को कार्य सौंपा गया। उपयुक्त ब्रीफिंग के पश्चात सभी टीमों की संपूर्ण कमान 205 कोबरा के द्वितीय कमान, महेन्द्र कुमार को सौंपी गयी।

अभियान के दूसरे दिन, अर्थात दिनांक 08.09.2012 को लगभग 0600 बजे शुरु किए गए अभियान के बाद जब महेन्द्र कुमार, 2-आई/सी के पर्यवेक्षण में डी/205 कोबरा की 02 टीमें (सिंकु शरण सिंह, सहायक कमांडेंट, के नेतृत्व में टीम सं. 10 और महेन्द्र कुमार सिंह, 2-आई/सी, के नेतृत्व में टीम सं.12) लगभग 1120 बजे लक्षित क्षेत्र के नजदीक पहुंच रही थी, तभी उन्हें डुमरी नाला की ओर लगभग 350 मीटर की दूरी पर एक शक्तिशाली आईईडी का धमाका सुनाई दिया, जिसके फौरन बाद इन दलों की टुकड़ियों पर नक्सलियों की ओर से गोलियों की बौछार की जाने लगी। नक्सली ऊंचाई वाले स्थानों पर चट्टानों के पीछे सुरक्षित रुप से छिपे हुए थे जो कि उन्हें प्राकृतिक एवं अभेद्य बचाव प्रदान कर रहा था और साथ ही उन्होंने अपने सामने के हिस्से में बारुदी सुरंग बिछा रखी थी और इस प्रकार वे सुरक्षा बलों को प्रभावी रुप से भारी क्षति पहुंचाने की स्थिति में थे। तथापि, कोबरा के उच्च प्रशिक्षण प्राप्त और कठिन परिस्थितियों में भी लड़ने के लिए तैयार टुकड़ियां नक्सलियों के इरादे कामयाब नहीं होने दे सकती थीं।

मुख्य दलों को कवरिंग फायर प्रदान करने के लिए पीछे छोड़कर, 2 आई/सी, महेन्द्र कुमार ने सहायक कमांडेंट सिंकु शरण सिंह, एसआई/जीडी मोहन सिंह बिष्ट, कांस्टेबल/जीडी अमित कुमार, कांस्टेबल/जीडी नवनीश कुमार और कांस्टेबल/जीडी अजीत कुमार सिंह के एक छोटे समूह के साथ भारी बारुदी सुरंग बिछे हुए क्षेत्र की परवाह किए बगैर नक्सलियों पर गोलीबारी करते हुए बेहद सूझबूझ से आगे बढ़ना जारी रखा और उन्होंने नक्सलियों को उनके स्थान से खदेड़ कर अत्यधिक रणनीतिक महत्व वाले ऊंचे स्थान पर कब्जा कर लिया। यद्यपि, रुक-रुक कर लगभग 5 घंटे तक गोलीबारी होती रही, तथापि, दिलेर लड़ाकों की यह छोटी सी टुकड़ी रेंगते हुए नक्सलियों के बेहद नजदीक वाले स्थान पर पहुंच गयी जहां गोली से बचने का ठिकाना नहीं था और वहां से उन्होंने थोड़ा ऊपर उठते हुए गोलीबारी की सही दिशा के लिए पहले दिखाने एचई बम, यूबीजीएल शेल और राइफल ग्रेनेड का प्रयोग करके कम से कम उन दो नक्सलियों को मार गिराया, जो सुरक्षा बलों के दल/टीम पर गोलियों की बौछार कर रहे थे। इसके पश्चात, उपर्युक्त टीम ने प्रभावी रुप से यूबीजीएल शेल, 51 एमएम मोर्टार, एचई बम और राइफल ग्रेनेड का प्रयोग करना शुरु कर दिया। 2-आई/सी, महेन्द्र कुमार की टुकड़ी और इस छोटी टीम द्वारा सामने से अचानक किए गए हमले से नक्सली भौंचक्के रह गए और वे पीछे हटने पर मजबूर हो गए। संपूर्ण अभियान के दौरान, उपर्युक्त अधिकारी और उनकी टीम के सदस्यों ने अनुकरणीय साहस, बहादुरी और वीरतापूर्ण कार्य का प्रदर्शन किया, जिसमें गंभीर व्यक्तिगत जोखिम शामिल था।

इसी बीच, उप कमांडेंट, लाल के अधीन टीम सं. 2 और सहायक कमांडेंट, नीरज कुमार के अधीन टीम सं.3, जिन्हें पहले ही इस गोलीबारी वाले स्थान के पश्चिमी ओर से एक तरफ से आगे बढ़ने का आदेश दिया गया था, चट्टानों से भरे भूभाग और बारुदी सुरंग वाला क्षेत्र होने के कारण वांछित मार्ग पर थोड़ी धीमी गति से आगे बढ़ रही थी। लगभग 1646 बजे टीम सं. 3(जो 1130 बजे से ही पश्चिमी ओर से सूझबूझ से आगे बढ़ रही थी) जब डुमरी नाला के दक्षिण पूर्व की ओर लगभग 170 मीटर आगे बढ़ी, तभी उसके स्काउट्स कांस्टेबल/जीडी भृगु नंदन चौधरी और कांस्टेबल/जीडी दलीप सिंह नक्सलियों की गोलीबारी के दायरे में आ गए और उन्होंने आत्मरक्षा में जवाबी गोलियां चलाईं, जिसमें एक नक्सली स्काउट मारा गया। इसके बाद फिर से वहां भारी गोलीबारी शुरु हो गई और कांस्टेबल/जीडी जोध सिंह, अमन कुमार, मनोज कुमार, रंजेश राय और टीम लीडर एसी नीरज कुमार के साथ-साथ उक्त दोनों स्काउट नक्सलियों के साथ

सूझबूझ से मुकाबला करने के लिए आगे बढ़ गए। उसी समय नक्सलियों ने आईईडी से धमाका किया जिससे कांस्टेबल/जीडी भृगु नंदन चौधरी, कांस्टेबल/जीडी दलीप सिंह, कांस्टेबल/जीडी जोध सिंह और एसी नीरज कुमार घायल हो गए।

दल में आगे होने के कारण कांस्टेबल/जीडी भृगु नंदन चौधरी के दोनों पैर बुरी तरह से जख्मी होकर पूरी तरह से विकृत हो चुके थे। तथापि, असहनीय पीड़ा के बावजूद यह स्थिति उन्हें रेंगते हुए आगे बढ़कर एक गड़े के निकट पोजीशन लेने और नक्सलियों पर गोलीबारी जारी रखने से नहीं रोक सकी और अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने कांस्टेबल/जीडी दलीप सिंह के शस्त्र की मैगजीन को बदला, जो कि आईईडी के धमाके के परिणामस्वरुप उनके हाथ से फिसल गया था और ऐसा करते हुए उन्होंने दलीप सिंह को नक्सलियों पर गोलीबारी जारी रखने में सहायता प्रदान की। कांस्टेबल/जीडी दलीप सिंह ने भी शुरुआती झटके से उबरते हुए अपने घायल हाथों से नक्सलियों पर गोलीबारी शुरु कर दी और उन्हें मुख्य दल के सदस्यों को घायल करने तथा उनके हथियार छीनने के लिए नजदीक आने से रोकते हुए एक निश्चित दूरी पर उलझाए रखा। यदि टीम सं. 3 के स्काउट्स ने असाधारण साहस का प्रदर्शन नहीं किया होता, तो बड़ी संख्या में दल के सदस्य हताहत हो जाते। आईईडी के धमाकों से घायल होने के बावजूद नक्सलियों से मुकाबला जारी रखते हुए कांस्टेबल/जीडी दलीप सिंह ने मौत को ललकारने वाले साहस एवं बहादुरी का प्रदर्शन किया।

इस अभियान में, बुद्धिमत्तापूर्ण योजना, सटीक निष्पादन, सही रणनीति के साथ-साथ अत्यंत व्यक्तिगत जोखिम के समक्ष 2-आई/सी, महेन्द्र कुमार, एसी, सिंकु शरण सिंह, एसआई/जीडी मोहन सिंह बिष्ट, कांस्टेबल/जीडी, अमित कुमार, कांस्टेबल/जीडी, दलीप सिंह, कांस्टेबल/जीडी, नवनीश कुमार और कांस्टेबल/जीडी अजीत कुमार सिंह द्वारा प्रदर्शित अनुकरणीय नेतृत्व एवं बहादुरी, असाधारण साहस एवं वीरता के कारण सफलता प्राप्त हुई, जिसके लिए वे सराहना एवं सम्मान के पात्र हैं।

विभिन्न चैनलों तथा समाचार पत्रों की रिपोर्टों के माध्यम से प्राप्त आसूचना संबंधी सूचनाओं के अनुसार इन मुठभेड़ों के दौरान सीपीआई (माओवादी) के एक जोनल कमांडर, अरबिंद भुइयां सहित कम से कम आधा दर्जन कुख्यात नक्सली मारे गए थे और इस गोलीबारी में दर्जनों अन्य नक्सली घायल हुए थे। एक संदिग्ध नक्सली को, जिसे ए-205 कोबरा की टीम सं.-02 द्वारा गिरफ्तार कर सिविल पुलिस के हवाले कर दिया गया था, और प्रारंभिक पूछताछ के उपरांत रिहा कर दिया गया था।

बरामदगी:-

01. इलेट्रॉनिक डेटोनेटर-96
02. बेस प्लग और स्प्रिंग के साथ भारी विस्फोटक हथगोले के 15 खोखे और बेस प्लग के बगैर 03 हथगोले
03. डेटोनेटिंग कॉर्ड-150 मीटर
04. लैंड माइन बम-65
05. भारी विस्फोटक पाउडर-02 कि.ग्रा.
06. डायरेक्ट करंट चार्जर-01
07. टिफिन बम-01
08. डेटोनेटर के साथ पाइप बम-01
09. डेटोनेटर के बगैर पाइप बम-07
10. काले रंग का बिजली का तार-40 मीटर
11. गोला बारुद 30-6-6 के खोखे-37
12. गोला बारुद 30-0-6 के जिंदा राउंड-01
13. 7.62 एमएम चार्जर क्लिप-03
14. 7.62 एमएम के खोखे-79
15. 7.62 एम एम x 39 एमएम के खोखे-59
16. 5.56 एमएम के खोखे-19
17. 7.2 के जिंदा राउंड-10

18. 7.2 के खोखे-07

19. नक्सल साहित्य-02

20. वसंत जी की चिकित्सा पर्ची-01

21. बैग-01

22. पॉलीथीन शीट-20 मीटर

23. बिजली रहित डेटोनेटर-03

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री महेन्द्र कुमार, द्वितीय कमान, सिंकू शरण सिंह, सहायक कमांडेंट, मोहन सिंह बिष्ट, उप निरीक्षक, दलीप सिंह, कांस्टेबल, अमित कुमार, कांस्टेबल, अजीत कुमार सिंह, कांस्टेबल और नवनीश कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 08.09.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 134-प्रेज/2014 राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. गुरुचरण कालिंदिया,
   सहायक कमांडेंट

2. धर्मेंद्र राय,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 29.05.2012 को 20:30 बजे श्री गुरुचरण कालिंदिया, सहायक कमांडेंट को पुलिस अधीक्षक, शिवसागर से पुलिस स्टेशन-मथुरापुर के अंतर्गत गांव-लेंगीबोर में उल्फा/एटी के कुख्यात कैडरों, रुपांतर काकोती, आधरुमन बरुआ, फणींद्र मोरन/रॉबिन चेतिया की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली। यूनिट कमांडेंट, श्री शैलेन्द्र के साथ विचार-विमर्श के पश्चात सक्रिय कार्रवाई के दौरान अतिरिक्त सहायता के लिए निरीक्षक/जीडी, ग्यासुद्दीन की कमान के अधीन टीम सं.17 के साथ-साथ आक्रमण के मोड में श्री गुरुचरण कालिंदिया, सहायक कमांडेंट की कमान के अधीन टीम सं. 10 के साथ बदलते वर्तमान परिदृश्य के अनुसार वहां घेराबंदी डालने और तलाशी अभियान की योजना बनाई गई।

दिनांक 30.05.2012 को दोनों टीमों को छोटे समूहों में विभाजित कर उन्हें घेराबंदी के लिए पुन: छोटे-छोटे समूहों में विभाजित करने के अलावा कट ऑफ डालने के लिए संदिग्ध क्षेत्रों में अलग-अलग हिस्सों में तैनात कर दिया गया। उसी समय सहायक कमांडेंट, श्री गुरुचरण कालिंदिया की कमान के अधीन एक सेक्शन को असम पुलिस कमांडो के एक सेक्शन के साथ पहाड़ी भूभाग में इधर-उधर स्थित घरों के विभिन्न क्लस्टरों में तलाशी के कार्य में लगाया गया। जैसे ही सहायक कमांडेंट, श्री गुरुरचरण कालिंदिया के कमान वाली टीम एक ऊंचे टीले के नीचे से गुजर रही थी, उसी समय ऊंचाई पर रणनीतिक दृष्टि से पोजीशन लिए हुए उल्फा के समूह ने अचानक स्वचालित हथियारों से उस टुकड़ी पर गोलीबारी शुरु कर दी, जिसका कोबरा तथा असम पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा तत्काल जवाब दिया गया। सहायक कमांडेंट, श्री गुरुचरण कालिंदिया और कांस्टेबल/जीडी धर्मेन्द्र राय ने अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बगैर आगे बढ़कर जवाबी हमला किया और अंतत: उल्फा के समूह की हिम्मत जवाब दे गई और वे टीले से नीचे कूद गए। श्री गुरुचरण कालिंदिया और कांस्टेबल/जीडी धर्मेन्द्र राय ने उनका पीछा किया और दो उग्रवादियों को उलझाते हुए अपना निशाना बनाया और इसी बीच उग्रवादियों

ने कोबरा पार्टी पर दो हथगोले फेंके लेकिन सहायक कमांडेट श्री गुरुचरण कालिंदिया के नेतृत्व वाली पार्टी ने उन्हें नाकाम कर दिया। सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण बुरी तरह से घायल कैडरों ने भाग कर नागालैंड में प्रवेश कर लिया और वे चारों ओर जंगल में उगी घनी झाड़ियों में छिप कर गायब हो गए। उसके बाद टुकड़ी ने बेहद सूझबूझ से उस क्षेत्र की तलाशी ली और उन्होंने वहां से 01 मैगजीन तथा 42 जिंदा राउंड के साथ 01 एके-56, 02 हथगोले, 01 पिस्तौल की मैगजीन, 01 आईईडी और 10 कारतूस बरामद किया।

दिनांक 01.06.2012 को, पुलिस पार्टी को गांव-लेंगीबोर (असम-नागालैंड सीमा) से बुरी तरह से घायल अवस्था में हीरेन गोगोई उर्फ रॉबिन चेतिया नामक उल्फा के एक कैडर को गिरफ्तार करने में सफलता मिली और उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया। उसने बताया कि मुठभेड़ के दौरान उल्फा के कुख्यात कैडर प्रदीप गोगोई, रुपांतर कोकोनी, आधरुमण बरुआ और फणींद्र मोरन उनके साथ थे और उनमें से दो को कोबरा पार्टी की गोली लगी थी।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री गुरुचरण कालिंदिया, सहायक कमांडेंट और धर्मेंद्र राय, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30.05.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 135-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री सौनक कुमार दास, (मरणोपरांत)
सहायक कमांडेंट

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री सौनक कुमार दास, सहायक कमांडेंट को दिनांक 31.05.2013 को लगभग 1330 बजे विश्वस्त सूत्र से यह सूचना प्राप्त हुई कि छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर उनकी जिम्मेवारी वाले क्षेत्र में नक्सलियों के एक समूह ने डेरा डाल रखा है और वे सुरक्षा बलों पर भारी हमले की योजना बना रहे हैं। सौनक कुमार दास, सहायक कमांडेंट ने तत्काल अपने सुरक्षा बलों को इकटठा कर 'ए' स्तर के अभियान की योजना बनाई और उन्होंने चिड़ईपानी क्षेत्र के गहरे और घने जंगलों में, जहां नक्सलियों के छिपे होने की सूचना थी, अपनी टुकड़ी का नेतृत्व किया। अधिकारी और उनकी टुकड़ी ने जंगल को छान मारा, लेकिन उन्हें किसी संदिग्ध गतिविधि का पता नहीं चला। अगले दिन जब टुकड़ी अपने शिविर की ओर लौट रही थी, तभी पुन: श्री सौनक कुमार दास, एसी को अपने स्थानीय स्रोत से सूचना मिली कि नक्सलियों का एक समूह खल्लारी नाले से आगे खल्लारी के जंगल में छिपा हुआ है। चूंकि वह क्षेत्र बेहद दुर्गम और जोखिम भरा था, इसलिए श्री सौनक कुमार दास, सहायक कमांडेट ने बोराई के थाना प्रभारी से टेलीफोन पर संपर्क किया। सिविल पुलिस के प्रतिनिधियों के साथ-साथ सौनक कुमार दास, एसी बी/डी के विशेष प्लाटूनों के साथ उसे क्षेत्र के लिए फौरन रवाना हो गए।

बताए गए क्षेत्र के निकट पहुंचने से पूर्व श्री सौनक कुमार दास, एसी ने सूचना की पुष्टि करने के लिए गांव में स्थानीय स्रोत से संपर्क किया और उन्होंने सूचना की पुष्टि की प्राप्ति के आधार पर कट ऑफ के रुप में खल्लारी नाला के किनारे बी/211 की प्लाटून को तैनात कर दिया और स्थानीय पुलिस के मार्गदर्शन में वे लक्षित क्षेत्र की ओर आगे बढ़ गए। जब यह पार्टी खल्लारी गांव के साथ वाले घने जंगल में आगे बढ़ रही थी, तभी उन्होंने वहां कुछ संदिग्ध गतिविधियों के साथ-साथ पद चिन्ह देखे, जो संदिग्ध रुप से उन नक्सलियों के प्रतीत हो रहे थे। उन्होंने जंगल के काफी भीतर घुसते हुए, पद चिन्हों के पीछे चल कर टुकडी का नेतृत्व करते हुए नक्सलियों का ठिकाना ढूंढ़ निकाला। जब यह पार्टी नक्सलियों के छिपने के ठिकाने के निकट पहुंची, तभी एक छोटे चट्टान के पीछे छिपे भारी हथियारों से लैस नक्सलियों के एक समूह ने अलग-अलग दिशाओं से पुलिस दल पर गोलियों की बौछार शुरु कर दी। तत्काल, श्री सौनक कुमार दास, एसी और उनकी टुकड़ी ने प्रभावी गोलीबारी के साथ इसका जवाब दिया। तत्पश्चात, डी/211 की टुकड़ी और सशस्त्र नक्सलियों के बीच परस्पर भारी गोलीबारी हुई।

अफरा-तफरी वाली इस गोलीबारी में श्री सौनक कुमार दास, एसी को गोली लग गई। गोलियों से छलनी होने के बावजूद उन्होंने प्रभावी रुप से अपनी टुकडी का नेतृत्व करते हुए जवाबी हमला जारी रखा। उनके सतत एवं उत्साहवर्धक प्रयासों के कारण टुकड़ी ने पूरे जोश के साथ बहादुरी से नक्सलियों का मुकाबला किया। टुकड़ी द्वारा की गई प्रभावी गोलीबारी के परिणामस्वरुप नक्सली, जो कि भारी हथियारों से लैस थे और अपना आधिपत्य कायम रखने के लिए ऊंचाई वाले स्थानों पर बैठे हुए थे, अपनी पोजीशन को छोड़कर घने जंगल की आड़ में भागने को मजबूर हो गए और भागते समय वे अपने थैले व अन्य आवश्यक सामग्रियां पीछे छोड़ गए। यद्यपि, सामने रह कर नेतृत्व प्रदान कर रहे श्री सौनक कुमार दास, एसी घायल थे और उनके शरीर से काफी खून बह रहा था, तथापि, उन्होंने नक्सलियों पर गोली चलाते हुए अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन किया और अपनी टुकड़ी को जवाबी हमले के लिए प्रेरित किया। ऐसा करके उन्होंने सुरक्षा बलों को बड़ी क्षति से बचाया। गंभीर रुप से घायल सौनक कुमार दास, एसी को फौरन वहां से नागरी जन स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां उन्हें 'मृत लाया गया' घोषित कर दिया गया। उनकी मृत्यु का कारण 'गोली लगने से घायल होने के कारण हुआ आघात और हैमरेज'' बताया गया। इसके बाद अगले दिन कुछ स्थानीय लोगों द्वारा सूचित किया गया कि नक्सलियों के छिपने वाले स्थान पर चारों तरफ खून के धब्बे थे, और कुछ स्थानीय समाचार पत्रों ने भी खबर दी कि दोनों ओर से गोलीबारी के दौरान कुछ नक्सली या तो मारे गए थे या बुरी तरह घायल हो गए थे।

श्री सौनक दास, एसी एक बहादुर अधिकारी थे, जिन्होंने सामने से टुकड़ी का नेतृत्व किया। गंभीर रुप से घायल होने के बावजूद और अपनी जान की परवाह किए बगैर उन्होंने बड़ी संख्या में भारी हथियारों से लैस नक्सलियों के विरुद्व अपने जवानों का नेतृत्व किया। इस अधिकारी के साहसिक एवं बहादुरीपूर्ण कार्य ने सुरक्षा बलों को हताहत करने के नक्सलियों के प्रयास को विफल किया और अपने कार्मिकों की जान बचाई। इस अधिकारी ने राष्ट्र के लिए कर्त्तव्य की राह पर अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

इस मुठभेड़ में (स्व.) श्री सौनक कुमार दास, सहायक कमांडेंट ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, राष्ट्रपति का पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 01.06.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 136-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. जयशंकर कुमार उपाध्याय, (मरणोपरांत)
   सहायक कमांडेंट
2. चित्रसेन गौंड,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस स्टेशन-पाइकमल, जिला-बोलनगीर के अंदर गंधमर्धन पहाड़ी (बोलनगीर-बारगढ़, सीमा) के क्षेत्र में माओवादी समूह (20-25) की मौजूदगी और वहां उनके द्वारा कुछ हिंसक गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बनाने की सूचना की प्राप्ति के आधार पर 216 बटालियन, सीआरपीएफ, 12 बटालियन, सीआरपीएफ, राज्य के एसओजी और डिस्ट्रिक्ट वालंटरी फोर्स (डीवीएफ) की टुकड़ियों को शामिल करते हुए एक अभियान चलाने की योजना बनाई गई। सैन्य टुकड़ियों को 4 दलों में विभाजित किया गया और उन्हें जंगल की सघन तलाशी लेने का कार्य सौंपा गया, जिसमें पूरा दो दिन का समय लगता था। सभी दलों को अलग-अलग दिशाओं से इस कार्य में लगाया गया, ताकि वे उग्रवादियों के भाग निकलने के मार्गों को कवर कर सकें और उन पर बहु-आयामी हमले की शुरूआत कर सकें। 12वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट, जयशंकर कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में बारगढ़ के डीवीएफ के 14 कार्मिकों के साथ-साथ सीआरपीएफ के बारह कार्मिकों के एक दल द्वारा मर्यादापल्ली की ओर से दिनांक 04.09.2013 को अभियान की शुरूआत की गई। यह

क्षेत्र भौगोलिक रूप से बेहद कठिनाई वाला है जहां की स्थलाकृति में खड़ी पहाड़ी और घने जंगल हैं और यह माओवादियों की सशक्त मौजूदगी के लिए बदनाम है। गंधमर्दन पहाड़ी की विभिन्न चोटियों और जंगलों की दिनांक 04.09.2013 और 05.09.2013 तक दो दिनों की तलाशी के पश्चात सैन्य टुकड़ियां पहाड़ी की चोटी के ऊपर रात्रि विश्राम के पश्चात दिनांक 06.09.2013 को लगभग 0400 बजे नीचे उतरने लगीं। जैसे ही ये टुकडियां उस क्षेत्र को पार करते हुए आगे बढ़ रही थीं, तभी नागीहरन नाला के निकट उन पर नक्सलियों ने घात लगाकर हमला कर दिया और अंधाधुंध भारी गोलीबारी करने लगे। नक्सलियों ने नाले के दोनों तरफ पोजीशन ले रखी थी और वे बेहतर स्थिति में थे। सैन्य टुकड़ियों ने जल्द ही स्वयं को जोखिमप्रद स्थिति में पाया, जहां नक्सलियों की आग उगलती बंदूकों की गोलियों और उनकी ओर फेंके गए हथगोलों के विस्फोटों से उनकी जान गंभीर खतरे में थी। शुरूआती आघात और अचरज से उबरते हुए सहायक कमांडेंट, जयशंकर कुमार उपाध्याय ने अत्यंत साहस का प्रदर्शन करते हुए दुश्मन की भारी गोलीबारी का प्रभावी जवाब दिया और टुकड़ियों का भी मनोबल बढ़ाया। थककर चूर होने और घिर जाने के बावजूद सैन्य टुकड़ियों ने बहादुरीपूर्वक जवाबी कार्रवाई की और वे रेंगते हुए सुरक्षित स्थानों की ओर चले गए।

दोनों ओर से बेहद नजदीक से भयंकर गोलीबारी हुई, लेकिन सुरक्षा बलों के समक्ष भारी बाधाएं थीं, क्योंकि नक्सली ऊंचे स्थानों पर निर्मित अपने सुरक्षित मोर्चे पर अच्छी तरह से तैनात थे, जबकि सैन्य टुकड़िया लगभग खुले स्थान में उपलब्ध न्यूनतम कवर के पीछे स्वयं को बमुश्किल सुरक्षित रख पा रही थीं। स्थिति को भांपते हुए और यह देखते हुए कि कवर और जमीन को चारों ओर से भेदते हुए गोलियों एवं गोलाबारूदों की बौछार के बीच उनके जवानों का जीवन खतरे में है, कमांडर, जयशंकर कुमार उपाध्याय ने दुश्मन के ऊपर जवाबी हमले की योजना बनाई। उन्होंने अपनी टुकड़ी को यूबीजीएल ग्रेनेड का प्रयोग करते हुए नक्सलियों की सभी पोजीशन पर भारी गोलीबारी करने का आदेश दिया और उनकी ओर सूझबूझ से आगे बढ़ने के लिए भी कहा, जबकि किनारे से हमला करने के लिए दोनों ओर से जारी भारी गोलीबारी के बीच ही वे कांस्टेबल/जीडी चित्रसेन के साथ अपने स्थान से फिसलते हुए थोड़ा नीचे आ गए। अपनी जान को गंभीर जोखिम में डालते हुए उनकी जोड़ी लगभग 50 मीटर तक रेंगते हुए नक्सलियों के बायीं ओर पहुंच गई और अधिकतम गोलीबारी करते हुए उन्होंने भारी जवाबी हमला शुरू कर दिया। किनारे से किए गए हमले के साथ-साथ टुकड़ियों की ओर से ठोस एवं बहादुरीपूर्ण प्रतिक्रिया से दुश्मन भौंचक्के रह गए और उन्होंने तीव्र गोलीबारी बंद कर दी। इस बदलती परिस्थिति का लाभ उठाते हुए जयशंकर कुमार उपाध्याय, सहायक कमांडेंट और उनके सहयोगी कांस्टेबल/जीडी चित्रसेन गौंड ने तालमेल बनाकर एक-दूसरे को सहायता देते हुए आगे बढ़कर गोलीबारी की और तीन नक्सलियों को अपना निशाना बनाया। नक्सलियों के घायल होने से उनके सभी साथियों को भारी झटका लगा जिससे उनका हौसला पस्त हो गया और घने जंगल एवं पहाड़ी स्थलाकृति का लाभ उठाते हुए वे वहां से भागने लगे। कमांडर और उनके सहयोगी ने भाग रहे नक्सलियों का पीछा किया और उन्होंने काली वर्दी पहने एक नक्सली के शव को बरामद किया जिससे कुछ ही दूरी पर एक 12 बोरे की बंदूक पड़ी हुई थी। अभियान क्षेत्र से विस्फोटक, कैम्पिंग सामग्री और नक्सल साहित्य जैसी अभिशंसी सामग्रियां भी जब्त की गईं।

मुठभेड़ के दौरान श्री जयशंकर कुमार उपाध्याय, सहायक कमांडेंट और उनके सहयोगी कांस्टेबल/जीडी चित्रसेन गौंड ने अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बगैर भारी जोखिम उठाते हुए कर्तव्य के प्रति उच्च स्तर की पेशेवरता और समर्पण के साथ अनुकरणीय साहस और बहादुरी का प्रदर्शन किया। उन्होंने न सिर्फ अपने बल के कार्मिकों के ऊपर घात/हमले और परिणामी नुकसान के प्रयास को विफल किया, बल्कि सीपीआईएम (एम) के कैडर को मार गिराया। उनका नेतृत्व, कमान और नियंत्रण अनुकरणीय था और अत्यंत जीवट, दृढ़ निश्चय तथा धैर्य के प्रदर्शन के कारण यह दल अभियान में सफल रहा।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री (स्व.) जयशंकर कुमार उपाध्याय, सहायक कमांडेंट और चित्रसेन गौंड, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 06.09.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 137-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री आशुतोष तिवारी,
हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 30.01.2012 को 159वीं बटालियन, सीआरपीएफ यूनिट द्वारा तैयार की गई आसूचना संबंधी विशेष सूचना के आधार पर द्वितीय कमान छोटे लाल के नेतृत्व में 159वीं बटालियन, सीआरपीएफ का त्वरित कार्रवाई दल, निरीक्षक/जीडी सुदर्शन कुमार सिंह के साथ निरीक्षक/जीडी पी. सुरेश की कमान में बटालियन की दो प्लाटूनें, श्री शंभू प्रसाद, सहायक पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन्स), गया के कमान में गया पुलिस का सिविल घटक, श्री आर.बी. सिंह, कमांडेंट-159 बटालियन, सीआरपीएफ की संपूर्ण कमान में कारपी पुलिस स्टेशन, जिला अरवल (बिहार) का सिविल पुलिस घटक पुलिस स्टेशन-कारपी, जिला-अरवल (बिहार) के अंदर गांव-लोधीपुर में छापेमारी और तलाशी संबंधी कार्रवाई के लिए गया।

लगभग 1800 बजे गांव-लोधीपुर के निकट पहुंच कर छापेमारी एवं तलाशी दल ने लोदीपुर गांव के खेतों में धान की कटी हुई फसलों के ढ़ेर में तलाशी शुरु की। कमांडेंट श्री आर.बी. सिंह ने हेड कांस्टेबल/जीडी आशुतोष तिवारी को बुलाकर उन्हें धान के पुआल के एक ढ़ेर की तलाशी लेने का निर्देश दिया। पुआल के ढ़ेर को हटाने/तलाशी लेने के दौरान हेड कांस्टेबल/जीडी आशुतोष तिवारी की निगाह लाल कपड़े के एक बंडल के ऊपर पड़ी और उन्होंने कमांडेंट, श्री आर.बी. सिंह को वहां बुला लिया। गठरी की तलाशी लेने पर उसके अंदर कुछ हथियार/गोलाबारुद मिले । इसके बाद कमांडेंट, आर.बी. सिंह ने पुआल के दूसरे ढ़ेर की तलाशी लेने का निर्देश दिया। जब तलाशी दल पुआल के दूसरे ढ़ेर की तलाशी लेने के लिए आगे बढ़ा, तभी उनकी नजर हाथ में कार्बाइन थामे हुए हथियारों के जखीरे की रक्षा कर रहे एक व्यक्ति/नक्सली के ऊपर गई। भूतपूर्व सैनिक निरीक्षक/जीडी प्रमोद कुमार ने भी कार्बाइन थामे नक्सली को देखा, जो पुआल के ढ़ेर में छिपा हुआ था और उसकी उंगली कार्बाइन के घोड़े पर थी।

इस समय पुलिस दल उस खेत में नक्सली के कार्बाइन की गोलीबारी के दायरे में बेहद असुरक्षित था और स्थिति उनके लिए घातक हो सकती थी। अपनी सुरक्षा और जीवन की परवाह किए बगैर हेड कांस्टेबल/जीडी आशुतोष तिवारी भाग कर लगभग 15 गज की दूरी तक गए और उन्होंने सामने से उस नक्सली के ऊपर छलांग लगाते हुए उसे गोली चलाने का कोई मौका दिए बगैर गिराते हुए उससे हथियार छीन लिया और इस प्रकार पुलिस दल के सदस्यों की जान भी बचाई और वे घायल भी नहीं हुए। बाद में 2-आई/सी, छोटे लाल, सहायक पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन्स), गया, शंभू प्रसाद और कांस्टेबल/जीडी, जगदीश राय गोदारा ने तेजी दिखाते हुए उस नक्सली को पकड़ लिया और उसकी कार्बाइन ले ली। यह अदम्य साहस का ऐसा कृत्य था, जिससे पुलिस दल के सदस्यों को नक्सली के हाथों घायल होने/मारे जाने से बचाया जा सका।

इस बहादुरीपूर्ण कृत्य के निष्पादन में उपर्युक्त हेड कांस्टेबल/जीडी ने विपरीत परिस्थितियों में अपने जीवन को बेहद जोखिम में डालते हुए उल्लेखनीय शौर्य, असाधारण बहादुरी एवं अद्वितीय साहस का प्रदर्शन किया है। उनके वीरतापूर्ण कार्य के कारण अन्य सदस्यों के प्राणों की रक्षा के साथ-साथ अभियान में बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

बरामदगी:-

1. 9 एमएम कार्बाइन-01
2. .303 बोल्ट एक्शन पुलिस राइफल-02
3. .315 बोर बेल्जियम सेमी ऑटोमेटिक राइफल-01
4. .315 बोर बोल्ट एक्शन राइफल-03
5. .315 बोर का जिंदा गोला बारुद-90
6. .303 गोलाबारुद-129
7. 9 एमएम गोलाबारुद-20
8. .303 खाली खोखे-02
9. बेल्जियम सेमी ऑटोमेटिक राइफल मैगजीन-04
10. .303 मैगजीन-06
11. कार्बाइन मैगजीन-01
12. चार्जर क्लिप-05

13. मोबाइल सेट-01

14. बंदोलियर-07

इस मुठभेड़ में श्री आशुतोष तिवारी, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 30.01.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 138-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. आर.के. बहाली,
   सहायक कमांडेंट

2. मो. राशिद खान,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 02 अगस्त, 2011 को अतिरिक्त उप निदेशक, एसआईबी से आसूचना संबंधी यह सूचना प्राप्त होने पर कि केपीएलटी के उग्रवादियों ने दीमापुर के एक चाय बागान के मालिक श्री जे.डी. शर्मा से एक लाख रु. की राशि की जबरन मांग की है और उन्होंने मांग पूरी नहीं करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी है। एफ/155 के सहायक कमांडेंट श्री आर.के. बहाली को केपीएलटी के उग्रवादियों को पकड़ने के लिए योजना बनाने का कार्य सौंपा गया। तदनुसार श्री आर.के. बहाली, एसी ने एक विस्तृत एवं सुनियोजित गोपनीय अभियान की योजना बनाई और जिला-कार्बी आंगलोंग, असम के अधीन बोकाजान पुलिस स्टेशन के थाना प्रभारी सहित राज्य पुलिस के चार कार्मिकों तथा सीआरपीएफ के आठ कार्मिकों के एक छोटे दल को शामिल करते हुए एक संयुक्त अभियान शुरु किया गया। श्री जे.डी. शर्मा (चाय बागान मालिक) से संपर्क कर उन्हें विश्वास में लिया गया। श्री जे.डी. शर्मा से संपर्क करने के लिए उग्रवादियों द्वारा प्रयोग किया जाने वाला मोबाइल नंबर हासिल किया गया और चाय बागान के मालिक की भूमिका निभाते हुए सौदा पक्का करने के लिए उग्रवादियों के साथ संपर्क स्थापित करने का कार्य एफ/155 के कांस्टेबल/जीडी मो. राशिद खान को सौंपा गया। इस तथ्य से पूर्णतया अवगत होने के बावजूद कि वे गंभीर जोखिम का सामना करने जा रहे हैं, कांस्टेबल/जीडी मो. राशिद खान ने स्वेच्छा से इस जिम्मेदारी को स्वीकार किया और वे सौंपे गए कार्य को पूरा करने के लिए रवाना हो गए। उन्होंने संदिग्ध केपीएलटी उग्रवादियों से फोन पर संपर्क किया और अभियान की योजना के अनुसार जबरन मांगे गए पैसे के लेन-देन का स्थान तय किया। उग्रवादियों ने उन्हें यह स्पष्ट निर्देश दिया था कि वे जबरन मांगे गए पैसे के लेन-देन वाले निर्धारित स्थान पर अपने किसी भी सहयोगी को साथ में लेकर नहीं आएं। सौंपे गए कार्य के निष्पादन में कांस्टेबल/जीडी मो. राशिद खान की क्षमता में पूर्ण विश्वास जताते हुए श्री आर.के. बहाली, एसी (एफ/155 के कंपनी कमांडर) और बोकाजान के थाना प्रभारी ने संयुक्त रुप से यह निर्णय लिया कि जब कांस्टेबल/जीडी, मो. राशिद खान पूर्व निर्धारित समय और स्थान पर उग्रवादियों को पैसा देने के लिए अकेले रवाना होंगे, तो इस छोटे दल के अन्य सदस्य तीन नागरिक वाहनों अर्थात एक ट्रक, एक टाटा मैजिक और एक ऑटोरिक्शा में उन्हें कवर प्रदान करने के लिए उनको घेरे में लेते हुए आगे बढ़ेंगे और मौका मिलते ही उग्रवादियों को दबोच लेंगे। दिनांक 10.8.2011 को लगभग 1540 बजे कांस्टेबल/जीडी, मो. राशिद खान (चाय बागान के मालिक के वेश में) उग्रवादी समूह को पैसे देने के लिए पूर्व-निर्धारित स्थान पर पहुंचे जो कि घने जंगल से गुजरता हुआ पुलिस स्टेशन बोकाजान के अंदर लखीजान जाने वाले मार्ग के बीच में था। ट्रक में उनके पीछे चल रहे श्री आर.के. बहाली, एसी, बोकाजान के थाना प्रभारी, कांस्टेबल/जीडी प्रवीण शिंदे और कांस्टेबल/जीडी राजीव दास ने वाहन में खराबी का बहाना करते हुए निर्धारित स्थल से कुछ मीटर पहले ही

अपने ट्रक को रोक दिया। टाटा मैजिक में सवार समूह ने वहां से कुछ मीटर आगे अपनी गाड़ी रोक दी और भाड़े के लेन-देन का रुप देते हुए बातचीत में शामिल हो गए। धावा बोलने वाले दस्ते के अन्य सदस्य एक ऑटो में बैठे थे और उन्होंने उचित दूरी बनाए रखी। जब कांस्टेबल/जीडी मो. राशिद खान सौंपी जाने वाली सामग्री को लेकर सड़क पर अकेले आगे बढ़ रहे थे, तभी भारी हथियारों से लैस एक उग्रवादी घने जंगल से निकल कर बाहर आया और उसने कांस्टेबल/जीडी मो. राशिद खान को अपने साथ जंगल की ओर चलने का निर्देश दिया। वह उगव्रादी उन्हें कुछ कदम जंगल के भीतर ले गया जहां भारी हथियारों से लैस उग्रवादी समूह के अन्य सदस्य उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। भारी हथियारों से लैस उग्रवादियों से स्वयं को अकेला घिरा पाकर किसी भी व्यक्ति की हिम्मत जवाब दे जाती, लेकिन कांस्टेबल/जीडी मो. राशिद खान ने अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए उग्रवादियों को अपने साथ बातचीत में उलझाए रखा ताकि वास्तविक योजना के अनुसार उन्हें अपेक्षित सामग्री सौंपने में विलंब हो सके। इसी बीच इस बात से बेखबर रहते हुए कि उग्रवादियों का एक स्काउट किसी भी प्रकार के अनधिकृत आवागमन पर नजर रख रहा है, धावा बोलने वाला दस्ता इकट्ठा होकर अत्यधिक तेजी से उस स्थान के निकट पहुंच गया। धावा बोलने वाले सुरक्षा बलों के दस्ते को आगे बढ़ता देखकर उनके ऊपर नजर रख रहे उग्रवादी ने अपने स्वचालित हथियार से उनके ऊपर भारी गोलीबारी शुरु कर दी। इसी बीच उग्रवादियों ने यह महसूस करते हुए कि चाय बागान के मालिक के वेश में कांस्टेबल/जीडी मो. राशिद खान द्वारा उन्हें जाल में फंसाया गया है, उन्होंने उनके ऊपर गोली चला दी, लेकिन उन्होंने पास के गड्ढ़े में छलांग लगाकर बाल-बाल अपनी जान बचाई। अपने ऊपर गोलीबारी होते देख धावा बोलने वाले दल ने प्रभावी रुप से जवाबी गोलीबारी की। कांस्टेबल/जीडी, मो. राशिद खान, जो धावा बोलने वाले दस्ते और उग्रवादियों के बीच भारी गोलीबारी के बीच फंस गए थे, रेंगते हुए गोलीबारी वाले क्षेत्र से बाहर निकले और उन्होंने एक पेड़ के पीछे जाकर पोजीशन ले ली। तब तक सभी उग्रवादी जंगल में पेड़ों की आड़ में छिप गए थे और वे वहां से लगातार सैन्य टुकड़ी पर भारी गोलीबारी कर रहे थे। कांस्टेबल/जीडी मो. राशिद खान ने भी कपड़ों के अंदर छिपा कर रखी हुई अपनी पिस्तौल निकाली और उन्होंने सैन्य टुकड़ी की सहायता में गोलीबारी शुरु की। उग्रवादियों की ओर से अचानक हुई तीव्र प्रतिक्रिया के कारण श्री आर.के. बहाली, एसी, ट्रक से कूद कर बाहर आ गए और उन्होंने मुठभेड़ स्थल की ओर जाकर उग्रवादियों को ललकारा। एक सच्चे कमांडर के रुप में अदम्य साहस और बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर आगे बढ़ना जारी रखा और वे अपनी एके-47 राइफल से उग्रवादियों के ऊपर भारी गोलीबारी करते रहे। कमांडर के बहादुरीपूर्ण व्यवहार ने सैन्य टुकड़ी में नया जोश भर दिया। अपने साहसी कप्तान के मार्ग-दर्शन और निर्देशों के अधीन, लड़ाई में बहादुरीपूर्वक मुकाबला करने के लिए पूरी तरह जोश से भरी सैन्य टुकड़ी ने उगव्रादियों को घेरने के लिए दो किनारे से आगे बढ़ना शुरु किया। सैन्य टुकड़ी की घोर प्रतिक्रिया से भौंचक्के उग्रवादी, जो इस बदलते घटनाक्रम के लिए तैयार नहीं थे, सैन्य टुकड़ी को दूर रखने के लिए, उनके ऊपर गोलीबारी करते हुए वहां से भागने लगे। पीछे हट रहे उग्रवादियों के इरादे को भांपते हुए और उनकी हरकतों को देखते हुए कांस्टेबल/जीडी मो. राशिद खान अपने छिपने के ठिकाने से निकल कर बाहर आ गए और उन्होंने सभी चेतावनियों को दरकिनार करते हुए और अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बगैर भाग रहे उग्रवादियों का पीछा किया। उन्होंने सैन्य टुकड़ी पर लगातार गोलीबारी कर रहे उग्रवादियों के ऊपर गोली चलाना जारी रखते हुए एक उग्रवादी को घायल कर दिया। घायल उग्रवादी घने जंगल की ओर भागा लेकिन कमांडर, श्री आर.के. बहाली, एसी और कांस्टेबल/जीडी मो. राशिद खान ने तब तक उसका पीछा करना नहीं छोड़ा जब तक कि वह गिर नहीं गया और दम नहीं तोड़ दिया।

बहादुरी के इस कार्य के निष्पादन में, श्री आर.के. बहाली, सहायक कमांडेंट और कांस्टेबल/जीडी मो. राशिद खान ने स्वयं को विपरीत परिस्थितियों के बीच पाकर भी निजी जोखिम उठाते हुए उल्लेखनीय शौर्य, असाधारण बहादुरी और अद्वितीय साहस का प्रदर्शन किया। उनकी अभियान संबंधी दूरदर्शिता और ठोस कार्रवाई के कारण इस अभियान में भारी सफलता प्राप्त हुई।

बरामदगी

तीन जिंदा राउंड भरी हुई एक मैगजीन के साथ बर्मा निर्मित एक 0.22 के एफ पिस्तौल। मृत उग्रवादी के शरीर की तलाशी लेने पर 560 रु. के साथ एक पर्स और 03 सिम कार्ड के साथ एक मोबाइल भी बरामद हुआ।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री आर.के. बहाली, सहायक कमांडेंट और मो. राशिद खान, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10.08.2011 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 139-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. कोमल सिंह,
   उप महानिरीक्षक
2. मोहम्मद अशरफ,
   कांस्टेबल
3. वी. राधाकृष्णन,
   कांस्टेबल
4. बीजु जी.एस.
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

नक्सलियों के इकट्ठा होने के बारे में अपने स्वयं के स्रोत से विशिष्ट सूचना की प्राप्ति पर बीजापुर में स्थित उप महानिरीक्षक (ऑपरेशन्स) सीआरपीएफ ने पुलिस अधीक्षक, बीजापुर के साथ विचार-विमर्श करके छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के कुरचेली, इरसूमेट्टा पलनार और बोदलापुसनार गांव के आम क्षेत्रों में तलाशी लेने एवं ध्वस्त करने संबंधी अभियान की योजना बनाई। चार विभिन्न दिशाओं से लक्षित क्षेत्र तक पहुंचकर धावा बोलने की योजना बनाई गई। हमला करने के लिए सभी दल आगे जाकर पास के जंगलों में रुके, जैसे कि:- दिनांक 27.08.2013 को लगभग 2130 बजे पार्टी सं. (I) गंगलूर से इरसूमेट्टा के लिए रवाना हुई, दिनांक 27.08.2013 को लगभग 1230 बजे पार्टी सं. (II) चेरपाल से पलनार के लिए रवाना हुई, दिनांक 28.08.2013 को लगभग 0300 बजे पार्टी सं. (III) अपने लक्ष्य बोदलापुसनार के लिए रवाना हुई और पार्टी सं. (IV) बीजापुर से सड़क मार्ग से पंजेर गांव तक और उसके बाद पैदल कुरचेली गांव की ओर रवाना हुई। उपर्युक्त चार गांवों में 0930 बजे एक साथ तलाशी अभियान शुरु किया गया। श्री कोमल सिंह, उप महानिरीक्षक (ऑपरेशन्स), बीजापुर की कमान में पार्टी सं.(IV) ने अपने दल को तीन छोटे समूहों में विभाजित किया और उन्होंने गांव की घेराबंदी करने के बाद तलाशी शुरु की। तलाशी का कार्य 1430 बजे तक जारी रहा लेकिन कुछ भी बरामद नही हुआ। तब सैन्य टुकड़ी ने एक वैकल्पिक मार्ग से वापस जाने का निर्णय लिया। गांव से बमुश्किल 300 मीटर बाहर आकर जब वे एक नाले को पार कर रहे थे, तभी वहां घनी झाड़ियों में छिपे हुए नक्सलियों ने सैन्य टुकड़ी पर भारी गोलीबारी शुरु कर दी, जिसका सैन्य टुकड़ी ने करारा जवाब देते हुए उन्हें खदेड़ दिया। नक्सली मुकाबला किए बगैर ही भाग कर जंगल के काफी भीतर वापस चले गए। इस प्रकार उस क्षेत्र के आस-पास नक्सलियों की मौजूदगी की पुष्टि हो गई लेकिन वे किस दिशा में थे और कितनी दूरी पर थे, यह अभी भी अस्पष्ट था। एक अन्य बात की भी पुष्टि हो गई कि नक्सली एक उपयुक्त स्थान और समय पर सुरक्षा बलों के ऊपर हमला करने की कोशिश करेंगे। नक्सल-रोधी अभियानों के अपने लंबे अनुभव और ज्ञान पर भरोसा करते हुए श्री कोमल सिंह, उप पुलिस महानिरीक्षक (ऑपरेशन्स), बीजापुर ने अपनी एक टुकड़ी नक्सलियों को हमला करने का प्रलोभन देने और अन्य टुकड़ियों को उस हमले का जवाब देने के लिए तैयार रखने की योजना बनाई। लगभग 1730 बजे जैसे ही पिछली टुकड़ी अपेक्षाकृत खुले स्थान में आयी, तभी अत्याधुनिक हथियारों से लैस काली वर्दी पहने नक्सलियों ने उनके ऊपर तीन तरफ से अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। श्री कोमल सिंह, उप पुलिस महानिरीक्षक (ऑपरेशन्स), बीजापुर, जो सैन्य टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे और इस अवसर की प्रतीक्षा में थे, हमलावर दस्ते का स्वयं आगे रहकर नेतृत्व किया और वे नक्सली ठिकानों की दिशा में आगे बढ़ गए। नक्सली सुरक्षा पंक्ति को तोड़कर उस टुकड़ी को चारों ओर से घेरने का प्रयास कर रहे थे। अपनी टुकड़ी के ऊपर मंडराते खतरे को भांपते हुए और यह सुनिश्चित करते हुए कि उनकी योजना विफल न हो जाए, कांस्टेबल/जीडी वी. राधाकृष्णन, कांस्टेबल/जीडी बीजु जी.एस. और कांस्टेबल/जीडी मोहम्मद अशरफ के साथ उप पुलिस महानिरीक्षक श्री कोमल सिंह हथगोलों का विस्फोट करते हुए और अपने हथियारों से भारी गोलीबारी करते हुए नक्सलियों की ओर आगे बढ़ने लगे। दूसरी ओर से की जा रही भारी गोलीबारी और अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बगैर उप पुलिस महानिरीक्षक, श्री कोमल सिंह और उनकी पार्टी गोलीबारी करते हुए आगे बढ़ने की युक्ति को अपनाते हुए आगे बढ़ रही थी। दोनों ओर से बेहद नजदीक से हुई इस भयानक गोलीबारी में कुछ नक्सली घायल हो गए। जवाबी हमला और घायल होने से भौंचक्का हुए नक्सलियों ने तेजी से पीछे हटना शुरु किया लेकिन उप पुलिस महानिरीक्षक, श्री कोमल सिंह कोई अवसर गंवाना नहीं चाहते थे और उन्होंने भाग रहे नक्सलियों का पीछा करने की योजना बनाई। उप पुलिस महानिरीक्षक के नेतृत्व में सैन्य टुकड़ी ने लगभग 2 किमी. तक नक्सलियों का पीछा किया और वहां एक बार फिर से नक्सलियों ने ऊंचे स्थान का लाभ

उठाते हुए उनके ऊपर गोलीबारी शुरु कर दी। वहां पुन: एक भयानक मुठभेड़ हुई जहां नक्सलियों को अधिपत्य कायम रखने के लिए ऊंचे स्थान और घने जंगल का लाभ हासिल था। नीची जमीन और सामरिक दृष्टि से गैर-लाभप्रद स्थिति में होने के बावजूद सैन्य टुकड़ी ने बगैर रुके आगे बढ़ना जारी रखा और उन्होंने एक नक्सली को मार गिराया। कुछ अन्य नक्सली भी घायल हुए लेकिन वे पहाड़ी स्थलाकृति, घनी झाड़ियों और अंधेरे का लाभ उठाते हुए भागने में सफल हो गए। यह मुठभेड़ लगभग 1½ घंटे तक चली । उस स्थान की संपूर्ण तलाशी ली गई और वहां से एक नक्सली का शव, 12 बोर की एक बंदूक, 9 एमएम की एक पिस्तौल, एक देशी पिस्तौल (.315 बोर), एक एचई-36 ग्रेनेड, गोलाबारुद और बड़ी मात्रा में साहित्य सामग्री बरामद की गई। उस स्थान पर पाए गए खून के धब्बों से अन्य 04 से 05 नक्सली कैडरों के घायल होने अथवा मारे जाने का संकेत मिला। तत्पश्चात पुलिस पार्टी रात के दौरान मुठभेड़ स्थल के निकट ही रुक गई और उन्होंने दिनांक 29.08.2013 को 0700 बजे वहां से अपनी वापसी शुरु की। वापसी के मार्ग पर नक्सलियों ने पुलिस पार्टी पर 3 स्थानों पर गोलीबारी की, जिसका करारा जवाब दिया गया। सैन्य टुकड़ी द्वारा कैंप की ओर जाने वाले रास्ते पर लगाया गया एक आईईडी भी बरामद किया गया।

उप पुलिस महानिरीक्षक (ऑपरेशन्स) बीजापुर, श्री कोमल सिंह द्वारा तैयार की गई अत्यंत सतर्कतापूर्ण योजना और उनके द्वारा प्रदर्शित नेतृत्व गुण, अदम्य साहस, समर्पण तथा कांस्टेबल/जीडी वी. राधाकृष्णन, कांस्टेबल/जीडी बीजु जी.एस. और कांस्टेबल/जीडी मोहम्मद अशरफ द्वारा प्रदर्शित कर्तव्यपरायणता के परिणामस्वरुप नक्सलियों के गढ़ में इस अभियान में सफलता प्राप्त हुई।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री कोमल सिंह, उप महानिरीक्षक, मोहम्मद अशरफ, कांस्टेबल, वी. राधाकृष्णन, कांस्टेबल और बीजु जी.एस., कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 28.08.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 140-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. रमेश कुमार,
   निरीक्षक

2. मनोज यादव,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज द्वारा प्रदान की गई एक विशिष्ट सूचना के आधार पर कि नक्सलियों ने गांव करकोटी में एक बैठक बुलाई है और वे वहां एक जन अदालत भी लगा सकते हैं, राज्य पुलिस के साथ सीआरपीएफ की 80वीं और 212वीं बटालियन द्वारा वहां तलाशी लेने एवं उन्हें तबाह करने के अभियान की योजना बनाई गई। राज्य पुलिस के साथ निरीक्षक/जीडी रमेश कुमार की कमान में ए/80 बटालियन की दो प्लाटूनों और सहायक कमांडेंट विकास किरण की कमान में डी/212 की दो प्लाटूनों को उनके आधार शिविर अर्थात क्रमश: बस्तनार तथा कोडरनार से अभियान के लिए रवाना किया गया। लक्षित गांव छत्तीसगढ़ के दांतेवाड़ा जिले के पुलिस स्टेशन बारसुर के अंदर कंकनपारा के घने जंगल के भीतर स्थित था। सैन्य टुकड़ियों ने भोर होने से पहले दो दिशाओं से उस गांव में प्रवेश करने की योजना बनाई। उन्होंने 18-19/7/2012 की मध्यरात्रि, अर्थात गहरी रात्रि में अपने आधार शिविर को छोड़ा और अपने लक्षित गांव की ओर चल पड़े। अपने लक्ष्य के निकट पहुंचने के लिए सैन्य टुकड़ियों को घने जंगल, दुर्गम भू-भाग, खराब मौसम और वहां की विरोधी जनता से जूझना पड़ा। एक पूर्व निर्धारित स्थल पर मिलने के पश्चात उस गांव और आस-पास के जंगल की सघन तलाशी ली गई, लेकिन वहां कुछ नहीं मिला।

तलाशी लेने के बाद, दोनों दल अपने-अपने आधार शिविरों की ओर वापस लौटने लगे। छत्तीसगढ़ के जंगल के अंदरुनी भागों से वापस लौटना हमेशा जोखिम से भरा हुआ कार्य था क्योंकि नक्सलियों को सैन्य टुकड़ियों की आवाजाही का पता चल गया था और किसी उपयुक्त समय और स्थान पर प्रहार करने के लिए वे घने जंगल का लाभ उठाते हुए सैन्य टुकड़ियों का पीछा करने लगे। नक्सलियों ने वहां की स्थलाकृति, अपने मजबूत संचार नेटवर्क और स्थानीय गुरिल्ला दस्तों के मजबूत आधार का लाभ उठाते हुए सुरक्षा बलों पर अचानक एवं आकस्मिक हमला करने की योजना बनाई। जब ए/80 की सैन्य टुकड़ी गांव अरला और करकोती के बीच एक जंगल को पार कर रही थी, तभी उस टुकड़ी के स्काउट कांस्टेबल/जीडी मनोज यादव को वहां दलदल वाली जमीन पर जूतों के कुछ निशान दिखाई पड़े। उन्होंने फौरन स्थिति का आकलन किया और इसके बारे में अपने कमांडर निरीक्षक/जीडी रमेश कुमार को सूचित किया। वहां जूते के निशान की मौजूदगी से यह पता चल रहा था कि नक्सली आस-पास ही मौजूद थे, क्योंकि गांव के निवासी आम तौर पर जूते नहीं पहनते। निरीक्षक/जीडी रमेश कुमार, राज्य पुलिस के टीआई रुपक शर्मा और कांस्टेबल/जीडी मनोज यादव ने अत्यधिक सतर्कता से जूते के उन चिन्हों का पीछा करना शुरु किया। जूते के निशान उन्हें पहाड़ियों से घिरे एक खुले स्थान तक लेकर गए। इससे कमांडर के मन में शंका उत्पन्न हुई। उस स्थान के इर्द-गिर्द नक्सलियों के घात लगाकर हमला करने की संभावना काफी बढ़ गई क्योंकि सभी संकेत उसी तरफ इशारा कर रहे थे। एहतियात बरतते हुए कमांडर ने अपने दल को दो हिस्सों में विभाजित कर दिया और उनमें से एक को पश्चिमी किनारे से गोपनीय रुप से आगे बढ़ने का आदेश दिया। उन्होंने यह योजना बनाई थी कि वे घात का पर्दाफाश कर देंगे और दूसरा दल उसके ऊपर हमला कर देगा। घात का पता लगाने के लिए यह आवश्यक था कि सैन्य टुकड़ी को नक्सलियों के सामने लाने का भारी जोखिम लिया जाए। अपने कमांडर की योजना के बारे में सुनकर और यह अहसास करते हुए भी कि जैसे ही वह नक्सलियों के सामने जाएगा, उसे नक्सलियों की गोली लग सकती थी, कांस्टेबल/जीडी मनोज यादव ने अपने समूह के नेतृत्व की स्वयं इच्छा जताई। टुकड़ी बहादुरी से खुले स्थान की ओर आगे बढ़ी और घात की प्रतीक्षा में बैठे नक्सलियों ने योजनानुसार उनके ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। कांस्टेबल/जीडी मनोज यादव ने जरा भी समय गंवाए बगैर और गोलियों की बौछार की परवाह किए बगैर घात का जवाब दिया और बहादुरी एवं निडरता से उनकी ओर आगे बढ़े। निरीक्षक/जीडी रमेश कुमार ने भी उनका पीछा किया और नक्सलियों पर गोलियां चलाईं। नक्सलियों ने रणनीति बनाकर घात लगाई थी और उन्होंने सुरक्षित आड़ के पीछे अपना प्रभुत्व कायम रखने वाले स्थानों में डेरा डाल रखा था। निरीक्षक/जीडी रमेश कुमार और कांस्टेबल/जीडी मनोज यादव ने अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बगैर ऊपर की ओर चढ़ाई करनी शुरु कर दी ताकि वे नक्सलियों के नजदीक पहुंचकर अंतिम हमला कर सकें। नक्सलियों के नजदीक पहुंचने की कवायद में और भारी गोलीबारी के बीच नक्सलियों की एक गोली कांस्टेबल/जीडी मनोज यादव के पांव में लगी। कांस्टेबल के पैर में गोली के जख्म से खून बहने लगा और वे दर्द से निढ़ाल हो गए। अपने कांस्टेबल की स्थिति देख कर निरीक्षक/जीडी रमेश कुमार गोलियों का मुकाबला करते हुए अपने कवर से बाहर आए और उन्होंने कांस्टेबल को वहां से खींच कर कवर के पीछे लिया। ऐसा लगा कि नक्सली इस क्षण की प्रतीक्षा में थे क्योंकि निकटवर्ती पहाड़ी में छिपे नक्सलियों के दूसरे समूह ने भी सैन्य टुकड़ी पर गोलीबारी शुरु कर दी। वे दोनों अब दो दिशाओं से हो रही गोलीबारी के बीच फंस गए थे और उनकी जान पर आसन्न जोखिम मंडरा रहा था। यह देखते हुए कि नक्सलियों का दूसरा समूह उसी दिशा में था जहां उन्होंने अपने दूसरे समूह को भेजा था, निरीक्षक/जीडी रमेश कुमार ने उन्हें आगे बढ़कर नक्सलियों को उलझाने का आदेश दिया। उसी समय यह देखते हुए कि गोलीबारी की मात्रा में वृद्धि हो गई है और उसी स्थान पर बने रहना खतरनाक है, वे दोनों लगातार गोली चलाते हुए दूसरे कवर के लिए आगे बढ़ गए। इस प्रक्रिया में नक्सलियों की एक और गोली कांस्टेबल/जीडी मनोज यादव की पीठ में लग गई। इस क्षण में जीतने के लिए या तो लड़ाई जारी रखने या पीछे हटने का निर्णय लेने की आवश्यकता थी और निरीक्षक/जीडी रमेश कुमार ने बदनामी के साथ जिंदा रहने की जगह सम्मानपूर्वक मरने की राह को तरजीह दी। जब निकटवर्ती पहाड़ी में छिपे नक्सलियों को दूसरे समूह ने उलझा रखा था, तो निरीक्षक/जीडी रमेश कुमार ने अपनी टुकड़ी को जान की परवाह किए बगैर आगे बढ़ कर नक्सलियों पर भारी गोलीबारी करने का आदेश दिया। कांस्टेबल/जीडी मनोज यादव सहित दल के सभी सदस्य समुद्र की लहरों की तरह नक्सलियों की ओर आगे बढ़ने लगे जिससे नक्सलियों का मनोबल टूट गया और वे वहां से भागने के लिए मजबूर हो गए। सैन्य टुकड़ियों ने नक्सलियों का पीछा किया लेकिन वे वहां से निकलने के अपने पूर्व-निर्धारित मार्ग से पहाड़ी भू-भाग का लाभ उठाते हुए भाग निकले।

अभियान और घात की जवाबी कार्रवाई के दौरान निरीक्षक/जीडी रमेश कुमार ने महान नेतृत्व गुणों का प्रदर्शन किया और उन्होंने अपनी सैन्य टुकड़ी का उत्साह बढ़ाते हुए नक्सलियों को हराने के लिए उनके साथ घनघोर लड़ाई की, जिससे मजबूर होकर नक्सली भाग खड़े हुए। इसी प्रकार, कांस्टेबल/जीडी मनोज यादव ने गंभीर रुप से घायल होने के बावजूद अपनी अत्यधिक पीड़ा पर काबू पाते हुए बेहद सुरक्षित स्थानों पर डटे नक्सलियों के मंसूबों को तबाह कर दिया। उनकी पैनी निगाह और दुस्साहस ने न केवल पूरे समूह को घात का शिकार होने से बचाया, बल्कि नक्सलियों को हार के साथ पीछे हटने के लिए भी मजबूर किया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री रमेश कुमार, निरीक्षक और मनोज यादव, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19.07.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 141-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. राकेश राव,
   कमांडेंट

2. जितेन्द्र कुमार सिंह,
   हेड कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री राकेश राव, कमांडेंट दिनांक 12 दिसम्बर, 2012 मैडेड स्थित 170 बटालियन की कंपनी कैंप से लगभग 18 किमी. की दूरी पर गांव कचलरम में नक्सल सेना दलम की मौजूदगी के बारे में आसूचना ब्यूरो (आईबी) से सूचना प्राप्त होने पर कंपनी के दौरे पर डी/170 बटालियन में गए थे। गांव कचलरम को नक्सलियों द्वारा घोषित मुक्त क्षेत्र माना जाता है, जहां घने जंगल और दुर्गम पहाड़ी भू-भाग हैं और कोई भी बल उस क्षेत्र में कभी नहीं गया है और यह क्षेत्र एओआर यूनिट के अधिकार क्षेत्र में भी नहीं आता है। लेकिन श्री राकेश राव, कमांडेंट, 170 बटालियन द्वारा आईबी की सूचना पर विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। तत्काल, अभियान की योजना तैयार की गई और दिनांक 12.12.2012 की शाम तक इस अभियान के लिए सिविल पुलिस के चार प्रतिनिधियों के साथ सी/170, डी/170, एसएटी और कमांडेंट, सुरक्षा के 86 कार्मिकों को इकट्ठा किया गया। नीचे दिए गए विवरण के अनुसार श्री राकेश राव, कमांडेंट 170 के संपूर्ण कमान में सभी 86 कार्मिकों (सीआरपीएफ-82, सिविल पुलिस-4) को तीन दलों में विभाजित किया गया:-

i) पार्टी सं. 1 - (32 सदस्य) श्री रोकेश राव, कमांडेंट की सीधी कमान में

ii) पार्टी सं. 2 – (29 सदस्य) श्री सूरज मल, एसी की कमान में

iii) पार्टी सं. 3 - (35 सदस्य) श्री राहुल माथुर, एसी के कमान में

सभी दलों को रेत के मॉडल पर ब्रीफ किया गया और उन्हें लक्षित क्षेत्र की ओर बढ़ने के लिए ग्रिड के संदर्भ दिए गए जिसके बाद वे मैडेड सीआरपीएफ कैंप से 2030 बजे अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए। वह अत्यधिक अंधेरी रात थी और तीनों दल जीपीएस, एनवीडी आदि की सहायता से एक ही कतार में आगे बढ़ रहे थे और वहां का भू-भाग इतना दुर्गम, कठिन एवं संवेदनशील था कि पूरी रात चलने के बाद भी संपूर्ण दस्ता मात्र 8 किमी. की ही दूरी तय कर सका। सुबह में आईबी, बीजापुर से आसूचना संबंधी सूचना की पुन: पुष्टि की गई और यह पता चला कि नक्सल सेना दलम गांव कचलरम से लगभग 2 किमी. और आगे बढ़ गया है और वे गांव कोरेनजेट की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते के निकट जंगल में नाले के पास ठहरे हुए हैं। फौरन सभी पार्टियां घात वाले संभावित स्थानों से बचने के लिए नियमित रास्ते को छोड़कर घने जंगलों और पहाड़ियों के बीच से कच्चे रास्तों से आगे बढ़ने लगीं। लक्ष्य से लगभग 3 किमी. पूर्व मानचित्र पर लक्षित स्थल का विश्लेषण कर उसे परखा गया और 170 बटालियन के कमांडर द्वारा स्वयं कागज पर सभी कमांडरों को ब्रीफ किया गया। सभी तीनों पार्टियों को उनकी विशिष्ट भूमिका के साथ अलग-अलग जीआर सौंपे गए थे, जिसमें सभी पार्टियों के बीच का अंतर 1.5 किमी. था और 170 बटालियन के कमांडर ने वैसी स्थिति उत्पन्न होने पर अंतिम हमले की योजना के बारे में उसी स्थान पर 32 सदस्यों वाली अपनी पार्टी को पुन: ब्रीफ किया। अंतिम ब्रीफिंग के अनुसार राकेश राव, कमांडेंट, 170 बटालियन के साथ-साथ हेड कांस्टेबल/जीडी जितेन्द्र सिंह सहित कमांडेंट, सुरक्षा (13 सदस्य) को विस्तारित रेखा पर सबसे आगे रहना था और सहायता के लिए लगभग 150 मीटर की दूरी पर नजर का संपर्क बनाए हुए 18 कार्मिकों वाले एसएटी को पीछे रहना था ताकि लक्षित स्थल पर पहुंचने तक रहस्य को कायम रखा जा सके। जैसे ही कमांडेंट, सुरक्षा लक्षित नाले के निकट पहुंचे, तभी काले रंग की वर्दी पहने नक्सलियों ने आगे बढ़ रहे कमांडेंट, सुरक्षा पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। सीआरपीएफ पार्टी ने तत्काल गोलीबारी का जवाब दिया और उसके बाद

ऑटोमेटिक, सेमी ऑटोमेटिक एवं देशी हथियारों से तीन दिशाओं से गोलीबारी होने लगी। ऐसा लग रहा था कि लगभग 35 की संख्या में वहां मौजूद नक्सली सुरक्षा दस्ते को छोटा समझते हुए कमांडर, सुरक्षा को घेरना चाह रहे थे। कमांडेंट, सुरक्षा के ऊपर मंडराते गंभीर खतरे को भांपते हुए तत्काल यूबीजीएल थामे कार्मिक ने उन दिशाओं में गोली चलाने का आदेश दिया जहां से गोलीबारी हो रही थी। जब कमांडेंट, सुरक्षा का संपूर्ण दस्ता सामने से और दाहिनी ओर से हो रही एलएमजी की गोलीबारी पर ध्यान केन्द्रित किए हुए था, तभी बीच-बीच में सामने की ओर बायीं तरफ से गोली चला रहे वहां पर छिपे 2-3 नक्सलियों का एक छोटा समूह आगे बढ़ रहे कमांडेंट, सुरक्षा द्वारा नाला पार कर लेने पर बाईं ओर से पार्टी पर हमला करने की प्रतीक्षा में था। वहां 2-3 सशस्त्र नक्सलियों की मौजूदगी को देखते हुए हेड कांस्टेबल/जीडी जितेन्द्र कुमार सिंह के साथ-साथ श्री राकेश राव, कमांडेंट ने सामने आकर गोलियों की बौछार के बीच एक-दूसरे को परस्पर सहायता प्रदान करते हुए सामने बायीं ओर छिपे नक्सलियों की ओर रेंगते हुए आगे बढ़ना शुरु किया और उन्होंने गोलीबारी कर रहे उन नक्सलियों पर हमला कर दिया। जवाब में वहां छिपे हुए नक्सलियों ने श्री राकेश राव, कमांडेंट, 170 बटालियन और हेड कांस्टेबल/जीडी जितेन्द्र कुमार सिंह के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी, लेकिन उनको कोई नुकसान नहीं पहुंचा सके। तथापि, आगे बढ़ रहे सीओ, सुरक्षा के अन्य कार्मिकों की जान बचाने के लिए स्वयं अपने जीवन की परवाह किए बगैर और स्वयं को गंभीर जोखिम में डाल कर, हेड कांस्टेबल/जीडी जितेन्द्र कुमार सिंह की कवरिंग फायर के साथ श्री राकेश राव, कमांडेंट, 170 बटालियन ने बेहद नजदीक से एक नक्सली को मार गिराने में सफलता प्राप्त की। दोनों ओर से भारी गोलीबारी के बाद नक्सलियों को जल्दबाजी में वहां से भागना पड़ा और उन्हें मारे गए नक्सली का शव और हथियार/अन्य सामग्री भी ले जाने का अवसर नहीं मिला। सुरक्षा दल द्वारा मुठभेड़ के दौरान गोलीबारी करने के मामले में अत्यधिक नियंत्रण रखा गया और उन्होंने अत्यंत पेशेवर तथा विशिष्ट तरीके से गोली चलाई।

कमांडेंट श्री राकेश राव और हेड कांस्टेबल/जीडी जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा अपनी जान को भारी जोखिम में डालते हुए प्रदर्शित उल्लेखनीय वीरतापूर्ण कार्रवाई, अनुकरणीय नेतृत्व, सूझ-बूझ, मानसिक एवं शारीरिक स्फूर्ति के परिणामस्वरुप नक्सलियों द्वारा घोषित तथाकथित मुक्त क्षेत्र समझे जाने वाले कचलरम वन जैसे क्षेत्र में एक नक्सली को मारा जा सका। समस्त अभियान के दौरान 170वीं बटालियन, सीआरपीएफ के कमांडेंट श्री राकेश राव और हेड कांस्टेबल/जीडी जितेन्द्र कुमार सिंह से मौत बेहद करीब थी, जो गोलियों की बौछार के बीच भी जिंदा रहे। इस अभियान के संचालन के लिए मैडेड से घोर अंधेरी रात में सैन्य दल को कच्चे और दुर्गम रास्तों से 36 किमी. पैदल चलना पड़ा और उन्होंने एक नक्सली को मार गिराया जिसकी बाद में संबंधित पुलिस स्टेशन द्वारा प्रदान किए गए मामले के इतिहास के अलावा स्वयं मजिस्ट्रेट द्वारा पंचनामा रिपोर्ट में फर्सेगढ़ सशस्त्र दलम के डिप्टी कमांडर, कवासी बुधराम के रुप में पहचान की गई। सुरक्षा दल ने मुठभेड़ स्थल से बरामद किए गए शव, हथियार, विस्फोटक एवं अन्य सामग्री को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। दिनांक 28.12.2012 के अलर्ट सं. एसक्यूडी 26 के माध्यम से आईबी द्वारा की गई पुष्टि के अनुसार मुठभेड़ में कवासी सन्नू और कोसापाडियम नामक दो और नक्सलियों के गंभीर रुप से घायल होने के कारण नक्सलियों से उनके उपचार के लिए वेंकटेश तथा रामाराव नामक दो चिकित्सकों को बुलाना पड़ा। दिनांक 12.12.2012 से 13.12.2012 तक संचालित इस अभियान के दौरान 170वीं बटालियन के कमांडेंट श्री राकेश राव और हेड कांस्टेबल/जीडी जितेन्द्र कुमार सिंह ने अपनी जान को जोखिम में डालकर अनुकरणीय साहस और अदम्य वीरता का प्रदर्शन किया। 170वीं बटालियन के कमांडेंट श्री राकेश राव और हेड कांस्टेबल/जीडी जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा संकट के समय प्रदर्शित उल्लेखनीय वीरतापूर्ण कार्रवाई, समर्पण, प्रतिबद्धता एवं नेतृत्व गुण असाधारण रुप से उच्च कोटि के थे जिसके परिणामस्वरुप फर्सेगढ़ सशस्त्र नक्सल दलम का डिप्टी कमांडर मारा गया।

की गई बरामदगी:

01) भारमर शस्त्र-01

02) भारमर को भरने एवं गोली चलाने के लिए प्रयुक्त सामग्री (राउण्ड आदि)

03) डेटोनेटर-23

04) सेफ्टी फ्यूज-01

05) नक्सली चाकू

06) टॉर्च-1

07) नक्सल पिट्ठु-01

08) नक्सल साहित्य के कुछ पन्ने

09) चार्ज करने में प्रयुक्त शुष्क बैटरी 6 वोल्ट-1

10) .315 बोर गोलाबारुद-03

11) कॉर्डेक्स

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री राकेश राव, कमांडेंट और जितेन्द्र कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 13.12.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 142-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. रवि कुमार डूडी,
   सहायक कमांडेंट

2. एच. कीपगन,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस स्टेशन-बोरपथर, जिला-कार्बी आंगलोंग (असम) के अंतर्गत लखते/तेरों गांव, डोलामारा में केपीएलटी के सशस्त्र कैडरों की मौजूदगी के बारे में दिनांक 20.06.2012 को पुलिस अधीक्षक, कार्बी आंगलोंग से विश्वस्त सूचना प्राप्त होने पर, 3 जे के राइफल (सेना), 210 कोबरा और राज्य पुलिस (असम) के स्टाफ को शामिल करते हुए एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाने की योजना बनाई गई। रात में उस क्षेत्र की रेकी करने के बाद, अभियान के उपयुक्त निष्पादन के लिए भोर में अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया, क्योंकि वह क्षेत्र घने जंगल और दुर्गम भू-भाग वाला था।

अभियान पार्टी को तीन दलों में विभाजित किया गया और श्री रवि कुमार डूडी, सहायक कमांडेंट कोबरा स्टाफ के दल का नेतृत्व कर रहे थे। जब तलाशी अभियान चल रहा था, तभी उग्रवादियों की नज़र अभियान पार्टी की गतिविधि पर पड़ गई और उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी तथा सेना के स्टाफ का दल (अर्थात् दल सं. 2) उग्रवादियों की भारी गोलीबारी में घिर गया। अभियान के दौरान, श्री रवि कुमार डूडी और कांस्टेबल/जीडी एच. कीपगन 'बडी सिस्टम' का अनुपालन कर रहे थे। स्थिति के महत्व को महसूस करते हुए उन्होंने तत्काल दल सं. 02 की सहायता करने का निर्णय लिया और उन्होंने अपनी जान को गंभीर जोखिम में डालते हुए गोलियों की बौछार के बीच रेंगते हुए लंबी दूरी तय की और दोनों उग्रवादियों के स्थान के निकट पहुंच गए। अचानक उन्होंने देखा कि केपीएलटी का एक उग्रवादी बेहद बर्बरतापूर्वक अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए उनकी तरफ बढ़ रहा है। उक्त उग्रवादी के साथ-साथ अन्य उग्रवादियों की गोलीबारी का जवाब सूझ-बूझ से देने के लिए वे अचानक एक खाई में बैठ गए और वहां से उन्होंने उग्रवादियों के स्थान की दिशा में निशाना लगाते हुए गोलीबारी शुरू की। दोनों ओर से हो रही गोलीबारी के दौरान श्री रवि कुमार डूडी, सहायक कमांडेंट और उनके सहयोगी कांस्टेबल/जीडी एच. कीपगन ने उच्च स्तर के अनुशासन, बहादुरी और दूरदर्शिता को कायम रखा और उन्होंने केपीएलटी के उग्रवादियों को मार गिराने तथा उग्रवादियों के विरूद्ध सफल अभियान के बारे में उदाहरण कायम करने के लिए भी अभियान के निष्पादन में ओजस्वितापूर्ण गुण का प्रदर्शन किया। इस अभियान में कुल 03 दुर्दांत केपीएलटी कैडर मारे गए और इसमें हथियार/गोलाबारूद/विस्फोटक का जखीरा तथा महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए।

की गई बरामदगी:

- तीन ए के-56 राइफल
- ए के-56 राइफल की 06 मैगजीन

- पिस्तौल की मैगजीन – 01 नं.
- 9 एमएम गोलाबारूद -32 नं.
- 5.56 एम एम, इन्सास गोलाबारूद-91 नं.
- 7.62X 39 एम एम गोलाबारूद-120 नं.
- 7.62X 39 एम एम के खाली खोखे-49 नं.
- शिलिंग-03 नं.
- मैगजीन पाउच -03 नं.
- लैपटॉप -01 नं.
- लैपटॉप बैग-01 नं.
- की बोर्ड-01 नं.
- मोबाइल सेट-04 नं.
- मोबाइल चार्जर-04 नं.

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री रवि कुमार डूडी, सहायक कमांडेंट और एच. कीपगन, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20.06.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 143-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. नचुमबेमो यानथन,
   निरीक्षक
2. दीनामनी बैश्य,
   उप निरीक्षक
3. पंकज रहांग,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस स्टेशन-बोरपथर, जिला-कार्बी आंगलोंग, असम में आने वाले गांव हेमलांगशो के आम क्षेत्र में 5/6 केपीएलटी के कैडरों की मौजूदगी के बारे में दिनांक 09.08.2013 को 210 कोबरा यूनिट के आसूचना प्रकोष्ठ से एक गुप्त जानकारी प्राप्त होने के पश्चात पुलिस अधीक्षक, कार्बी आंगलोंग, श्री जोसफ किशिंग, कमांडेंट-210 कोबरा और श्री नीरज कुमार झा, एसी-210 कोबरा ने वहां संयुक्त रुप से तलाशी एवं ध्वस्त करने संबंधी अभियान चलाने की योजना बनाई। विस्तृत योजना एवं ब्रीफिंग के पश्चात 210 कोबरा और सिविल पुलिस के संयुक्त सैन्य दल द्वारा दिनांक 09.08.2013 को 2230 बजे अभियान शुरु किया गया। सैन्य दल अत्यंत दुर्गम रास्तों से कठिनाई भरी यात्रा पूरी करते हुए दिनांक 10.08.2013 को 0130 बजे लक्षित गांव के निकट पहुंचा। उस क्षेत्र के भू-भाग और सामान्य स्थलाकृति का

विश्लेषण करने के पश्चात अभियान के कमांडर द्वारा वहां से भाग निकलने के संभावित मार्गों पर दो जगह अवरोधक (कट ऑफ) लगाए गए। अवरोधक लगाने के बाद दो हमला दल बनाए गए, जिसमें से पहले हमला दल को निरीक्षक नचुमबेमो यानथन की कमान में और दूसरे हमला दल को नीरज कुमार झा, एसी की कमान में रखा गया। हमला दलों ने बेहद सूझ-बूझ से पोजीशन ली और वे हमला करने के लिए धैर्यपूर्वक भोर होने का इंतजार करने लगे। जैसे ही भोर हुई, सैन्य दल बेहद सूझ-बूझ के साथ तत्परता से आगे बढ़ते हुए संदिग्ध क्षेत्र के निकट पहुंचे और वहां उन्हें झोपड़ियों के दो समूह मिले। निरीक्षक नचुमबेमो यानथन की कमान में पहले हमला दल ने झोपड़ियों के बायीं ओर के समूह को अपना लक्ष्य बनाया और नीरज कुमार झा, एसी की कमान में दूसरे हमला दल ने झोपड़ियों के दायीं ओर के समूह को अपना लक्ष्य बनाया। जैसे ही पहला हमला दल झोपड़ियों के बायीं ओर के समूह के निकट पहुंचा, उन झोपड़ियों के भीतर छिपे उग्रवादियों ने उनके ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। निरीक्षक/जीडी नचुमबेमो यानथन और कांस्टेबल/जीडी पंकज रहांग ने, जो कि अपनी टीम को लेकर खोज में निकले थे, गोलीबारी का जवाब तुरंत नहीं दिया, बल्कि वे गोलीबारी के बीच ही उग्रवादियों के ठिकाने वाली झोपड़ियों को अन्य झोपड़ियों से अलग करने के लिए रेंगते हुए आगे बढ़ने लगे और उन्होंने बेहद सावधानी से स्थिति की समीक्षा करने एवं उग्रवादियों के गुप्त ठिकाने की पहचान करने के बाद नियंत्रित रुप से जवाबी गोलीबारी की ताकि संपार्श्विक नुकसान को टाला जा सके। अन्य सैन्य दल कवर फायर देते हुए सूझ-बूझ से उनके पीछे चल रहे थे। उसके बाद जवाबी आक्रमण करने के लिए निरीक्षक/जीडी नचुमबेमो यानथन और कांस्टेबल/जीडी पंकज रहांग ने उग्रवादियों के और समीप जाने का निर्णय लिया क्योंकि उन झोपड़ियों के भीतर आम नागरिकों की मौजूदगी से इनकार नहीं किया जा सकता था। अपनी जान को जोखिम में डालते हुए वे आगे बढ़े लेकिन उग्रवादियों ने उनके ऊपर भारी गोलीबारी शुरु कर दी और उन्हें एक पेड़ की आड़ लेनी पड़ी। उग्रवादी इतने पर ही नहीं रुके और उन्होंने गोलीबारी तेज करते हुए ग्रेनेड फेंकना भी शुरु कर दिया। यह देखते हुए कि पेड़ के पीछे ठहरने से कुछ हासिल नहीं होगा और यह उनके लिए खतरनाक साबित होगा, उन्होंने उग्रवादियों को बांध कर रखने के लिए उनके ऊपर मिलकर गोली चलाई और उस झोपड़ी के निकट पहुंच गए। आगे बढ़ रहे सैन्य दल से घिर जाने पर उग्रवादियों ने ग्रेनेड फेंकने के साथ-साथ भारी एवं अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए वहां से भाग निकलना ही सुरक्षित समझा। तेज गोलीबारी ने सैन्य दल के आगे बढ़ने में फिर से बाधा डाली और इसका लाभ उठाते हुए उग्रवादी झोपड़ी के पिछले हिस्से से भाग निकले लेकिन उनमें से कुछ घायल भी हो गए।

हालांकि, उग्रवादी झोपड़ियों के समूह के बीच से निकल कर भाग सकते थे, लेकिन उन्हें रास्ते में उनकी प्रतीक्षा कर रहे दूसरे बहादुर सैन्य दल के रोष का सामना करना पड़ता। दो उग्रवादी अवरोधक (कट ऑफ) पार्टी सं. 1 की ओर भागे जहां उप निरीक्षक/जीडी दीनामनी बैश्य अपनी पार्टी के साथ तैनात थे और अवसर की प्रतीक्षा में थे। सैन्य दल द्वारा रुकने की चुनौती मिलने पर उग्रवादियों ने उनके ऊपर भी गोलीबारी शुरु कर दी। अपनी ओर आती हुई गोलियों की बौछार से बेपरवाह उप निरीक्षक/जीडी दीनामनी बैश्य ने अपनी जान को जोखिम में डालते हुए उग्रवादियों पर जवाबी गोली चलाते हुए दोनों को घायल कर दिया। उनके उल्लेखनीय साहस और मौत के साथ वीरतापूर्ण मुकाबले ने उग्रवादियों के भागने के प्रयास को विफल कर दिया। घायल होने के बाद भी उग्रवादियों ने एक पेड़ की आड़ लेकर दस्ते पर गोलीबारी जारी रखी। इसे देखते हुए उप निरीक्षक/जीडी दीनामनी बैश्य ने अपने सैन्य दल को उनके ऊपर गोलीबारी जारी रखने का आदेश दिया जबकि उन्होंने स्वयं उनके ऊपर किनारे से हमला करने के लिए अपनी दायीं ओर रेंगते हुए बढ़ना शुरु किया। उग्रवादियों के बाजू में पहुंचकर उन्होंने अकेले हमला करते हुए एक उग्रवादी को मार गिराया। अपने साथी की दशा देखकर दूसरा उग्रवादी सैन्य दल पर गोली चलाता हुआ घने जंगल की ओर भागा और उस क्षेत्र से गायब हो गया। गोलीबारी में कमी आने के बाद सैन्य दल के द्वारा उस क्षेत्र के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्र की सघन तलाशी ली गई और वहां से एक भरी हुई एके-56 राइफल के साथ केपीएलटी के एक कैडर का शव बरामद हुआ और बाद में उसकी पहचान टॉम टेरोन उर्फ खोई टेरोन के रुप में की गई। आसूचना के स्रोतों/इंटरसेप्शन द्वारा भी एक अन्य केपीएलटी कैडर के मौत की सूचना दी गई लेकिन उसका शव बरामद नहीं किया जा सका।

अभियान के दौरान निरीक्षक/जीडी नचुमबेमो यानथन, उप निरीक्षक/जीडी दीनामनी बैश्य और कांस्टेबल/जीडी पंकज रहांग ने कर्तव्य की राह में उल्लेखनीय साहस एवं पेशेवरता का प्रदर्शन किया। उग्रवादियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी के बावजूद उन्होंने बहादुरीपूर्वक जवाबी कार्रवाई की। उग्रवादियों के ऊपर गोली चलाते समय उनके द्वारा बरते गए असाधारण अनुशासन से संप्रार्श्विक नुकसान को टाला जा सका। उनके द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस, मौत से मुकाबला और फौलादी हौसले के परिणामस्वरुप नजदीकी घोर मुकाबले में सुरक्षा बलों को बगैर किसी क्षति के भारी मात्रा में बरामदगी के साथ-साथ केपीएलटी के एक वरिष्ठ कैडर को मारा जा सका।

की गई बरामदगी:-

1.	एके-56 राइफल	-01
2.	मैगजीन	-01
3.	एके-56 का जिंदा कारतूस	-74

4.	एके-56 का खाली खोखा	-10
5.	मोबाइल सेट	-02
6.	टार्च	-01
7.	पाउच	-01

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री नचुमबेमो यानथन, निरीक्षक, दीनामनी बैश्य, उप निरीक्षक और पंकज रहांग, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10.08.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 144-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का द्वितीय बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. एस. ईलांगो, उप महानिरीक्षक (वीरता के लिए पुलिस पदक का द्तीय बार)
2. जी. मधु, सहायक कमांडेंट (वीरता के लिए पुलिस पदक)
3. मलेक शाहिद अहेमद, हेड कांस्टेबल/आर ओ (वीरता के लिए पुलिस पदक)
4. दावल साब, कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस स्टेशन गंगलूर, जिला-बीजापुर के अंतर्गत गांव-कुरचोली और मुंगा के बीच के जंगल में पीएलजीए की द्वितीय कंपनी के लगभग 50-60 सशस्त्र कैडरों की मौजूदगी की सूचना प्राप्त हुई थी। इस सूचना के आधार पर एस. ईलांगो, उप महानिरीक्षक (आपरेशन), बीजापुर द्वारा गांव-कुरचोली और उसके आस-पास के क्षेत्र की घेराबंदी करने और तलाशी लेने की योजना बनाई गई। दिनांक 23.02.2013 को उपयुक्त ब्रीफिंग के पश्चात एस. ईलांगो, उप महानिरीक्षक (ऑपरेशन) की संपूर्ण कमान के अधीन विशेष रुप से तैयार किए गए दो दल लक्षित गांव के लिए रवाना हुए। दल सं. I दिनांक 23.02.2013 को 2100 बजे पामलवाया से रवाना हुआ और दल सं. II भी 23.02.2013 को ही 1930 बजे चेरपाल से रवाना हुआ। जब दल सं. II लक्षित गांव के निकट पहुंच रहा था, तभी नक्सलियों ने घात लगाने की कोशिश करते हुए सैन्य दल पर गोलीबारी शुरु कर दी। सैन्य दल ने बहादुरीपूर्वक इसका जवाब दिया, लेकिन वहां की स्थलाकृति का लाभ उठाते हुए नक्सली उस स्थान से भागने में सफल हो गए। इसी बीच दल सं. I अपने लक्ष्य के निकट पहुंच गया और वहां दल को दो हिस्से में विभाजित कर दिया गया, जिसमें एक हिस्से ने गांव के पीछे स्थित पहाड़ी में अवरोधक (कट ऑफ) लगाया, जबकि एस. ईलांगो, उप महानिरीक्षक की कमान में दूसरे हिस्से के सदस्यों ने गांव की तलाशी ली। वहां नक्सलियों के दो गुप्त ठिकानों पर धावा बोला गया और लाखों रु. के विस्फोटक, डेटोनेटर, नक्सली साहित्य, आई ई डी के लिए कार्मिक-रोधी प्रणाली के साथ 22 कंटेनर, पोशाक, राशन एवं किराने के सामान सहित भारी संख्या में सामग्रियां बरामद की गईं। उस गांव तथा आस-पास के क्षेत्रों की सघन तलाशी लेने के बाद सैन्य दल वहां दोपहर के भोजन के लिए रूका। जब सैन्य दल के सदस्य भोजन कर रहे थे तभी नक्सलियों ने उनकी प्रतिक्रिया को भांपने के लिए शुरू में पटाखों के विस्फोट किए ताकि वे उसी के अनुसार अपनी अगली अपराधिक गतिविधि की योजना बना सकें। श्री एस. ईलांगो ने अपने दस्ते को सावधान किया और उन्हें बगैर गोली चलाए धीरे-धीरे आड़ के पीछे चले जाने का निर्देश दिया। वहां अभियान संबंधी दूरदर्शिता और सूझबूझ की स्पर्धा चल रही थी क्योंकि दोनों ही पक्ष एक-दूसरे के दिमाग को पढ़ना चाह रहे थे। कुछ समय बाद नक्सलियों ने एलएमजी से धमाका किया और सैन्य दल ने कुछ दूरी पर काली बर्दी में दो तीन नक्सलियों को वहां पर मौजूद

देख लिया। सैन्य दल अत्यंत धैर्यपूर्वक हमला करने के अवसर की प्रतीक्षा करने लगा। कुछ ही देर बाद अत्याधुनिक हथियारों से लैस काली बर्दी में लगभग 15 नक्सलियों ने सैन्य दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। उप महानिरीक्षक एस. ईलांगो ने अपने दल को नक्सलियों की गोलीबारी का नियंत्रित एवं सीमित गोलीबारी से सधा हुआ जवाब देने का आदेश दिया। सैन्य दल की इस जवाबी कार्रवाई से नक्सलियों के हौसले बुलंद हो गए और वे अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए सैन्य दल की ओर बढ़ने लगे। उप महानिरीक्षक एस. ईलांगो ने 168 वीं बटालियन के सहायक कमांडेंट जी. मधु को बेतार सेट पर संदेश देते हुए कुछ गोपनीय तरीके से पहाड़ी की ओर बढ़ने का आदेश दिया और उनसे कहा कि आदेश मिलने पर वह उन्हें सपोर्ट फायर प्रदान करें। जी. मधु, सहायक कमांडेंट ने अपने साथ कांस्टेबल/जीडी दावल साब और सिविल पुलिस के उप निरीक्षक राजू कोरेती को लेते हुए दाहिने किनारे को कवर किया। जैसे ही नक्सली सैन्य दल के मारक क्षेत्र के भीतर आए, उप महानिरीक्षक एस. ईलांगो ने एचसी/आरओ मलेक शाहिद अहेमद और सिविल पुलिस के उप निरीक्षक अब्दुल समीर के साथ अपनी कवर से बाहर निकलकर नक्सलियों के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी की। सुरक्षा दस्ते के अचानक जवाबी हमले से नक्सलियों के होश उड़ गए और अपनी जान बचाने के लिए उन्होंने आक्रामक गोलीबारी करते हुए पीछे हटना शुरू कर दिया। नक्सलियों द्वारा अत्याधुनिक हथियारों से की जा रही भारी गोलीबारी के बावजूद श्री ईलांगो, उप महानिरीक्षक, एससी/आरओ मलेक शाहिद अहेमद और उप निरीक्षक, अब्दुल समीर ने अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बगैर निरंतर अपना स्थान बदलते हुए नक्सलियों की ओर बढ़ना जारी रखा। नक्सलियों ने लगभग 100 मीटर पीछे हटते हुए एक नाले में पोजीशन ले ली और वे पुन: इकट्ठा होने लगे। दोनों ओर से गोलीबारी में कुछ नक्सली घायल हो गए थे लेकिन उन्हें उनके अन्य साथी अपने साथ घसीटते हुए नाले में ले गए। तब तक अंधेरा होने लगा था और नक्सलियों ने सुरक्षित कवर के पीछे पोजीशन ले ली थी, जहां से वे उस समय भी सैन्य दल पर गोलीबारी कर रहे थे। उप महानिरीक्षक, एस. ईलांगो हासिल की गई अपनी पहल को गंवाना नहीं चाहते थे और इसलिए उन्होंने उस नाले पर अंतिम हमला करने का निर्णय लिया। वे उप निरीक्षक अब्दुल समीर और एचसी/आरओ मलेक शाहिद अहेमद के साथ मिलकर नाले के ऊपर यूबीजीएल फायर करते हुए उसकी ओर बढ़ गए। साथ ही साथ उन्होंने जी. मधु, सहायक कमांडेंट की कमान वाले दल को आगे बढ़ने और यूबीजीएल फायर करने का आदेश दिया। नक्सलियों की गोलीबारी और दुर्गम स्थलाकृति की परवाह किए बगैर सहायक दल के सदस्य गोलीबारी करते हुए और हथगोले फेंकते हुए नाले की ओर बढ़ गए। श्री जी. मधु के धावा बोलने वाले दल को देखते ही नक्सलियों ने उनके ऊपर भी गोलीबारी शुरू कर दी। उनकी गोलीबारी से घबराए बगैर सहायक कमांडेंट, जी. मधु, उप निरीक्षक राजू और कांस्टेबल/जीडी दावल साब ने अपने हथियारों से गोलीबारी की और दोनों दलों ने नक्सलियों के ऊपर अंतिम धावा बोल दिया। नक्सली इस हमले का सामना करने का साहस नहीं जुटा पाए और वे अपने अति सुरक्षित स्थानों से निकलकर भागने लगे। कुछ घायल नक्सली वहां से भागने में सफल हो गए, लेकिन हथियार के साथ एक नक्सली का शव वहां पड़ा मिला। तब तक अंधेरा हो चुका था, लेकिन नक्सलियों की ओर से गोलीबारी नहीं रूकी। उन्होंने कुछ दूरी से गोलीबारी जारी रखी और मारे गए नक्सलियों का शव निकालने का प्रयास करते रहे। इस बात को समझते हुए सहायक कमांडेंट, जी. मधु, उप निरीक्षक राजू और कांस्टेबल/जीडी दावल साब ने नक्सलियों की गोलीबारी के बीच गिरे हुए नक्सली के बेहद करीब पोजीशन संभाल ली। नक्सलियों ने पूरी रात भारी गोलीबारी करते हुए शव को अपने कब्जे में लेने के अनेक प्रयास किए लेकिन शव के निकट तैनात सैन्य दल द्वारा उनके मंसूबों को विफल कर दिया गया। सैन्य दल की सूझबुझ, साहस और वीरतापूर्ण कार्रवाई अगले दिन उनके द्वारा नक्सलियों के दो शवों को अपने कब्जे में लेने में सहायक साबित हुई। मृतकों की पहचान सलीम उर्फ सम्बी रेड्डी (नक्सलियों की द्वितीय कंपनी का तकनीशियन) और पुनशार के किस्मत उर्फ मित्तनर (नक्सलियों की द्वितीय कंपनी का चिकित्सक) के रूप में की गई। सलीम पीएलजीए की दूसरी कंपनी के दंडकारण्य एरिया कमांडिंग प्लाटून का जिला समिति का सदस्य और केन्द्रीय तकनीकी समिति का सदस्य भी था। उसके ऊपर दस लाख रू. का इनाम भी घोषित था। किस्मत सेक्शन कमांडर था और उसके ऊपर एक लाख रु. का इनाम था।

इस वीरतापूर्ण कार्रवाई के निष्पादन में उपर्युक्त कर्मियों ने विषम परिस्थितियों में बड़ी संख्या में नक्सलियों के विरुद्ध गंभीर व्यक्तिगत जोखिम उठाते हुए उल्लेखनीय वीरता, असाधारण बहादुरी और अद्वितीय साहस का परिचय दिया है। अभियान संबंधी यह उल्लेखनीय सफलता उनकी वीरतापूर्ण कार्रवाई के कारण ही हासिल हो पाई। यहां यह भी उल्लेख करना प्रासंगिक है कि नक्सलियों की कंपनी के विरुद्ध किसी भी अभियान में हथियार के साथ नक्सलियों के शव की बरामदगी एक दुर्लभ घटना है, लेकिन यह इन अधिकारियों और जवानों की सजग लड़ाई के कारण संभव हुआ।

बरामदगी:

सैन्य दल द्वारा घटना स्थल से निम्नलिखत हथियार/गोलाबारूद एवं अन्य सामग्रियां बरामद की गई थी:-

12 बोर की बंदूक-01, एसएलआर मैगजीन-01, कार्मिक-रोधी प्रणाली के साथ 22 कंटेनर, ग्रेनेड-02, 12 बोर राउंड-22, डेटोनेटर-04, 06 वोल्ट की बैटरी, .303 राउंड-06, .303 के खाली खोखे-02, एस एल आर के खाली खोखे-09, आर डी एक्स-03 कि.ग्रा., कॉर्डेक्स तार-02 फीट, खाली पाउच-02।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री एस. ईलांगो, उप महानिरीक्षक, जी. मधु, सहायक कमांडेंट, मलेक शाहिद अहेमद, हेड कांस्टेबल/आर ओ एवं दावल साब, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का द्वितीय बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23.02.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 145-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार/वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. जी. मधु, सहायक कमांडेंट (वीरता के लिए पुलिस पदक का प्रथम बार)
2. रंजीत सिंह, कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)
3. सजीथ ओ. वी., कांस्टेबल (वीरता के लिए पुलिस पदक)

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया:

छत्तीसगढ़ के जिला-बीजापुर में गांव-गोरणा, मनकाली और पंकुर के निकट 20-25 सशस्त्र कैडरों के साथ नक्सल कमांडर गोपी की मौजूदगी के बारे में आसूचना प्राप्त होने पर श्री जी. मधु, सहायक कमांडेंट द्वारा एक अभियान शुरु किया गया। चूंकि नक्सलियों के समूह के वास्तविक स्थान का पता नहीं था, अत: पहले उस क्षेत्र में एक छोटे समूह में जाकर ठहरने और वहां निगरानी रखते हुए उपयुक्त समय पर हमला करने का निर्णय लिया गया। लक्षित क्षेत्र में नक्सलियों का अत्यधिक प्रभाव था क्योंकि यह बीजापुर के घने जंगलों के किनारे पर स्थित था और वहां कम कार्मिकों के साथ कार्य को अंजाम देना बेहद जोखिमपूर्ण था। तथापि, श्री जी. मधु, सहायक कमांडेंट ने इस तथ्य को जानते हुए कि बड़े सैन्य दल की गतिविधि को छिपाकर रखना कठिन होगा, ऐसा जोखिम लेने का निर्णय लिया। उन्होंने उप पुलिस महानिरीक्षक, कार्यालय, बीजापुर में तैनात सीआरपीएफ के विशेष कार्रवाई दल और राज्य के पुलिस कार्मिकों को शामिल करते हुए एक हमला दल का गठन किया और 14 जुलाई, 2013 की भोर में अभियान के लिए रवाना हो गए।

पहले दिन सैन्य दल बेहद सूझबूझ से भोर होने से पूर्व ही गांव-पंकुर के निकट पहुंच गया और एक अच्छी स्थिति वाले स्थान पर तैनात हो गया। उस क्षेत्र की सुबह से रात तक निगरानी की गई और जब वहां कोई भी संदिग्ध मामला नजर नहीं आया तब सैन्य दल अगली सुबह गांव-गोरना और मनकाली की ओर बढ़ गया। दिनांक 15.7.2013 को सैन्य दल ने सुबह से रात तक उस क्षेत्र की निगरानी की। रात के समय उन्हें पास की पहाड़ी में रोशनी तथा कुछ लोगों की संदिग्ध गतिविधियां नजर आईं जिनसे वहां नक्सलियों की मौजूदगी के संकेत मिल रहे थे। तभी सुबह में जंगल की तलाशी लेने का निर्णय लिया गया। दिनांक 16.7.2013 को सुबह में सैन्य दल गुप्त रुप से उस पहाड़ी की ओर बढ़ने लगा लेकिन जैसे ही वे कुछ आगे गए तो उन्होंने पाया कि गंतव्य स्थान तक पहुंचने के लिए उन्हें पंक्तिबद्ध रुप से आगे बढ़ना होगा। उस क्षेत्र में घात की आशंका को देखते हुए श्री जी. मधु ने सैन्य दल को दो समूहों में विभाजित किया, जिसमें से एक का नेतृत्व उन्होंने अपने पास रखा जबकि दूसरे समूह की कमान राज्य पुलिस के एएसआई अंबिका प्रसाद ध्रुव को सौंपी गई। उन्होंने यह योजना बनाई थी कि वह सीधी पंक्ति में आगे बढ़ते हुए वहां किसी भी प्रकार की घात की स्थिति होने पर उसका पर्दाफाश करेंगे, जबकि दूसरा समूह बायीं ओर से आगे बढ़ते हुए उक्त घात के ऊपर जवाबी हमला करेगा। पंक्ति में आगे बढ़ना बेहद जोखिम भरा था और इसमें जान को जोखिम भी था लेकिन घात का पता लगाने के लिए यह आवश्यक था। दूसरे समूह को बाएं किनारे को कवर करने के लिए भेजने के बाद सजीथ ओ. वी. और रंजीत नामक कांस्टेबल के साथ श्री जी. मधु, सहायक कमांडेंट पंक्ति में आगे बढ़ने लगे। बमुश्किल जब यह समूह कुछ ही कदम आगे बढ़ा था, तभी वहां घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने उनके ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी

शुरु कर दी। कमांडर और उनका सैन्य दल इस दुर्लभ अवसर की प्रतीक्षा में था और उन्होंने गोलियों की बौछार की परवाह किए बगैर घात का जवाब दिया और वे बेहद निडरता एवं साहसी तरीके से आगे बढ़ते रहे। नक्सलियों ने बेहद रणनीतिक तरीके से घात लगाई और वे सुरक्षित आड़ में ऊंचाई पर स्थित अपने प्रभाव वाले स्थानों पर तैनात थे। सजीथ ओ. वी. और रंजीत नामक कांस्टेबल के साथ श्री जी. मधु, सहायक कमांडेंट ने अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बगैर अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए पहाड़ी के ऊपर चढ़ाई करना शुरु किया ताकि वे नक्सलियों के निकट पहुंच कर उनके ऊपर अंतिम धावा बोल सकें। नक्सलियों ने अत्यंत सावधानी से इस घात की योजना बनाई थी और वे सैन्य दल की इस गतिविधि की प्रतीक्षा में थे, क्योंकि निकटवर्ती पहाड़ी में छिपे नक्सलियों के दूसरे समूह ने भी आगे बढ़ रहे सैन्य दल पर गोलीबारी शुरु कर दी। ऐसी स्थिति में ये तीनों दो दिशाओं से हो रही गोलीबारी के बीच फंस गए थे और उनकी जान पर गंभीर खतरा मंडरा रहा था। यह देखते हुए कि नक्सलियों का दूसरा समूह उसी दिशा में था जहां उन्होंने अपने दल को भेजा था, श्री जी. मधु, सहायक कमांडेंट ने उन्हें नक्सिलयों की ओर बढ़ कर उन्हें उलझाने का आदेश दिया। उसी समय अपने ऊपर हो रही गोलीबारी और फेंके जा रहे हथगोलों की मात्रा में वृद्धि को देखते हुए उन्होंने अपने साथ मौजूद दो कांस्टेबलों को यूबीजीएल से गोली चलाने का आदेश दिया। अपने चारों ओर जमीन में लग रही गोलियों की परवाह किए बगैर दोनों कांस्टेबल ने अपनी आड़ से बाहर निकल कर खड़े होकर गोलियां चलानी शुरु कर दी क्योंकि लेट कर गोली चलाना मुश्किल था। यूबीजीएल की गोलीबारी ने नक्सलियों के हौसले को पस्त कर दिया जिसके परिणामस्वरुप उनकी ओर से गोलीबारी की मात्रा कम हो गयी। इसी प्रकार नक्सलियों के दूसरे समूह को भी उलझा दिए जाने के कारण उस दिशा से भी गोलीबारी रुक गई। इस स्थिति का लाभ उठाते हुए, श्री जी. मधु, सहायक कमांडेंट ने अपनी टुकड़ी को भारी गोलीबारी करने का आदेश दिया जबकि कांस्टेबल सजीथ ओ. वी. और कांस्टेबल रंजीत के साथ वे सूझबूझ से आगे बढ़ने लगे। सहायक गोलीबारी एवं सूझबूझ के साथ गोलीबारी करने और आगे बढ़ने के कारण वे नक्सलियों के निकट पहुंचने में सफल रहे। उनके निकट पहुंच कर उन्होंने देखा कि हरे रंग की पोशाक में एक नक्सली लगातार उनके ऊपर गोलीबारी कर रहा है। बगैर समय गंवाए तीनों बहादुर सेनानियों द्वारा सधी हुई एवं निशाना लगाकर की गई गोलीबारी से उसे मार गिराया गया। अपने एक साथी कैडर की यह दशा देखकर नक्सली एक-दूसरे के लिए सहायक गोलीबारी करते हुए उस क्षेत्र से भागने लगे। इन तीनों ने काफी दूरी तक उनका पीछा करते हुए उनमें से कुछ और नक्सलियों को घायल कर दिया, लेकिन वे पहाड़ी स्थलाकृति, घने जंगल और वहां से भागने के पूर्व निर्धारित रास्तों का लाभ उठाते हुए निकल भागने में सफल हो गए। उस क्षेत्र की तलाशी लेने पर वहां से .303 राइफल, .303 के 12 राउंड, एक एचई ग्रेनेड, 04 डेटोनेटर, एक काले रंग के पिट्ठू, नक्सली साहित्य, 02 पाउच, 01 रेडियो और 05 तीर आदि के साथ मदावी हिडमा, पुत्र-हांडो, गांव-गोरना नामक एक वर्दीधारी नक्सली का शव बरामद हुआ।

इस अभियान की सफलता के लिए सैन्य दल के सदस्य गुप्त रुप से 3 दिन और रात जंगल में रहा और नक्सलियों से संपर्क स्थापित किया। ऐसा घात की जवाबी कार्रवाई के दौरान श्री जी. मधु, सहायक कमांडेंट, कांस्टेबल/जीडी रंजीत सिंह और कांस्टेबल/जीडी सजीथ ओ. वी. द्वारा प्रदर्शित साहस के कारण ही हो पाया और सुरक्षा बलों को भारी नुकसान पहुंचाते हुए हताहत करने की नक्सलियों की योजना विफल हो गई। उनके अदम्य साहस, अद्वितीय बहादुरी और सूझबूझ से युक्त दूरदर्शिता के परिणामस्वरुप न केवल एक नक्सली मारा गया और कुछ नक्सली घायल हुए, बल्कि इससे छोटे दल के अभियान की सफलता का एक उदाहरण भी कायम हुआ।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री जी. मधु, सहायक कमांडेंट, रंजीत सिंह, कांस्टेबल और सजीथ ओ. वी., कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक का प्रथम बार/पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16.07.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 146-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. दिलीप कुमार मिश्रा,
   हेड कांस्टेबल

2. टीकम,
   कांस्टेबल

3. अनिल कुमार,
   सहायक कमांडेंट

4. जितेन्द्र सिंह,
   कांस्टेबल

5. मंजीत सिंह,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

झारखंड के लातेहार जिले के घने जंगलों में स्थित पुलिस स्टेशन गारु के अंर्तगत नक्सलियों के सहानुभूति वाले क्षेत्रों, अर्थात सरजू, कुकू, रानीडाह, कटिया, चतम आदि में उनकी आवाजाही के बारे में आसूचना संबंधी विस्तृत सूचना एकत्र करने के बाद, एक नक्सल समूह के अपने नेताओं, मुख्य रुप से मृत्युंजय और इंद्रजीत की कमान में आवाजाही के संबंध में दिनांक 29.04.2014 को सूचना प्राप्त हुई। इसके अलोक में सैन्य दल द्वारा तय की जाने वाली यात्रा की दूरी, नक्सलियों की त्वरित चेतावनी प्रणाली, संपर्क मार्गों में भारी मात्रा में बिछाई गई बारुदी सुरंगों और प्रहरियों की सूझबूझपूर्ण तैनाती पर विचार करते हुए नक्सलियों पर उनके ही गढ़ में घुस कर हमला करना एक बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य था। अत: उस क्षेत्र में सर्जिकल अभियान चलाने का कार्य सीआरपीएफ के 203 और 209 बटालियनों के शक्तिशाली कोबरा सैन्य दल को सौंपा गया। उन्हें घने जंगल में लक्ष्य की तलाश करके उपयुक्त समय पर हमला करने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

तदनुसार "ऑपरेशन-ईगल" की योजना बनाई गई जिसमें प्रत्येक कोबरा के 6 दलों और झारखंड जगुआर के 2 दलों को लक्ष्य की तलाश में जंगल में फैला दिया जाना था। नक्सलियों की त्वरित चेतावनी प्रणाली और उनके द्वारा उस क्षेत्र में लगाई गई आईईडी से बचने के लिए यह आवश्यक था कि सैन्य दल अंधेरे की आड़ में लक्षित क्षेत्र में प्रवेश करे। सैन्य दल सिविल ट्रकों में सवार होकर अपने आधार शिविरों से रवाना हआ और तय स्थान पर ट्रकों से उतर कर वे अंधेरे में गुप्त रुप से जंगल के भीतर चले गए। सभी दल उस क्षेत्र में फैल गए और वे आपसी सहायता कायम रखते हुए सामानांतर रुप से आगे बढ़ने लगे। श्री अनिल कुमार, सहायक कमांडेंट की कमान में आगे बढ़ रहा 209 कोबरा का दल सं. 10 एक ऐसा छोटा दल था, जो तलाशी अभियान का नेतृत्व कर रहा था। चूंकि उस क्षेत्र में अनेक स्थानों पर घात का खतरा था, अत: कांस्टेबल/जीडी टीकम, कांस्टेबल/जीडी जितेंद्र, एचसी/जीडी डी.के. मिश्रा और कांस्टेबल/जीडी मंजीत सिंह को स्काउट का कार्य सौंपा गया था ताकि वे आगे रहते हुए बड़े क्षेत्र को कवर कर सकें। यह दल बेहद सतर्कतापूर्वक जंगल को छानबीन रहा था और नक्सलियों की मौजूदगी अथवा उनसे संबंधित रहस्यों के संकेत की तलाश कर रहा था। जैसे ही यह दल कुछ आगे बढ़ा तभी उसके स्काउटों ने वहां की गीली जमीन पर कुछ पदचिन्ह देखे और उन्होंने अपने दल के अन्य सदस्यों को सतर्क कर दिया। पदचिन्हों के निशान से यह तय था कि वहां कहीं आस-पास में नक्सली अथवा आम नागरिक मौजूद थे। सैन्य दल और अधिक सतर्क हो गया और वह गुप्त रुप से बारीकी से क्षेत्र की तलाशी तेले हुए धीमी गति से आगे बढ़ने लगा। पहाड़ी जंगल के बीच एक ढ़लान पर चढ़ाई करते समय सैन्य दल ने पहाड़ी के ऊपर एक अस्थायी झोपड़ी देखी। कुछ समय के लिए उस झोपड़ी को निगरानी में रखा गया लेकिन जब वहां कोई हलचल/गतिविधि नहीं देखाई पड़ी तो सैन्य दल आगे बढ़ गया। निकटवर्ती पहाड़ी के ऊपर एक और झापेड़ी पर उनकी नजर गई लेकिन इससे पहले कि सुरक्षा दल कोई कार्रवाई कर पाता, वहां छिपे नक्सलियों के द्वारा उनके ऊपर भारी गोलीबारी शुरु कर दी गई। ऐसा महसूस हुआ कि सैन्य दल को अपने मारक ज़ोन में लाने के लिए नक्सलियों ने जाल बिछा रखा था, लेकिन सतर्क सैन्य दल ने पूरी सूझबूझ और बुद्धिमता से इस स्थिति को टाल दिया। सैन्य दल ने तत्काल पोजीशन ली और जवाबी गोलीबारी की। गरज रही बंदूकों और चारों ओर गोलियों की बौछार के बीच दल के कमांडर श्री अनिल कुमार, सहायक कमांडेंट ने किनारे से घात का जवाब देने की रणनीति बनाने की योजना बनाई। एक बड़े पत्थर की आड़ लते हुए, जिसके ऊपर नक्सलियों की गोलियां लगातार लग रही थीं, उन्होंने नक्सलियों के स्थान और मौजूदगी का आकलन किया और तदनुसार अपने दल को दो हिस्सों में विभाजित किया। नक्सलियों ने सामने की पहाड़ी की दो चोटियों पर डेरा डाल रखा था, जिनके बीच एक झरना बह रहा था। लेकिन आगे की कोई कार्रवाई किए जाने से पूर्व नक्सलियों को लक्षित गोलीबारी करने से रोकना आवश्यक था। उन्होंने अपने सैन्य दल को नक्सलियों के ऊपर लगातार भारी गोलीबारी करने का आदेश दिया और इस प्रयास में स्टीक गोलीबारी करने के लिए वे स्वयं भी आड़ से निकल कर बाहर आ गए। कांस्टेबल/जीडी मंजीत सिंह और कांस्टेबल/जीडी जितेंद्र उस दल का नेतृत्व कर रहे थे, जिस बायें किनारे से धावा बोलना था। वे बेहद खामोशीपूर्वक गोलीबारी वाले क्षेत्र से बाहर निकले और गुप्त रुप से उस दिशा की ओर बढ़ने लगे। नक्सलियों से सामना होने पर उन्होंने उनके ऊपर भारी गोलीबारी शुरु कर दी और हथगोले फेंके। आपसी समन्वय बनाते हुए दूसरा दल भी गोलीबारी वाले क्षेत्र से निकलकर दाहिने किनारे की ओर बढ़ गया।

एचसी/जीडी डी.के. मिश्रा और कांस्टेबल/जीडी टीकम अपने कमांडर के अधीन आगे बढ़कर नक्सलियों के बेहद नजदीक पहुंच गए और उन्होंने वहां डटे हुए नक्सलियों पर भारी गोलीबारी शुरु कर दी। नक्सलियों ने सैन्य दल को बड़े पैमाने पर हताहत करने के उद्देश्य से उनके ऊपर हथगोले फेंकने के साथ-साथ लगातार गोलीबारी की। लेकिन अपने कमांडर के अधीन सैन्य दल ने अपना हौसला नहीं खोया और अपनी-अपनी यूबीजीएल से ग्रेनेड फेंकने के लिए सुरक्षित आड़ से निकल कर बाहर आ गए। इस सैन्य दल की गोलीबारी और अदम्य साहस से नक्सलियों का मनोबल गिर गया और वे पीछे हटने लगे। उन्हें पीछे हटते देखकर तीनों बहादुर सेनानी अर्थात सहायक कमांडेंट श्री अनिल कुमार, एचसी/जीडी, डी.के. मिश्रा और कांस्टेबल/जीडी टीकम ने निकटवर्ती पहाड़ी के ऊपर से अपने ऊपर हो रही गोलीबारी के बावजूद और अपनी जान की परवाह किए बगैर उनका पीछा किया। वहां से भाग रहे नक्सली पहाड़ी के नीचे भागे और अपना पीछा होते देखकर उन्होंने झरने के बीच बड़े पत्थरों की आड़ में बैठ कर पोजीशन ले ली। निकटवर्ती पहाड़ी की चोटी पर डटे नक्सलियों ने भी अपने साथियों की सहायता के लिए वहां पहुंचने की कोशिश की लेकिन कांस्टेबल/जीडी मंजीत सिंह और कांस्टेबल/जीडी जितेंद्र द्वारा प्रभावी रुप से उनका रास्ता रोक दिया गया। नक्सलियों का पीछा कर रहे तीनों सेनानियों ने उन्हें भागने नहीं दिया और वे अपनी सुरक्षा की परवाह किए बगैर गोलीबारी करते हुए सूझबूझ से आगे बढ़ते रहे। आगे बढ़ रहे सैन्य दल को देखकर नक्सलियों ने लगातार गोलीबारी करके और हथगोले फेंककर भय का माहौल पैदा करके उसका लाभ उठाते हुए वहां से भागने का अंतिम प्रयास किया। लेकिन इससे बहादुर कमांडो झुके नहीं, बल्कि उन्होंने और अधिक उग्रता से जवाबी गोलीबारी की। बेहद नजदीक से हुई इस गोलीबारी में दो नक्सली मारे गए। इसी बीच कुछ नक्सली उस स्थान से भागने में सफल हो गए और वे भाग कर उसी पहाड़ी की चोटी की ओर गए जहां से अन्य नक्सली गोलीबारी कर रहे थे। वहां से भाग रहे नक्सलियों को देख कर कांस्टेबल/जीडी मंजीत सिंह और कांस्टेबल/जीडी जितेंद्र ने पहाड़ी की चोटी से अपने ऊपर हो रही गोलीबारी की परवाह किए बगैर और सुरक्षा संबंधी सभी एहतियातों दर-किनार करते हुए आड़ से बाहर आकर उनके ऊपर गोलीबारी की। नक्सलियों ने उन सेनानियों को मारने की कोशिश की लेकिन उनकी उग्र प्रतिक्रिया को देखते हुए उस क्षेत्र से भागना ही सुरक्षित समझा। इस गोलीबारी में भी कांस्टेबल/जीडी मंजीत सिंह और कांस्टेबल/जीडी जितेंद्र एक नक्सली को मार गिराने और कुछ अन्य नक्सलियों को घायल करने में सफल रहे।

अभियान के दौरान सैन्य दल द्वारा प्रदर्शित बहादुरी, शौर्य एवं सूझबूझ से पूर्ण दूरदर्शिता के परिणामस्वरुप 03 नक्सली मारे गए और 01 इन्सास राइफल, 02 .303 राइफल, जिंदा राउंड, डेटोनेटर, मोबाइल, कारतूस की थैली, बैग, देशी बम, नक्सली साहित्य एवं अन्य सामग्रियां बरामद हुईं। सैन्य दल द्वारा प्रदर्शित साहस ने अभियान का रुख बदल दिया जिसमें शुरु में दयनीय स्थिति में होने के बावजूद उन्होंने स्थिति पर काबू पाते हुए घात का जवाब दिया और नक्सलियों के तीन कैडरों को मार गिराया। (नक्सलियों के संवाद को इंटरसेप्ट करने पर पता चला कि उनके 05 कैडर मारे गए थे और दो गंभीर रुप से घायल हुए थे)।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री दिलीप कुमार मिश्रा, हेड कांस्टेबल, टीकम, कांस्टेबल, अनिल कुमार, सहायक कमांडेंट, जितेंद्र सिंह, कांस्टेबल और मंजीत सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29.04.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 147-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. राजेन्द्र कुमार,
   सहायक कमांडेंट
2. अनिल कुमार,
   कांस्टेबल
3. बिपिन सिंह,
   कांस्टेबल

4. जी. हरी प्रसाद,
   कांस्टेबल

5. पूरन मल जाट,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 05.02.2012 को 1545 बजे विश्वसनीय स्रोत से यह सूचना प्राप्त हुई थी कि पुलिस स्टेशन बेलपहाड़ी, जिला-पश्चिम मिदनापुर (पश्चिम बंगाल) के अधीन गांव मधुपुर के निकट मधुपुर जंगल में 08-10 सशस्त्र माओवादी कैडर इकट्ठा हुए हैं। यह सूचना प्राप्त होने पर श्री राजेंद्र कुमार, एसी, ओसी बी/169 बटालियन के साथ श्री वीरेंद्र कुमार, उप कमांडेंट, 169 बटालियन, सीआरपीएफ (डीसी/ऑपरेशन्स) ने, जो कि कमांडेंट (एओएल) का प्रभार संभाल रहे थे, गांव मधुपुर के वन क्षेत्र में छापा एवं छानबीन/तलाशी अभियान चलाने की योजना बनाई और उन्होंने इसके बारे में वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर दिया।

श्री राजेन्द्र कुमार, एसी द्वारा इस सूचना की सत्यता की जांच की गई और आगे उन्होंने इसकी सूचना वीरेंद्र कुमार, डीसी (ऑपरेशन्स) को दी। श्री वीरेंद्र कुमार, डीसी ने ओसी एफ/169 श्री दीपक शुक्ला, एसी (तदर्थ) और ओसी ए/169 निरीक्षक/जीडी गणेश कुमार को किसी भी प्रकार की घात पर काबू पाने एवं अपना बचाव करने के लिए गांव निगोरिया से भुलाबेदा तक के मार्ग के साथ आरओपी लगाने और जरुरत पड़ने पर अतिरिक्त बल को तैयार रखने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने श्री राजेंद्र कुमार, एसी को हमला दल के रुप में कार्य करने के लिए अपनी टुकड़ी के साथ सूझबूझ के साथ मधुपुर गांव के लिए कूच करने का निर्देश दिया। इसी बीच, उन्होंने यूनिट क्यू.ए.टी. और जी/169 की विशेष प्लाटून को तैयार किया और मधुपुर गांव के लिए रवाना हो गए। मधुपुर गांव पहुंच कर श्री राजेंद्र कुमार, एसी ने पश्चिम बंगाल पुलिस के एएसआई नारायण प्रमाणिक की कमान के अधीन वाली स्थानीय पुलिस के साथ अपनी रिवर्ज पार्टी को अभियान वाले क्षेत्र के बेहद नजदीक सूझबूझ से अधिपत्य वाले स्थान पर तैनात कर दिया।

गांव के क्षेत्र में पहुंच कर श्री वीरेंद्र कुमार, डीसी और उनके दल ने तत्काल इस गांव और उससे लगे जंगल के क्षेत्र को घेर लिया। श्री राजेंद्र कुमार, एसी के नेतृत्व में हमला दल ने उस क्षेत्र की गहन तलाशी शुरु की। हमला दल द्वारा तलाशी के दौरान, उनकी नजर मधुपुर गांव के छोर पर जंगल के निकट हथियारों से लैस कुछ महिलाओं सहित 8-10 लोगों पर गई जो कि बैठक का अयोजन करते हुए प्रतीत हो रहे थे। सुरक्षा दस्ते को अपनी ओर आते देख उन सभी व्यक्तियों ने माओवादी नारा लगाते हुए सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी। हालांकि हमला दल माओवादियों की गोलीबारी में घिर गया था, फिर भी उन्होंने चिल्लाते हुए उनसे गोलीबारी बंद करने और आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने सैन्य दल पर गोलीबारी करना जारी रखा।

सरकारी संपत्ति की रक्षा करने और अपने सहकर्मियों की जान बचाने के अलावा कोई अन्य विकल्प मौजूद नहीं देख कर श्री राजेंद्र कुमार, एसी ने कांस्टेबल/जीडी अनिल कुमार, कांस्टेबल/जीडी बिपिन सिंह, कांस्टेबल/जीडी जी. हरी प्रसाद, कांस्टेबल/बिगुलर पूरन मल जाट के साथ मिलकर निजी बचाव की कवायद करते हुए तथा अद्वितीय साहस एवं बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए आपस में दूरी बनाकर सूझबूझ के साथ आगे बढ़ना शुरु किया और उन्होंने निशाना साधते हुए माओवादी दस्ते पर गोलीबारी शुरु की। दोनों ओर से लगभग 20 मिनट तक गोलीबारी हुई। गोलीबारी रुकने पर सैन्य दल ने माओवादियों की हलचल/गतिविधि को भांपने के लिए उपयुक्त समय तक प्रतीक्षा की। तत्पश्चात, सैन्य ने सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाते हुए पश्चिम बंगाल पुलिस के एएसआई नारायण प्रमाणिक की कमान में सिविल पुलिस के साथ उस क्षेत्र की तलाशी लेना शुरु किया और वहां उन्हें गोली लगने से मारे गए एक माओवादी का शव पड़ा मिला। मृतक के पास खाली मैगजीन के साथ एक काम चलाऊ पिस्तौल थी और उसके दाहिने हाथ में मेड इन यूएसए तराशी हुई एक ऑटोमेटिक पिस्तौल थी और उसकी उंगली पिस्तौल के ट्रिगर पर थी। बाद में राज्य पुलिस के द्वारा मृतक की पहचान एक कट्टर माओवादी नेता अर्जुन महतो उर्फ युधिष्ठिर के रुप में की गई। इसके अतिरिक्त उस क्षेत्र की तलाशी के दौरान निम्नलिखित हथियार/गोलाबारुद बरामद किए गए:- (1) 05 राउंड जिंदा कारतूस भरी हुई 7.65 उत्कीर्ण एक मैगजीन (2) केएफ 7.65 उत्कीर्ण एक दागा गया कारतूस, एक ओएफवी 08-एएफ खाली केस, (3) केएफ 7.65 उत्कीर्ण हुआ एक जिंदा कारतूस, (4) ओएफवी 09-ए7 के निशान वाले 07 राउंड दागे गए कारतूस और (5) ओएफवी 08 एएफ का निशाना वाला एक दागा गया कारतूस।

संपूर्ण अभियान में दुर्दांत नक्सिलयों की ओर से भारी गोलीबारी और अपनी जान को भारी जोखिम के बावजूद उपर्युक्त अधिकारी एवं सुरक्षा कर्मियों ने अनुकरणीय साहस, सौंपे गए कर्त्तव्यों के प्रति समर्पण एवं प्रभावी कमान/नियंत्रण का प्रदर्शन किया। अंतिम धावा की कार्रवाई सूखे हुए धान के खेत और हल्की झाड़ियों वाले क्षेत्र में की गई जहां बचाव के लिए न के बराबर कवर उपलब्ध था। माओवादियों की ओर से की गई भारी गोलीबारी के सामने जान को जोखिम वाली परिस्थितियों में उनके द्वारा प्रदर्शित हिम्मत न केवल अनुकरणीय है, बल्कि यह उच्च कोटि के साहस, वीरता, निष्ठा, समर्पण एवं कर्त्तव्यपरायणता को भी प्रदर्शित करता है। सैन्य दल और नक्सलियों के बीच बेहद कम दूरी से भारी गोलीबारी के कारण मौत हमेशा नजदीक थी।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री राजेंद्र कुमार, सहायक कमांडेंट, अनिल कुमार, कांस्टेबल, बिपिन सिंह, कांस्टेबल, जी. हरी प्रसाद, कांस्टेबल और पूरन मल जाट, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 05.02.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 148-प्रेज/2014-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. राजू कुमार,
   सहायक कमांडेंट

2. विनोद सिंह,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पुलिस अधीक्षक, ईस्ट गारो हिल्स, मेघालय से प्रतिबंधित विद्रोही समूह, जीएमएनएलए के वरिष्ठ कैडरों की मौजूदगी के स्थान के बारे में दिनांक 18.07.2013 को अत्यंत विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचना के अनुसार, जूनियर काडरों के साथ-साथ मरकुस एम. संगमा (विलियम नगर के एरिया कमांडर 'जिम्मी' का द्वितीय कमान) नामक जीएनएलए का वरिष्ठ सदस्य अत्याधुनिक हथियारों के साथ बनसामगरे के जंगल क्षेत्र में मौजूद था और वह स्पष्ट रूप से सुरक्षा बलों पर हमला करने वाला था। तदनुसार, श्री जोसेफ किशिंग, कमांडेंट, 210 कोबरा बटालियन और पुलिस अधीक्षक ईस्ट गारो हिल्स, मेघालय के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के पश्चात श्री राजू कुमार, सहायक कमांडेंट की कमान के अधीन मेघालय पुलिस के स्वात दल के साथ 210 कोबरा के सैन्य दल ने बनसामगरे के जंगल क्षेत्र में अभियान शुरू किया गया। जंगल के कठिन भू-भाग में पूरी रात चलने के बाद, सैन्य दल संदिग्ध स्थल पर पहुंच गया। विद्रोहियों को बचकर निकलने से रोकने की रणनीति के अनुसार कट-ऑफ पार्टियां अनेक स्थानों पर तैनात कर दी गईं और धावा बोलने वाले दल पहाड़ की चोटी पर स्थित विद्रोहियों के छिपने वाले स्थान की ओर कूच कर गए। धावा बोलने वाला दल बेहद सावधानी के साथ गोपनीय तरीके से आगे बढ़ रहा था और वे अभी तक कायम रखी गई गोपनीयता को खोना नहीं चाहते थे। लेकिन जैसे ही वे आगे बढ़े तभी झाड़ी के पीछे छिपे विद्रोहियों के एक संतरी ने उन्हें देख लिया और उसने उन पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। इसके तुरंत बाद अन्य विद्रोहियों ने भी भारी गोलीबारी शुरू कर दी और उनकी बन्दूकों की गर्जना और गोलीबारी से जंगल का शांत एवं सुरम्य वातावरण रणभूमि में तब्दील हो गया। श्री राजू कुमार, सहायक कमांडेंट ने अपने सैन्य दल को भारी गोलीबारी के दायरे में देखकर और उनकी जानों पर गंभीर जोखिम को महसूस करते हुए तत्काल संपूर्ण तीव्रता के साथ विद्रोहियों पर भारी जवाबी गोलीबारी करने का आदेश दिया। वहां अत्यंत नजदीक से दोनों ओर से भारी गोलीबारी हुई, लेकिन विद्रोहियों को जल्द यह अहसास हो गया कि वे सैन्य दल के हौसले का सामना नहीं कर पाएंगे। वहां से भागने के प्रयास में उन्होंने सैन्य दल के ऊपर अनेक हथगोले फेंके और उनके विस्फोटों की आड़ लेते हुए जंगल के अन्दरूनी हिस्सों में पीछे भागना शुरू कर दिया। कुछ समय पश्चात विद्रोहियों की ओर से गोलीबारी बंद हो गई। इस समय तक विद्रोहियों की ओर से लड़ाई बेशक समाप्त हो गई थी, लेकिन श्री राजू कुमार, सहायक कमांडेंट ने तब तक यह निर्णय ले लिया था कि वे नक्सलियों को वहां से भागने नहीं देंगे। उन्होंने सभी कट-ऑफ पार्टियों को इस स्थिति से अवगत कराया और उन्हें अतिरिक्त सावधान और सजग रहने का आदेश दिया।

श्री राजू कुमार, सहायक कमांडेंट अपने लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने दल के साथ जंगल के काफी भीतर पहुंच गए और वहां उन्हें अस्थाई तौर पर तैयार किए गए कुछ मोर्चों के साथ-साथ एक टॉवर मोर्चा भी दिखाई दिया। घिरे हुए विद्रोहियों की ओर से तत्काल एवं अचानक हमले से अपनी जान पर जोखिम के बावजूद उन्होंने घने जंगल की तलाशी जारी रखी। उस स्थान पर घनी एवं ऊंची झाड़ियों

के कारण कोई भी चीज सिर्फ कुछ ही मीटर आगे तक दिखाई देती थी और वह स्थान अचानक हमले के लिए बेहद उपयुक्त था। अपने एवं अपने दल के सदस्यों की जान के जोखिम को महसूस करते हुए श्री राजू कुमार, सहायक कमांडेंट ने एक सोचा समझा जोखिम मोल लिया और उन्होंने एक संदिग्ध क्षेत्र की दिशा में कट-ऑफ पार्टी सं. 5 को यूबीजीएल से ग्रेनेड दागने का आदेश दिया। यूबीजीएल से ग्रेनेड दागे जाने के कारण जीएनएलए के दो कैडरों ने अचानक झाड़ी के पीछे से बाहर निकलकर सैन्य दल अंधाधुध गोलीबारी शुरू कर दी। कांस्टेबल/जीडी विनोद सिंह, जो स्काउट की भूमिका में थे, भारी गोलीबारी के दायरे में आ गए लेकिन वह वहां से सुरक्षित बाहर निकलने में सौभाग्यशाली रहे। अचानक हुई इस गोलीबारी के अचम्भे से उभरते हुए कांस्टेबल विनोद ने विद्रोहियों द्वारा की जा रही गोलीबारी के बावजूद अपना संयम बरकरार रखा और उन्होंने अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन करते हुए जमीन पर लेटकर विद्रोहियों पर जवाबी गोलीबारी की। अपने सहयोगी के जीवन को भारी जोखिम में देखकर श्री राजू कुमार, सहायक कमांडेंट अपनी जान की परवाह किए बगैर रेंगते हुए आगे बढ़े और उन्होंने साथ मिलकर जीएनएलए के कैडरों पर जवाबी गोलीबारी की जिसमें उन्होंने एक विद्रोही को मार गिराया जबकि दूसरा भागने में कामयाब हो गया। बाद में वहां ली गई तलाशी में सुरक्षा दल ने उस स्थल से ए.के. 56 राइफल-01, ए.के. 56 मैगजीन-03, ए.के. जिन्दा गोलाबारूद-148, कोल्ट पिस्तौल-01, पिस्तौल के गोलाबारूद-17, वाकी-टॉकी सेट-02 और चीनी ग्रेनेड-01 आदि के साथ मरकुस एम. संगमा नामक जीएनएलए कैडर का शव बरामद किया।

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री राजू कुमार, सहायक कमांडेंट और विनोद सिंह, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 19.07.2013 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 149-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. कौशल सधन गिरी,
   सहायक कमांडेंट
2. लाल सिंह,
   कांस्टेबल
3. मनीष कुमार तिवारी,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 02.04.2010 को पताम्दा पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी को पताम्दा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत एक दूरस्थ और खतरनाक गांव बत्तोरिया, टोला श्रीरामपुर, जिला पूर्वी सिंहभूम (झारखंड) में माओवादी दस्ते के 3-4 सदस्यों की उपस्थिति के बारे में विश्वसनीय सूचना मिली। सूचना से यह भी पता चला कि ये माओवादी युवाओं को अपने संगठन में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे थे। यह सूचना श्री के.एस. गिरी, कंपनी कमांडेंट, 7 बटालियन, सीआरपीएफ के साथ साझा की गई और तदनुसार एक अभियान की योजना बनाई गई। दिनांक 02.04.2010 को लगभग 2200 बजे सिविल पुलिस दल के साथ दो सशक्त प्लाटून पैदल ही लक्ष्य क्षेत्र की ओर गए। अभियान पर जाने से पहले दलों को सूचना, नियत कार्य और आसन्न खतरों के बारे में उचित रुप से बताया गया था। लक्षित गांव को घेरने और तलाशी के लिए उन्हें दो छोटे समूहों में बांटा गया था। घने अंधेरे, कठिन क्षेत्र, झाडियों, नालों और बारिश के बावजूद सैन्य दल तेजी से आगे बढ़ा और दिनांक 03.04.2010 को लगभग 0230 बजे बन्तोरिया गांव के निकट पहुंच गया। गांव के चारों ओर घना जंगल और पहाड़ियां थीं। नाइट विजन डिवाइस से गांव और आस-पास के जंगलों को देखने के बाद श्री के.एस. गिरि, सहायक कमांडेंट ने घेराव समूह को गांव की घेराबंदी करने का आदेश दिया। जैसे ही घेराव समूह ने गांव की घेराबंदीकरना आरंभ किया,

श्री के.एस. गिरि, सहायक कमांडेन्ट, कांस्टेबल/जीडी लाल सिंह, कांस्टेबल/बीयूजी मनीष कुमार तिवारी और हमला/तलाश दल के कुछ अन्य चुनिन्दा बहादुर जवान किसी संदिग्ध गतिविधि को देखकर गांव के नजदीक गए। गांव के आस-पास लोगों की अवांछित उपस्थिति को भांपकर, गांव के कुत्तों ने भौंकना आरंभ कर दिया। यह सोचकर कि माओवादी सतर्क हो जाएंगे और गांव से भागने का प्रयास करेंगे, श्री के.एस. गिरी, सहायक कमांडेंट ने अपने आधे दल को उसी स्थान पर छोड़ दिया और कांस्टेबल/जीडी लाल सिंह, कांस्टेबल/बीयूजी मनीष कुमार तिवारी और कुछ अन्य कर्मियों के साथ बचकर भागने के रास्ते को बंद करने के लिए तेजी से गांव के दूसरे छोर की ओर गए। उन्होंने तीन मानव परछाइयों को गांव के सबसे दूर वाले छोर की ओर भागते देखा। उन्हें माओवादी समझकर, श्री के.एस. गिरी ने अन्य दलों को पीछे रहने और आवश्यकता पड़ने पर कवर/सपोर्ट फायर देने का आदेश दिया जबकि उन्होंने कांस्टेबल लाल सिंह और कांस्टेबल मनीष कुमार तिवारी के साथ उनका पीछा करना आरंभ किया। यह देखकर कि उनका पीछा किया जा रहा है, माओवादी पीछे मुडे और सैन्य दलों पर भारी गोलीबारी आरंभ कर दी। श्री के.एस. गिरी, सहायक कमांडेंट और उनके स्काउट बाल-बाल बचे, लेकिन इस प्रकार बाल-बाल बचने से न घबराकर उन्होंने जवाबी गोलीबारी की और पीछा करना जारी रखा। माओवादी सैन्य दलों की दृढ़ता और साहस को देखकर सैन्य दलों पर गोलीबारी करते हुए जंगल की ओर भागे। श्री के.एस. गिरी, सहायक कमांडेंट और उनके दो साहसी सैनिकों ने अपनी जान को जोखिम में डालकर और माओवादियों द्वारा उनकी जान को होने वाले खतरे की परवाह किए बिना उनका पीछा करना जारी रखा। जब श्री के.एस. गिरी, सहायक कमांडेंट और उनके स्काउट माओवादियों के नजदीक पहुंच गए, तो माओवादी फिर पीछे मुडे और कुछ राउण्ड गोलियां चलाईं। सैनिक फिर नीचे झुक गए और गोलियों उनके नजदीक से निकल गईं। यह देखकर कि जंगल के अंत और माओवादियों के बीच की दूरी कम रह गई है, तीनों ने उन पर गोलियां चलाई और लक्षित तथा सटीक गोलीबारी के कारण भाग रहा एक माओवादी तुरंत नीचे गिर गया। अन्य दो माओवादी घने जंगल में घुसने में सफल रहे और एक पेड़ के पीछे पोजीशन लेकर सैन्य दल पर गोलीबारी की। सैन्य दल ने भी जवाबी गोलीबारी की और दो दिशाओं से उनका सामना करने का प्रयास किया। श्री के.एस. गिरि, सहायक कमांडेंट अकेले ही बांयी ओर गए जबकि दोनों कांस्टेबल अपनी दायीं ओर गए। दोनों दिशाओं से सैन्य दल का हमला देखकर माओवादी जंगल के काफी अंदर चले गए।

भोर में क्षेत्र की पूरी तरह तलाशी ली गई और क्षेत्र से भरी हुई पिस्तौल के साथ एक घायल माओवादी पकड़ा गया। पूछताछ करने पर गांव वालों ने बताया कि घायल व्यक्ति झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के कमलपुर का निवासी एवं वांछित माओवादी सुनील गोराई उर्फ अमर गोराई है। वहां से ले जाते समय घायल माओवादी की मृत्यु हो गई।

इस सम्पूर्ण अभियान में, सहायक कमांडेंट श्री के.एस. गिरी और उनके दो बहादुर सैनिकों नामत: कांस्टेबल/जीडी लाल सिंह और कांस्टेबल/बीयूजी मनीष कुमार तिवारी ने अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपनी जान को गंभीर खतरा/जोखिम होने के बावजूद उन्होंने आगे बढ़कर अभियान का नेतृत्व किया। अभियान के दौरान उनकी पहल, तुरंत कार्रवाई और असाधारण साहस के परिणामस्वरुप बड़ी सफलता मिली, जिसमें एक खूंखार माओवादी मारा गया।

बरामदगी:

1.	आटोमैटिक पिस्तौल	-	01
2.	मैंगजीन	-	01
3.	जिंदा कारतूस	-	04
4.	चलाए गए खाली खोखे (के.एफ.7.65)	-	03
5.	चलाए गए खाली खोखे (के.एफ. 8 एमएम)	-	05
6.	मोबाइल फोन (माइक्रोमैक्स)	-	01 (07 सिमकार्ड के साथ)
7.	यामहा क्रक्स मोटर साइकिल रजि. नं.जेएच-05-6502- 01		
8.	नकदी-700/-रु.		

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री कौशल सधन गिरी, सहायक कमांडेंट, लाल सिंह, कांस्टेबल और मनीष कुमार तिवारी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 03.04.2010 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 150-प्रेज/2014-राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री दिनेश सिंह रावत,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 29.03.2010 को लगभग 1230 बजे थाना प्रभारी, पुलिस स्टेशन बोरम, जिला-पूर्वी सिंहभूम, झारखंड के गांव पोखरिया में दलमा प्लाटून के प्रबोध सिंह उर्फ गिड्डू सरदार नामक खूंखार माओवादी की मौजूदगी के बारे में सूचना प्राप्त हुई। थाना प्रभारी ने इस सूचना को ई कंपनी/7 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कंपनी कमांडर के साथ साझा किया और तदनुसार श्री नीतेश कुमार, सहायक कमांडेंट (इको/7 बटालियन के.रि.पु.ब.) और उप निरीक्षक संजीव कुमार मिश्र (थाना प्रभारी, पुलिस स्टेशन, बोरम) द्वारा संदिग्ध गांव की घेराबंदी कर वहां तलाशी अभियान चलाने की योजना बनाई गई। इस अभियान के लिए केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की दो प्लाटूनों और राज्य पुलिस के 9 कार्मिकों को शामिल करके एक दल तैयार किया गया। जैसा कि सूचना में बताया गया था कि यदि तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो माओवादी उस क्षेत्र से भाग जाएंगे इसलिए तैयार किए गए हमला दल ने वाहनों में बैठकर तुरंत उस गांव के लिए कूच किया और उन्होंने आनन-फानन में गांव के चारो ओर घेराबेदी कर दी। योजना बनते समय यह तय किया गया था कि दो दिशाओं से उस गांव की तलाशी ली जाएगी ताकि माओवादी के भागने की कोई गुंजाइश न रहे। राज्य पुलिस कर्मियों ने तलाशी दल बनाकर पूर्व दिशा से गांव की तलाशी शुरू की और सीआरपीएफ के सैन्य दल ने दूसरा तलाशी दल तैयार करके पश्चिम दिशा से गांव की तलाशी शुरू की। लगभग 1315 बजे जब राज्य पुलिस का तलाशी दल एक झोपड़ी के अन्दर प्रवेश कर रहा था, तभी उनके ऊपर उसके भीतर से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू हो गई। तत्काल उन्होंने पोजीशन ले ली और सीआरपीएफ से सहायता मांगी। सीआरपीएफ के तलाशी दल के कमांडर नीतेश कुमार, सहायक कमांडेंट ने गोलीबारी की आवाज सुनकर उसी दिशा में अपने दल को पीछे आने का आदेश दिया। घटनास्थल पर पहुंचकर उन्होंने अपने सैन्य दल को उस झोपड़ी के चारों ओर घेरा डालने का आदेश दिया, जबकि वे स्वयं दरवाजे को कवर करते हुए काफी सूझबूझ के साथ तैनात हो गए। उन्होंने बेहद सूझबूझ से वहां से बचकर भागने के सभी संभावित रास्तों का विश्लेषण किया और यह सुनिश्चित किया कि बचकर भागने के सभी रास्ते बंद कर दिए जाएं। माओवादियों को आत्मसमर्पण का एक और मौका दिया गया लेकिन इस चेतावनी का भी उनके ऊपर कोई असर नहीं हुआ और उन्होंने इसका जवाब गोलीबारी करके दिया। सामने के दरवाजे से उस झोपड़ी में प्रवेश करना जोखिमपूर्ण था और उसमें जान को खतरा हो सकता था। जब दोनों कमांडर यह सोच रहे थे कि इस स्थिति से कैसे निपटा किया जाए, तभी कांस्टेबल/जीडी दिनेश सिंह रावत ने दो दिशाओं से धावा बोलने और दूसरा मोर्चा खोलने के अपने विचार से उन्हें अवगत करवाया। विचार यह था कि दुश्मन के ऊपर उस दिशा से हमला किया जाए जिसके बारे में उसने सोच नहीं रखा हो और इसके लिए वे तैयार भी नहीं हो। यदि उस दिशा से उसे मार गिराना संभव न भी हो तब भी कम से कम इससे उसका ध्यान बंटेगा और इससे सैन्य दल को दरवाजे के करीब पहुंचने का अवसर मिलेगा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि टाइल को हटाकर छत की ओर से हमला शुरू किया जा सकता है। सशस्त्र माओवादी पर सामने से हमला करना जान को जोखिम में डालने वाला कार्य था लेकिन कांस्टेबल/जीडी दिनेश सिंह रावत ने इसकी परवाह नहीं की और उन्होंने स्वेच्छा से छत से हमला करने की कार्रवाई की अगुवाई की। एक बड़े उद्देश्य के लिए अपने जान को जोखिम में डालते हुए कांस्टेबल/जीडी दिनेश सिंह रावत गुप्त रूप से छत के ऊपर पहुंच गए और उन्होंने वहां से टाइल को हटाना शुरू कर दिया। जैसे ही उक्त कांस्टेबल ने छत से टाइल को हटाया तभी वहां भीतर फंसे माओवादियों ने उन्हें मारने के उद्देश्य से उनके ऊपर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। कांस्टेबल/जीडी दिनेश सिंह रावत वहां से बाल-बाल बच निकले लेकिन इससे विचलित हुए बगैर उन्होंने माओवादी के ऊपर जवाबी गोलीबारी की और संभवत: उसे घायल कर दिया। कांस्टेबल/जीडी दिनेश सिंह रावत के इस बहादुरीपूर्ण कृत्य से लड़ाई के लिए ने केवल एक दूसरा मोर्चा खुला बल्कि इससे अन्य सैनिकों को दरवाजे की और से नजदीक पहुंचने में सहायता मिली। तत्काल अन्य सैन्य दल ने भी नजदीक आकर दरवाजे के बाहर पोजीशन ले ली। स्वयं को घिरा देखकर और आगे बढ़ रहे सैन्य दल द्वारा पकड़े जाने अथवा मारे जाने के भय से माओवादी ने झोपड़ी में आग लगाकर वहां से भागने का अंतिम प्रयास किया। सैनिक पीछे हट गए लेकिन उन्होंने माओवादी को वहां से भागने का कोई मौका नहीं दिया। आग को बुझाने के प्रयास किए गए लेकिन लकड़ी के खंभों और तख्तों के जलने के कारण झोपड़ी ध्वस्त हो गई। मलबे की तलाशी ली गई और तलाशी के दौरान वहां से हथियार के साथ एक नक्सली का आंशिक रूप से जला शव बरामद किया गया।

अभियान के दौरान कांस्टेबल/जीडी दिनेश सिंह रावत ने न केवल वीरता एवं बहादुरी का प्रदर्शन किया बल्कि उन्होंने एक ऐसा सुझाव भी दिया जिसने अभियान की दिशा बदल दी। अभियान के दौरान उनके द्वारा प्रदर्शित सूझबूझपूर्ण कौशल और अदम्य साहस

अनुकरणीय था। उनकी पहल ने न सिर्फ सैन्य दल के अन्य सदस्यों में अत्यधिक विश्वास एवं हौसला उत्पन्न किया बल्कि इसके कारण एक माओवादी भी मारा गया।

बरामदगी:

1.	ऑटोमेटिक पिस्तौल (इटली में निर्मित)	:	01
2.	मैगजीन	:	01
3.	दागे गए खाली खोखे	:	03

इस मुठभेड़ में श्री दिनेश सिंह रावत, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29.03.2010 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 151-प्रेज/2014—राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्व/श्री

1. मूल चंद वर्मा,
   निरीक्षक

2. सुमित कुमार,
   कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया:

दिनांक 20 अक्टूबर, 2012, लगभग 1430 बजे सुरक्षा बलों को जम्मू एवं कश्मीर के बारामुला जिले के सोपोर पुलिस स्टेशन के शालपुरा क्षेत्र में आतंकवादियों की उपस्थिति के संबंध में एक विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर सीएएसओ की योजना बनाई गई थी और निरीक्षक एम.सी. वर्मा, एसओजी एवं जेकेपी की कमान में सीआरपीएफ की 179 बटालियन की ई कंपनी के सैन्य दलों द्वारा आरंभ की गई थी। बाद में 22 आरआर को भी इसमें शामिल होने तथा अभियान को और सुदृढ़ बनाने की सूचना दी गई थी। गांव की घेराबंदी करने के बाद, घरों की तलाशी लेने के लिए सीआरपीएफ और एसओजी का एक संयुक्त दल बनाया गया। निरीक्षक एस.सी. वर्मा तलाशी दल का नेतृत्व कर रहे थे और कुशलतापूर्वक एक-एक घर की तलाशी ले रहे थे। लगभग 1525 बजे, जब निरीक्षक एम.सी. वर्मा और उनके साथी नामत: कांस्टेबल सुमित कुमार सोनी ने एक घर के ढके हुए बरामदे में प्रवेश किया, तब गैलरी के अंत में स्थित एक कमरे में छिपे आतंकवादियों ने उन पर दो ग्रेनेड फेंके और उसके बाद अंधाधुंध गोलीबारी की। सैन्य दल ने तुरंत जवाबी गोलीबारी की और अपनी पोजीशन ले ली। तथापि, ग्रेनेडों के विस्फोट के कारण कांस्टेबल सुमित कुमार सोनी को उनके बाएं हाथ और बायीं कनपटी पर स्प्लिंटर से चोटें आईं। नजदीकी भयंकर गोलीबारी में अधिकांश सैनिक पीछे हट गए और घर के बाहर पोजीशन ली। तथापि, निरीक्षक एम.सी. वर्मा और कांस्टेबल सुमित कुमार सोनी, जो सबसे आगे थे, बरामदे में ही रुके रहे और जवाबी कार्रवाई करते रहे। आतंकवादी सुरक्षा बलों को हताहत करने, उन्हें घर में प्रवेश करने से रोकने और पीछे से बच निकलने के लिए कमरे के अंदर से घर के प्रवेश द्वार पर लगातार गोलीबारी कर रहे थे। तथापि, निरीक्षक एम.सी. वर्मा इस स्थिति से नहीं घबराए। वास्तव में उन्होंने एक साहसिक जवाबी हमले की योजना बनाई और अपने साथी कांस्टेबल सुमित कुमार सोनी की मदद से आतंकवादियों का खात्मा करने के लिए कमरे में प्रवेश करने का साहसिक निर्णय लिया। घर की गैलरी के दोनों ओर कमरे थे और आतंकवादी आखिरी कमरे में छिपे हुए थे जिसका दरवाजा घर के प्रवेश द्वार के सामने अर्थात बरामदा और प्रवेश-द्वार की ओर था। दोनों अपनी जान की परवाह किए बिना जवाबी हमला करने के लिए गोलीबारी करने और आगे बढ़ने की रणनीति को अपनाते हुए आतंकवादियों के निकट जाने की योजना बनाई। आतंकवादी कमरे के अंदर पूरी तरह सुरक्षित थे और पक्की दीवार के पीछे से गैलरी/प्रवेश द्वार पर लगातार गोलीबारी कर रहे थे। जवाबी हमला करने के लिए

दोनों बहादुर सिपाही एक दूसरे की कवरिंग और सहायक गोलीबारी के बीच आगे बढ़े और आतंकवादियों से दो कमरों के निकट पहुंचने में सफल रहे। अपनी चोट की अधिक परवाह किए बिना कांस्टेबल सुमित कुमार सोनी इस कार्य में अपने कमांडर की सहायता कर रहे थे जिसमें उनकी जान को जोखिम था और उन्होंने अनुकरणीय पराक्रम और साहस का प्रदर्शन किया। लेकिन शीघ्र ही उनके घावों से बहते खून ने उनकी चेतना को प्रभावित करना आरंभ कर दिया और उन्हें वहां से निकालने की आवश्यकता महसूस की गई। यह भांपकर कि आतंकवादियों से अकेले लड़ना बुद्धिमानी नहीं होगी और उनके साथी को तत्काल चिकित्सा सहायता की जरुरत है, निरीक्षक एम.सी. वर्मा ने कुछ समय के लिए घर से पीछे हटने और नए सैन्य दल के साथ हमला करने की योजना बनाई। बाहर पोजीशन लिए हुए सैन्य दल से सहायता मिलने की आशा बहुत कम थी क्योंकि आतंकवादियों ने अपनी गोलीबारी से घर के प्रवेश-द्वार को कवर किया हुआ था। इस मौके पर, निरीक्षक एम.सी. वर्मा ने अपनी जान को गंभीर जोखिम में डालकर महान साहस और बहादुरी का प्रदर्शन किया और आतंकवादियों की भारी गोलीबारी की परवाह किए बिना कांस्टेबल सुमित कुमार सोनी को निकालने की योजना बनाई। उन्होंने घायल कांस्टेबल को अपने कंधे पर रखा, आतंकवादियों को जवाबी गोलीबारी का मौका दिए बिना उन पर निरंतर गोलीबारी की और घायल कांस्टेबल को घर से बाहर ले आए। तदनंतर वे अपने वीरतापूर्ण कार्य से अपने घायल साथी की जान बचाने में सफल रहे। इसी बीच, जिस घर में आतंकवादी छिपे हुए थे, उसकी घेराबंदी कर ली गई और दलों को सभी बच निकलने के रास्तों पर लगा दिया गया।

मुठभेड़ की सूचना मिलने पर सीआरपीएफ और जेकेपी के वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल की ओर गए। रोशनी कम होने के कारण अभियान को रोकना पड़ा और मुठभेड़ स्थल की घेराबंदी की गई। अंदर छिपे आतंकवादी सारी रात बच निकलने के लिए नियमित अंतराल पर गोलीबारी करते रहे।

दिनांक 21 अक्टूबर, 2012 को अंतिम हमला किया गया जिसमें दो आतंकवादी मारे गए जिनकी मुजम्मिल अमीन डार उर्फ उरफी डार, निवासी बदामीबाग, सोपोर (एलईटी डिवीजन कमांडर) और अब्दुल्ला शहीन, निवासी पाकिस्तान के रुप में पहचान हुई।

बरामदगी:

1.	एके सीरीज राइफल	-	01
2.	एके मैगजीन	-	06
3.	चीन में निर्मित पिस्तौल	-	02
4.	पिस्तौल मैगजीन	-	02
5.	एके-47 के जिंदा कारतूस	-	10
6.	पिस्तौल की गोलियां	-	02
7.	चीन में निर्मित ग्रेनेड	-	02 (क्षतिग्रस्त अवस्था में)

इस मुठभेड़ में सर्व/श्री मूल चंद वर्मा, निरीक्षक और सुमित कुमार, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

ये पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 20.10.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

सं. 152-प्रेज/2014-राष्ट्रपति, भारत तिब्बत सीमा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:-

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री रमेश चन्द्र,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 12 दिसम्बर,2012 को 44वीं बटालियन, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस द्वारा क्षेत्र में आधिपत्य कायम रखने के लिए गश्त शुरू की गई और गश्ती दल को बारूदी सुरंग (माइन) हटाने और तलाशी अभियान संबंधी कार्य सौंपा गया था। कांस्टेबल/जीडी रमेश चन्द्र गश्ती दल के सेक्शन सं. 1 के सदस्य थे, जो कि बाएं किनारे से आगे बढ़ रहा था। जब कांस्टेबल/जीडी रमेश चन्द्र, जो कि बाएं किनारे से दल का नेतृत्व कर रहे थे, एक नाले के निकट पहुंचे, तो उन्हें गोली चलने की आवाज सुनाई दी। वे तत्काल नीचे लेट गए और वहां से उन्होंने उस क्षेत्र की ओर देखना शुरू कर दिया जहां से गोली चलाए जाने की आवाज आई थी। उन्हें यह आभास हो गया कि नक्सलियों ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के सैन्य दल के लिए वहां घात लगा रखी है। इस बल की परम्पराओं के अनुरूप कांस्टेबल/जीडी रमेश चन्द्र ने बिना किसी भय के नक्सलियों की ओर अपनी ए.के.-47 राइफल से 15 राउंड जवाबी गोलियां दागीं। इससे नक्सलियों के घात की योजना पूरी तरह से विफल हो गई और सैन्य दल को पोजीशन लेने तथा नक्सलियों से मुकाबला करने का पर्याप्त समय मिल गया। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की ठोस प्रतिक्रिया को देखकर नक्सली घात छोड़कर नाले पर उगी घनी झाड़ियों और असमतल भूमि का लाभ उठाते हुए वहां से भाग गए।

तथापि, इस गोलीबारी में नक्सलियों की एक गोली कांस्टेबल/जीडी रमेश चन्द्र की दायीं आंख में लग गई। दायीं आंख में गोली लगने के बावजूद उन्होंने अपना हौसला नहीं गंवाया बल्कि साहस के साथ नक्सलियों से मुकाबला किया। अभियान के बाद उन्हें सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की गईं, लेकिन इसके बावजूद उनकी एक आंख की रोशनी चली गई।

इस मुठभेड़ में श्री रमेश चन्द्र, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पुरस्कार, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरुप इसके साथ नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 12.12.2012 से दिया जाएगा।

सुरेश यादव
राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 15th August, 2014

No. 153-Pres/2014—The President is pleased to award the President's Police Medal for Distinguished Service to the under mentioned officers on the occasion of the Independence Day, 2014 :—

1. SHRI A. B. VENKATESWARA RAO, DG, SPECIAL PROTECTION FORCE, SECUNDERABAD, ANDHRA PRADESH.

2. SHRI UMESH SHARRAF, ADDL DGP (PERSONNEL), HYDERABAD, ANDHRA PRADESH.

3. SHRI GHANTA DAYANAND, ASSAULT COMMANDER / ASSISTANT COMMANDANT, GREY HOUNDS, PUPPALAGUDA POST, HYDERABAD, ANDHRA PRADESH.

4. SHRI APURBA JIBON BARUAH, DEPUTY INSPECTOR GENERAL OF POLICE (ADMN), ASSAM POLICE HEADQUARTER, ULUBARI, GUWAHATI, ASSAM.

5. SHRI SUBRA JYOTI HAZARIKA, DEPUTY INSPECTOR GENERAL OF POLICE (AP), ULUBARI, GUWAHATI, ASSAM.

6. SHRI KISHOR KUMAR AGRAWAL, ASSISTANT INSPECTOR GENERAL OF POLICE, POLICE HEAD QUARTER RAIPUR, CHHATTISGARH.

7. SHRI PRABHAKAR, DEPUTY COMMISSIONER OF POLICE, SECURITY (PM) VINAY MARG, NEW DELHI, NCT OF DELHI.

8. SHRI ASHOK KUMAR SHARMA, ASSISTANT COMMISSIONER OF POLICE, LAND & BUILDING CELL, POLICE HEADQUARTER, NEW DELHI, NCT OF DELHI.

9. SHRI VINOD KUMAR MALL, INSPECTOR GENERAL OF POLICE (SC/ST & WEAKER SECTION) GANDHINAGAR, GUJARAT.

10. SHRI PARMAR CHIMANLAL REVANDAS, JOINT COMMISSIONER OF POLICE, RANGE 1, SURAT CITY, GUJARAT.

11. SHRI V. M. PARGI, JOINT COMMISSIONER OF POLICE (TRAFFIC & CRIME), SURAT CITY, GUJARAT.

12. SHRI KAMESHWAR KUMAR MISHRA, ADDITIONAL DIRECTOR GENERAL OF POLICE, CRIME AGAINST WOMEN POLICE HEADQUARTER, PANCHKULA, HARYANA.

13. SHRI BHAGWAN DASS JISHTU, DEPUTY SUPERINTENDENT OF POLICE, SHIMLA, HIMACHAL PRADESH.

14. SHRI MUNEER AHMAD KHAN, INSPECTOR GENERAL OF POLICE (TRAFFIC), SRINAGAR, JAMMU AND KASHMIR.

15. SHRI VIJAY SINGH SAMYAL, DEPUTY INSPECTOR GENERAL OF POLICE, IRP JAMMU, JAMMU AND KASHMIR.

16. SHRI RAJEEV KUMAR, DGP, POLICE HEADQUARTER, RANCHI, JHARKHAND.

17. SHRI KAMAL PANT, INSPECTOR GENERAL OF POLICE AND ADDITIONAL COMMISSIONER OF POLICE, LAW AND ORDER, BANGALORE CITY, KARNATAKA.

18. SHRI S PARASHIVAMURTHY, INSPECTOR GENERAL OF POLICE, EASTERN RANGE DAVANGERE, KARNATAKA.

19. SHRI B. A. PADMANAYAN, DEPUTY INSPECTOR GENERAL OF POLICE, STATE INTELLIGENCE, BANGALORE, KARNATAKA.

20. SHRI S. AANANTHAKRISHNAN, ADDITIONAL DIRECTOR GENERAL OF POLICE (CRIMES), CBCID HEADQUARTERS, PHQ COMPLEX, VAZHUTHACAUD, THIRUVANANTHAPURAM, KERALA.

21. SHRI KANCHAN LAL MEENA, ADDITIONAL DIRECTOR GENERAL OF POLICE, SPECIAL OPERATION, POLICE HEADQUARTER, BHOPAL, MADHYA PRADESH.

22. SHRI KAILASH MAKWANA, ADDITIONAL DIRECTOR GENERAL OF POLICE (PROVISION), POLICE HEADQUARTER, BHOPAL, MADHYA PRADESH.

23. SHRI JAWAHAR LAL PATLE, DEPUTY SUPERINTENDENT OF POLICE (SECURITY), SPECIAL BRANCH, BHOPAL, MADHYA PRADESH.

24. SMT. MENKA GURUNG, ASSISTANT COMMANDANT., 7TH BN, SPECIAL ARMED FORCE, BHOPAL, MADHYA PRADESH.

25. SHRI PRABHAT RANJAN, ADDITIONAL DIRECTOR GENERAL OF POLICE, ANTI CORRUPTION BUREAU, MUMBAI, MAHARASHTRA.

26. SHRI JANARDAN DASHRATH THOKAL, ASSISTANT COMMISSSIONER OF POLICE, ARMED POLICE NAIGAON, MUMBAI, MAHARASHTRA.

27. SHRI DILIP BHASKAR GHAG, ASSISTANT POLICE SUB INSPECTOR, SPECIAL BRANCH-I, CRIME INVESTIGATION DEPARTMENT, MUMBAI, MAHARASHTRA.

28. SHRI MOIRANGTHEM MUBI SINGH, DEPUTY COMMANDANT, 1ST BN. MANIPUR RIFLES IMPHAL, MANIPUR.

29. SHRI AMRIT MOHAN PRASAD, INSPECTOR GENERAL OF POLICE, VIGILANCE DIRECTORATE, CUTTACK, ODISHA.

30. SHRI ARUN KUMAR SARANGI, INSPECTOR GENERAL OF POLICE, VIGILANCE DIRECTORATE, CUTTACK, ODISHA.

31. SHRI YOGESH BAHADUR KHURANIA, INSPECTOR GENERAL OF POLICE , CID, CB, CUTTACK, ODISHA.

32. SHRI GANESH DUTT PANDEY, DIRECTOR GENERAL OF POLICE CUM- COMMANDANT GENERAL, HOME GUARDS & DIRECTOR CIVIL DEFENCE, CHANDIGARH, PUNJAB.

33. SHRI GOVIND NARAYAN PUROHIT, INSPECTOR GENERAL OF POLICE, UDAIPUR RANGE, UDAIPUR, RAJASTHAN.

34. SHRI KISHORE SINGH, HEAD CONSTABLE, CRIME BRANCH OFFICE OF THE SUPERINTENDENT OF POLICE, BHARTPUR, RAJASTHAN.

35. SHRI ABHASH KUMAR, ADDITIONAL COMMISSIONER OF POLICE (LAW AND ORDER), SOUTH ZONE, CHENNAI, TAMIL NADU.

36. MS. SEEMA AGRAWAL, INSPECTOR GENERAL OF POLICE (RAILWAY), CHENNAI, TAMIL NADU.

37. SMT. S. SARASWATHY, ADDITIONAL SUPERINTENDENT OF POLICE, VIGILANCE AND ANTI CORRUPTION CHENNAI, TAMIL NADU.

38. SHRI NEPAL CHANDRA DAS, INSPECTOR GENERAL OF POLICE (HOME GUARD, POLICE CONTROL & POLICE WELFARE) POLICE HEADQUARTER, AGARTALA, TRIPURA.

39. SHRI SANDEEP SALUNKE, INSPECTOR GENERAL OF POLICE, TECHNICAL SERVICES LUCKNOW, UTTAR PRADESH.

40. SMT. RENUKA MISHRA, INSPECTOR GENERAL OF POLICE, SSB HEADQUARTER NEW DELHI, UTTAR PRADESH.

41. SHRI SUBHASH CHANDRA, INSPECTOR GENERAL OF POLICE, LUCKNOW ZONE, UTTAR PRADESH.

42. SHRI MAIYA DIN KARNADHAR, DEPUTY INSPECTOR GENERAL (SECURITY), LUCKNOW, UTTAR PRADESH.

43. SHRI AKHILESHWAR PRAKASH SINGH CHAUHAN, DEPUTY SUPERINTENDENT OF POLICE, SECURITY HEADQUARTERS LUCKNOW, UTTAR PRADESH.

44. SHRI RAKESH PRAKASH MISHRA, HEAD CONSTABLE, ALLAHABAD, UTTAR PRADESH.

45. SHRI PUSHKAR SINGH SAILAL, DEPUTY INSPECTOR GENERAL, INTELLIGENCE DEHRADUN, UTTARAKHAND.

46. SHRI ARUN KUMAR SHARMA, INSPECTOR GENERAL OF POLICE (HEADQUARTERS), POLICE DIRECTORATE, KOLKATA, WEST BENGAL.

47. SHRI PRADIP KUMAR CHATTOPADHYAY, ADDITIONAL COMMISSIONER OF POLICE (IV), KOLKATA, WEST BENGAL.

48. SHRI KUNDAN LAL TAMTA, ADDITIONAL DIRECTOR GENERAL & INSPECTOR GENERAL TRAFFIC, TRAFFIC HEADQUARTERS, KOLKATA, WEST BENGAL.

49. SHRI P. NIRAJNAYAN, PRINCIPAL SECRETARY (COORDINATION), HOME DEPARTMENT, GOVERNMENT OF WEST BENGAL, HOWRAH, WEST BENGAL.

50. SHRI BAHADUR SINGH NEGI, DEPUTY SUPERINTENDENT OF POLICE (PCR), CHANDIGARH.

51. SHRI V. SHANMUGAM, SUPERINTENDENT OF POLICE, VAC POLICE UNIT, PUDUCHERRY.

52. SHRI ADITYA MISHRA, INSPECTOR GENERAL (PERS), HQ DIRECTORATE GENERAL NEW DELHI, BORDER SECURITY FORCE.

53. SHRI AJAY KUMAR TOMAR, INSPECTOR GENERAL, PUNJAB, BORDER SECURITY FORCE.

54. SHRI ASHOK KUMAR SHARMA, INSPECTOR GENERAL, ODISHA, BORDER SECURITY FORCE.

55. SHRI JAYANTI PRASAD UNIYAL, DEPUTY INSPECTOR GENERAL, PUNJAB, BORDER SECURITY FORCE.

56. SHRI MAHENDRA SINGH, DEPUTY INSPECTOR GENERAL, MEGHALAYA, BORDER SECURITY FORCE.

57. SHRI VENU GOPALAN NAIR, SUB INSPECTOR, HEADQUARTER DIRECTORATE GENERAL, NEW DELHI, BORDER SECURITY FORCE.

58. SHRI RAJEEV KUMAR SHARMA, JOINT DIRECTOR (HOZ), BS&F, NEW DELHI, CENTRAL BUREAU OF INVESTIGATION.

59. SHRI A. K. SINGH, SUPERINTENDENT OF POLICE, BS & FC NEW DELHI, CENTRAL BUREAU OF INVESTIGATION.

60. SHRI RAM CHANDER GARVAN, DEPUTY SUPERINTENDENT OF POLICE, CBI ACADEMY GHAZIABAD, CENTRAL BUREAU OF INVESTIGATION.

61. SHRI ABDUL AZIZ, INSPECTOR OF POLICE, ACB CHENNAI, CENTRAL BUREAU OF INVESTIGATION .

62. SHRI ANIL KISHORE, DEPUTY COMMANDANT, HEADQUARTERS NEW DELHI, CENTRAL INDUSTRIAL SECURITY FORCE.

63. SHRI RABINDRA NATH BADI, ASSISTANT SUB INSPECTOR, ASG HYDERABAD, CENTRAL INDUSTRIAL SECURITY FORCE.

64. SHRI AJIT KULSHRESHTHA, INSPECTOR GENERAL, RAF HQ, R K PURAM NEW DELHI, CENTRAL RESERVE POLICE FORCE.

65. SHRI SATENDRA PAL SINGH, INSPECTOR GENERAL, DTE GENERAL NEW DELHI, CENTRAL RESERVE POLICE FORCE.

66. SHRI SURAJ BHAN KAJAL, INSPECTOR GENERAL, GROUP CENTER, SONEPAT, HARYANA, CENTRAL RESERVE POLICE FORCE.

67. SHRI RAJENDRAN J., COMMANDANT, RAIPUR, CHHATTISGARH, CENTRAL RESERVE POLICE FORCE.

68. SHRI JANGSHER SINGH, INSPECTOR/GD, 10 BN BARPETA, ASSAM, CENTRAL RESERVE POLICE FORCE.

69. SHRI SHAMBHU PRASAD SRIVASTAVA, ASSISTANT DIRECTOR, SIB PATNA, MINISTRY OF HOME AFFAIRS.

70. SHRI KIRPA NIDHAN SINGH, ASSISTANT DIRECTOR, IB HQRS NEW DELHI, MINISTRY OF HOME AFFAIRS.

71. SHRI A. S. S. PRASAD, ASSISTANT DIRECTOR, IB HQRS NEW DELHI, MINISTRY OF HOME AFFAIRS.

72. SHRI RAJIB KUMAR PATI, DEPUTY CENTRAL INTELLIGENCE OFFICER, IB HQRS NEW DELHI, MINISTRY OF HOME AFFAIRS.

73. SHRI JASWINDER SINGH RANA, DEPUTY CENTRAL INTELLIGENCE OFFICER, SIB CHANDIGARH, MINISTRY OF HOME AFFAIRS.

74. SHRI B. P. BHAKAR, DEPUTY CENTRAL INTELLIGENCE OFFICER, IB HQRS NEW DELHI, MINISTRY OF HOME AFFAIRS.

75. SHRI A. S. BHINGARE, ASSISTANT CENTRAL INTELLIGENCE OFFICER/II, SIB MUMBAI, MINISTRY OF HOME AFFAIRS.

76. SHRI NITIN AGRAWAL, INSEPTOR GENERAL OF POLICE, DIRECTORATE GENERAL, NEW DELHI, INDO TIBETAN BORDER POLICE.

77. SHRI SHYAM MEHROTRA, DEPUTY INSEPTOR GENERAL OF POLICE (GD), SHQ (SNR), PANTHA CHOWK SRINAGAR, JAMMU & KASHMIR, INDO TIBETAN BORDER POLICE.

78. SHRI AVINASH CHANDRA, INSPECTOR GENERAL, FTR HEADQUARTER, LUCKNOW, SASHASTRA SEEMA BAL.

79. MS. SONAM DOLMA, SECTION OFFICER, T C SHAMSHI KULLU HIMACHAL PRADESH, SASHASTRA SEEMA BAL.

80. SHRI GAJENDRA SINGH CHAUDHARY, DEPUTY INSPECTOR GENERAL/ DEPUTY DIRECTOR (TRAINING), NEW DELHI, BUREAU OF POLICE RESEARCH AND DEVELOPMENT.

81. SHRI JAIKRIT SINGH RAWAT, DEPUTY INSPECTOR GENERAL, HEADQUARTER DIRECTORATE GENERAL, NEW DELHI, NATIONAL DISASTER RESPONSE FORCE.

82. SHRI BHUPATHI MOHAN, INSPECTOR GENERAL-CUM-CHIEF SECURITY COMMISSIONER (RPF), EASTERN RAILWAY HEADQUARTER, KOLKATA, M/O RAILWAYS.

2. These awards are made under rule 4(ii) of the rule governing the grant of President's Police Medal for Distinguished Service.

SURESH YADAV
OSD to the President

No. 154-Pres/2014—The President is pleased to award the Police Medal for Meritorious Service to the under mentioned officers on the occasion of the Independence Day, 2014 :—

1. SHRI VISHWANATH CHANNAPPA SAJJANAR, INSPECTOR GENERAL OF POLICE, SPECIAL INTELLIGENCE BRANCH, HYDERABAD, ANDHRA PRADESH.

2. SHRI KARRI VENKATESWARA RAO, JOINT DIRECTOR, ANDHRA PRADESH POLICE ACADEMY, HYDERABAD, ANDHRA PRADESH.

3. SHRI TAMBALLAPALLI RAVI KUMAR MURTHY, SUPERINTENDENT OF POLICE, RAJAHMUNDRY, ANDHRA PRADESH.

4. SHRI H. SATYANARAYANA RAO, COMMANDANT, 10TH BN APSP BEECHPALLY, MAHABUBNAGAR, ANDHRA PRADESH.

5. SHRI GUDURI VENKATA SATYANARAYANA MURTHY, ADDITIONAL SUPERINTENDENT OF POLICE, CI CELL, INTELLIGENCE, HYDERABAD, ANDHRA PRADESH.

6. SHRI VASUPALLI BHIMA RAO, HEAD LAW INSTRUCTOR (DSP), PTC VIZIANAGARAM, ANDHRA PRADESH.

7. SHRI PYARSANI MURALI, DEPUTY SUPERINTENDENT OF POLICE, INTELLIGENCE, HYDERABAD, ANDHRA PRADESH.

8. SHRI POLAMURI RAJEEV KUMAR, DEPUTY SUPERINTENDENT OF POLICE, INTELLIGENCE SECURITY WING, KHAIRATABAD, HYDERABAD, ANDHRA PRADESH.

9. SHRI DHULIPALLA SRINIVASA RAO, DEPUTY SUPERINTENDENT OF POLICE (AR), SPECIAL INTELLIGENT BRANCH, HYDERABAD, ANDHRA PRADESH.

10. SHRI MODUGA NAGESWARA RAO, DEPUTY SUPERINTENDENT OF POLICE, CI CELL, INTELLIGENCE, HYDERABAD, ANDHRA PRADESH.

11. SHRI MUTAKODURU CHANDRA SHEKAR, DEPUTY SUPERINTENDENT OF POLICE, CI CELL, INTELLIGENCE, HYDERABAD, ANDHRA PRADESH.

12. SHRI DINTAKURTHI NAGA MAHESH, ASSISTANT COMMISSIONER OF POLICE, EAST SUB-DIVISION, VISAKHAPATNAM CITY, ANDHRA PRADESH.

13. SHRI KOLUKULURI RANGA RAJU, ASSISTANT COMMISSIONER OF POLICE, MADHURAWADA SUB-DIVISION, VISAKHAPATNAM, ANDHRA PRADESH.

14. SHRI CHENNA RAJA, DEPUTY SUPERINTENDENT OF POLICE, OCTOPUS SHANTI NILAYAM, GREENLANDS, HYDERABAD, ANDHRA PRADESH.

15. SHRI VANGA SUBBA REDDY, DEPUTY SUPERINTENDENT OF POLICE, VIGILANCE & ENFORCEMENT, ONGOLE, PRAKASAM DISTRICT, ANDHRA PRADESH.

16. SHRI THIRUVAYIPATI ANJANEYULU, INSPECTOR OF POLICE, DISTRICT SPECIAL BRANCH, ANANTHAPURAM, ANDHRA PRADESH.

17. SHRI MOHAMMED ABDUL AZIZ, SUB INSPECTOR (C), MCC, HYDERABAD, ANDHRA PRADESH.

18. SHRI PATAN SIRAJUDDIN, ASSISTANT SUB INSPECTOR, DISTRICT CRIME RECORD BUREAU, YSR DISTRICT, KADAPA, ANDHRA PRADESH.

19. SHRI MUDDULURU PRABHAKARA RAJU, ASSISTANT SUB INSPECTOR, INTELLIGENCE, HYDERABAD, ANDHRA PRADESH.

